सत्यमेव जयते

fssai

FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA

Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

वार्षिक रिपोर्ट ANNUAL REPORT 2018-19

सत्यमेव जयते

FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA

Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT | 2018-19

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
Food Safety and Standards Authority of India

विषय-सूची

1.	झलक	1
2.	कर्तव्य, शासन संरचना और मानव संसाधन	12
3.	मानक और विनियम	25
4.	सुरक्षित खाद्य रीतियाँ	30
5.	जोखिम मूल्यांकन और अनुसंधान एवं विकास (आर.ए.आर.डी.)	39
6.	खाद्य आयात	46
7.	खाद्य सुरक्षा अनुपालन	50
8.	खाद्य परीक्षण और निगरानी	60
9.	खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण	74
10.	स्वास्थ्यकर आहार	83
11.	सामाजिक और व्यवहारगत परिवर्तन	89
12.	सूचना, शिक्षा और संप्रेषण (आई.ई.सी)	95
13.	उपभोक्ता का ध्यान और सशक्तिकरण	108
14.	एफ.एस.एस.ए.आई में प्रौद्योगिकी का उपयोग और ई-शासन	115
15.	वैश्विक संपर्क	122
16.	राजभाषा कार्यान्वयन	133
17.	आर.टी.आई मामले	134
18.	वित्तीय विवरणियां, पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन	135

सारणियों की सूची

		पृष्ठ संख्या
सारणी 1	प्रवर्तन मैट्रिक्स के संबंध में प्रगति वित्तीय वर्ष 2018-19	3
सारणी 2	खाद्य प्राधिकरण के कर्तव्यों और कार्यों का विवरण	13
सारणी 3	खाद्य प्राधिकरण के अध्यक्ष से भिन्न अन्य सदस्य (धारा 5)	14
सारणी 4	धारा 5(1)(क) के अंतर्गत पदेन सदस्य	15
सारणी 5	वैज्ञानिक पैनलों की सूची	18
सारणी 6	एफ.एस.एस.ए.आई. में स्वीकृत पदों का विवरण	21
सारणी 7	सीधी और प्रतिनियुक्ति आधार पर भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा विज्ञापित पदों की सूची	23
सारणी 8	इस समय लागू अंतिम विनियमों की सूची	26
सारणी 9	मसौदा क्षेत्र-वार विकसित दस्तावेज	31
सारणी 10	चल रही परियोजनाओं की सूची	43
सारणी 11	पूर्ण परियोजनाओं की सूची	45
सारणी 12	पहली अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक की अवधि के लिए खाद्य आयात निर्मुक्ति आंकड़े	49
सारणी 13	वर्षों के दौरान लाइसेंस और पंजीकरण की संख्या में हुई वृद्धि दर्शाने वाले आंकड़े	50
सारणी 14	केन्द्रीय अथवा राज्य लाइसेंस और पंजीकरण की पात्रता के लिए मानदण्ड	57
सारणी 15	एफ.एस.एस. अधिनियम, 2006 के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रवर्तन तंत्र की प्रशासनिक संस्थापना (31.03.2019 की स्थिति के अनुसार)	58
सारणी 16	वर्ष 2018-19 के दौरान विश्लेषित नमूनों, निर्धारित मानकों और मानदण्डों के अनुरुप नहीं पाए गए नमूनों की संख्या और की गई दंडात्मक कार्रवाई का विवरण	59
सारणी 17	प्राथमिक और अपीलीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का विवरण	61
सारणी 18	राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशालाओं की सूची	62
सारणी 19	एस.एफ.टी.एल.के उन्न्यनन के लिए स्वीकृत अनुदान का विवरण	64
सारणी 20	अपीलीय प्रयोगशालाओं के उन्नयन के लिए स्वीकृत और जारी की गई अनुदान का विवरण	66
सारणी 21	2018-19 में खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के क्षेत्रवार प्रशिक्षण की स्थिति	78
सारणी 22	अच्छी प्रयोगशाला रीतियों पर प्रशिक्षण के विवरण	79
सारणी 23	प्रयोगशाला कार्मिकों के लिए विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण	81
सारणी 24	विकसित/विकासमान माइक्रोसाइटें/पोर्टल	120
सारणी 25	कोडेक्स मानक-निर्धारण के लिए चरणवार प्रक्रिया संबंधी स्पष्टीकरण	126

आकृतियों की सूची

		पृष्ठ संख्या
आकृति 1	सुरक्षित और पोषक खाद्य (एसएनएफ) उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पहल	8
आकृति 2	खाद्य प्राधिकरण 2018-19 का गठन	15
आकृति 3	खाद्य प्राधिकरण की 26वीं बैठक का एक दृश्य	16
आकृति 4	14.12.2018 को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में आयोजित 24वीं सीएसी की बैठक	17
आकृति 5	खाद्य प्राधिकरण की संरचना का चित्रात्मक प्रदर्शन	19
आकृति 6	खाद्य प्राधिकरण का संगठनात्मक ढांचा	20
आकृति 7	'ईट राइट मेला' में स्वास्थ्यप्रद रेटिंग परियोजना के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह की झलकियां	34
आकृति 8	'स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब' के रुप में कांकरीया झील, अहमदाबाद को मान्यता प्रदान करने की झलकियां	36
आकृति 9	आर.ए.आर.डी. के कार्यक्षेत्र में आने वाले महत्वपूर्ण कार्य	39
आकृति 10	एफ.एस.के.ए.एन. की महत्वपूर्ण विशेषताएं	40
आकृति 11	भारत को निर्यात करने वाले प्रमुख 10 देशों की सूची (2018-19)	48
आकृति 12	'राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक' के लिए मानदण्डों की भारांकन पद्धति	54
आकृति 13	एफएसडब्ल्यू वाहन का आंतरिक दृश्य	67
आकृति 14	एफएसडब्ल्यू का बाह्य दृश्य	67
आकृति 15	एफ.एस.एस.ए.आई. अधिसूचित प्रयोगशालाओं, राज्य/सार्वजनिक खाद्य प्रयोगशालाओं, अपीलीय प्रयोगशालाओं की राज्य-वार संख्या	72
आकृति 16	'चल खाद्य सुरक्षा' की राज्य/संघ-शासित क्षेत्रवार स्वीकृति	73
आकृति 17	'स्वस्थ भारत यात्रा' में प्रशिक्षण सहयोगियों की सोत्साह भागीदारी के चित्र	76
आकृति 18	विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षणों की छवियाँ	77
आकृति 19	विभिन्न स्थानों पर जी.एफ.एल.पी प्रशिक्षण की कुछ छवियाँ	80
आकृति 20	मानेसर में गैर-एल्कोहलीय बीवरेजों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	81

आकृति 21	सी.ए.एल.एफ, एन.डी.डी.बी, आणंद में दुग्ध पौष्टिकीकारकों की विश्लेषण पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	82
आकृति 22	'ओरेंज बुक' का विमोचन	89
आकृति 23	'येलो बुक' लेवल I और II का सम्मुख कवर	90
आकृति 24	एसएनएफ फेलोशिप प्रशिक्षण, मुंबई	91
आकृति 25	'भोग परियोजना' की कुछ छवियाँ	93
आकृति 26	'नेटप्रोफेन' का लोकार्पण	94
आकृति 27	'ईट राइट इंडिया अभियान' की शुरुआत	96
आकृति 28	'आज से थोड़ा कम' अभियान	96
आकृति 29	'ईट राइट टूलकिट' का प्रदर्शन	97
आकृति 30	टूलकिटों का वितरण और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण	97
आकृति 31	'राष्ट्रीय ईट राइट मेला' की झलकियाँ	99
आकृति 32	समारोह के दौरान सभी विजेताओं के लिए आयोजित कला कार्यशाला	100
आकृति 33	दिव्यांगजनों को पुरस्कार वितरण	101
आकृति 34	एफ.एस.एस.ए.आई के 'एक्सपीरियंस जोन' का उद्घाटन	104
आकृति 35	'आहार – खाद्य और स्वागत-सत्कार मेला 2018' में भागीदारी	105
आकृति 36	19वीं आईयूफोस्ट सम्मेलन, 2018 की छवियाँ	105
आकृति 37	इफ्कोन 2018 उद्घाटन समारोह	106
आकृति 38	श्री अश्विनी कुमार चौबे, राज्य मंत्री (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) स्वच्छ भारत यात्रा को सफल बनाने वाले व्यक्तियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए	107
आकृति 39	'खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड'	109
आकृति 40	उपभोक्ता शिकायत निपटान प्रणाली	113
आकृति 41	अफगानिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का दौरा	130
आकृति 42	इफ्की प्रतिनिधिमंडल का दौरा	131

अध्याय-1

झलक

1.1 भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.), जिसे संक्षेप में "खाद्य प्राधिकरण" के नाम से जाना जाता है, की स्थापना खाद्य सुरक्षा और मानक (एफ.एस.एस.) अधिनियम, 2006 (2006 का 34) के अंतर्गत प्रमुख रुप से मानव उपभोग के लिए सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए खाद्य सामग्रियों के विज्ञान-आधारित मानक निर्धारित करने और उनके निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं आयात को विनियमित करने के लिए की गई है। इसका विस्तृत कार्यादेश खाद्य सुरक्षा और मानक (एफएसएस) अधिनियम, 2006 की धारा 16 में दिया गया है। इस अधिनियम को खाद्य सुरक्षा और मानक नियम, 2011 और छह विनियमों की अधिसूचना के द्वारा दिनांक 5 अगस्त 2011 से प्रवर्तनात्मक बनाया गया है।

1.2 आदर्श वाक्य "विश्वास के प्रेरक, सुरक्षित और पोषक आहार के आश्वासक" के अनुरुप, निम्नलिखित दृष्टिकोण के माध्यम से अपने कार्यादेश को प्राप्त करने के लिए खाद्य प्राधिकरण ने निरन्तर निम्न वर्णित कार्य किया है:

- वैश्विक दृष्टि से निर्देश चिह्नित विनियमों, मानकों और दिशा-निर्देशों की स्थापना
- अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण, निरीक्षण और बेहतर प्रयोगशाला नेटवर्क के माध्यम से सुगम अनुपालन
- विनियामक कर्मियों और इसके साथ-साथ खाद्य कारोबारियों की क्षमता का निर्माण
- सम्मिलन की सच्ची भावना से लोक स्वास्थ्य पहलों का संचालन
- खाद्य सुरक्षा संस्कृति का निर्माण करने के लिए आई.ई.सी. (सूचना, शिक्षा और संप्रेषण) और बी.सी.सी. (व्यवहारगत परिवर्तन संप्रेषण) प्रविधियों का उपयोग
- प्रक्रियाओं को सुप्रवाही बनाने के लिए प्रौद्योगिकी अंगीकरण
- ज्ञान और बेहतर पद्धतियों के सृजन तथा आदान-प्रदान के लिए कार्यनीतिक स्वरुप की साझेदारी का विकास करना

उपर्युक्त वर्णित दृष्टिकोण के अनुरुप इस अध्याय में वर्ष 2018-19 की उपलब्धियों की समीक्षा की प्रमुख बातें दर्शायी गई हैं।विवरण संबंधित अध्यायों में दिया गया है।

1.3 समीक्षाधीन वर्ष में खाद्य प्राधिकरण की दो बैठकें आयोजित हुई थीं और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। तथापि,एफ.एस.एस. अधिनियम, 2006 की धारा 5 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख), (ग),(घ), (ड़), (च) और (छ) के अंतर्गत उपलब्ध रिक्तियों पर सदस्यों की नियुक्ति के अभाव में सीमित सदस्यों के साथ इसने कार्य करना जारी रखा।

1.4 केंद्रीय सलाहकार समिति (सी.ए.सी.) बहुत से विषयों के संबंध में खाद्य प्राधिकरण को सलाह देती है और खाद्य उद्योग, उपभोक्ता संगठनों, अनुसंधान संस्थानों और राज्यों के खाद्य प्राधिकरणों जैसे विभिन्न हितधारियों के साथ घनिष्ठ सहयोग सुनिश्चित करती है। वर्ष के दौरान सी.ए.सी. की चार अवसरों पर बैठक आयोजित हुई और कई महत्वपूर्ण मामलों पर विचार-विमर्श हुआ।

1.5 वैज्ञानिक समिति, जोकि प्राथमिक रुप से खाद्य प्राधिकरण को वैज्ञानिक सलाह प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है, की वर्ष के दौरान चार बैठकें आयोजित हुई और खाद्य प्राधिकरण को विभिन्न संस्तुतियाँ कीं।

1.6 वर्ष के दौरान कार्यात्मक रहे 19 विषयों पर विशिष्ट वैज्ञानिक पैनलों की वर्ष के दौरान मानकों के निरुपण एवं अन्य संबंधित मामलों के बारे में सिफारिशें करने के लिए कुल 65 बैठकें आयोजित की गयीं। वर्ष के दौरान, सात वैज्ञानिक पैनलों का पुनर्गठन किया गया जबकि मानकों के विकास के लिए 'प्रतिजैविक अवशिष्ट' और

'मसाले और पाक्य जड़ी-बूटी' के संबंध में दो नए वैज्ञानिक पैनलों का गठन किया गया।

1.7 अभी तक, एफ.एस.एस.ए.आई. 356 कर्मचारियों की स्वीकृत सीमित संख्या के साथ कार्य कर रहा था और इसके अलावा, अधिसूचित भर्ती विनियम के अभाव में, इसे प्राप्त कार्यादेश के अनुसार गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए यह अधिकांष्तया प्रतिनियुक्ति पर आए व्यक्तियों और संविदा आधार पर नियोजित व्यक्तियों पर निर्भर था। वर्ष के दौरान प्राधिकरण के कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या बढ़कर 824 हो जाने से और विभिन्न पदों के लिए भर्ती विनियम की अधिसूचना जारी होने से मानव संसाधन के मोर्चे पर पर्याप्त प्रगति हुई है। एफ.एस.एस.ए.आई. ने अधिसूचित भर्ती विनियमों के प्रावधान के अनुसार नियमित आधार पर विभिन्न पदों को भरने के लिए पहले ही कदम उठाए हैं। पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों और नियमित कर्मचारियों के उपलब्ध होने पर, एफ.एस.एस.ए.आई. अपनी गतिविधियों को अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकेगा।

1.8 खाद्य की विभिन्न वस्तुओं के लिए विद्यमान मानकों में संशोधन करने और इसके साथ-साथ नए मानकों के निर्धारण की दिशा में पर्याप्त प्रगति की गई। विनियम निर्धारित करने के लिए अधिसूचना में अभिज्ञात 32 क्षेत्रों में से 28 क्षेत्रों को पहले ही इसके अंतर्गत लाया गया है। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण अंतिम और मसौदा अधिसूचनाओं में से कुछ इस प्रकार हैं:

अंतिम अधिसूचना

1. खाद्य सुरक्षा और मानक (दृढ़ीकृत खाद्य) विनियम,2018
2. खाद्य सुरक्षा और मानक(खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण) विनियम,2018
3. खाद्य सुरक्षा और मानक (प्रयोगशालाओं को मान्यता और अधिसूचना) विनियम,2018
4. खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018
5. खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग) विनियम, 2018

मसौदा अधिसूचना

1. खाद्य सुरक्षा और मानक (शिशु पोषण के लिए खाद्य) विनियम, 2019
2. खाद्य सुरक्षा और मानक (अधिशेष खाद्य और पुनः प्राप्ति और वितरण) विनियम, 2019

1.9 एफ.एस.एस. (खाद्य कारोबारियों का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 की अनुसूची 4 में सामान्य स्वस्थप्रद और स्वच्छता पद्धतियां विनिर्दिष्ट हैं, जिनका अनुपालन खाद्य सुरक्षा के सुनिश्चय के लिए खाद्य कारोबारियों द्वारा किया जाना है। तकनीकी पैनलों की सहायता से इन अपेक्षाओं को अंतर्राष्ट्रीय श्रेष्ठ पद्धतियों के अनुरुप बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लिए संशोधित और अद्यतन किया गया। इस प्रकार के तीन दस्तावेजों को पहले ही प्रचालनात्मक बनाया गया है, जबकि विनिर्माण, कैटरिंग, भण्डारण, परिवहन और व्यापार, खुदरा और ई-कामर्स क्षेत्रों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट दस्तावेज अंतिम रुप दिए जाने की प्रक्रिया में हैं। इसके अतिरिक्त, खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के कार्यान्वयन में सिलसिलेवार समझ के सुनिश्चय के लिए अनुसूची 4 में दी गई पूर्वापेक्षाओं, क्षेत्र विशिष्ट खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एफ.एस.एम.एस.) के संबंध में आसानी से समझ में आने वाले और प्रचालनात्मक दृष्टि से संभाव्य दिशा-निर्देश दस्तावेज का विकास किया गया है। अभी तक विकसित 11 ऐसे दिशा निर्देश दस्तावेज में से वर्ष के दौरान छः दस्तावेज जारी किए गए। 9 और ऐसे दिशा-निर्देश दस्तावेज मसौदे के चरण में हैं।

1.10 प्राधिकरण ने खाद्य खतरों की पहचान, खाद्य शृंखला में खतरा कम करने के लिए प्रभावी तरीके व तकनीक के विकास व एक ही जगह खाद्य सुरक्षा से संबन्धित उभरते मुद्दों की पहचान व खतरा प्रबंधन के उचित उपाय के सशक्त तंत्र के विकास के लिए जोखिम मूल्यांकन और अनुसंधान एवं विकास (आर ए आर डी) प्रभाग की स्थापना की है। इस प्रभाग द्वारा जो महत्वपूर्ण शुरुआत की गई है, वह है - 'खाद्य सुरक्षा ज्ञान

समावेश नेटवर्क (एफ.एस.के.ए.एन.)',जो कि वैज्ञानिक संगठनों/विशेषज्ञों का एक नेटवर्क है जिसका उद्देश्य उभरते खाद्य सुरक्षा मामलों और खाद्य प्राधिकरण के उत्तरदायित्वों के क्षेत्र में श्रेष्ठ पद्धतियों के बारे में राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक विशेषज्ञों के पास उपलब्ध सूचना का समावेश करना है तथा जहां खाद्य सुरक्षा के लिए जोखिम मूल्यांकन में अंतर अथवा अनिश्चितता विद्यमान हो, वहाँ संयुक्त परियोजनाओं के निरुपण और निष्पादन करना हैं। इस समय 450 से अधिक विशेषज्ञ इस नेटवर्क का भाग हैं।

1.11 खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए अनुसंधान और विकास की योजना के अंतर्गत, 20 संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को निधियां उपलब्ध करायी गईं थीं, जिसमें से पांच को पूरा कर लिया गया है और प्रगति के विभिन्न चरणों के अंतर्गत 15 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इन परियोजनाओं से नए मानकों का विकास करने, विद्यमान मानकों का उन्नयन करने और नूतन विश्लेषणात्मक पद्धतियों का विकास करने में मदद मिलेगी।

1.12 विगत कुछ वर्षों के दौरान, खाद्य प्राधिकरण ने वैल्यू चैन अभिक्रमकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को प्रेरित करने और विनियोगों का लाभ उठाने के लिए सूचना, परामर्श, प्रोत्साहन और हस्तक्षेप के माध्यम से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत भूमिकाओं को पुन: परिभाषित किया है।

1.13 एफ.एस.एस. अधिनियम, और इनके अंतर्गत बनाए गए नियम, विनियमों के प्रावधानों के प्रवर्तन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र महत्वपूर्ण साझेदार हैं। एफ.एस.एस. अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन की जाँच करने के लिए संबंधित राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के खाद्य प्राधिकरणों के कार्मिकों द्वारा नियमित निगरानी, मॉनिटरिंग, निरीक्षण और खाद्य उत्पादों के यादृच्छिक नमूने लेना जारी रखा गया। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने प्रवर्तन के लिए अपने-अपने प्रशासकीय ढाँचे के सुदृढ़ीकरण का कार्य करना जारी रखा। इस समय की स्थिति के अनुसार, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में संचालन समितियां गठित हैं। 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जिला स्तरीय सलाहकार समितियां गठित की गई हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संख्या बढ़कर 3,373 हो गई है। गत वर्ष यह संख्या 3,144 थी। एफ.एस.एस. अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए खाद्य प्राधिकरण ने निरन्तर राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के प्राधिकारियों को सी.ए.सी. की बैठकों, विडियो कांफ्रेंस और राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठकों के माध्यम से सहायता प्रदान करना जारी रखा।

1.14 सारणी 1 - प्रवर्तन मैट्रिक्स के संबंध में प्रगति वित्तीय वर्ष - 2018-19

क्रम स॰	प्रवर्तन मैट्रिक्स	वर्ष 2018-19
1	विश्लेषित खाद्य नमूनों की संख्या	1,06, 459
2	गैर-अनुपालन पाए गए नमूनों की संख्या	30,415
	- असुरक्षित मामले	3,900
	- खराब गुणवत्ता के मामले	16,870
	- लेबलिंग में दोष/भ्रामक/अन्य मामले	9,645
3	प्रारंभ की गई आपराधिक कार्रवाई के मामले	2,813
4	प्रारंभ की गई दीवानी कार्रवाई के मामले	18,550
5	अपराध-सिद्धि के मामलों की संख्या	701
6	दंड के मामले की संख्या	12,734
7	दंड की कुल राशि	रुपये 32.57 करोड़

1.15 खाद्य कारोबारियों के अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण के संबंध में, दिनांक 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार,

केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरणों (सीएलए) द्वारा 46,851 केन्द्रीय लाइसेंस जारी किए गए थे और अधिनियम के अंतर्गत राज्य/संघ शासित क्षेत्र के लाइसेंसिंग प्राधिकरणों द्वारा 10,44,992 लाइसेंस और 47,97,997 पंजीकरण जारी किए गए थे। खाद्य लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली, जो कि लाइसेंस और पंजीकरण के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल है, को अब सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (नागालैण्ड को छोड़कर) और भारतीय रेल के सभी 16 अंचलों के लिए लागू किया गया है।

1.16 एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य सुरक्षा के संबंध में राज्यों के निष्पादन के मापन के लिए राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक का विकास किया है। यह सूचकांक पांच महत्वपूर्ण पैरामीटरों अर्थात - मानव संसाधन और संस्थागत आंकड़े, अनुपालन, खाद्य परीक्षण अवसंरचना और निगरानी, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण तथा उपभोक्ता सशक्तिकरण पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के निष्पादन पर आधारित है।

1.17 एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण) विनियम, 2018 को अधिसूचित किया है और खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण का कार्यान्वयन करने के लिए 24 खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण अभिकरणों को मान्यता प्रदान की है और तृतीय पक्ष संपरीक्षण अभिकरणों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा कारोबारियों का संपरीक्षण करने की पहल की है। 'स्वच्छ और सुरक्षित मांस अभियान' के अंतर्गत नगर निगम की 40 वधशालाओं का संपरीक्षण किया जा रहा है।

1.18 अधिनियम की धारा 25 के अंतर्गत भारत में आयातित खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व खाद्य प्राधिकरण का है। खाद्य प्राधिकरण ने छह स्थानों अर्थात दिल्ली,मुम्बई,कोलकाता, चैन्नई, तूतीकोरिन और कोच्चि पर प्रवेश के 21 केन्द्रों पर खाद्य आयात के विनियमन का कार्य जारी रखा। एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा कुल 91,879 आयातित खाद्य पदार्थों का प्रहस्तन किया गया था जिनका भार 66,73,439.24 मीट्रिक टन (मी.ट.) था। इनमें से, आयातित खाद्य पदार्थों की 1,280 मदों,जिनका भार 16,872.91 मी.ट. था, के संबंध में गैर-अनुपालना प्रमाण-पत्र जारी किए गए थे क्योंकि इनके द्वारा एफ.एस.एस. अधिनियम, 2006 और इनके अंतर्गत बनाए गए नियमों, विनियमों में निर्धारित सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं किया गया था और इसलिए उन्हें अस्वीकृत कर दिया गया था।

1.19 खाद्य पदार्थों के आयात की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने की दृष्टि से और खाद्य सुरक्षा के साथ कोई समझौता किए बिना इसके व्यवसाय की सहायता के लिए वर्ष के दौरान अनेक कदम उठाए गए। अभिज्ञात पैरामीटरों के आधार पर सीमित प्रकार के निरीक्षण के लिए जोखिम आधारित निरीक्षण करने की प्रणाली प्रारंभ की गई है। ऐसे 396 स्थानों के कस्टम अधिकारियों को एफ.एस.एस. विनियम के अनुसार इन स्थानों पर खाद्य पदार्थों के निर्गम के लिए अधिनामित अधिकारियों के रुप अधिसूचित किया गया है, जहां एफ.एस.एस.ए.आई. की मौजूदगी नहीं है। आयातित पैकेज-बंद पूर्व के खुदरा खाद्य पदार्थों को इसके अंतर्गत लाने के लिए अनन्तिम अनापत्ति प्रमाण पत्र (पीएनओसी) की सुविधा का विस्तार किया गया है जिससे विलम्ब प्रभारों को कम करने में मदद मिलेगी। इन अन्य उपायों से खाद्य वस्तुओं के आयात में बड़े पैमाने पर सुविधा प्रदान की गई है।

1.20 चीन से आयात किए जाने वाले दूध और दूध से बने उत्पादों पर 2008 में लगाए गए प्रतिबंध जो अभी चालू हैं, को आगे और विस्तार करने की आवश्यकता की समीक्षा की गई थी। यह विचार व्यक्त किया गया था कि पूरे भारत में प्रवेश-बंदरगाहों पर मेलामाइन के परीक्षण के लिए सभी अधिसूचित प्रयोगशालाओं की क्षमता का उपयुक्त रुप से उन्नयन किए जाने तक चीन से आयात किए जाने वाले दूध और दूध से बने उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंध का विस्तार किया जाए। तद्नुसार, खाद्य प्राधिकरण ने सरकार से यह सिफारिश की है कि चीन से दूध और दूध से बने उत्पाद आयात करने पर प्रतिबंध की अवधि और 4 महीने अर्थात 23 अप्रैल, 2019 तक अथवा आगे और आदेश होने तक बढ़ायी जाए।

1.21 सशक्त प्रयोगशाला तंत्र के बिना खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कराई जा सकती। वर्ष 2018-19 के अंत में, खाद्य उत्पादों के परीक्षण और विश्लेषण के लिए पूरे भारत में फैली प्राथमिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़कर 251 हो गई। गत वर्ष यह संख्या 244 थी। इन 251 प्रयोगशालाओं में से 175 एनएबीएल प्रमाणित प्रयोगशालाएं हैं जिन्हें खाद्य प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित कराया गया है। 76 राज्य खाद्य प्रयोगशालाएं बिना एनएबीएल प्रमाणित हैं, तथापि, एफ.एस.एस. अधिनियम के संक्रमण प्रावधानों के अंतर्गत जारी हैं। इसके अलावा, अपीलीय कार्यों के लिए रेफरल प्रयोगशालाओं की कुल संख्या 18 थीं जिसमें 2 प्रयोगशालाएं ऐसी हैं जो सीधे एफ.एस.एस.ए.आई. के अधीन हैं। अधिसूचित प्रयोगशालाओं की उपलब्धता से पूरे देश में खाद्य परीक्षण सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकी है।

1.22 एफ.एस.एस.ए.आई. राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशालाओं (एनआरएल) के एक नेटवर्क की स्थापना की प्रक्रिया में है। इन राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशालाओं की स्थापना से पूरे देश में रोजमर्रा स्वरुप की प्रक्रियाओं, विश्वसनीय परीक्षण पद्धतियों की स्थापना होगी और ऐसे मानक प्रक्रिया/परीक्षण पद्धतियों का प्रमाणीकरण हो सकेगा और साथ ही नई पद्धतियों का विकास और जोखिम अथवा खाद्य श्रेणियों के विशेष संदर्भ में खाद्य प्रयोगशालाओं में परीक्षण में दक्षता का सुनिश्चय किया जा सकेगा। एनआरएल के रुप में अधिसूचित किए जाने के लिए 13 प्रयोगशालाओं का अनुमोदन किया गया है जबकि दो प्रयोगशालाएं सहायता सुविधा के रुप में कार्य करेंगी लेकिन ये स्वतंत्र एनआरएल नहीं होंगी।

1.23 देश में खाद्य परीक्षण प्रणाली को सशक्त बनाने की दृष्टि से एफ.एस.एस.ए.आई ने रु. 481.95 करोड़ (रु. 400.40 करोड़ : गैर आवर्ती, और रु. 81.55 करोड़ : आवर्ती) के परिव्यय से "चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के प्रावधान सहित देश में खाद्य परीक्षण प्रणाली का सशक्तीकरण (सोफ्टेल)'' के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना वर्ष 2016-17 में 3 वर्ष के लिए आरंभ की है। इस योजना में अन्य बातों के साथ-साथ 45 राज्य/सार्वजनिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं (एसएफटीएल) और साथ ही रेफरल प्रयोगशालाओं के सशक्तीकरण, लगभग 60 चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएँ स्थापित करने आदि की परिकल्पना की गई है। वर्ष 2018-19 की अवधि के दौरान, 13 और राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के उन्नयन का कार्य किया गया। इसके अलावा, इस अवधि के दौरान, तीन और संदर्भ प्रयोगशालाओं के उन्नयन करने का अनुमोदन किया गया था। 13 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 20 चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं, जिन्हें अब फूड सेफ्टी ऑनव्हील्स (एफडब्लयूएस) के नाम से जाना जाता है, भी स्वीकृत की गई थीं। 31-03-2019 की स्थिति के अनुसार, 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जिन एसएफटीएल के उन्नयन का कार्य प्रारंभ किया गया था, उनकी संख्या बढ़कर 37 हो गई है जिनके लिए 220.30 करोड़ रुपये के कुल अनुदान स्वीकृत किया गया है (जिसमें से 218.80 करोड़ रुपये की राशि निर्मुक्त की गई है)। मार्च, 2019 के अंत तक, उच्च गुणवत्ता युक्त उपकरणों की अधिप्राप्ति के लिए 10 रेफरल प्रयोगशालाओं हेतु 28.08 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी जिसमें से 23.571 करोड़ रुपये की राशि निर्मुक्त की गई थी। 32 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 46 एफएसडब्ल्यू की मंजूरी दी गई थी जिसमें से 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 40 एफएसडब्लयू उपलब्ध करा दिए गए हैं। इस अवधि के दौरान पहले ही संवितरित किए गए लगभग सभी एफएसडब्लयू को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रचालनात्मक बनाया गया है।

1.24 योग्यताप्राप्त खाद्य विश्लेषकों की कमी की समस्या का समाधान करने के लिए, वर्ष के दौरान पांचवीं खाद्य विश्लेषक परीक्षा आयोजित की गई थी। सिद्धान्त और व्यावहारिक परीक्षा में निष्पादन के आधार पर, 83 उम्मीदवारों को योग्यताप्राप्त खाद्य विश्लेषक घोषित किया गया था। इससे देश में योग्यताप्राप्त खाद्य विश्लेषकों की उपलब्धता बढ़कर 360 हो गई। इसके अलावा, 5वीं खाद्य विश्लेषक परीक्षा के साथ ही दूसरी कनिष्ठ विश्लेषक परीक्षा भी आयोजित की गई थी, जिसमें 125 उम्मीदवारों को योग्य घोषित किया गया था। खाद्य के विश्लेषण में 3 वर्ष का अनुभव पूरा करने के पश्चात, वे खाद्य विश्लेषक परीक्षा की व्यावहारिक परीक्षा में सीधे प्रवेश के पात्र होंगे।

1.25 भारत में विक्रय किए जाने वाले दुग्ध की गुणवत्ता के बारे में निरन्तर चिंता व्यक्त की जाती रही है। इस संबंध में स्थिति का पता लगाने के लिए और दुग्ध की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए, राष्ट्रीय दुग्ध सुरक्षा एवं गुणवत्ता सर्वेक्षण (एनएमक्यूएस) 2018 का आयोजन किया गया था। यह सर्वेक्षण 2018 के दौरान तृतीय पक्ष के माध्यम से छः महीने की अवधि के लिए सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में >50,000 की जनसंख्या वाले सभी जिलों और बड़े नगरों/शहरों में कराया गया था। चल खाद्य परीक्षण वाहनों में स्थल पर ही 6432 नमूने एकत्र किए गए थे और तुरन्त ही गुणात्मक दृष्टि से उनका विश्लेषण किया गया था और एक तिहाई नमूनों, जिनमें अपमिश्रण अथवा संदूषण की संभावना नजर आयी, को सुरक्षा पैरामीटरों के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया और मात्रात्मक विश्लेषण किया गया। 13 नवम्बर, 2018 को एफएसएसएआई द्वारा अंतरिम रिपोर्ट जारी की गई थी। इससे भारत में बड़ी मात्रा में दुग्ध के सुरक्षित होने का पता चलता है। बड़ी संख्या में विश्लेषित किए गए नमूनों में से बहुत कम नमूने ही अपमिश्रित पाए गए थे। हालांकि, सर्वेक्षण में यह पाया गया कि 10% से कम नमूनों में संदूषक थे, जिनकी वजह से दुग्ध सुरक्षित नहीं रह गया था। ये संदूषक प्रमुख रुप से खेती-बाड़ी की खराब पद्धतियों से आए थे। इन नमूनों में से करीब 39% नमूने गुणवत्ता पैरामीटरों को पूरा नहीं करते थे। इसलिए, यह प्रकट होता है कि गुणवत्ता की समस्या होते हुए भी भारत में विक्रय किया जाने वाला दूध बड़े पैमाने पर उपभोग के लिए सुरक्षित है।

1.26 एफ.एस.एस.ए.आई. देश में खाद्य परीक्षण और निगरानी क्षमता के सुदृढ़ीकरण के लिए भारतीय और विदेशी कंपनियों के साथ चार बड़ी भागीदारी कीं।

1.27 वर्ष के दौरान खाद्य प्राधिकरण द्वारा विश्लेषण की तीन और पद्धतियों का अनुमोदन किया गया। यह अनाज और अनाज उत्पाद की श्रेणी के अंतर्गत नई वस्तुओं के पैरामीटरों के विश्लेषण, सुदृढ़ीकृत उत्पाद में पोषक तत्वों के विश्लेषण व घी में वनस्पति तेलों के अपमिश्रण का पता लगाने से संबन्धित हैं।

1.28 प्रशिक्षण दखल एक ऐसा सर्वाधिक होने वाला कार्य है जिसका उपयोग खाद्य पदार्थों के प्रहस्तन और संबंधित खाद्य सुरक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। वर्ष 2018-19 के दौरान खाद्य प्राधिकरण ने खाद्य प्रहस्तकों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में अपनी गतिविधियों में और अधिक विस्तार किया है। अल्पावधि में ही, फोस्टेक के अंतर्गत प्रशिक्षण की पारिस्थितिकी में संघठित रुप से वृद्धि हुई है। इसके 160 प्रशिक्षण भागीदार हैं, 1500 से अधिक प्रशिक्षक हैं और पूरी खाद्य मूल्य श्रृंखलाओं पर 17 पाठ्यक्रम हैं। वर्ष 2018-19 में, देश के सभी राज्यों (नागालैंड को छोड़कर) फोस्टेक के अंतर्गत प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था जिसमें एक लाख से भी अधिक खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया था। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली के राज्यों द्वारा प्रशिक्षण को 100 प्रतिशत पूरा करने के लिए विशेष अभियानों का संचालन किया गया था। स्ट्रीट फूड वेंडरों, कालेजों और निगमित कैम्पसों के लिए विशेष अभियान चलाए गए थे। मांस और मांस उत्पाद तथा पोल्ट्री मांस उत्पादों के लिए दो विशेष स्तर के पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए थे। फोस्टेक के संबंध में एक पूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

1.29 प्रयोगशाला कार्मिकों को कौशल को बढ़ाने और उनकी क्षमताओं का निर्माण करने के लिए, वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों/संस्थानों के सहयोग से खाद्य प्राधिकरण द्वारा खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कार्मिकों के लिए 22 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिसमें छः विशिष्ट कार्यक्रम और 16 सामान्य कार्यक्रम थे।

1.30 एफ.एस.एस.ए.आई. ने नए भर्ती हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और अधिनामित अधिकारियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण सहित विनियामक कर्मियों के लिए प्रशिक्षण नीति का निरुपण किया है इसमें न्याय-निर्णय अधिकारियों सहित ऐसे अधिकारियों के लिए आवधिक पुनश्चर्या प्रशिक्षण के कार्यक्रम भी सम्मिलित हैं। वर्ष 2018-19 में 583 विनियामक कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है।

1.31 भारत स्वास्थ्य संबंधी तीन प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहा है जो कि इस प्रकार हैं: (1) खाद्यजन्य रोग

और संक्रमणों का खतरा (2) गैर-संक्रमणीय रोगों की घटनाओं में वृद्धि और (3) पोषण संबंधी समस्याएं अर्थात कुपोषण, अल्पोषण अथवा भूख, आहार में महत्वपूर्ण विटामिन और खनिजों के सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और जरुरत से ज्यादा पोषण, जिसके परिणामस्वरुप मोटापा की स्थिति उत्पन्न होती है। एफ.एस.एस.ए.आई. मंत्रालयों/विभागों और अन्य हितधारियों के समन्वय से इन स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का समाधान करने की दिशा में कार्य कर रहा है। सुरक्षित और पोषक खाद्य(एसएनएफ) पहल के अंतर्गत, खाद्य प्राधिकरण ने स्वास्थ्यप्रद खाद्य विकल्प उपलब्ध कराने के लिए खाद्य कारोबारों पर बल दिया है और 2022 तक खाद्य पदार्थों को ट्रांस-फैट मुक्त करने का कार्यक्रम बनाया है। इस संबंध में खाद्यजन्य रोगों के बारे में कभी भी कोई सूचना मिलने पर चेतावनी देने के लिए एक तंत्र से युक्त मंच का विकास करने के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) के साथ विचार भी किया जा रहा है ताकि एफएसओ द्वारा उपयुक्त एवं शीघ्र प्रतिक्रिया करने की पहल की जा सके। गैर-संचारी रोगों और मोटापा में वृद्धि का समाधान करने के लिए, एफ.एस.एस.ए.आई. इन संघटकों के लिए विशेष लेबलिंग प्रावधानों के साथ एच.एफ.एस.एस. - उच्च वसा नमक और शर्करा खाद्यों के संबंध में विनियम बनाने की प्रक्रिया में है। सूक्ष्म पोषण के कुपोषण की समस्या का समाधान करने के लिए, एफ.एस.एस.ए.आई. ने पांच प्रमुख आहारों के पोष्टिकीकरण के लिए मानकों को अधिसूचित किया है और देश में खाद्य के बड़े पैमाने पर खाद्य सुदृढीकरण का परिचालन कर रहा है। सामाजिक खाद्य सुरक्षा योजनाओं जैसे आईसीडीएस, एमडीएम और पीडीएस में पौष्टिकृत खाद्य की शुरुआत की जा रही है। पांच प्रमुख खाद्यों के लिए स्वैच्छिक सुदृड़ीकरण प्रारंभ किया गया है। बाजार में, 70 शीर्ष कंपनियों और क्षेत्रीय ब्रांडों के लगभग 113 सुदृढ़ीकृत प्रमुख खाद्य ब्राण्ड हैं।

1.32 जन्म से उपापचय के दोष (आईईएम) से युक्त बच्चों के लिए प्रोजेक्ट डाइट 4 लाइफ की शुरुआत की गई है, जिन्हें ऐसे विशेष आहार की जरुरत होती है जिसके बिना वे जीवित नहीं रह पाएंगे। आई.ई.एम. दशाओं के उपयुक्त खाद्य के लिए मानकों का निरुपण किया जा रहा है। इसी बीच, विशिष्ट खाद्यों के आयात और विनिर्माण की अनुमति प्रदान की गई है।

1.33 प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों का मुकाबला करने के साधनों के रुप में और इस बात को मानते हुए कि खाद्य सुरक्षा को एक आदत के रुप में अपनाने के लिए सामाजिक और व्यावहारगत परिवर्तन की दिशा में सक्रिय रुप से कार्य करना आवश्यक है, खाद्य प्राधिकरण ने परियोजना एसएनएफ (सुरक्षित और पोषक खाद्य) की शुरुआत की थी जिसमें खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और स्वस्थप्रद आहार, चाहे घर में हों, या स्कूल, पूजा स्थल पर हों या फिर से घर से बाहर खाने के लिए जाना हो, के संबंध में सामाजिक और व्यावहारगत परिवर्तनों पर जोर दिया गया है। इस पहल के महत्वपूर्ण संघटक हैं जागरुकता और क्षमता निर्माण। वर्ष के दौरान, अन्य हितधारियों के सहयोग से एसएनएफ@वर्कप्लेस, एसएनएफ@स्कूल और एसएनएफ@BHOG पहल के अंतर्गत पर्याप्त प्रगति की गई थी। स्वैच्छिक शुरुआत या फिर सीएसआर के अंतर्गत एसएनएफ@स्कूल कार्यक्रम को अपनाने के लिए विभिन्न संगठन भी आगे आए।

आकृति 1 -सुरक्षित और पोषक खाद्य (एसएनएफ) उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पहल

1.34 इसके अतिरिक्त, इस पृष्ठभूमि में, सुरक्षित और पोषक खाद्य के उपभोग के लिए जागरुकता उत्पन्न करने के लिए,'ईट राइट इंडिया' आंदोलन नामक एक नई पहल एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा शुरु की गई थी, जिसके अंतर्गत महत्वपूर्ण हितधारियों और नागरिकों को शामिल किया गया था। इस शुरुआत के एक भाग के रुप में,एफ.एस.एस.ए.आई. ने 'ईट राइट' के लिए लोगों को प्रेरित करने के आयोजित की गई स्वस्थ भारत यात्रा की भी शुरुआत की थी जिसके बारे में यह माना जाता है कि यह विश्व की सबसे बड़ी साइक्लोथोन रही। 16 अक्तूबर, 2018 को विश्व खाद्य दिवस पर छः विभिन्न स्थानों से झण्डा दिखाकर शुरु की गई यह यात्रा अपने 100 दिनों से भी अधिक तक चलने के बाद पूरे देश से गुजरती हुई 29 जनवरी, 2019 को समाप्त हुई थी। सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में यात्रा के गुजरने के 2,100 से भी अधिक स्थानों पर कार्यक्रम और आयोजन किए जाने के माध्यम से और स्थानीय रुप से 6,000 से भी अधिक सामुदायिक 'ईट राइट चैम्पियनों' के सृजन द्वारा इस यात्रा के लक्ष्य को प्राप्त किया गया। ये चैंपियन इस आंदोलन को भविष्य में बनाए रखेंगे। 21,000 से अधिक स्वयं सेवकों और 2.5 करोड़ लोगों तक पहुँच बना कर यह यात्रा खाद्य सुरक्षा,खाद्य अपमिश्रण का मुकाबला करने और स्वस्थप्रद आहार के संबंध में जागरुकता का निर्माण करने में समर्थ रही और 'सुरक्षित खाना, सेहतमंद खाना पौष्टिकृत खाना' का संदेश का प्रसार करने में समर्थ रही। इसके अलावा, समाज के हर वर्ग, विशेष रुप से युवा, को इससे जोड़ने के लिए, 'ईट राइट सृजनशीलता चुनौती' का आयोजन किया गया। 3,600 से भी अधिक पंजीकृत विद्यालयों के 75,000 से भी अधिक छात्रों ने स्थल पर ही पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में सक्रिय रुप से भाग लिया।

1.35 खाद्य आपूर्ति में औद्योगिक रुप से उत्पादित ट्रांस फैट के निराकरण का आह्वान करने के लिए 30 नवम्बर, 2018 को एक मॉस मीडिया अभियान की शुरुआत की गई थी। "हार्ट अटैक रिवाइंड"ने नागरिकों को ट्रांस-फैट के उपभोग करने के संबंध में चेतावनी दी है और सेहतमंद विकल्पों के माध्यमय से इनसे छुटकारा पाने की कार्यनीतियां प्रस्तुत की हैं।

1.36 1,50,000 से भी अधिक स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों द्वारा निकट भविष्य में प्रयोग में लाए जाने वाले सरल संदेशों और परस्पर संवादात्मक (इंटरएक्टिव) सामग्री के साथ व्यापक पैकेज का प्रयोग करने में आसानी से प्रयोग करने के रुप में 'ईट राइट टूल किट' का सृजन किया गया है। यह राष्ट्रीय पोषण और जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मुख्यधारा के रुप में पूरक नियोजित संसाधन के रुप में कार्य करेगा।

1.37 घर से बाहर खाद्य के उपभोग में बढ़ोतरी और खाद्य सुरक्षा से संबंधित चिंताओं को देखते हुए, खाद्य प्राधिकरण ने "सुरक्षित परोसें"परियोजना के अंतर्गत "स्वस्थप्रद रेटिंग"और "खाने का दायित्वपूर्ण स्थान"योजना प्रारंभ की है। ये दोनों योजनाएं प्रतियोगिता के माध्यम से खाद्य सेवा संस्थानों में सुरक्षित खाद्य प्रहस्तन प्रक्रियाओं के सुदृढ़ीकरण और सुरक्षित खाद्य के लिए उपभोक्ताओं की मांग सृजन करने के आशय से हैं। इस समय, लगभग 600 खाद्य कारोबारियों को स्वस्थ्यप्रद रेटिंग मिली हैं। एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा सत्यापन प्रयोजनों के लिए 26 स्वस्थप्रद रेटिंग संपरीक्षण अभिकरणों को मान्यता प्रदान की गई है।

1.38 स्ट्रीट फूड में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने में सहायता करने की दृष्टि से एफ.एस.एस.ए.आई. ने ' स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब' परियोजना की शुरुआत की है जिसके अंतर्गत अंतर-विश्लेषण के लिए पूर्व संपरीक्षण की प्रक्रिया, स्वच्छता और साफ-सफाई दशाओं के लिए विशिष्ट मानदण्डों को पूरा करने के लिए सुझाव, विक्रेतायों के प्रशिक्षण, अंतिम संपरीक्षण के माध्यम से और उसके पश्चात संपोषण के माध्यम से स्ट्रीट फूड वेंडरों के कलस्टरों को प्रमाणित किया जाएगा। 13 जुलाई 2018 को एफ.एस.एस.ए.आई. ने कंकरिया लेक, अहमदाबाद (गुजरात) को देश के पहले 'स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब' के रुप में मान्यता प्रदान की है। अभी तक, 8 स्ट्रीट फूड कलस्टरों को 'स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब' प्रमाणपत्र (गुजरात के 5, मध्य प्रदेश के 01 और महाराष्ट्र के 02) प्रदान किए गए हैं और 62 के संबंध में प्रमाण पत्र प्रदान करने की अनुशंसा की गई है।

1.39 वर्ष 2017 में एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा' खाद्य बचाओ, खाद्य बांटों, खुशी बांटो' की एक शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य खाद्य अपशिष्ट न होने देना और अधिशेष खाद्य के दान को बढ़ावा देना है ताकि भूख का मुकाबला किया जा सके। भारतीय खाद्य शेयरिंग गठबंधन (आईएफएसए) खाद्य दान के क्षेत्र में वृद्धि के लिए देश के अधिशेष खाद्य वितरण संगठनों का एक नेटवर्क है। इस पहल के लिए एक वैब आधारित मंच का सृजन किया गया है जो कि खाद्य वितरण संगठनों और लाभग्राहियों के साथ दानकर्ताओं के एकीकरण को समर्थ बनाता है। 12 खाद्य वितरण संगठन एफ.एस.एस.ए.आई. के साथ जुड़े हुए हैं और औसतन वे 70 शहरों में एक लाख लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था कर कर रहे हैं। इस प्रकार के और अधिक उपक्रमों को जोड़ा जा रहा है और यह नेटवर्क विस्तार के लिए तैयार है। एक नया अभियान "थोड़ा काम बड़ा कल्याण" की भी शुरुआत की गई थी जिसके अंतर्गत उत्सवी आयोजनों के दौरान खाद्य अपशिष्ट को रोकने और खाद्य दान को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

1.40 उपयोग में लाए गए खाना पकाने के तेल (यूसीओ) से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है क्योंकि तलने की प्रक्रिया के दौरान पोलर यौगिक बनते हैं जो गंभीर स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा कर सकते हैं। इस समय, उपयोग में लाए गए खाना पकाने के तेल को बिलकुल भी नष्ट नहीं किया जा रहा है या फिर उसका निपटान पर्यावरणीय दृष्टि से खतरनाक ढंग से किया जा रहा है जिससे अपवहन और सीवरेज प्रणालियां अवरुद्ध हो जाती हैं। इस बात को स्वीकार करते हुए कि जैविक डीजल के लिए यूसीओ एक संभावित फीडस्टाक है और इस आपूर्ति श्रृंखला तंत्र का मुख्य सोपान है, एफ.एस.एस.ए.आई. ने 10 अगस्त, 2018 को विश्व जैविक ईंधन दिवस पर आरयूसीओ (रुको) का प्रारंभ किया। आरयूसीओ से तात्पर्य है पुनप्रयोजन के लिए प्रयोग किए गए खाना पकाने का तेल। यह प्रयोग किए गए खाना पकाने के तेल के संग्रहण और इसके बॉयो डीजल में परिवर्तित करने के लिए समर्थित बनाने की एक पारिस्थितिकी प्रणाली है। यूसीओ के संग्रहण और परिवर्तन की प्रगति की निगरानी के लिए एक माइक्रोसाइट भी प्रारंभ की गई है।

1.41 आई.ई.सी.(सूचना, शिक्षा, संप्रेषण) प्रोत्साहनात्मक गतिविधियों को दिशा प्रदान करने के लिए किसी भी

संगठन की रीढ़ की हड्डी होता है। एफ.एस.एस. अधिनियम, नियमों और विनियमों के आवश्यक तत्वों के बारे में हितधारियों को अवगत कराने के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया है। खाद्य प्राधिकरण ने सकारात्मक छवी के निर्माण, जन जागरुकता के सृजन, उपभोक्ता शिक्षा, महत्वपूर्ण शुरुआतों के प्रचार-प्रसार और विभिन्न हितधारियों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए बहुत सी प्रदर्शनियों/आयोजनों में भी भाग लिया। खाद्य प्राधिकरण अपने सभी सामाजिक मीडिया मंचों में भी सक्रिय है और उत्तरदायी है। सुरक्षित और पोषक आहार के संबंध में संदेश देने के अलावा, जनता को भी खाद्य प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे सभी महत्वपूर्ण उपायों के बारे में और प्रारंभ की जा रही नई शुरुआतों से अवगत कराया जाता है। उपभोक्ता और एफबीओ शिकायतों को भी प्रतिदिन सोशल मीडिया के माध्यम से समाधान किया जाता है।

1.42 उपभोक्ताओं को सूचना और संसूचित पसंद, शिक्षा, सुरक्षित और पोषक आहार, अनुचित व्यापारिक रीतियों से संरक्षण और अपनी शिकायतों के निपटारे का अधिकार है। इन अधिकारों को मान्यता दिलाने की दिशा में खाद्य प्राधिकरण ने कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं जिनका उद्देश्य उपभोक्ताओं को अधिकार-संपन्न बनाना और उनके हितों का संरक्षण करना है। इनमें, उपभोक्ता शिक्षा पोर्टल, एसएनएफ और नागरिकों के मार्गदर्शन के लिए अन्य सामाजिक प्रेरण दृष्टीकोण और व्यावहारगत परिवर्तन पहलें, विभिन्न खाद्य कारोबारों के लिए खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड, सशक्त उपभोक्ता फीडबैक और शिकायत एवं समाधान प्रणाली, संसूचित रुचियों की व्यवस्था के लिए स्वस्थप्रद रेटिंग,मीनू लेबलिंग,प्रतीकों और लोगो जैसी स्कीमें, और स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब आदि जैसे समूहों के प्रमाणन की पहलें शामिल है।

1.43 खाद्य प्राधिकरण जैसी व्यापक और सर्वाधिदेश वाली किसी विनियमात्मक संस्था के लिए प्रौद्योगिकी को अति महत्ता प्रदान करते हुए, खाद्य प्राधिकरण सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) को अत्यधिक रुप से सुदृढ़ बना रहा है। खाद्य लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली (एफ.एल.आर.एस)और खाद्य आयात निर्गम प्रणाली (एफ.आई.सी. एस), जो लाइसेंसिंग, पंजीकरण और आयात प्रणालियों की मेरुदंड है, जैसी अति महत्वूपर्ण आईटी प्रणालियों के संबंध में व्यवस्था आईटी प्रभाग द्वारा की जा रही है। इसके अलावा, इसकी सभी प्रमुख गतिविधियों को आईटी प्रभाग द्वारा विकसित किए गए प्रणालियों और पोर्टलों द्वारा पूरी तरह समर्थ बनाया जा रहा है। वर्ष 2018-19 के दौरान ईट राइट इंडिया, स्वच्छ भारत यात्रा जैसी विभिन्न शुरुआत की गई। इनके अलावा और भी बहुत सी पहल गई थी जिन्हें आईटी मंचों और प्रणालियों के माध्यम से गहन रुप से समर्थित बनाया गया था। इन सभी से संबंधित कार्यान्वयन योजनाओं को अधिक द्रुत और अधिक प्रभावी ढंग से कार्यकरण को समर्थ बनाया गया है।

1.44 अंतर्राष्ट्रीय खाद्य व्यापार के क्षेत्र में तीव्र वृद्धि तथा उद्योग के वैश्विक रुप लिए जाने के साथ खाद्य प्राधिकरण के लिए यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि वह बहु-पक्षीय और द्विपक्षीय करारों के माध्यम से वैश्विक खाद्य सुरक्षा पहलों में सहभागिता के द्वारा खाद्य पदार्थों की सुरक्षा और गुणवत्ता को सुनिश्चित कराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानकों के निरुपण में भारत का योगदान कोडेक्स एलीमेनटेरियस आयोग के कार्य में इसके सक्रिय रुप से शामिल होने से स्पष्ट है। यह आयोग एफएओ और डब्ल्यूएचओ की शीर्ष अन्तर्राष्ट्रीय खाद्य मानक संस्था है, जिसके मानक डब्ल्यूटीओ करारों और अन्य बहु-पक्षीय/द्विपक्षीय करारों के अंतर्गत खाद्य वस्तुओं के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए संदर्भ मानकों के रुप में मान्यता प्राप्त हैं। खाद्य प्राधिकरण ने 2018-19 के दौरान आयोजित कोडेक्स समिति की 14 बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया। भारत ने 53 इलेक्ट्रॉनी कार्यकारी दलों (ई.डब्ल्यू.जी) में हिस्सा लिया और उनमें अपने महत्वपूर्ण विचार प्रकट किए। भारत द्वारा सात ईडब्ल्यूजी की अध्यक्षता और तीन में सह-अध्यक्षता भी की। उपर्युक्त उल्लिखित कोडेक्स समितियों, भौतिक कार्यकारी समूहों (पीडब्ल्यूजी) और ईडब्ल्यूजी में भारत की लिखित टिप्पणियाँ कोडेक्स सचिवालय को प्रस्तुत की गईं और इन टिप्पणियों तथा दखलों के आधार पर समिति सत्रों के दौरान भारत की चिंताओं का मुख्य तौर पर निराकरण किया गया।

1.45 खाद्य सुरक्षा और जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने और सूचना, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण आदि के आदान प्रदान के माध्यम से जन स्वास्थ्य की दृष्टि से, वर्ष के दौरान एफ.एस.एस.ए.आई. और विदेशी संगठनों व अभिकरणों के बीच अनेक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें डैनिश पशु-चिकित्सा और खाद्य प्रशासन, एएसएई (इकोनामिक्स एंड फूड सेफ्टी अथारिटी), पुर्तगाल, यूरोपियन फूड सेफ्टी एजेंसी (ईएफएसएस), 4 जापानी अभिकरणों (अर्थात फूड सेफ्टी कमीशन ऑफ जापान, कंज्यूमर एफेयर एजेंसी आफ जापान, मिनिस्ट्री आफ हैल्थ, लेबर एंड वेलफेयर आफ जापान एंड मिनिस्ट्री आफ एग्रीकल्चर, फोरेस्ट्री एंड फिशरीज आफ जापान) और नीदरलैंड फूड एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट सेफ्टी अथारिटी (एनवीडब्ल्यूए) सम्मिलित हैं। इसके अलावा, फ्रांस, जर्मनी और न्यूजीलैंड के अभिकरणों के साथ विगत में किए गए समझौता ज्ञापनों में किए गए समझौतों पर आगे कार्रवाई करने के लिए भी अनुवर्ती कार्रवाई की गई।

1.46 खाद्य प्राधिकरण वैश्विक खाद्य सुरक्षा साझेदारी (जीएफएसपी) से सक्रिय रुप से सम्बद्ध रहा, जो कि एक मध्यवर्गीय आय और विकासशील देशों में खाद्य सुरक्षा में सुधार लाने के लिए समर्पित विश्व बैंक की एक अद्वितीय सार्वजनिक निजी पहल है। न केवल जीएफएसपी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में मदद कर रहा है, बल्कि यह मुम्बई में एक अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने में एफ.एस.एस.ए.आई. की सहायता भी कर रहा है और विभिन्न देशों का अध्ययन दौरा करने के कार्य में भी सहयोग प्रदान कर रहा है। एफ.एस.एस.ए.आई. को विश्व बैंक की जीएफएसपी की शासी समिति की एक प्रेक्षक सदस्य के रुप में दो वर्षों की अवधि के लिए चयन किया गया है।

1.47 इसके अलावा, खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में समझ और सहयोग बढ़ाने की दृष्टि से वर्ष के दौरान विदेशी शिष्टमंडल के साथ विचार-विमर्श और खाद्य प्राधिकरण शिष्टमंडलों के विदेश दौरों के जरिए कई द्विपक्षीय कार्यक्रम आयोजित किए गए।

1.48 समग्र रुप से, एफ.एस.एस.ए.आई. ने पूर्णतावादी सोच के साथ उपलब्ध संसाधनों की कार्यगत नीति के साथ समुपयोजन के माध्यम से 'सीमित साधनों के अधिकतम उपयोग" के दृष्टिकोण को अपनाया है। बड़ी मात्रा में निधियों के साथ बड़ी संगठनात्मक संरचना के सृजन के स्थान पर, पांच आसान दिशा-निर्देशक सिद्धांतों से भारत के खाद्य प्राधिकरण के कार्यकरण का विनियमन होता है। पहला, एफ.एस.एस.ए.आई. ने परिवर्तन अभिकर्ताओं के रुप में अपने सभी महत्वपूर्ण हितधारियों के साथ कार्य करते हुए देश के लिए बेहतर खाद्य और पोषण के लिए सहभागी दृष्टिकोण का सह-सृजन किया है। दूसरे, इसने सभी से प्राप्त होने वाले विचारों और मिलने वाली सहायता का लाभ उठाने के लिए सभी स्तरों पर संस्थानों और संगठनों के साथ बहु प्रकार की साझेदारी विकसित की है। तीसरे, भारत जैसे एक बड़े देश को अंतर्गत लाने के उद्देश्य से बड़ा स्तर पाने के लिए अधिकतर प्रक्रियाओं और पद्धतियों को मानकीकृत किया गया है। चौथे, एफएसएसएआई, पहुंच, प्रभावकारिता बढ़ाने और पारदर्शिता के सुनिश्चय के लिए प्रौद्योगिकी का उन्नयन कर रहा है। और अंत में, एफ.एस.एस.ए.आई. ने सकारात्मक कार्य प्रकृति और संस्कृति का सृजन किया है। भारत का खाद्य प्राधिकरण यद्यपि छोटा है, तथापि यह अधिक सक्रिय, आधुनिक और कारगर संगठन है जो कि 'नए भारत' का निर्माण कर रहा है। देशवासियों को सुरक्षित और पोषक खाद्य का सेवन करने और समाज के उत्पादक सदस्यों के रुप में मानवीय सम्मान के साथ जीवन-निर्वाह करने में समर्थ बना रहा है। अन्य कम और मध्यम - आय वाले देश, जो उपयुक्त प्रतिकृति बनने योग्य मॉडलों की राह ताक रहे हैं, में खाद्य सुरक्षा प्रणालियों की स्थापना करने में भारत का मॉडल अनुदेशात्मक स्वरुप का हो सकेगा।

****

अध्याय-2

कर्तव्य, शासन संरचना और मानव संसाधन

2. अधिनियम का विकास

2.1 खाद्य नियमों को एक ही विधान के अंतर्गत लाकर उनके समेकन का कार्य कुछ समय से, विशेषकर केंद्र सरकार द्वारा तत्कालीन माननीय वित्त मंत्री की वर्ष 2002 की बजट भाषण में अपनी मंशा जाहिर कर देने के बाद से, चल रहा था। खाद्य सामग्रियों के विनियमन से संबंधित विभिन्न अधिनियमों और आदेशों के समेकन का कार्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय को सौंपा गया था। खाद्य सुरक्षा और मानक विधेयक, 2005 को दिनांक 23 अगस्त 2006 को भारत के राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (2006 का अधिनियम संख्या 34) के रुप में अधिनियमित किया गया था। इसके पश्चात, यह अधिनियम 24 अगस्त 2006 को भारत के राजपत्र (असाधारण), भाग I, खंड I में प्रकाशित हुआ। इस संबंध में कई अधिसूचनाओं अर्थात दिनांक 15.10.2007, 28.05.2008, 18.11.2008, 09.03.2009, 31.07.2009, 29.07.2010 और 18.08.2010 के माध्यम से इस अधिनियम के विभिन्न प्रावधान विभिन्न तारीखों को प्रवृत्त हुए।

2.1.1 भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर, 2007 की मंत्रिमंडल सचिवालय की अधिसूचना द्वारा "खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006" के विषय को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय से स्थानांतिरत करके स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपा गया था। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने "खाद्य सुरक्षा तथा मानक (कठिनाइयों का निराकरण) आदेश, 2007 दिनांक 15 अक्तूबर, 2007 द्वारा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 6 के खण्ड (ग) में उप-धारा (I), जो खाद्य प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों के चयन के लिए चयन समिति के बारे में है, में शब्द "स्वास्थ्य" के स्थान पर "खाद्य प्रसंस्करण उद्योग" शब्द रखे गए थे।

2.1.2 यह अधिनियम खाद्य सुरक्षा और मानक (संशोधन) अध्यादेश, 2008 दिनांक 7 फरवरी, 2008 द्वारा संशोधित किया गया तथा धारा 3, 5 और 6 में संशोधन करते हुए खाद्य सुरक्षा और मानक (संशोधन) अधिनियम, 2008 दिनांक 28 मार्च, 2008 द्वारा बदला गया था।

2.2 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (एफएसएस अधिनियम) के बनने से सितम्बर, 2008 में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की स्थापना हुई। इस निर्णय से इस अर्थ में आमूल परिवर्तन हुआ कि खाद्य विनियामक का इकोसिस्टम अनेक विधियों से एकीकृत विधि में तबदील हो गया, जिसमें खाद्य अपमिश्रण पर बल की तुलना में सुरक्षित और स्वास्थ्यकर खाद्य सुनिश्चित कराने पर अधिक बल है।

2.3 जैसाकि एफएसएस अधिनियम में परिकल्पना की गई है, खाद्य प्राधिकरण को मानव उपभोग के लिए सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए खाद्य पदार्थों के विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को विनियमित करने और उससे संबंधित मामलों के लिए कार्यादेश दिया गया है। खाद्य प्राधिकरण के कर्तव्य और कृत्य अधिनियम की धारा 16 में निर्धारित हैं। इनका विवरण सारणी 2 में दर्शाया गया है।

सारणी 2 - खाद्य प्राधिकरण के कर्तव्यों और कार्यों का विवरण

निर्देश निर्धारण	विज्ञान आधारित	सुदृढ़ीकरण क्षमताएं	ध्यान केन्द्रित उपभोक्ता
• खाद्य पदार्थों की पहचान के मानकों का निर्धारण • लेबलिंग और दावों के मानकों का निर्धारण • योजकों, प्रदूषकों, अवशिष्टों आदि के लिए सीमाओं का निर्धारण • नमूना लेने और विश्लेषण की पद्धति के लिए दिशा-निर्देशों का विकास • आयातित खाद्य वस्तुओं के लिए उपयुक्त सीमा नियंत्रण का कार्यान्वयन • जोखिम का मूल्यांकन, प्रबंधन और संप्रेषण सहित जोखिम विश्लेषण करना • प्रयोगशाला प्रमाणन और अधिसूचना के लिए दिशा-निर्देशों का विकास करना • प्रमाणन निकायों के प्रत्यायन के लिए दिशा-निर्देशों का विकास • एफएसएस अधिनियम का प्रवर्तन और कार्यान्वयन का सर्वेक्षण करना • खाद्य सुरक्षा और मानकों से संबंधित मामलों पर राज्य स्तरीय प्राधिकारियों का मार्गदर्शन करना	• नीतियों के निरुपण के लिए वैज्ञानिक परामर्श और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना • .उपभोग और जोखिम सामना, जैविक जोखिमों की घटना और व्यापकता, प्रदूषक, द्रुत अलर्ट प्रणाली आदि के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों में अग्रणी बनना • खाद्य सुरक्षा के लिए संकट प्रबंधन प्रोटोकाल का विकास • वैज्ञानिक सहयोग, सूचना और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान और वैश्विक दृष्टि से श्रेष्ठ पद्धतियों के कार्यान्वयन के लिए ढांचे का विकास • अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ संबंधों को बेहतर बनाने वैज्ञानिक परामर्श और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना • जोखिम मूल्यांकन पद्धतियों का विकास • अंतर्राष्ट्रीय और देशी मानकों के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देना • अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी मानकों के विकास कार्य में योगदान	• खादय सुरक्षा इकोसिस्टम के भीतर राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर खाद्य प्राधिकरणों के स्टाफ, खाद्य कारोबारियों और अन्य हितधारियों की क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराना	• उपभोक्ताओं और सम्बद्ध हितधारियों को उपयुक्त, सरल, सामयिक सूचना उपलब्ध कराना • वैज्ञानिक समितियों और पैनलों की सम्मतियों के बारे में सामयिक ढंग से संप्रेषण • वैज्ञानिक अध्ययनों के परिणामों का आदान-प्रदान • बैठकों की कार्यसूची के संबंध में खाद्य प्राधिकरण, परामर्श समिति, वैज्ञानिक समिति और पैनलों आदि के सदस्यों द्वारा हित संबंधी वार्षिक घोषणाओं का प्रकटन

2.4 खाद्य प्राधिकरण का गठन

2.4.1 एफ.एस.एस अधिनियम की धारा 5 के अनुसार, खाद्य प्राधिकरण का एक अध्यक्ष होगा और निम्नलिखित 22 सदस्य होंगे, जिनमें से एक-तिहाई महिलाएं होंगी, अर्थात्-

सारणी 3 - खाद्य प्राधिकरण के अध्यक्ष से भिन्न अन्य सदस्य (धारा 5)

केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों और विभागों से सदस्य	कृषि, वाणिज्य, उपभोक्ता मामले, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य, विधायी मामले, लघु उद्योग कार्यों से सम्बद्ध केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों अथवा विभागों का प्रतिनिधित्व करने के लिए संयुक्त सचिव से अन्यून स्तर के 7 सदस्य जो पदेन सदस्य होंगे।
उपभोक्ता, किसानों और खुदरा विक्रेता संगठनों से प्रतिनिधित्व	किसानों और उपभोक्ता संगठनों से 2-2 प्रतिनिधि एवं खुदरा संगठनों से एक प्रतिनिधि
राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से प्रतिनिधित्व	प्रथम अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट जोनों में से एक-एक बार प्रथम तीन वर्ष के चक्रानुक्रम से नियुक्त किए जाने वाले 5 सदस्य
खाद्य उद्योग और स्वतंत्र एसएमई और खाद्य प्रौद्योगिकीविदों अथवा वैज्ञानिकों से प्रतिनिधित्व	क) खाद्य उद्योग के 2 प्रतिनिधि जिनमे से एक लघु उद्योग से ख) 3 प्रख्यात प्रोध्योगिकीविद या वैज्ञानिक

2.4.2 इसके अलावा, अधीनियम की धारा 9 के अनुसार खाद्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी खाद्य प्राधिकरण के सदस्य-सचिव हैं।

2.4.3 खाद्य प्राधिकरण के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में केंद्रीय सरकार द्वारा की जाती है। प्राधिकरण का मुख्यालय एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली- 110002 पर स्थित है।

2.4.4 वर्ष 2018-19 के दौरान खाद्य प्राधिकरण का गठन निम्नानुसार था:

आकृति 2 - खाद्य प्राधिकरण 2018-19 का गठन

अध्यक्ष

सदस्य-सचिव (मुख्य कार्यकारी अधिकारी)

धारा 5 (1) (क) के अंतर्गत पदेन सदस्य

श्री आशीष बहुगुणा (28.07.2018 तक)

श्रीमती रीता तेवतिया (28.11.2018 से)

श्री पवन अग्रवाल

सारणी 4 - धारा 5(1)(क) के अंतर्गत पदेन सदस्य

क्र.सं.	नाम	पदनाम	मंत्रालय
1	श्री सुधीर कुमार	संयुक्त सचिव	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
	डा. मनदीप कुमार भण्डारी	संयुक्त सचिव	
2	श्री उत्पल कुमार सिंह	संयुक्त सचिव	कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
3	श्री संतोष कुमार सारंगी	संयुक्त सचिव	वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
4	श्री पी.वेंकट रामा शास्त्री	संयुक्त सचिव	उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
5	श्री मिन्हाज़ आलम	संयुक्त सचिव	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
6	डा.रीता वशिष्ठ	अपर सचिव	विधि और न्याय मंत्रालय
7	श्री मनोज जोशी	संयुक्त सचिव	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

2.4.5 खाद्य प्राधिकरण की दो बैठकें (26वीं और 27वीं) वर्ष 2018-19 में आयोजित हुई थीं। 26वीं बैठक 16 जून, 2018 को आयोजित हुई थी और 27वीं बैठक 4 फरवरी, 2019 को आयोजित हुई थी। चूँकि गत वर्ष में सदस्यों की सदस्यता अवधि समाप्त होने के परिणामस्वरुप एफएसएस अधिनियम,2006 की धारा 5 की उप धारा (1) के खण्ड (ख), (ग), (घ), (ङ), (च) और (छ) के अंतर्गत वर्ष 2018-19 के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा कोई सदस्य नियुक्त नहीं किया गया था, इसलिए ये बैठकें सीमित सदस्य संख्या के साथ आयोजित हुई थी।

2.4.6 निम्नलिखित विशेष आमंत्रितों ने खाद्य प्राधिकरण की 26वीं और 27वीं बैठक में भाग लिया था:

- सुश्री परणा दासगुप्ता, फेडरेशन आफ इंडियन चैम्बर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की)
- सुश्री मीतू कपूर, कंफेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)
- सुश्री श्रेया पाण्डेय, आल इंडिया फूड प्रोसेसर्स एसोसिएशन (एआईएफपीए)

आकृति 3 - खाद्य प्राधिकरण की 26वीं बैठक का एक दृश्य

2.5 **केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी)**

2.5.1 एफएसएस अधिनियम 2006 की धारा 11 द्वारा केंद्रीय सलाहकार समिति की स्थापना का प्रावधान और धारा 12 में इसके कार्यों का वर्णन है। समिति का मुख्य अधिदेश प्राधिकरण के कार्रवाई कार्यक्रम, कार्य का प्राथमिकीकरण, संभावी जोखिमों की पहचान और ज्ञान प्रबंधन के संबंध में प्राधिकरण को परामर्श देना है। केंद्रीय सलाहकार समिति खाद्य प्राधिकरण, राज्य की प्रवर्तन एजेंसियों तथा खाद्य के क्षेत्र में कार्यरत संगठनों के मध्य निकट सहयोग सुनिश्चित करती है।

2.5.2 केंद्रीय सलाहकार समिति में खाद्य उद्योग, कृषि, उपभोक्ता, संबंधित अनुसंधान निकायों और खाद्य प्रयोगशालाओं के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो-दो सदस्य होते हैं। इनके अतिरिक्त, सभी राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा आयुक्त और वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष इसके पदेन सदस्य होते हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई. केंद्रीय सलाहकार समिति का पदेन अध्यक्ष होता है। केन्द्रीय सरकार के संबंधित कृषि, पशुपालन और डेयरी उद्योग, जैव प्रौद्योगिकी, वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, पर्यावरण तथा वन, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, स्वास्थ्य, पंचायती राज, लघु उद्योग एवं खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय/विभागों के प्रतिनिधि और इसके अतिरिक्त सरकारी संस्थानों या संगठनों और सरकार द्वारा मान्यता-प्रदत्त कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों को केंद्रीय सलाहकार समिति की चर्चाओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

2.5.3 वर्ष 2018-19 के दौरान केंद्रीय सलाहकार समिति की 15 मई, 2018, 7 सितम्बर, 2018, 14 दिसम्बर, 2018 और 13 मार्च, 2019 को क्रमश: 22वीं, 23वीं, 24वीं और 25वीं बैठक आयोजित हुईं।

आकृति 4 - 14.12.2018 को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में आयोजित 24वीं सीएसी की बैठक

2.6 वैज्ञानिक समिति

2.6.1 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम,2006 की धारा 14 में वैज्ञानिक समिति के गठन का प्रावधान है, जिसमें वैज्ञानिक पैनलों के अध्यक्ष और वैज्ञानिक पैनलों से असंबद्ध छह स्वतंत्र विज्ञानी होते हैं। इस समिति का कार्य खाद्य प्राधिकरण को वैज्ञानिक राय देना, वैज्ञानिक राय की एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सामान्य ताल-मेल करना, विशेष रूप से कार्य-प्रक्रियाओं एवं वैज्ञानिक पैनलों की कार्य प्रणालियों का सुमेलन करना है। वैज्ञानिक समिति एक से अधिक वैज्ञानिक पैनलों के दायरों में आने वाले बहु-क्षेत्रीय मुद्दों पर परामर्श देती है तथा किसी भी वैज्ञानिक पैनल के दायरे में न आने वाले मुद्दों पर कार्य-दल का गठन करती है। वैज्ञानिक समिति अपना अध्यक्ष अपने सदस्यों में से चुनती है।

2.6.2 वर्ष 2018-19 के दौरान वैज्ञानिक समिति की चार बैठकें अर्थात क्रमश: 21 मई, 2018, 06 जून, 2018, 15 नवम्बर, 2018 और 28 मार्च, 2019 को आयोजित हुईं।

2.6.3 वैज्ञानिक समिति द्वारा इन बैठकों के दौरान की गई सिफारिशें खाद्य प्राधिकरण की अगली बैठक में, मसौदा अधिसूचनाएँ और अंतिम अधिसूचनाएँ जारी करने के लिए अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गईं।

2.7 वैज्ञानिक पैनल

2.7.1 भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 13 द्वारा विषय-सापेक्ष वैज्ञानिक पैनलों के गठन का प्रावधान है, जिनमें स्वतंत्र विज्ञान-विशेषज्ञ होते हैं। ये वैज्ञानिक पैनल जोखिम आकलन इकाई के रूप में काम करते हैं और अपनी सुविचारित वैज्ञानिक राय देते हैं।

2.7.2 खाद्य प्राधिकरण को नए सदस्य बनाकर या मौजूदा सदस्यों को हटाकर या पैनल का नाम बदलकर, जैसी भी स्थिति हो, वैज्ञानिक पैनलों का समय-समय पर पुनर्गठन करने का अधिकार है। वैज्ञानिक पैनल अपने अध्यक्ष का चयन अपने सदस्यों में से करते हैं।

2.7.3 वर्ष 2018-19 के दौरान खाद्य प्राधिकरण द्वारा 'प्रतिजैविक अवशिष्ट' और 'मसाले और पाक्य जड़ी बूटी' के संबंध में दो (02) नए वैज्ञानिक पैनल स्थापित किए गए और सात (07) वैज्ञानिक पैनलों का पुनर्गठन किया गया। रिपोर्टाधीन वर्ष में निम्नलिखित उन्नीस (19) वैज्ञानिक पैनल कार्य करते रहे:

सारणी 5 - वैज्ञानिक पैनलों की सूची

नए पैनल	पुनर्गठित पैनल	विद्यमान पैनल
➢ प्रतिजैविक अवशिष्ट	➢ मिठाई, मिष्टान्न, मधुरक, शर्करा एवं शहद	➢ प्रयोजनमूलक खाद्य, पोषण सामग्रियां, आहारीय उत्पाद और अन्य सदृश उत्पाद
➢ मसाले और पाक्य जड़ी बूटी	➢ जल (सुवासित जल सहित) एवं पेय पदार्थ (एल्कोहल व अल्कोहल रहित)	➢ प्रतिचयन और विश्लेषण पद्धति
	➢ तेल एवं वसा	➢ खाद्य सहयोज्य, सुवासकारी, खाद्य सामग्री के संपर्क में आने वाली प्रसंस्करण सहायक और सामग्री
	➢ दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद	➢ खाद्य श्रृंखला में संदूषक
	➢ मांस एवं पोलट्री सहित मांसउत्पाद	➢ जैविक खतरे
	➢ अनाज, दालें एवं फलियां और उनके उत्पाद (बेकरी सहित)	➢ कीटनाशक अवशिष्ट
	➢ फल एवं वनस्पति और उनके उत्पाद (सूखे फल एवं मेवे सहित)	➢ लेबलिंग और दावे/विज्ञापन
		➢ जीन-परिवर्तित जीव एवं खाद्य
		➢ मत्स्य एवं मत्स्य उत्पाद
		➢ पोषण और पोष्टिकीकरण

2.7.4 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान इन वैज्ञानिक पैनलों की 65 बैठकें हुई थीं। मानक विकास के संबंध में एक मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत प्रत्येक चरण पर समयावधि निर्धारित की गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक पैनलों और वैज्ञानिक समिति की बैठकें अधिकाधिक रुप से आयोजित की जा रही है।

2.8 राज्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त और अन्य प्राधिकारी

भारत 100 करोड़ से काफी अधिक जनसंख्या वाला बड़ा देश होने के कारण खाद्य सुरक्षा लागू कराना एक बहुत बड़ा कार्य है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 तथा इसके अंतर्गत बने नियमों और विनियमों के अनुसार खाद्य मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराना मुख्य रूप से राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों की जिम्मेदारी है। इस अधिनियम में प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा आयुक्त तथा उसके अधीन प्रवर्तन कार्मिकों जैसे कि अधिनामित अधिकारियों,खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए प्रावधान किया गया है। न्याय निर्णय के लिए तंत्र में न्याय-निर्णय करने वाले प्राधिकारी और अपीलीय ट्रीब्यूनल सम्मिलित हैं। अपने-अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में इस अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक पदों का सृजन करने और उन्हें भरने के लिए राज्य/संघ शासित क्षेत्र जिम्मेदार हैं। फिर भी भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रवर्तन कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण देकर और उनका क्षमता-निर्माण करके उनकी सहायता कर रही है। आकार, जनसंख्या, खाद्य संस्कृति, भाषाओं, औद्योगिक विस्तार, विनिर्माण संबंधी क्षमता और स्थान के संदर्भ में राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के बीच अत्यधिक विविधता के कारण प्रवर्तन-क्षमता की उनकी अपनी-अपनी चुनौतियां हैं, जिनमें पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ोतरी हुई है और सुधार हो रहा है।

2.9 राज्य/जिला स्तरीय संचालन समितियाँ

राज्य/जिला स्तरीय संचालन समितियाँ राज्य/संघ शासित क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा से संबंधित किसी मामले में सहयोग, सहायता करती हैं अथवा परामर्श देती हैं।

आकृति 5 - खाद्य प्राधिकरण की संरचना का चित्रात्मक प्रदर्शन



2.10 संगठन का ढाँचा

आकृति 6 - खाद्य प्राधिकरण का संगठनात्मक ढांचा

2.11 खाद्य प्राधिकरण मुख्यालय के प्रभाग

- मानक
- खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली
- कोडेक्स और विनियम
- विनियमात्मक अनुपालन और निगरानी
- गुणता आश्वासन
- आयात
- प्रशिक्षण
- सूचना, शिक्षा और संचार
- अंतर्राष्ट्रीय सहयोग
- जोखिम आकलन और अनुसंधान एवं विकास
- मानव संसाधन और सतर्कता
- सामान्य प्रशासन
- विधि
- सूचना प्रौद्योगिकी
- राजभाषा

इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा कवच कार्यक्रमों और खुले बाजार में खाद्य पौष्टिकीकरण को बढ़ाने के लिए टाटा ट्रस्टस के साथ साझेदारी में खाद्य पौष्टिकीकरण संसाधन केन्द्र की स्थापना की है।

2.12 मानव संसाधन

2.12.1 हाल ही के समय तक, एफ.एस.एस.ए.आई. में स्वीकृत पदों की संख्या केवल 356 थी। एफ.एस.एस.ए.आई. उभरता हुआ संगठन है और हाल के समय में, सुरक्षित और पौष्टिक खाद्य के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए बहुत से नए कार्यों क्षेत्रों की पहचान की है। इसे ध्यान में रखते हुए, एफ.एस.एस.ए.आई. ने अपने कार्यादेश को पूरा करने के उद्देश्य से 960 जनशक्ति के साथ नए संगठनात्मक संरचना के निर्माण करते हुए अपने

मानव संसाधनों का पुनर्गठन करने की प्रक्रिया आरंभ की। तद्नुसार, एफ.एस.एस.ए.आई. में 960 पदों का सृजन करने के लिए एक प्रस्ताव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजा गया था। वर्ष 2018-19 के दौरान, प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अतिरिक्त पदों के सृजन के लिए केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से अवगत कराया है जिससे वर्तमान स्वीकृत पदों की संख्या 356 से बढ़कर 824 हो गई है। एफ.एस.एस.ए.आई. में सभी स्वीकृत पदों का पदवार विवरण नीचे सारणी 6 में दिया गया है:

सारणी 6 - एफ.एस.एस.ए.आई. में स्वीकृत पदों का विवरण

क्र.सं.	पदनाम	वेतन स्तर	स्वीकृत पदों की सं.
1.	अध्यक्ष	17	1
2.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी	15	1
3.	कार्यकारी निदेशक	14	2
4.	सलाहकार	14	2
5.	निदेशक	13	16
6.	मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी	13	1
7.	प्रधान प्रबंधक	13	1
8.	संयुक्त निदेशक	12	32
9.	उप निदेशक	11	44
10.	सहायक निदेशक	10	22
11.	सहायक निदेशक (तकनीकी)	10	60
12.	खाद्य विश्लेषक	10	10
13.	तकनीकी अधिकारी	7	255
14.	केन्द्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी	7	74
15.	सहायक निदेशक (राजभाषा)	10	1
16.	हिंदी अनुवादक	6	3
17.	प्रशासनिक अधिकारी	8	25
18.	सहायक	6	76
19.	कनिष्ठ सहायक ग्रेड - I	4	12
20.	वरिष्ठ निजी सचिव	8	7
21.	वैयक्तिक सचिव	7	17
22.	वैयक्तिक सहायक	6	39
23.	वरिष्ठ प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)	12	2
24.	प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)	11	2
25.	उप प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)	10	4
26.	सहायक प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)	7	10

क्र.सं.	पदनाम	वेतन स्तर	स्वीकृत पदों की सं.
27.	सूचना प्रौद्योगिकी सहायक	6	6
28.	वरिष्ठ प्रबंधक	12	2
29.	प्रबंधक	11	8
30.	उप प्रबंधक	10	16
31.	सहायक प्रबंधक	7	8
32.	कनिष्ठ सहायक ग्रेड - II	2	12
33.	स्टाफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड)	2	3
34.	बहु-कार्य स्टाफ (एमटीएस)	1	50
	कुल		824

2.12.2 एफ.एस.एस.ए.आई. में विभिन्न पदों के लिए भर्ती विनियम, जिसमें स्वीकृत नए पद सम्मिलित हैं, को पहली अक्तूबर, 2018 को अधिसूचित किया गया था। भर्ती विनियम की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

(i) संवर्ग : एफ.एस.एस.ए.आई. में पदों के तीन संवर्ग में समूह बनाए गए हैं:

1. वैज्ञानिक और तकनीकी संवर्ग
2. प्रशासनिक और वित्त संवर्ग
3. सूचना प्रौद्योगिकी और अन्य विशेषीकृत सेवाएं

(ii) पदों का वर्गीकरण : विभिन्न स्तरों के पदों को वेतन मेट्रिक्स में पद के स्तर के आधार पर समूह "क", "ख" और "ग" के रुप में वर्गीकृत किया गया है, जैसाकि नीचे दर्शाया गया है:

क्र.सं.	विवरण	पदों का वर्गीकरण
1.	वेतन मेट्रिक्स में स्तर 10 अथवा अधिक के पद	समूह "क"
2.	वेतन मेट्रिक्स में स्तर 6 से स्तर 9 के पद	समूह "ख"
3.	वेतन मेट्रिक्स में स्तर 1 से स्तर 5 के पद	समूह "ग"

(iii) भर्ती की पद्धतियां: भर्ती विनियम में निम्नलिखित पांच भर्ती पद्धतियां निर्धारित हैं :

1. सीधी भर्ती
2. प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित)
3. समामेलन
4. पदोन्नति
5. संविदा आधार पर नियुक्ति

2.13 एफ.एस.एस.ए.आई. में भर्ती की स्थिति

2.13.1 अतिरिक्त पद स्वीकृत होने और भर्ती विनियम अधिसूचित किए जाने के तुरन्त पश्चात एफ.एस.एस.ए.आई. ने नियमित आधार पर रिक्त स्थानों पर नियुक्ति करने की प्रक्रिया प्रारंभ की। एफएसएसएआई ने सीधी भर्ती के आधार पर वेतन स्तर – 11 और इससे ऊपर के स्तर में 26 रिक्त पदों के लिए सीधी भर्ती और विभिन्न वेतन स्तरों में 114 रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के विज्ञापन दिए, जैसाकि विवरण

नीचे सारणी 7 में दिया गया है:

सारणी 7- सीधी और प्रतिनियुक्ति आधार पर भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा विज्ञापित पदों की सूची

क्र.सं.	पद का नाम (वेतन स्तर)	रिक्तियों की संख्या	
		सीधी भर्ती	प्रतिनियुक्ति आधार पर
1.	कार्यकारी निदेशक (वेतन स्तर-14)		02
2.	सलाहकार (वेतन स्तर-14)		01
3	निदेशक (वेतन स्तर-13)	04	07
4	प्रधान प्रबंधक (वेतन स्तर-13)	01	
5	संयुक्त निदेशक (वेतन स्तर-12)	08	12
6	उप निदेशक (वेतन स्तर-11)	08	12
7	वरिष्ठ प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) (वेतन स्तर-12)	01	01
8	प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) (वेतन स्तर-11)		02
9	उप प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) (वेतन स्तर-10)		04
10	सहायक प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) (वेतन स्तर-7)		01
11	वरिष्ठ प्रबंधक (वेतन स्तर-12)	01	01
12	प्रबंधक (वेतन स्तर-11)	03	02
13	उप प्रबंधक (वेतन स्तर-10)		04
14	सहायक निदेशक (तकनीकी) (वेतन स्तर-10)		18
15	सहायक निदेशक (राजभाषा) (वेतन स्तर-10)		01
16	प्रशासनिक अधिकारी (वेतन स्तर-8)		22
17	वरिष्ठ निजी सचिव (वेतन स्तर-8)		07
18	वैयक्तिक सचिव (वेतन स्तर-7)		17
	कुल	26	114

2.13.2 सहायक निदेशक (वेतन स्तर 10) और इससे नीचे के स्तर पर सीधी भर्ती आधार पर भर्ती के लिए भर्ती करने का कार्य सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान एडसिल को सौंपा गया है जिनके पास सरकारी संगठनों के लिए भर्ती परीक्षाओं का आयोजन कराने के लिए अपेक्षित विशेषज्ञता है। सीधी भर्ती के आधार पर ऐसे 275 पदों को भरने के लिए 26 मार्च, 2019 को एक विज्ञापन दिया गया था जिसके द्वारा 25 अप्रैल, 2019 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

2.14 अन्य स्टाफ के मामले

2.14.1 महिला कर्मचारियों के लिए आंतरिक शिकायत समिति

महिला कर्मचारियों के संरक्षण के लिए प्रावधान के संबंध में, विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान शासन (1997) मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन शोषण (निवारण, निषेध और समाधान) अधिनियम, 2013 के अनुसार, एफ.एस.एस.ए.आई. में एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है और हर समय इसका प्रवृत्त रहना और कार्यात्मक बने रहना सुनिश्चित किया गया है। वर्ष 2018-19 की अवधि के दौरान इस समिति को कोई शिकायत नहीं मिली।

2.14.2 सतर्कता संबंधी मामले

क्षेत्रीय कार्यालयों, प्रयोगशालाओं और मुख्यालय के कर्मचारियों के विरुद्ध विभिन्न स्रोतों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई एफ.एस.एस.ए.आई. के सतर्कता प्रभाग द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए की जाती है। एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा स्वयं अथवा किसी स्वतंत्र अभिकरण (अर्थात केन्द्रीय जांच ब्यूरो) के माध्यम से जांच कराए जाने पर यदि प्रथम दृष्टि में किसी व्यक्ति अथवा एक से अधिक कर्मचारियों के विरुद्ध कोई अनियमितता पायी जाती है तो अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ करने के संबंध में प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी/ अध्यक्ष के स्तर पर उपयुक्त निर्णय लिए जाते हैं। जहां कहीं अपेक्षित होता है, मानदण्डों के अनुसार केन्द्रीय सतर्कता आयोग से भी परामर्श किया जाता है। वर्ष 2018-19 के दौरान, 15 शिकायतों पर कार्रवाई की गई। मामूली दण्ड की एक अपील का निपटान किया गया। एक कर्मचारी के विरुद्ध बड़ी दण्डात्मक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए केन्द्रीय सतर्कता आयोग की प्रथम चरण की सलाह प्राप्त की गई थी। सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया। कर्मचारियों को 02 नवंबर, 2018 को सतर्कता जागरुकता शपथ दिलायी गई।

2.14.3 एफ.एस.एस.ए.आई. शिशु देखभाल केन्द्र

एफ.एस.एस.ए.आई. मुख्यालय, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली में कार्यरत महिलायों के शिशुओं की देखभाल के लिए केंद्र - "नन्हें कदम" का उद्घाटन 14 नवम्बर, 2018 को बाल दिवस के अवसर पर सुश्री प्रीति सूदन, सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और श्री पवन कुमार अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा किया गया। एफडीए भवन में कार्यरत महिला कर्मचारियों और समीपस्थ कार्यालयों में कार्यरत अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए यह एक वरदान सिद्ध होगा।

अध्याय-3

मानक और विनियम

3.1 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने खाद्य सुरक्षा और मानक नियम, 2011 अधिसूचित किए, जो 5 अगस्त 2011 से लागू हैं।

3.2 खाद्य प्राधिकरण की यह जिम्मेदारी है कि वह खाद्य उत्पादों के लिए पहचान के मानक तैयार करे। खाद्य प्राधिकरण ने 1 अगस्त, 2011 को प्रारंभ में भारत के राजपत्र में निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए। ये दिनांक 5 अगस्त, 2011 से लागू हुए हैं। इसी के साथ अधिनियम की दूसरी अनुसूची में उल्लिखित विधान और आदेश दिनांक 5 अगस्त, 2011 से निरस्त हो गए।

- खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011
- खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग और लेबलिंग) विनियम, 2011
- खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य सहयोज्य) विनियम, 2011
- खाद्य सुरक्षा और मानक (विक्रय पर प्रतिषेध और निर्बंधन) विनियम, 2011
- खाद्य सुरक्षा और मानक (संदूषक, आविष और अवशिष्ट) विनियम, 2011
- खाद्य सुरक्षा और मानक (प्रयोगशाला और प्रतिचयन विश्लेषण) विनियम, 2011

3.3 उपर्युक्त विनिर्दिष्ट अधिसूचनाओं से पूर्व, खाद्य प्राधिकरण की कार्यप्रणाली की विस्तृत प्रक्रिया वर्ष 2010 में अधिसूचित निम्नलिखित प्रशासकीय विनियमों में निर्धारित थी अर्थात;

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (इसकी बैठकों की कार्य प्रणाली) विनियम, 2010. बैठकों में भाग लेने वाले सदस्यों के भत्तों को संशोधित करने के लिए इन विनियमों में एक बार संशोधन किया गया है।

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (केंद्रीय सलाहकार समिति की कार्य प्रणाली के लिए प्रक्रिया) विनियम, 2010. बैठकों में भाग लेने वाले सदस्यों के भत्तों में संशोधन करने के लिए इन विनियमों में एक बार संशोधन किया गया है।

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (वैज्ञानिक समिति और वैज्ञानिक पैनलों की प्रक्रिया) विनियम, 2010. इन विनियमों में संशोधित प्रक्रिया, जिसमें सदस्यों और उनके कार्यकारी दलों की नियुक्ति, बाहरी विशेषज्ञ, दायित्वों का प्रत्यायोजन, वैज्ञानिक परामर्श के लिए अनुरोध, कोरम और सर्वसम्मति, कार्यसूची, प्रतिपूर्ति और स्वतंत्रता तथा गोपनीयता शामिल हैं, निर्धारित करने के लिए संशोधन किया गया है।

3.4 तत्पश्चात, खाद्य उत्पादों के ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज मानक जिनमें संघटक व सहयोज्य सम्मिलित हैं और इसके साथ-साथ एफ.एस.एस.ए.आई. के अन्य क्षेत्रों के विनियम अधिसूचित किए गए हैं।उत्पादों संघटकों, सहयोज्यों आदि की पहचान करने के लिए तंत्र विद्यमान है जिनके मानकों का अभी विकास किया जाना है अथवा जहां विद्यमान मानकों की समीक्षा करने की आवश्यकता है। यह एक सतत रुप से किया जाने वाला कार्य है। यह उल्लेख किया जा सकता है कि खाद्य विज्ञान, खाद्य उपभोग पद्धति, नए उत्पादों और सहयोज्यों में नवीनतम विकास, प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी में प्रगति और खाद्य विश्लेषणात्मक पद्धतियों में प्रगति और नए जोखिमों की पहचान को ध्यान में रखते हुए विद्यमान मानकों की समीक्षा करना आवश्यक हो जाता है।

3.5 वर्ष 2018-19 के दौरान, बहुत से अंतिम प्रमुख विनियमों को अधिसूचित किया गया है। कुछ अन्य विनियमों को मसौदा के चरण में अधिसूचित किया गया है जिनके द्वारा जनता से टिप्पणियां भेजने का आग्रह किया गया है। कुछ मसौदे-पूर्व के चरण में हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न विद्यमान विनियमों में संशोधन के माध्यम से खाद्य उत्पादों की विभिन्न श्रेणियों के लिए मानक/संशोधित मानक निर्धारित किए गए हैं। प्रतिजैविक और फार्माकोलोजिकल सक्रिय पदार्थों की सहनशीलता की सीमा निर्धारित की गई है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 से पूर्व अधिसूचित 370 मानकों की अपेक्षा इस समय, एफ.एस.एस.ए.आई. ने 500 से अधिक खाद्य उत्पाद मानकों का विकास किया है तथा खाद्य सहयोज्यों के लिए मानकों की समीक्षा और इनका विस्तार किया है जिसमें कोडेक्स मानकों के साथ खाद्य सहयोज्यों के मानकों का सामंजस्य स्थापित करते हुए 350 सहयोज्य और खाद्य प्रसंस्करण सहायक के 9000 से अधिक परन्तुक हैं।

3.6 अधिनियम की धारा 16, 22, 92 व अन्य में 32 क्षेत्रों की पहचान की है जिसमे विनियम बनाना अपेक्षित है जिसमे से 28 क्षेत्रों में पहले ही विनियमों को निरुपित किया गया है और अधिसूचित किया गया है।

3.7 इस समय लागू प्रमुख विनियमों की स्थिति, जिसमें 2018-19 में अधिसूचित विनियम सम्मिलित हैं, नीचे सारणी 8 में दिए गए हैं:

सारणी 8 - इस समय लागू अंतिम विनियमों की सूची

क्र.सं.	इस समय प्रवृत्त अंतिम विनियम
I	**खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम**
	खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम,2011
	खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य सहयोज्य) विनियम, 2011
	खाद्य सुरक्षा और मानक (विक्रय पर प्रतिषेध और निर्बंधन), विनियम, 2011
	खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग और लेबलिंग) विनियम, 2011
	खाद्य सुरक्षा और मानक (संदूषक, आविष और अवशिष्ट) विनियम, 2011
	खाद्य सुरक्षा और मानक (प्रयोगशाला और प्रतिचयन विश्लेषण) विनियम, 2011
	खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य या स्वास्थ्यअनुपूरक, न्यूट्रास्यूटिकल्स, विशेष आहार विषयक उपयोग के लिए खाद्य, विशेष चिकित्सीय – प्रयोजन के लिए खाद्य, कृत्यकारी खाद्य और नूतन खाद्य) विनियम,2016
	खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य प्रत्याह्वान प्रक्रिया) विनियम, 2017
	खाद्य सुरक्षा और मानक (आयात) विनियम, 2017
	खाद्य सुरक्षा और मानक (गैर-विनिर्दिष्ट खाद्य और खाद्य संघटकों के लिए अनुमोदन) विनियम, 2017
	खाद्य सुरक्षा और मानक (जैव खाद्य)विनियम, 2017
	खाद्य सुरक्षा और मानक (एल्कोहॉलिक पेय)विनियम, 2018
	खाद्य सुरक्षा और मानक (दृढ़ीकृत खाद्य)विनियम, 2018
	खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण)विनियम, 2018

क्रं.सं.	इस समय प्रवृत्त अंतिम विनियम
	खाद्य सुरक्षा और मानक (प्रयोगशालाओं को मान्यता और अधिसूचना) विनियम, 2018
	खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018
	खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग) विनियम, 2018
II	**भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण कार्य प्रणाली विनियम**,2010
	भारतीयखाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (इसकी बैठकों की कार्य प्रणाली)विनियम, 2010
	भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (केन्द्रीय सलाहकार समिति की कार्य प्रणाली के लिए प्रक्रिया) विनियम, 2010
	भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण(वैज्ञानिक समिति और वैज्ञानिक पैनलों की प्रक्रिया) विनियम, 2010 का अधिक्रमण
III	**खाद्य सुरक्षा और मानक नियम**, 2011

3.8 2018-19 में अधिसूचित महत्वपूर्ण अंतिम विनियमों में कुछ इस प्रकार हैं:

1. खाद्य सुरक्षा और मानक (दृढ़ीकृत खाद्य)विनियम, 2018
2. खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण)विनियम, 2018
3. खाद्य सुरक्षा और मानक (प्रयोगशालाओं को मान्यता और अधिसूचना) विनियम, 2018
4. खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018
5. खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग) विनियम, 2018

3.9 वर्ष 2018-19 में अधिसूचित महत्वपूर्ण मसौदा विनियम में से कुछ इस प्रकार हैं:

1. खाद्य सुरक्षा और मानक (शिशु पोषण के लिए खाद्य) विनियम, 2019
2. खाद्य सुरक्षा और मानक (अधिशेष खाद्य पुन:प्राप्ति और वितरण) विनियम, 2019

3.10 निम्नलिखित मसौदा-पूर्व विनियम मसौदा अधिसूचित कराने की प्रक्रियाधीन है:

1. खाद्य सुरक्षा और मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2019
2. खाद्य सुरक्षा और मानक (स्कूली छात्रों के लिए सुरक्षित खाद्य और स्वास्थ्यकर आहार) विनियम, 2019
3. खाद्य सुरक्षा और मानक (आनुवंशिकी संशोधित एवं इंजीनियर्ड खाद्य) विनियम, 2019

3.11. महत्वपूर्ण नए अंतिम विनियमों में से कुछ पर टिप्पणी

3.11.1 खाद्य सुरक्षा और मानक (दृढ़ीकृत खाद्य) विनियम, 2018

एफ.एस.एस.ए.आई. ने इन विनियमों को 2 अगस्त, 2018 को अधिसूचित किया है। ये विनियम भारत के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त हुए हैं। तथापि, इन मानकों का कार्यान्वयन पहली जुलाई, 2019 से प्रारंभ होगा। भारतीय जनसंख्या में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के आशय से इन्हें अधिसूचित किया गया है। बड़े पैमाने पर यह कार्य सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों में पौष्टिक खाद्यों की आपूर्ति को अनिवार्य बनाकर और खुले बाजार में स्वैच्छिक पौष्टिकीकरण के माध्यम से किया जा रहा है।

इन विनियमों में दृढ़ीकृत खाद्य उत्पादों अर्थात नमक (आयोडिन और लौह युक्त), तेल और दुग्ध (विटामिन ए और डी युक्त), और आटा, मैदा, कच्चा चावल (प्रमुख रुप से लौह, फोलिक एसिड और विटामिन बी12

से युक्त तथापि, जिंक, विटामिन ए, थियामाइन, रिबोफलाविन, नियासिन और पायरिडोक्सिन को भी जोड़ा जा सकता है) जैसे उत्पादों के दृढ़ीकृत खाद्यान्नों के मानक विनिर्दिष्ट करने के साथ-साथ इन उत्पादों की सरलता से पहचान के लिए लोगो को अनिवार्य उपयोग का प्रावधान भी किया गया है।

3.11.2 खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018

एफ.एस.एस.ए.आई. ने इन विनियमों को 19 नवंबर, 2018 को अधिसूचित किया था। ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त हैं। तथापि, प्रावधानों का प्रवर्तन पहली जुलाई 2019 से प्रारंभ होगा।

इन विनियमों का लक्ष्य खाद्य उत्पादों के दावों और विज्ञापनों में निष्पक्षता की स्थापना करना है और ऐसे दावों/विज्ञापनों के लिए खाद्य कारोबार को उत्तरदायी बनाना है ताकि उपभोक्ता के हितों की रक्षा की जा सके। इन विनियमों में कई धाराएं विनिर्दिष्ट हैं, जिनमें परिभाषाओं, दावों और विज्ञापनों के लिए सामान्य सिद्धांतों, विशिष्ट दावों जैसे पोषण दावों (जिसमें पोषक तत्व अथवा तुलनात्मक पोषक दावे सम्मिलित हैं), गैर-अतिरिक्त दावे (जिसमें शर्करा और सोडियम नमक को न मिलाना शामिल है) ,स्वास्थ्य संबंधी दावे (रोगों के जोखिम में कमी) जैसे विशिष्ट दावों के लिए मानदण्डों के बारे में विस्तार से उल्लेख किया गया है। आहार संबंधी दिशा-निर्देश अथवा स्वास्थ्यपरक आहार से संबंधित दावे और शर्तों से युक्त दावे जिसमें निषेधात्मक दावे सम्मिलित हैं, का उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त, इसमें अनुमोदित पोषकता के दावों, रोग जोखिम और दृढ़ीकृत खाद्य के लिए स्वास्थ्यपरक दावों, प्राकृतिक, ताजा, शुद्ध, मूल, परंपरागत, प्रीमियम, वास्तविक आदि जैसे शब्दों के प्रयोग के संबंध में दावों के लिए अनुसूचियां सम्मिलित हैं।

खाद्य वस्तुओं के लिए ऐसे विज्ञापन और/अथवा दावों को प्रतिबंधित करने के लिए भी एक प्रावधान किया गया है जिसमें अपने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए अथवा उपभोक्ता के व्यवहार को प्रभावित करने के लिए किसी अन्य विनिर्माता के उत्पादों का अवमूल्यन किया गया हो।

3.11.3 खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग) विनियम, 2018

एफ.एस.एस.ए.आई. ने 24 दिसम्बर, 2018 को इन विनियमों को अधिसूचित किया था। ये विनियम सरकारी राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त हुए थे। तथापि, इसके प्रावधानों का प्रवर्तन पहली जुलाई, 2019 से होगा। ये विनियम विभिन्न प्रकार के पैकेजिंग पदार्थों के मानकों से संबंधित हैं जैसे कि प्लास्टिक, धातु और मिश्रित धातु, कागज, गत्ते और ग्लास। विश्व-व्यापि रुप से उपलब्ध पैकेजिंग सामग्री के विभिन्न प्रकारों में नूतनता के लिए खाद्य के लिए सुरक्षित पैकेजिंग सामग्री की सूची का भी विस्तार किया गया है। इन विनियमों में खाद्य तैयार करने, पैकेजिंग और भण्डारण में प्रयोग आने वाले कंटेनरों के लिए सामान्य अपेक्षाओं और एफबीओ द्वारा अनुपालन की जाने वाली उत्पाद विशिष्ट पैकेजिंग अपेक्षाओं का उल्लेख है। इनमें प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्रियों के लिए संदूषकों की समग्र प्रवसन और विशिष्ट प्रवसन सीमाओं के लिए भी प्रावधान किया गया है और विभिन्न खाद्य श्रेणियों के लिए पैकेजिंग सामग्रियों की सूची का सुझाव दिया गया है।

3.12 ई-शासन

3.12.1 खाद्य उत्पाद पहचान सत्यापन प्रणाली (एफ.पी.आई.वी.एस.)

एफ.एस.एस.ए.आई. ने 5 नवम्बर, 2018 को खाद्य उत्पाद पहचान सत्यापन प्रणाली (एफ.पी.आई. वी.एस.) प्रारंभ की है। जो पोर्टल http://fssai.gov.in/fpas/home पर दी गई है। इस ऑनलाइन सेवा से खाद्य कारोबारियों (एफबीओ) को यह पहचान करने में मदद मिलती है कि क्या कोई खाद्य उत्पाद, जिसमें मालिकाना खाद्य, न्यूट्रास्यूटिकल्स, खाद्यपूरक और अन्य विशेष खाद्य सम्मिलित है, एफ.एस.एस.ए.आई.

द्वारा अधिसूचित किए गए खाद्य विनियमों के अंतर्गत सम्मिलित है या नहीं अथवा खाद्य सुरक्षा और मानक (गैर-विशिष्ट खाद्य और खाद्य संघटक का अनुमोदन) विनियम,2017 के अंतर्गत निर्धारित अनुसार उत्पाद के अनुमोदन की अपेक्षा है। यह व्यापक प्रणाली उपभोक्ताओं को उपयुक्त श्रेणी तक पहुँचने के लिए सहायता प्रदान करती है और मानक खाद्य उत्पाद/मालिकाना/ न्यूट्रास्यूटिकल्स और विशेष खाद्यों के लिए आवेदन प्रस्तुत करती है और "प्रोडक्ट आइडेंटीफायर" का स्वयं जनित्र होता है जोकि उपयुक्त लाइसेंसिंग प्राधिकरण से लाइसेंस प्राप्त करने में एफबीओ को समर्थ करायेगी।

3.12.2 टिप्पणियों के लिए सम्मति ई-मंच

एफ.एस.एस.ए.आई. ने 5 नवम्बर, 2018 को 'टिप्पणियों के लिए सम्मति ई-मंच' की शुरुआत की है और यह पोर्टल http://fssai.gov.in/comments/Directlogin.aspx पर उपलब्ध है। इस प्रणाली से हितधारियों को अस्तित्व में आने वाले खाद्य मानकों और विनियमों के संबंध में अपने विचार ऑनलाइन प्रस्तुत करने में सुविधा होगी।

3.13 डब्ल्यूटीओ-एसपीएस/टीबीटी अधिसूचना

डब्ल्यूटीओ-एसपीएस/टीबीटी करार के अंतर्गत यथा अपेक्षानुसार खाद्य प्राधिकरण निरन्तर डब्ल्यूटीओ मंच पर अपने मानकों और विनियमों को अधिसूचित करता रहा है और टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित करता रहा है। 2018-19 में डब्ल्यूटीओ के मंच पर 20 एफ.एस.एस.ए.आई. विनियम अधिसूचित किए गए थे। इसके अलावा, खाद्य प्राधिकरण खाद्य और खाद्य सुरक्षा और से संबंधित अन्य देशों की अधिसूचनाओं की भी निगरानी करता है और वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को टिप्पणियां उपलब्ध कराता है।

अध्याय-4

सुरक्षित खाद्य रीतियाँ

4.1 खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारोबारियों का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 की अनुसूची 4 में संशोधन

4.1.1 देश में सभी खाद्य कारोबारियों (एफबीओ) को खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारोबारियों का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 के अंतर्गत अनुसूची 4 में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं का अनुपालन करना होता है। इन अपेक्षाओं में सामान्य और विशिष्ट प्रकार की श्रेष्ठ स्वस्थ्यप्रद और स्वच्छ रीतियों का उल्लेख है जिनका अनुपालन खाद्य कारोबारियों द्वारा किया जाना है ताकि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इन अपेक्षाओं को विनिर्माताओं, कैटररों, दुग्ध प्रसंस्करणकर्ताओं, मांस प्रसंस्करणकर्ताओं (वधशालाओं सहित) और छोटे खाद्य व्यवसाय (स्ट्रीट वेंडर सहित) के लिए विकसित किया गया था।

4.1.2 समय बीतने के साथ-साथ, अनुसूची 4 में दी गई अपेक्षाओं और उनके व्यावहारिक कार्यान्वयन में कुछ कमियों की पहचान की गई थी। यह भी महसूस किया गया था कि कुछ खास प्रकार के खाद्य कारोबार के लिए श्रेष्ठ स्वस्थ्यप्रद रीतियां विनिर्दिष्ट नहीं की गईं थीं। इन अपेक्षाओं को अंतर्राष्ट्रीय रुप से श्रेष्ठ रीतियों के अनुरुप बनाने की आवश्यकता भी थी। अत:, इन समस्याओं के निराकरण के लिए अनुसूची 4 में संशोधन करने की आवश्यकता महसूस की गई थी, जिससे तकनीकी पैनल के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ।

4.2 खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारोबारियों का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 की अनुसूची 4 की समीक्षा और अनुवर्ती दस्तावेजों का विकास

4.2.1 तकनीकी पैनलों की मदद से अनुसूची 4 में दी गई अपेक्षाओं में संशोधन किया गया और अब निम्नलिखित 3 दस्तावेज प्रचालनात्मक बनाए गए हैं:

1. लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले सभी खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियों से संबंधित सामान्य अपेक्षाएं
2. कैटरिंग अथवा खादय सेवा कार्यों में कार्यरत सभी खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियों से संबंधित सामान्य अपेक्षाएं
3. छोटी वधशाला की स्थापना के लिए न्यूनतम स्वस्थप्रद और स्वच्छता अपेक्षाएं

4.2.2 नए क्षेत्रों के लिए अपेक्षाओं को विनिर्दिष्ट करने के लिए अनुसूची 4 की अपेक्षाओं के संशोधन के लिए कार्य को आगे बढ़ाने के लिए, तकनीकी पैनलों द्वारा प्रदान की गई सामग्री के आधार पर निम्नलिखित दस्तावेजों के संबंध में मसौदा तैयार किया गया है, जिसे अंतिम रुप दिया जा रहा है:

सारणी 9 - मसौदा क्षेत्र-वार विकसित दस्तावेज

क्षेत्र	दस्तावेज
1. विनिर्माण क्षेत्र	क. दुग्ध और दुग्ध उत्पादों की अधिप्राप्ति, विनिर्माण, प्रसंस्करण, भण्डारण, संवितरण और परिवहन में कार्यरत सभी लाइसेंस प्राप्त खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियाँ ख. पोल्ट्री पक्षियों के वध और मांस के प्रसंस्करण के क्षेत्र में कार्यरत खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियां ग. छोटे पशुओं के वध और मांस के प्रसंस्करण में कार्यरत खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियां घ. मछली और मछली उत्पादों के प्रहस्तन, प्रसंस्करण, विनिर्माण, पैकिंग, भण्डारण, संवितरण और परिवहन में कार्यरत लाइसेंस प्राप्त खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियाँ ङ. बड़े पशुओं के वध और मांस के प्रसंस्करण में कार्यरत खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियाँ च. खाद्य उत्पादों के प्रहस्तन, प्रसंस्करण, विनिर्माण, पैकेंग, भण्डारण, संवितरण और परिवहन में कार्यरत केन्द्रीय लाइसेंस प्राप्त खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियां छ. खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण, विनिर्माण में कार्यरत पंजीकृत खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियां
2 कैटरिंग क्षेत्र	क. कैटरिंग अथवा खाद्य सेवा कार्यों में कार्यरत केन्द्रीय खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थ्प्रद और स्वच्छता रीतियाँ ख. स्ट्रीट फूड वेंडिंग सहित खाद्य सेवा कार्यों में कार्यरत पंजीकृत खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियाँ
3 भण्डारण, परिवहन और व्यापार	क. खाद्य उत्पादों के भण्डारण में कार्यरत लाइसेंस प्राप्त खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियाँ ख. खाद्य उत्पादों के परिवहन में कार्यरत लाइसेंस प्राप्त खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियाँ ग. खाद्य उत्पादों के परिवहन में कार्यरत पंजीकृत खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियाँ
4. खुदरा क्षेत्र	क. खाद्य उत्पादों के खुदरा व्यापार में कार्यरत केन्द्रीय लाइसेंस खाद्य परिवहन क्षेत्र में कार्यरत सभी खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और स्वच्छता रीतियाँ ख. बूचड़खाना और खुदरा पॉल्ट्री मांस में कार्यरत पंजीकृत खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थ्प्रद और स्वच्छता रीतियाँ ग. पशु मांस और मछली के खुदरा व्यापार में कार्यरत पंजीकृत खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थ्प्रद और स्वच्छता रीतियाँ घ. खाद्य उत्पादों के खुदरा क्षेत्र में कार्यरत पंजीकृत खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थ्प्रद और स्वच्छता रीतियाँ
5 अन्य कारोबार	क. खाद्य के ई-कामर्स में कार्यरत लाइसेंस प्राप्त खाद्य कारोबारियो द्वारा अनुपालन की जाने वाली श्रेष्ठ स्वस्थप्रद और साफ-सफाई रीतियां स्वच्छता रीतियाँ

4.2.3 विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संशोधित अनुसूची 4 की अपेक्षाओं द्वारा संपूर्ण खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य कारोबारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का सतत कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा।

4.2.4 निरीक्षण जांच सूची:

अनुसूची 4 की अपेक्षाओं के आधार पर, निरीक्षण के दौरान प्रवर्तन गतिविधियों के लिए नियामक कर्मचारियों द्वारा प्रयोग किए जाने के लिए इन क्षेत्रों के लिए निरीक्षण जांचसूची तैयार की गई है।

4.2.5 दिशा-निर्देश दस्तावेज :

इसके अतिरिक्त, अनुसूची 4 की अपेक्षाओं के कार्यान्वयन में समझ की अनवरता के सुनिश्चय के उद्देश्य से क्षेत्र विशिष्ट उद्योग दिशा-निर्देश (दिशा-निर्देश दस्तावेज) का भी विकास किया गया है। इन दस्तावेज में व्यावहारिक दृष्टिकोण को अपनाया गया है जिसे कारोबार में भी अपनाया जाना चाहिए ताकि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। तथापि, विनिर्माता प्रचालन कार्यों की जरुरतों और जटिलताओं के अनुसार उच्च अथवा कठोर स्तरों को अपना सकते हैं। इन दिशा-निर्देश दस्तावेज का उपयोग करना स्वैच्छिक है और खाद्य कारोबारी अन्य स्थापित श्रेष्ठ पद्धतियों के अनुसार विनियमन की जरुरत के अनुसार इसका अनुपालन कर सकते हैं। अभी तक निम्नलिखित 11 क्षेत्र विशिष्ट एफएसएमएस (खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) दिशा-निर्देश दस्तावेज का विकास किया गया है, जिसमें वर्ष 2018-19 के दौरान विकसित 6 दिशा-निर्देश दस्तावेज सम्मिलित है:

1. खाद्य वनस्पति तेल और वसा
2. आटा चक्की
3. खाद्य पूरक आहार
4. खाद्य अनाज गोदाम
5. कैटरिंग
6. बैकरी
7. मसाला प्रसंस्करण
8. मछली और मछली उत्पाद
9. मांस और मांस उत्पाद (पोल्ट्री क्षेत्र)
10. दुग्ध प्रसंस्करण
11. फल और वनस्पति प्रसंस्करण

4.2.6 इसके अलावा, तकनीकी पैनलों के सुझाव पर निम्नलिखित औद्योगिक क्षेत्रों के लिए दिशा-निर्देश (दिशा-निर्देश दस्तावेज) भी मसौदे के चरण पर हैं:

1. मिष्ठान्न उत्पाद
2. पैकेज-बंद पेय जल
3. गैर-एल्कोहेलिक पेय
4. एल्कोहेलिक पेय
5. शहद प्रसंस्करण
6. चल-कैटरिंग
7. शर्करा प्रसंस्करण
8. शिशु खाद्य प्रसंस्करण
9. माण्डी (नम और शुष्क)

4.3 'स्वस्थप्रद रेटिंग' और 'खाने का दायित्वपूर्ण स्थान'

4.3.1 'स्वस्थप्रद रेटिंग' और 'खाने का दायित्वपूर्ण स्थान 'परियोजना "सर्व सेफ" के अंतर्गत नई योजनाएं हैं जिसके अंतर्गत देश में सुरक्षित और पोषक खाद्य कैटरिंग क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा दिया जाता है।

एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य कारोबार में खाद्य की स्वस्थप्रदता के मानकों में सुधार करने तथा बाहर खाते समय संसूचित पसंद उत्पन्न करने के लिए उपयोक्ताओं को समर्थ बनाने के उद्देश्य से खाद्य सेवा कार्य प्रतिष्ठानों के लिए ये योजनाएं प्रारंभ की हैं।

4.3.2 स्वस्थप्रद रेटिंग प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण अपेक्षाएं हैं:

क. एफ.एस.एस.ए.आई. लाइसेंस/पंजीकरणधारी हो और अनुसूची 4 की अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया हो अर्थात विनियामक अपेक्षाएं, उपभोक्ताओं को परोसे जा रहे खाद्य की श्रेष्ठ गुणवत्ता और खाने में सुरक्षित होना सुनिश्चित करने के उपाय अपनाए गए हैं

ख. प्रमाणित खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक की नियुक्ति और सभी खाद्य प्रहस्तकों को प्रशिक्षण देना

ग. केटरिंग परिसरों में खाद्य सुरक्षा प्रदर्शन बोर्ड (एफएसडीबी) का प्रदर्शन

घ. खाद्य नमूनों का परीक्षण कराना

यह योजना ऑन लाइन पोर्टल (www.fssai.gov.in/servesafe) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन के पश्चात 'स्वस्थप्रद रेटिंग' के लिए खाद्य कारोबारी विकल्प देते हुए स्व-मूल्यांकन कर सकता है और स्वस्थप्रद रेटिंग जनित्र कर सकता है। इसका स्वस्थप्रद रेटिंग संपरीक्षण अभिकरणों द्वारा सत्यापित किया जाएगा। इस अभिकरणों के संपरीक्षक सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले फोस्टेक प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

4.3.3 'खाने का दायित्वपूर्ण स्थान 'एक दूसरी ऐसी योजना है, जिसका भी यह ही उद्देश्य और ध्येय है कि समाज के लोगों के बीच व्यवहारगत परिवर्तन लाया जाए और प्रत्येक क्षेत्र के हर व्यक्ति के जीवन को समृद्ध बनाने के लिए खाद्य सुरक्षा और खाद्य पदार्थो की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए है। इस शुरुआत से खाद्य कारोबारियों को स्वयं को दूसरों से अलग दिखाने में और उत्तरदायी खाद्य व्यापार के रुप में अपनी अलग पहचान बनाने में मदद मिलेगी। खाद्य कारोबार के रुप में, उनका यह उत्तरदायित्व है कि वे सुरक्षित खाद्य आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ सही पसंद के बारे में उपभोक्ताओं को शिक्षित भी करें और समाज के प्रति अतिरिक्त जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। निम्नलिखित छः महत्वपूर्ण क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें खाद्य कारोबारी स्वैच्छिक रुप से अपना योगदान दे सकते हैं:

1. स्वयंकृत स्वस्थप्रदता को बढ़ावा देना;
2. स्वास्थ्यकारी आहार को बढ़ावा देना;
3. सुरक्षित जल प्रहस्तन पद्धतियों को बढ़ावा देना;
4. शिकायतों का प्रभावी रुप से समाधान;
5. खाद्य पदार्थ तैयार करने में पारदर्शिता/खुला रसोई घर/रसोई घर दौरा; और
6. खाद्य दान

'खाने का दायित्वपूर्ण स्थान ' बनने के लिए एक खाद्य कारोबारी को सबसे पहले 4+ स्वस्थप्रद रेटिंग प्राप्त करना आवश्यक है और इसके पश्चात, इन छः बातों का कार्यान्वयन करना होता है। इन आवश्यक बातों के कार्यान्वयन के पश्चात, खाद्य कारोबारी पूर्व-अभिकल्पित जांच-सूची को भरकर स्व-मूल्यांकन कर सकता है। खाद्य कारोबारी द्वारा न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा कर लिए जाने के पश्चात, खाद्य कारोबारी 'खाने का दायित्वपूर्ण स्थान' होने के आशय से संबंधित एक प्रमाणपत्र जनित्र करने में समर्थ हो जाएगा। यही सूचना एफएसओ और स्वस्थप्रद रेटिंग संपरीक्षण अभिकरण को भेजी जाएगी ताकि उनके रोजमर्रा स्वरुप के निरीक्षण के समय प्रमाणित किया जा सके।

4.3.4 इन योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2018-19 के दौरान किए गए उपायों में सम्मिलित हैं:

(1) एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा 26 स्वस्थप्रद रेटिंग संपरीक्षण अभिकरणों को मान्यता प्रदान की गई है। इन अभिकरणों के संपरीक्षकों को स्वस्थप्रद रेटिंग में सामंजस्यता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

(2) 14 से 16 दिसम्बर, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित एफ.एस.एस.ए.आई. के 'ईट राइट मेला' के दौरान स्वस्थप्रद रेटिंग के संबंध में एक संवेदीकरण कार्यशाला भी आयोजित की गई थी जिसमें एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा इस योजना के अंतर्गत 30 पहले अनुकूलकों को स्वस्थप्रद रेटिंग प्रमाण पत्र प्रदान किए गए थे।

(3) स्वस्थ भारत यात्रा के समापन के अवसर पर स्वस्थप्रद रेटिंग योजना के संबंध में एक पैनल द्वारा विचार-विमर्श किया गया था ताकि इस योजना को अपनाने के लाभों के बारे में उपस्थित हितधारियों को संवेदी बनाया जा सके। विख्यात प्रतिष्ठित पाक-कर्मियों और संगठनों ने कैटरिंग क्षेत्र के लिए रेटिंग प्रणाली लाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. के प्रयासों की सराहना की। इस आयोजन के दौरान 25 खाद्य कारोबार को स्वस्थप्रद रेटिंग प्रमाणपत्र प्रदान किए गए थे।

(4) इस समय, लगभग 600 खाद्य कारोबार ने स्वस्थ्यप्रद रेटिंग प्राप्त की है।

आकृति 7 - ईट राइट मेला' में स्वस्थप्रद रेटिंग परियोजना के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह की झलकियां

4.4 भोजन बचाओ, भोजन बांटों, आनन्द बांटो

4.4.1 'भोजन बचाओ, भोजन बांटों, आनन्द बांटो' की शुरुआत 2017 में की गई थी जिसका उद्देश्य खाद्य अपशिष्ट उत्पन्न होने से रोकना और अधिशेष खाद्य के दान को बढ़ावा देना था ताकि भूख का मुकाबला किया जा सके। इंडियन फूड शेयरिंग एलायंस (आईएफएसए) खाद्य दान के विस्तार में वृद्धि के लिए देश के अधिशेष खाद्य वितरण संगठनों का नेटवर्क है।

4.4.2 इसमें खाद्य अपशिष्ट को कम करने के लिए व्यवहारगत कार्यनीतियों के संबंध में जागरुकता का निर्माण करना सम्मिलित है। अधिशेष खाद्य के सुरक्षित खाद्य प्रहस्तन और खाद्य अपशिष्ट के निवारण के संबंध में घर, विद्यालय, खाद्य कारोबार और वितरण संगठनों के लिए दिशा-निर्देश दस्तावेज विकसित किए गए हैं। इस शुरुआत के लिए एक वैब आधारित मंच का भी सृजन किया गया है। यह मंच दानकर्ताओं का वितरण संगठनों और लाभार्थियों के साथ एकीकरण को समर्थ बनाता है।

4.4.3 भारत के विभिन्न भागों में खाद्य एकत्र करने के विभिन्न संगठन हैं। 12 ऐसे निकाय एफ.एस.एस.ए.आई. से सम्बद्ध हैं और औसतन 70 शहरों में एक लाख से अधिक लोगों को खाद्य उपलब्ध करा रहे हैं। ये हैं:

- फीडिंग इंडिया
- इंडिया फूड बैंकिंग नेटवर्क
- नो फूड वेस्ट
- रेबिन हूड आर्मी
- मेरा परिवार
- गिव अवे इंडिया
- रोटी बैंक
- रसोई ऑन व्हील्स
- चिन्तर एनवायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप
- अन्नक्षेत्र
- फीड ऑन
- गूँज

इस प्रकार के और अधिक वितरण संगठनों को जोड़ा जा रहा हैं और इसके नेटवर्क में और अधिक वृद्धि होगी।

4.4.4 हाल ही में, 'मामूली चेष्टा, बड़ा अंतर' नाम से एक नए अभियान की शुरुआत 28 जनवरी, 2019 को एफ.एस.एस.ए.आई. के ईट राइट आंदोलन : स्वस्थ भारत यात्रा के समापन समारोह के अवसर पर की गई थी। इस अभियान में समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान अधिशेष खाद्य के निवारण और खाद्य दान को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया गया था। होटल, जलपान गृह, कैटरर तैयार कार्यसूची जिसमें सूचना, हस्ताक्षर कराने के लिए प्रपत्र और ताजे आहार/फालतू भोजन के लिए दान के लिए हस्ताक्षर कराने के लिए उपभोक्ताओं के प्रशंसा पत्र सम्मिलित होते हैं, एक दूसरे को भेज सकते हैं। पूरे भारत में खाद्य सेवा कार्य प्रतिष्ठानों को इस बात के लिए प्रेरित किया जा रहा है कि वे अधिशेष खाद्य के वितरण के लिए इस योजना को अपनाएं।

4.5 स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब

4.5.1 एफ.एस.एस.ए.आई. 'स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब' परियोजना के माध्यम से स्वस्थप्रद स्ट्रीट फूड और स्थानीय खाद्य संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है जिसके अंतर्गत अंतर के विश्लेषण के लिए संपरीक्षण की एक प्रक्रिया,

स्वस्थप्रदता और स्वच्छता दशाओं के लिए विशिष्ट बेंच मार्क को पूरा करने के लिए सुधार के दिए गए सुझाव, विक्रेतायों के प्रशिक्षण, अंतिम संपरीक्षण और उसके पश्चात संपोषण के माध्यम से स्ट्रीट फूड वेंडरों के कलस्टरों का सत्यापन किया जा रहा है। ऐसे ' स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब्स' से उपभोक्ताओं के बीच भरोसे का निर्माण होगा और वह बेझिझक सुरक्षित और स्वस्थप्रद, स्थानीय और क्षेत्रीय खानपान का आनंद ले सकेंगे जिससे भारतीय खाद्य संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। एफ.एस.एस.ए.आई. ने राज्य सरकार के निकायों के साथ मिलकर पूरे देश में फूड स्ट्रीट की विद्यमान अवसंरचनाओं का उन्नयन करने के लिए बेंचमार्क निर्धारित किए हैं। एफ.एस.एस.ए.आई. ऐसे फूड हब को 'स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब' के रुप में मान्यता प्रदान करता है और प्रमाणित करता है जो इन मानकों और बेंचमार्को का अनुपालन करते हैं। इस प्रकार की ब्रांडिंग और प्रमाणन से स्ट्रीट फूड में उपभोक्ताओं का विश्वास उत्पन्न होगा। इस परियोजना में हितधारियों मे सरकारी निकाय, प्रशिक्षण अभिकरण, संपरीक्षण अभिकरण और निधियन साझेदार सम्मिलित हैं।

4.5.2 "स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब के रुप में घोषणा" के लिए एक दिशा-निर्देश दस्तावेज तैयार किया गया है। इस पहल के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) इस दस्तावेज का एक भाग है। यह सक्रियण और कार्यान्वयन योजनाओं के साथ एक तत्काल परिकलक के रुप में कार्य करता है जिसे सहभागी राज्यों और निकायों द्वारा आसानी से अपनाया जा सकता है। इस शुरुआत के लिए एक समर्पित पोर्टल का विकास किया गया है।

4.5.3 13 जुलाई, 2018 को, एफ.एस.एस.ए.आई. ने देश में कांकरीया झील, अहमदाबाद (गुजरात) को प्रथम 'स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब' के रुप में मान्यता प्रदान की है। 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार, आठ स्ट्रीट फूड कलस्टरों को 'स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब' प्रमाणपत्र (गुजरात के 05, मध्य प्रदेश के 01 और महाराष्ट्र के 02) प्रदान किए गए हैं और इस प्रमाणन के लिए 62 की सिफारिश की गई है।

आकृति 8 स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब के रुप में कांकरीया झील, अहमदाबाद को मान्यता प्रदान करने की झलकियां

4.6 एयरलाइन कैटरिंग

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई. की अध्यक्षता में 27 सितम्बर, 2018 को एफ.एस. एस.ए.आई. मुख्यालय में आयोजित एयर लाइन कैटरिंग में खाद्य सुरक्षा के बारे में बैठक आयोजित हुई थी। इस बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, एयरपोर्ट इकोनोमिक रेग्यूलेटरी अथारिटी, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, डीआईएएल (दिल्ली) जैसे सरकारी निकायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। इस बैठक की अनुवर्ती कार्रवाई के रुप में, जेट एयरवेज ने अपनी उड़ान के दौरान मनोरंजन पत्रिका में एफ.एस. एस.ए.आई. की पहल पर एक पृष्ठ का विज्ञापन मुद्रित कराया है। विस्तारा ने खाद्य ट्रे के साथ झलकियों की

एक पुस्तिका के वितरण का अभियान चलाया था। इन झलकियों की पुस्तिकाओं में खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और खाद्य अपशिष्ट निवारण को बढ़ावा देने के लिए चार प्रमुख एफ.एस.एस.ए.आई. अभियान सम्मिलित थे।

4.7. उपयोग में लाए गए खाना पकाने के तेल का पुन:प्रयोजन - खाद्य मूल्य श्रृंखला में प्रयोग में लाए गए खाना पकाने के तेल के पुनः प्रवेश रोकने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा एक शुरुआत

4.7.1 प्रयोग में लाए गए खाना पकाने के तेल (यूसीओ) की खपत से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है क्योंकि तलने की क्रिया के दौरान पोलर यौगिकों का निर्माण होता है। ये यौगिक अन्य रोगों के साथ-साथ उच्च रक्त चाप, ऐथिरोस्क्लेरोसिस, अल्जाइमर मानसिक रोग और यकृत के रोग जैसी कई बिमारियों का कारण बनते हैं। इस समय, प्रयोग में लाए गए खाना पकाने के तेल का या तो पुनः उपयोग होता रहता है अथवा पर्यावरणीय दृष्टि से खतरनाक तरीके से निपटान किया जाता है जिससे नालियां और सीवरेज प्रणाली अवरुद्ध हो जाती है। यह भी देखा गया है कि संगठित खाद्य कारोबारियों (एफबीओ) से यूसीओ छोटे जलपान गृह / ढाबों और सड़क के किनारे बैठे वेंडरों तक पहुंच जाता है।

4.7.2 एफ.एस.एस.ए.आई. ने कुल ध्रुवीय यौगिकों (टीपीसी) की अधिकतम 25% की सीमा अधिसूचित की है इस सीमा के पश्चात वनस्पति तेल उपयोग करने के लिए उपयुक्त नहीं होता है। ये मानक पहली जुलाई, 2018 से लागू हैं। ऐसे खाद्य कारोबारियों, जिसकी प्रति दिन खाना पकाने के तेल की खपत 50 लीटर से अधिक है, को एक आदेश जारी किया गया है जिसमें उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे यूसीओ निपटान का रिकार्ड अनिवार्य रुप से रखें।

4.7.3 एफ.एस.एस.ए.आई. यूसीओ को खाद्यमूल्य श्रृंखला से विपथित करने और विद्यमान अवैध पद्धतियों को रोकने के लिए एक शैक्षिक, प्रवर्तन और पारिस्थितिकी प्रणाली (ईईई) कार्यनीति का कार्यान्वयन कर रहा है। शिक्षा के मोर्चे पर दिशा-निर्देश दस्तावेज, उपभोक्ताओं के लिए सुझाव और पोस्टर छपवाए गए हैं। एफ.एस.एस.ए.आई. ने मानकीकृत परीक्षण की पद्धतियां जारी की हैं और खाद्य कारोबारी द्वारा यूसीओ का सुरक्षित प्रहस्तन एवं निपटान सुनिश्चित करने के लिए एक मानक प्रचालन प्रक्रिया का भी विकास किया है।

4.7.4 इस बात को मानते हुए कि यूसीओ बॉयोडीजल के लिए एक संभाव्य सामग्री है और इस आपूर्ति श्रृंखला तंत्र का महत्वपूर्ण साधन है, एफ.एस.एस.ए.आई. ने 10 अगस्त, 2018 को विश्व जैविक ईंधन दिवस के अवसर पर प्रयोग में लाए गए खाना पकाने के तेल के संग्रहण एवं जैविक डीजल में परिवर्तित करने में समर्थता हांसिल करने के लिए आरयूसीओ-प्रयोग में लाए गए खाना पकाने के तेल के पुन:प्रयोजन की शुरुआत की है। एक माइक्रोसाइट भी शुरू की गई है जिसके द्वारा यूसीओ के संग्रहण और जैविक डीजल में परिवर्तन की प्रगति पर नजर रखी जा सकेगी।

4.7.5 आरयूसीओ से निम्नलिखित में मदद मिलेगी:

- यूसीओ के बुरे प्रभावों के निराकरण द्वारा स्वास्थ्यप्रद लाभ
- रोजगार के नए अवसर और आर्थिक विकास
- ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचनात्मक निवेश
- कार्बन पदचिन्ह में कमी के साथ स्वच्छ पर्यावरण
- आयात निर्भरता में कमी (ताड़ वसा)

4.8 'फूड इंनोवेटर्स नेटवर्क' (एफआईएनई)

4.8.1 एफआईएनई

देश की खाद्य सुरक्षा और पोषण परिदृश्य के नूतन प्रकार का समाधान और उसमें परिवर्तन करने के लिए अन्वेषकों और स्टार्ट-अप उद्यमियों को एक साथ लाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. ने 4 सितम्बर, 2018 को टीआईई, दिल्ली एनसीआर फूड एंड फूड सर्विसिस समिट 2018 के दौरान 'फूड इंनोवेटर्स नेटवर्क' (एफआईएनई) ' की शुरुआत की है। एफआईएनई 'स्टार्ट अप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' के संबंध में सरकार की शुरुआत के अनुरुप है। एफ.एस.एस.ए.आई. ने एफआईएनई के साधन के माध्यम से संवहनीय और पहुंच योग्य खाद्य परीक्षण, स्वास्थ्यप्रद खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित करना, पौषक रुचियों के प्रति उपभोक्ताओं को शिक्षित करना और खाद्य अपशिष्ट में कमी करना के क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान करने में कार्यरत उद्यमियों के साथ मिलकर कार्य करेगा। यह श्रेष्ठ नूतनता, प्रौद्योगिकियों और व्यापारिक माडलों के माध्यम से इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए नूतन युग के समाधानों को कारगर ढंग से उपलब्ध कराने के लिए इन स्टार्ट-अप को परामर्श प्रदान करेगा। फोस्टेक प्लस पाठ्यक्रम जिसका शीर्षक है " फूड स्टार्ट-अप के लिए दिशा-निर्देश" की भी शिविर के दौरान शुरुआत की गई थी। यह पाठ्यक्रम इस क्षेत्र में स्टार्ट अप्स को प्रभावी प्रमुख विनियमों की आवश्यक जानकारी देता है। इसमें लाइसेंसिंग और पंजीकरण, लेबलिंग और पैकेजिंग, सुरक्षा, स्वस्थप्रद और स्वच्छता संबंधी अपेक्षाएं और इसके साथ-साथ एफएसएस अधिनियम के अनुसार अन्य सांविधिक और विनियामक अनुपालनों का विवरण दिया गया है।

4.8.2 एफआईएनई के महत्वपूर्ण संघटक हैं:

- फोस्टेक प्लस पाठ्यक्रम: यह खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी प्रणाली (ईको सिस्टम), स्टार्ट-अप परिदृश्य और विनियात्मक अपेक्षाओं के बारे में स्टार्ट-अप्स को उन्मुख बनाने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है।
- एफ.एस.एस.ए.आई. मित्र कार्यक्रम: एफ.एस.एस.ए.आई. से प्रत्येक स्टार्ट-अप को एक मित्र उपलब्ध कराया जाता है ताकि विनियामकों की विभिन्न अपेक्षायों के मामले में उनका मार्ग निर्देशन किया जा सके।
- ईट राइट स्टार्ट-अप पुरस्कार: खाद्य सुरक्षा और पोषण के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले खाद्य स्टार्ट-अप की पहचान करने और प्रोत्साहन देने के लिए इसकी स्थापना की गई है।
- माइक्रोसाइट : खाद्य स्टार्ट-अप के लिए उपलब्ध संसाधनों के पूल के साथ एक माइक्रोसाइट का सृजन किया गया है जिसमें सरकार की ऐसी योजनाओं की विस्तृत सूची सम्मिलित है, जिनसे वे लाभान्वित हो सकते हैं।(www.fssai.gov.in/fine).

4.9 एफ.एस.एस.ए.आई. - एएफएसटीआई खाद्य सुरक्षा पुरस्कार 2018

एफ.एस.एस.ए.आई. और खाद्य वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीविद एसोसिएशन (भारत) ने खादय सुरक्षा के क्षेत्र में एफएसएसएआई-एएफएसटीआई पुरस्कार प्रदान करने की शुरुआत की है। ये पुरस्कार ऐसे व्यक्ति (यों) को प्रदान किए जाते हैं, जिन्होंने पुरस्कार वर्ष के लिए पूर्व के पांच वर्षो के दौरान अपने कार्या के माध्यम से खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किया हो।

मैसूरु, कर्नाटक में आयोजित 8वें इफकोन के दौरान 12 दिसम्बर, 2018 को एफएसएसएआई-एएफएसटीआई खाद्य सुरक्षा पुरस्कार 2018 डा. एस. कांजी लाल प्रमुख वैज्ञानिक, सीएसआईआर-आईआईसीटी, हैदराबाद, डा. अंशु सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता, होटल प्रबंधन, कैटरिंग और पोषण संस्थान और डा. एच.जी. कोशिया, खाद्य सुरक्षा आयुक्त, गुजरात को प्रदान किए गए।

अध्याय-5

जोखिम मूल्यांकन और अनुसंधान एवं विकास (आर.ए.आर.डी.)

5.1 देश के लिए एक खाद्य सुरक्षा विनियामक होने के कारण, एफ.एस.एस.ए.आई. पूरे देश में सुरक्षित और पौष्टिक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और विनियमों एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के विकास से संबंधित कार्यों को पूरी विशिष्टता के साथ करता है।

5.2 एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य खतरों की पहचान करने, विभिन्न खाद्य श्रृंखलायो में जोखिम में कमी लाने की कारगर पद्धतियों और तकनीकों का विकास करने और इसके साथ-साथ खाद्य सुरक्षा में नए उभरते मुद्दों की पहचान करने और उपयुक्त जोखिम प्रबंधन उपाय का अनुमान लगाने और उनका कार्यान्वयन करने के लिए जोखिम मूल्यांकन और अनुसंधान तथा विकास (आर.ए.आर.डी.) प्रभाग की स्थापना की है। इस प्रभाग के अंतर्गत किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्य इस प्रकार हैं :

आकृति 9 - आर.ए.आर.डी. के कार्यक्षेत्र में आने वाले महत्वपूर्ण कार्य



5.3 अनुसंधान परियोजनाएं

5.3.1 एफ.एस.एस.ए.आई. ने अनुसंधान और विकास की योजना के अंतर्गत अनुसंधान और विकास परियोजनाएं प्रस्तुत करने और सहायता हेतु अनुदान प्रदान करने के लिए एक तंत्र का निर्माण किया है। परियोजना प्रस्तावों के चयन से संबंधित मानदण्ड प्रमुख रुप से निम्नलिखित बातों पर आधारित हैं:

- परियोजना की प्रासंगिकता एफ.एस.एस.ए.आई. को प्राप्त कार्यादेश के अनुसार हो
- खाद्य सुरक्षा से संबंधित उभरने वाली मुद्दे

5.3.2 31 मार्च, 2019 तक, एफ.एस.एस.ए.आई. ने 20 संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिसमें से पांच को पूरा कर लिया गया है और 15 परियोजनाओं के संबंध में प्रगति का कार्य विभिन्न चरणों में है। इन परियोजनाओं से नए मानकों का विकास करने, मौजूदा मानकों के उन्नयन और

नवीन विश्लेषणात्मक पद्धतियों का विकास करने में मदद मिलेगी।

5.3.3 चल रही और पूरी की गई अनुसंधान और विकास परियोजनाओं की सूची सारणी 10 और 11 में दी गई है।

5.3.4 मूल्यांकन और मॉनिटरिंग समिति

चल रहे अनुसंधान प्रस्तावों की पुनरीक्षा करने और नई परियोजनाओं के प्रस्तावों की पुनरीक्षा करने के लिए मूल्यांकन और मॉनिटरिंग समिति की छठी बैठक 29 मार्च, 2019 को आयोजित हुई थी। इस समिति द्वारा निधियन के लिए एक प्रस्ताव अर्थात ताजी पकड़ी गई फिनफिश और शैलफिश प्रजातियों की मछलियों में फोरमलडीहाइड के प्राकृतिक स्तर से संबंधित परियोजना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

5.4 एफ.एस.के.ए.एन (खाद्य सुरक्षा और ज्ञान समामेलन तंत्र)

5.4.1 एफ.एस.एस.ए.आई ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम की धारा 16(3)(ङ) के अधिदेश के अंतर्गत एफ.एस.के.ए.एन की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य गतिविधियों के समन्वय, संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन और खाद्य प्राधिकरण के दायित्वों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में उपलब्ध विशेषज्ञता और उत्तम पद्धतियों व सूचना के आदान-प्रदान द्वारा वैज्ञानिक सहयोग के एक ढाँचे को सहज रूप से आगे बढ़ाना है।

एफ.एस.के.ए.एन के मुख्य घटक हैं:

- खाद्य प्राधिकरण के दायित्वों के अंतर्गत क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा के उभरते मुद्दों और उदीयमान उत्तम रीतियों का वैज्ञानिक विशेषज्ञों (राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर) के पास उपलब्ध सूचना का समामेलन।
- ऐसी संयुक्त परियोजनाएँ (पुल एंड पुश टाइप) बनाना और उनका क्रियान्वयन करना, जहां खाद्य सुरक्षा के जोखिम आकलन में कमियाँ या अनिश्चितताएँ हैं।

आकृति 10 - एफ.एस.के.ए एन. की महत्वपूर्ण विशेषताएं



5.4.2 एफ.एस.के.एन. पोर्टल की निम्नलिखित मुख्य विशेषताएं हैं -

1. विशेषज्ञ डैटाबेस : एफ.एस.एस.ए.आई ने पंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न खाद्य श्रेणियों के 450 से अधिक विशेषज्ञों को पंजीकृत किया है और इसमें और आगे परिवर्धन किया जा रहा है। यह खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और खाद्य पोषण के क्षेत्र में विशेषज्ञों का एक 'डोमेन भंडार' है और मानक निर्धारण की प्रक्रिया, जोखिम आकलन, खाद्य सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों पर नीतिगत निर्णय लेने इत्यादि के प्रयोजन से वैज्ञानिक पैनलों और समिति के लिए वैज्ञानिक राय देने का काम करेगा।

2. संस्था-विशेषज्ञ मैट्रिक्स: एफ.एस.एस.ए.आई खाद्य क्षेत्र में विज्ञान आधारित अनुसंधान में रत प्रमुख संस्थाओं/संगठनों/राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों इत्यादि के साथ सहयोग करती है।

3. ई-संसाधन: यह खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और पोषण से संबंधित ई-जर्नलों, ई-पुस्तिकाओं, प्रमुख अनुसंधान प्रलेखों और लेखों का संग्रहण है। एफ.एस.के.ए.एन के साथ पंजीकृत सदस्य/विशेषज्ञ खाद्य सुरक्षा से संबंधित आधिकारिक, सही, वर्तमान, उद्देश्यपरक संदर्भ सामग्री प्राप्त कर सकते हैं।

4. अनुसंधान परियोजना डैटाबेस: इसमें विभिन्न अनुसंधान संस्थाओं के सहयोग से क्रियान्वित खाद्य सुरक्षा और मानकों से संबंधित पूर्ण और चालू अनुसंधान परियोजनाओं का विवरण है।

5. अनुसंधान प्रस्तावों का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण: इस पोर्टल में अनुसंधान प्रस्तावों का दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण और प्रस्तुतीकरण के लिए प्रयोक्ता-सुविधापूर्ण प्रणाली है। ऑनलाइन पंजीकरण नए अनुसंधानकर्ता के लिए एकबारगी प्रक्रिया है और पंजीकृत हो जाने के बाद मुख्य अनुसंधानकर्ता अपने प्रस्ताव की स्थिति जानने के लिए लॉग-इन आईडी और पासवर्ड से इस पोर्टल का उपयोग कर सकता है।

5.5 जोखिम आकलन कक्ष

5.5.1 खाद्य सुरक्षा के ढाँचे में सुधार करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने 23 फरवरी, 2016 को जोखिम आकलन कक्ष (आर.ए.सी) स्थापित किया है। इस कक्ष के उद्देश्य हैं:

1. निगरानी डैटा के संग्रहण, संसाधन और विश्लेषण के माध्यम से जोखिम आकलन का आधारभूत कार्य करना और विश्लेषण रिपोर्ट तैयार करना।

2. खाद्य सुरक्षा मामलों के संबंध में वैज्ञानिक राय देने के लिए वैज्ञानिक पैनलों और वैज्ञानिक समिति को इनपुट देना।

3. अभिज्ञात विषय क्षेत्र संबंधी क्षेत्रों में वैज्ञानिक और तकनीकी सहायता के लिए उत्कृष्टता केन्द्रों/नोडल संस्थानों का उपयोग।

4. जोखिम प्रबंधकों और अन्य हितधारकों को वैज्ञानिक पैनलों और वैज्ञानिक समिति के जोखिम आकलन परिणामों को सूचित करना।

5. खाद्य और जल में आविषालु रसायनों की सांद्रता, अथवा रोगजनक सूक्ष्म जीवाणुओं के लिए ऊर्ध्वज और क्षैतिज मानक निर्धारण में समन्वयन करना।

5.6 खाद्य सुरक्षा और व्यवहृत पोषण (एफएसएएन) अनुसंधान एवं विकास नेटवर्क :

वैज्ञानिक सहयोग के माध्यम से जोखिम मूल्यांकन कक्ष को सहायता प्रदान करने के लिए, एफ.एस.

एस.ए.आई., खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16 (3)(ड़) के अंतर्गत एफ.एस.एस.ए.आई. को सौंपे गए कार्यादेशों के अनुसार और आर॰ ए. सी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत, तीन विभिन्न खाद्य सुरक्षा डोमेन अर्थात जैविक खतरों, घटक और रसायनों, पोषण सुरक्षा और प्रतिरक्षा के लिए विभिन्न अनुसंधान संस्थानों और संगठनों के एक वैज्ञानिक नेटवर्क (खाद्य सुरक्षा और व्यवहृत पोषण अनुसंधान एवं विकास नेटवर्क) की स्थापना/विकास कर रहा है।

वैज्ञानिक नेटवर्क का प्रयोजन सहभागिता करने वालों के आपस में संचार में सुधार करना है जिससे गतिविधियों को दोहराने जैसी बातों में कमी आएगी और परिणामस्वरुप विचारों के विपथन से बचा जा सकेगा। यह नेटवर्क मूल्यांकन पद्धतियों के सामंजस्य के लिए और संबंधित क्षेत्र में उभरने वाले संभावित जोखिमों में सहायता करने के लिए आंकड़ों और पद्धतियों को शेयर करने के लिए लाभदायी व्यवस्था है।

5.7 27 अप्रैल, 2018 को आयोजित खाद्य जन्य रोगों को कम करने के संबंध में एफएसएसएआई-सीएचआईएफएसएस गोलमेज सम्मेलन : निगरानी क्षमता और महामारी विज्ञान अन्वेषण का सुदृढ़ीकरण

सीएचआईएफएसएस सहयोग के अंतर्गत 27 अप्रैल, 2018 को "खाद्य जन्य रोगों को कम करने के संबंध में एफ.एस.एस.ए.आई.-सीएचआईएफएसएस गोलमेज सम्मेलन : निगरानी क्षमता और महामारी विज्ञान अन्वेषण का सुदृढ़ीकरण" पर एक तकनीकी कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी हितधारियों को एक साथ लाना था, जिसमें विनियामक, अनुसंधान संस्थान, उद्योग, शिक्षण संस्थान, वैश्विक विकास निकाय, जन संदेश अभिकरण और संबंधित हितधारी सम्मिलित हैं, जो निगरानी में सुधार करने, महामारी पर क्रियात्मक कार्यवाई और महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र करने की कार्य विधि तैयार करने के कार्य में सहयोग दे सकें जिससे प्राथमिकताएं तय करने और भारत में खाद्य जनित बीमारियों से निपटने में सहायता मिलेगी। इन कार्यों में विशेष ध्यान निम्न बातों पर केन्द्रित किया जाएगा :

क) पैथोजन विद्यमानता (खाद्य पदार्थों में) और रोग बोझ (निगरानी और रिपोर्टिंग) की समझ

ख) महामारी ज्ञान और अन्वेषणों का सुदृढ़ीकरण - पैथेजन अंतर्दृष्टि और पैथोजन खाद्य मानक संपर्क की समझ

ग) रोगों के नियंत्रण उपाय, प्राथमिकता और सूचना शेयर/नेटवर्किंग तंत्र/मंच (जिसमें प्रयोगशाला की क्षमता में वृद्धि करना और उनके संपर्क-सूत्र सम्मिलित हैं)

5.8 "खाद्य सुरक्षा मूल्यांकन - नवीन संघटक और योज्यक" विषय पर 22 जून, 2018 को आयोजित एफ.एस.एस.ए.आई. - आईआईटीआर- सीएचआईएफएसएस तकनीकी कार्यशाला

सीएचआईएफएसएस ने एफ.एस.एस.ए.आई. की साझेदारी में, "खाद्य सुरक्षा मूल्यांकन- नवीन संघटक और योज्यकों" के संबंध में एक तकनीकी कार्यशाला आयोजित की, जिसका उद्देश्य ऐसे वैज्ञानिक सिद्धांतों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए नूतन संघटकों और योज्यकों के खाद्य सुरक्षा मूल्यांकनों (प्रकटन और जोखिम मूल्यांकन ध्यान केन्द्रित) के संबंध में क्षमता निर्माण में वृद्धि करना है, जिससे विनियामक संदर्भ और साथ ही वैज्ञानिक क्षमता विकास को समझने में मदद मिलेगी।

5.9 "खाद्य योज्यकों : सुरक्षा मूल्यांकन और उपयोग के संबंध में वैश्विक संदर्भ" पर एक दो दिवसीय संगोष्ठी

खाद्य योज्यकों की सुरक्षा के बारे में चिन्ताओं को दूर करने के लिए तथा उनके प्राप्त होने वाले फायदों का मूल्यांकन करने के लिए, 19-20 जुलाई, 2018 को संयुक्त राज्य अमेरिका कृषि विभाग और आईएलएसआई - भारत के सहयोग से एफ.एस.एस.ए.आई. में "खाद्य योज्यकों : सुरक्षा मूल्यांकन और उपयोग के संबंध में वैश्विक संदर्भ" विषय पर एक दो-दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई थी। इसमें हुए विचार-विमर्श में

सुरक्षा मूल्यांकन के लिए विज्ञान आधारित दृष्टिकोणों : संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत में खाद्य योज्यकों के अनुमोदन के लिए प्रक्रियाओं, खाद्य योज्यकों के संबंध में मामला अध्ययन, खाद्य योज्यक विनियमों के विकास में महत्वपूर्ण विचारों, निगरानी तंत्र और लेबलिंग पर ध्यान केन्द्रित किया गया था।

5.10 अल्पावधि मिशन (एस टी एम)

खाने के लिए तैयार (रेडी टू ईट) खाद्य के लिए भारत में जोखिम मूल्यांकन प्रक्रियाओं और पद्धतियों का विकास करने के उद्देश्य से "सुरक्षित खाद्य के लिए बेहतर प्रशिक्षण (बीटीएसएफ)" यूरोपीय यूनियन (ईयू) के साथ अल्पावधि मिशन (एसटीएम) 12-16 नवम्बर, 2018 तक एफ.एस.एस.ए.आई. में आयोजित किया गया था। डा. कोस्टास कोटत्यूनामिस खाद्य सूक्ष्म जैव एवं स्वच्छता प्रयोगशाला के प्रधान, एरिसटोटल यूनिवर्सिटी आफ दिस्सालोनीकि, ग्रीक और यूरोपियन फूड सेफ्टी अथारिटी (ईएफएसएस) के बायोहजार्ड पेनल के चेयर ने इस मिशन की अध्यक्षता की और जोखिम मूल्यांकन प्रक्रियाओं और ईएफएसए/ईयू में संबंधित मामला अध्ययनों के संबंध में विचार व्यक्त किए। वर्ष 2019-20 के दौरान इस प्रकार के दो और एसटीएम में प्रदर्शन मूल्यांकन में भविष्य सूचक सूक्ष्म जैव साफट्वेयर के प्रयोग के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए भी सत्र भी सम्मिलित करने का प्रस्ताव किया गया है।

सारणी 10 - चल रही परियोजनाओं की सूची

क्र सं0	परियोजना शीर्षक	संगठन का नाम	स्वीकृत बजट
1	भारत के प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों में एक्रिलेमाइड, तापजनित खाद्य विष की उपस्थिती : न्यूनीकरण कार्यनीति और स्वास्थ्य जोखिम	सी एस आई आर – राष्ट्रीय अंतर विषय वैज्ञानिक और प्रोद्योगिक संस्थान, तिरुवनन्तपुरम	27.68 लाख रुपए
2	सोयाबीन में कुनिट्ज ट्रिप्सिन इनहिबिटर एंड फाइटिक एसिड :भारत में अनुमान की विभिन्न पद्धतियों का मूल्यांकन और वाणिज्यिक किस्मों की प्रोफाइलिंग, प्रोमाइजिंग जर्मप्लाज्म और सोया-आधारित उत्पाद	आई सी ए आर –भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर	37.80 लाख रुपए
3	सिट्रस फलों के खाद्य उद्योग में प्रभावी उपयोग के लिए उनके फंक्शनल घटक और एंटी ऑक्सीडैंट विश्लेषण	आई सी ए आर –केन्द्रीय सिट्रस अनुसंधान संस्थान, नागपुर	35.84 लाख रुपए
4	तलाई के समय वनस्पति तेलों की गुणता का मूल्यांकन और बार-बार तलाई के लिए तले तेलों के सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का निर्धारण	सी एस आई आर –भारतीय रासायनिक प्रोद्योगिक संस्थान, हैदराबाद	22.92 लाख रुपए
5	रासायनिक संघटन में और कृत्रिम राइपनरों के अवशिष्टों में परिवर्तन की पहचान के लिए विभिन्न कृत्रिम राइपनरों से कृत्रिम रूप से पकाए गए फलों का तुलनात्मक अध्ययन	सी एस आई आर –भारतीय रासायनिक प्रोद्योगिक संस्थान, हैदराबाद	37.16 लाख रुपए

क्र सं0	परियोजना शीर्षक	संगठन का नाम	स्वीकृत बजट
6	मांस में सस्ते मांस के अपमिश्रण की जाँच के लिए प्रजाति की पहचान	आई सी ए आर-राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र हैदराबाद	40.50 लाख रुपए
7	विभिन्न क्षेत्रों के खाद्य वनस्पति तेलों में पेस्टीसाइड अवशिष्टों और धातु संदूषकों पर डैटा जनन	सी.एस.आई.आर- भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद	29.12 लाख रुपए
8	ट्राइग्लिसराइड संरचना, फैटी एसिड संघटन और लघु संघटकों के आधारपर सम्मिश्र, इंटरएस्टरीकृत और अपमिश्रित तेलों में तेलों की पहचान और मात्रा ज्ञात करने की नवीन पद्धतियों का विकास	लिपिड अनुसंधान केंद्र, सी.एस. आई.आर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद	26.16 लाख रुपए
9	खाद्य सुरक्षा और गुणता आश्वासन के लिए मत्स्य खाद्य प्रामणीकरण के लिए मानक प्रोटोकाल और आण्विक साधनों का विकास	आई सी ए आर –केन्द्रीय अंतहदेशीय मत्स्या अनुसंधान संस्थान, बरक्पोर	29.12 लाख रुपए
10	अंगूर के आम प्रसंस्कृत उत्पादों की पोषण गुणता और सुरक्षा मूल्यांकन	आई सी ए आर –राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र, पुणे	30.74 लाख रुपए
11	बाजार में उपलब्ध विभिन्न भेषज् उत्पादों में संदूषण और प्रतिस्थापन ज्ञात करने के लिए डी.एन.ए बार-कोडिंग का अनुप्रयोग	सी एस आई आर- पूर्वोत्तर विज्ञान एवं प्रोद्योगिक संस्थान, जोरहाट	50 लाख रुपए
12	गाय के दूध को छोड़कर गोवंशीय दूध में वसा की शुद्धता ज्ञात करने के लिए आईएसओ 17678:2010 में विहित जी.सी विश्लेषण पद्धतिका मान्यन और मानकीकरण	राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल	31.64 लाख रुपए
13.	वनस्पतियों में धातु संदूषकों (लोहा,लैड, तांबा, केडमियम, क्रोमियम, अभ्रक, निकल और जिंक) के उत्पन्न होने के संबंध में बेसलाइन आंकड़ों का जनन का अध्ययन	सहयोगात्मक परियोजनाएं : 1) निर्यात निरीक्षण अभिकरण,नई दिल्ली 2) पंजाब जैव प्रौद्योगिकी इंकूबेटर, मोहाली 3) निर्यात निरीक्षण अभिकरण (ईआईए) - कोलकाता प्रयोगशाला 4) ईआईए - मुम्बई प्रयोगशाला 5) ईआईए - चैन्नई प्रयोगशाला 6) कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, रायचुर	99 लाख रुपए

क्र सं0	परियोजना शीर्षक	संगठन का नाम	स्वीकृत बजट
14.	प्रसंस्कृत मांस में कारसिनोजेनिक और म्यूटाजेनिक योजकों का आंकलन	राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केन्द्र,हैदराबाद	50 लाख रुपए
15.	भारतीय समुद्रतट के साथ फिनफिश और शैलफिश प्रजातियों में भारी धातु की निगरानी और संभव न्यूनीकरण उपाय	आईसीएआर - केन्द्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थांन, कोचि	50 लाख रुपए

सारणी 11 - पूर्ण परियोजनाओं की सूची

क्रम सं0	परियोजना शीर्षक	संगठन का नाम	स्वीकृत बजट (लाख रुपयों में)
1	मानव स्वास्थ्य पर खेसारी दाल के पूर्ण प्रभाव का आकलन	राष्ट्रीय पोषण पोषण संस्थान्, हैदराबाद	3.50 लाख रुपए
2	बकरियों में प्रायोगिक तंत्रिकात्रिपुट रोग	राष्ट्रीय पोषण संस्थान्, हैदराबाद	45.21 लाख रुपए
3	भारत में प्रसंस्कृत और गैर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के उपभोग का आकलन	राष्ट्रीय पोषण संस्थान्, हैदराबाद	1.73 लाख रुपए
4	मत्स्य और मत्स्य उत्पादों में पेस्टीसाइडों और प्रतिजैविकों के अवशिष्ट परियोजना एम.आर.एल निर्धारण ढांचे का विकास	आई.सी.ए.आर - केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान, कोच्ची	1.50 लाख रुपए
5	ताजे /डिब्बाबंद/बोतलबंद कच्चे नारियल के पानी में रासायनिक संदूषकों का आकलन	खाद्य एवं औषध आविष विज्ञान अनुसंधान केन्द्र, राष्ट्रीय पोषण संस्थान (आईसीएमआर), हैदराबाद	14.09 लाख रुपए

अध्याय-6

खाद्य आयात

6.1 एफ.एस.एस.ए.आई. को खाद्य के आयात का विनियमन करने और यह सुनिश्चित करने का कार्यादेश प्राप्त है कि खाद्य मानव उपयोग के लिए सुरक्षित हैं तथा स्वास्थ्यकर हैं। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 25 के अनुसार, खाद्य सामग्रियों के सभी आयात पर अधिनियम के प्रावधान लागू होते हैं। इसमें यह प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति भारत में कोई खाद्य सामग्री अधिनियम अथवा उसके अंतर्गत बने किसी नियम अथवा विनियम के उल्लंघन में आयात नहीं करेगा। खाद्य प्राधिकरण ने 9 मार्च, 2017 को एफएसएस (आयात) विनियम, 2017 अधिसूचित किया है।

6.2 एफ.एस.एस.ए.आई. और कस्टम के माध्यम से खाद्य आयात निर्मुक्ति

6.2.1 एफ.एस.एस.ए.आई. के 6 स्थानों अर्थात चैन्नई, कोलकाता, मुम्बई, दिल्ली, कोच्चि और तूतीकोरिन में इसके प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त हैं जिनके अंतर्गत प्रवेश के 21 स्थल आते हैं और इसकी अपनी खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (एफआईसीएस) है जोकि एक ऑनलाइन प्रणाली है और जो स्विफ्ट (व्यापार के सरलीकरण के लिए एकल खिड़की इंटरफेस) के अंतर्गत कस्टम आईस-गेट (भारतीय कस्टम इलैक्ट्रानिक वाणिज्य/इलैक्ट्रानिक डाटा इंटरचेंज (ईसी/ईडीआई) गेटवे) के साथ एकीकृत हैं। एफआईसीएस के भाग के रुप में सभी निर्मुक्ति उप-प्रक्रियाएं इलैक्ट्रानिक तरीके से संपन्न की जाती हैं, जिसमें दस्तावेज की जांच, नमूना लेने, शुल्क का भुगतान, नमूनों का परीक्षण और अंतिम निर्मुक्ति सम्मिलित है।

6.2.2 जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस)

खाद्य सुरक्षा और मानक (आयात) विनियम, 2017 में एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा निर्धारित जोखिम प्रोफाइल और पैरामीटरों के आधार पर खाद्य वस्तुओं के चुनिन्दा नमूने लेने और परीक्षण करने के लिए प्रावधान किया गया है। तद्नुसार, खाद्य के नमूना लेने के लिए एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली प्रारंभ की गई है। कस्टम विभाग, खाद्य वस्तुओं की जोखिम श्रेणी, आयातकों के अनुपालन इतिहास और मूल देश आदि जैसे मानदंडों के संदर्भ में एफ.एस.एस.ए.आई. के परामर्श से कस्टम के आईस-गेट के माध्यम से जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस) का कार्यान्वयन करता है। आरएमएस स्व-अनुपालक आयातकों को प्रोत्साहित और पुरस्कृत करता है। कम जोखिम वाले खाद्य पदार्थों के मामले में, 5% यादृच्छिक चयन किया जाता है बशर्ते उसी आयातक द्वारा आयातित उसी उत्पाद के लगातार पूर्व में किए गए पांच बार के संप्रेषणों में एफएसएस विनियमों का अनुपालन किया गया हो। उच्च जोखिम मदों के मामले में, यदि उसी आयातक द्वारा आयातित पांच निरन्तर संप्रेषणों में एफएसएस विनियमों का पालन किया गया है तो उसी आयातक के आयातित उन्हीं वस्तुओं के अगले 20 संप्रेषणों के केवल 25 % नमूने ही लिए जाते हैं। इसके बाद, यदि यह नमूने मानकों पर खरे उतरते हैं तो उच्च जोखिम वस्तुओं के बावजूद भी उसी आयातक द्वारा आयात की गई उसी वस्तु के भावी संप्रेषणों के केवल 5% नमूने ही लिए जाएंगे। एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली से आयातकों के निर्मुक्ति के समय को कम करने में मदद मिली है।

6.2.3 आयातित खाद्य संप्रेषणों की निर्मुक्ति और खाद्य उत्पादों के आयात के सरलीकरण के लिए वर्ष के दौरान उठाए गए कदम:

ऐसी खाद्य वस्तुएं, जो कस्टम प्राधिकारियों द्वारा एफ.एस.एस.ए.आई. को उन छः अवस्थानों, जहां एफ.एस.एस.ए.आई. विद्यमान है, पर निर्मुक्ति के लिए अग्रेषित की जाती हैं, उनके संबंध में दस्तावेज की जांच की

जाती है, दृष्टव्य निरीक्षण किया जाता है, नमूने लिए जाते हैं और परीक्षण किया जाता है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि वे विभिन्न खाद्य सुरक्षा और मानक विनियमों के अंतर्गत स्थापित सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों के अनुरुप हैं अथवा नहीं। यदि नमूनों को अनुरुप पाया जाता है तो अनापत्ति प्रमाण पत्र जनित्र हो जाता है और अनुरुप न पाए जाने की स्थिति में गैर-अनुपालन रिपोर्ट जनित्र होती है। इसके अतिरिक्त, 396 अवस्थानों (विमान पत्तनों/बंदरगाहों/आईसीडी/एलसीएस)के कस्टम अधिकारियों (अधीक्षक/मूल्यांकक/निरीक्षक/परीक्षक) को एफएसएस विनियमों के अनुसार खाद्य निर्मुक्ति के लिए प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधिसूचित किया गया है, जिससे व्यापार का सरलीकरण हुआ है।

6.2.4 इसके अतिरिक्त, आयातित ऐसे खाद्य पदार्थों के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा अनन्तिम अनापत्ति प्रमाण पत्र (पीएनओसी) जारी किए जाते हैं जिनकी सुरक्षित रहने की अवधि बहुत ही कम होती है (7 दिन से भी कम) जैसे ताजे फल, सब्जियां आदि जिनके लिए विशेष भण्डारण दशाओं (तापमान) की आवश्यकता होती है। पीएनओसी के साथ कोई आयातक परीक्षण के परिणामों के आधार पर अंतिम रुप से निर्मुक्ति किए जाने से पहले प्रयोगशाला के परीक्षण परिणामों के प्राप्त होने तक आयातित खाद्य संप्रेषणों को भलीभांति सुसज्जित भण्डारण सुविधा में भेज सकता है। व्यापार के सरलीकरण के लिए, पीएनओसी सुविधा आयातित पैकेज-बंद पूर्व खुदरा खाद्य उत्पादों के लिए पहली मई, 2018 से शुरू की गयी है जिससे विलम्ब शुल्क कम करने में मदद मिलेगी।

6.2.5 खाद्य नमूनों के परीक्षण के लिए पूरे देश में एफ.एस.एस.ए.आई. की 175 एनएबीएल प्रमाणन प्रयोगशालाओं और 18 रेफरल प्रयोगशालाओं को अधिसूचित कराया है। इनका उपयोग आयातित खाद्य नमूनों के परीक्षण के लिए भी किया जाता है। आयातित खाद्य संप्रेषणों के खाद्य नमूनों के परीक्षण के लिए पूरे देश में पत्तनों/प्रवेश स्थलों के समीप 56 प्रयोगशालाओं की पहचान की गई है। प्रयोगशालाओं में परीक्षण के कार्य में लगने वाले समय की भी लगातार निगरानी की जा रही है जोकि इस समय सामान्यतया 3-5 दिन होती है।

6.2.6 इसके अलावा, एफ.एस.एस.ए.आई. ने आयातित खाद्य नूमनों के पूर्व परीक्षण के लिए थिम्पू (भूटान) और ढाका (बांग्लादेश) स्थित खाद्य प्रयोगशालाओं को मान्यता प्रदान की है। उनके द्वारा जारी परीक्षण विश्लेषण प्रमाण पत्रों को खाद्य आयात निर्मुक्ति के लिए स्वीकार किया जाता है।

6.2.7 जन्मजात मेटाबोलिज्म की त्रुटियों और जानलेवा बीमारी की दशाओं से जूझ रहे बच्चों के लिए विशेष चिकित्सा प्रयोजनों के लिए खाद्य के आयात के लिए 2 नवंबर 2018 से छः महीने की और अवधि अथवा उनके संबंध में मानकों के अधिसूचित होने तक, जो भी पहले हो, अनुमति प्रदान की गई है।

6.2.8 एफ.एस.एस.ए.आई. ने सभी आयातित खाद्य उत्पादों के संप्रेषणों के गैर-अनुपालन की स्थिति दर्शाने के लिए खाद्य आयात अस्वीकरन चेतावनी (फ़ीरा) पोर्टल का विकास किया है और इसे 31 अक्तूबर, 2018 से प्रचालनात्मक बनाया गया है। एफ.एस.एस.ए.आई. के प्राधिकृत अधिकारी, और प्राधिकृत अधिकारियों के रुप में कार्य कर रहे कस्टम अधिकारी अपने-अपने पत्तनों में स्थित अस्वीकृत खाद्य संप्रेषणों का ब्यौरा इस फ़ीरा पोर्टल में उपलब्ध कराते हैं जिसे अपीलों की समिति के निर्णय, जैसाकि प्रयोज्य हो, के आधार पर जांच के पश्चात अस्वीकृत /चेतावनी के रुप में पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाता है जिसे कि जनता द्वारा भी देखे जाने के लिए उपलब्ध कराया जाता है। फ़ीरा पोर्टल में अस्वीकृत किए गए संप्रेषणों का ब्यौरा दिया जाता है, जिसमें उत्पाद, आयातक और निर्यातक, मूल देश, अस्वीकृत किए जाने के विवरण आदि सम्मिलित होते हैं। इससे उत्पाद, पैकेजिंग, लेबलिंग आदि के बारे में अनुपालन किए जाने वाले आवश्यक मानकों के संबंध में निर्यातक देश अथवा निर्यातक को सूचना प्राप्त करने में मदद मिलेगी। अधिकारी/जनता अस्वीकरण के कारणों और चेतावनी के लिए कारणों, यदि कोई हो, के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए देश-वार खाद्य आयात अस्वीकरण की स्थिति देख सकते हैं ताकि प्रभावित होने वाले देश उपयुक्त निर्णय ले सके।

6.2.9 एफएसएस (एल्कोहोलिक पेय) विनियम, 2018 के विनियम 5.12 के अनुसार अपेक्षित लेबलिंग सूचना को आयातित एल्कोहल संप्रेषणों के लिए ठीक करने के लिए अनुमति प्रदान की गई हे।

6.3 आयातित खाद्य वस्तुओं के संबंध में व्यापार डाटा : एक दृष्टि

6.3.1 2018-19 की अवधि के लिए खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (एफआईसीएस) में उपलब्ध डाटा के अनुसार, भारत में जिन प्रमुख खाद्य वस्तुओं का आयात किया जा रहा है, वे हैं : तेल और वसा, सब्जियां, फल और गिरियाँ, काफी, चाय, मेट, मसाले, पेय पदार्थ, अनाज, शर्करा, शर्करा मिष्ठान्न। भारत को खाद्य वस्तुओं का आयात करने वाले देशों में प्रमुख हैं: इण्डोनेशिया, उक्रेन, म्यांमार, मलेशिया, संयुक्त राज्य अमरीका, कनाडा, अर्जेंटीना, मोजाम्बिक, रूस और ब्राजील।

आकृति 11 - भारत को निर्यात करने वाले प्रमुख 10 देशों की सूची (2018-19)





6.3.2 अप्रैल, 2018 से मार्च, 2019 तक की अवधि के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा लिए गए नमूनों की संख्या और जारी किए गए अनापत्ति प्रमाण पत्रों के बारे में विवरण सारणी -12 में दिया गया है। एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा 66,73,439.24 मीट्रिक टन भार की आयातित खाद्य उत्पाद की 91,879 मदों का प्रहस्तन किया गया। इनमें से 1280 खाद्य मदों, जिनका भार 16,872.91 मीट्रिक टन था, के लिए गैर-अनुरुपता प्रमाण पत्र जारी किए गए थे क्योंकि ये एफएसएस अधिनियम, 2006 और उसके अंतर्गत बनाए गए विनियम के अंतर्गत निर्धारित सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं करते थे और इसलिए इन्हें अस्वीकृत किया गया था।

6.4 चीन से दुग्ध और दुग्ध उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध

6.4.1 भारत सरकार (डीजीएफटी) ने मेलामाइन की उपस्थिति के संबंध में चिंताओं के कारण अधिसूचना संख्या 46 दिनांक 24.09.2008 के द्वारा तीन महीनों के लिए चीन से दुग्ध और दुग्ध उत्पाद के आयात पर प्रतिबंध लगाया था। यह प्रतिबंध अधिसूचना संख्या 67 दिनांक 01.12.2008 द्वारा और छः महीने की अवधि के लिए बढ़ाया गया था। ऐसा करते समय, चाकलेट और चाकलेट उत्पादों और कैंडीज/मिष्ठान्न/

दुग्ध से बने खाद्य पदार्थ और खाद्य वस्तुएं, जिनमें ठोस दुग्ध एक संघटक के रुप में शामिल हो, को भी प्रतिबंध में सम्मिलित किया गया था।

6.4.2 यह प्रतिबंध समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है और प्रतिबंध की यह अवधि 23 दिसंबर,2018 को समाप्त होनी थी। प्रतिबंध के इस मामले पर एफ.एस.एस.ए.आई. में भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों/विभागों के साथ 6 दिसम्बर, 2018 को आयोजित बैठक में समीक्षा की गई थी। यह सुझाव दिया गया था कि चीन से दुग्ध और दुग्ध उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध की अवधि मेलामाइन के परीक्षण के लिए पूरे भारत में प्रवेश के स्थानों के पत्तनों पर स्थित सभी अधिसूचित प्रयोगशालाओं की क्षमता को उपयुक्त रुप से उन्नयन किए जाने तक आगे बढ़ायी जाए। तद्नुसार, सिफारिशों के आधार पर केंद्र सरकार द्वारा दुग्ध और दुग्ध उत्पादों, जिसमें चाकलेट और चाकलेट उत्पादों और कैंडीज/मिष्ठान्न/दुग्ध से बने खाद्य पदार्थ और खाद्य वस्तुएं, जिनमें ठोस दुग्ध एक संघटक के रुप में शामिल हो, सम्मिलित हैं, के आयात पर प्रतिबंध चार महीनों की अवधि अर्थात 23 अप्रैल, 2019 तक और बढ़ाया गया है।

सारणी 12 – पहली अप्रैल, 2018 से 31 मार्च 2019 तक की अवधि के लिए खाद्य आयात निर्मुक्ति आंकड़े

स्थान	आयातित खाद्य वस्तुओं की सं.	कुल मात्रा (मी.ट.*)	जारी की गई गैर-अनुपालना रिपोर्टों (एनसीआर) की संख्या	एनसीआर से संबंधित मात्रा (मी.ट.)	जारी एनओसी की संख्या	जारी किए गए एनओसी से संबंधित मात्रा (मी.ट.)
चैन्नई	16,725	19,08,208.03	218	6,621.16	11,328	18,58,726.71
कोच्ची	2,233	64,619.57	134	995.97	2,087	40,667.36
कोलकाता	3,887	22,78,632.87	69	657.96	3,049	8,95,890.86
मुम्बई	58,406	19,02,129.35	537	4,681.22	46,982	16,61,164.2
दिल्ली	9,018	45,490.25	236	277.5	8,470	41,054.36
तूतीकोरिन	1,610	4,74,359.18	86	3,639.09	1,516	4,59,659.74
योग	**91,879**	**66,73,439.24**	**1,280**	**16,872.9**	**73,432**	**49,57,163.23**

मी.ट.*मीट्रिक टन

अध्याय-7

खाद्य सुरक्षा अनुपालन

7.1 लाइसेंसिंग/ पंजीकरण:

7.1.1 विनियमात्मक प्रावधान

देश में सभी खाद्य कारोबारियों (एफबीओ) को कारोबार आरंभ करने या जारी रखने के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 31 के अंतर्गत पंजीकृत कराना होता है अथवा लाइसेंस लेना होता है। खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 में खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण की प्रक्रिया संबंधी विनियम हैं। खाद्य कारोबारियों को पात्रता मानदंडों के अनुसार केंद्रीय लाइसेंस, राज्य लाइसेंस दिए जाते हैं अथवा उनके पंजीकरण किए जाते हैं। केन्द्रीय या राज्य लाइसेंस के मामले में किसी स्थान विशेष पर कोई खाद्य कारोबार चलाने के लिए विभिन्न प्रकार के कारोबारों के लिए विशिष्ट लाइसेंस संख्या दी जाती है। खाद्य कारोबारियों द्वारा खाद्य उत्पादों का क्रय या विक्रय केवल लाइसेंसशुदा/पंजीकृत विक्रेताओं से ही करना अपेक्षित होता है और उनका रिकार्ड रखना होता है।

7.1.2 केंद्रीय अथवा राज्य लाइसेंस/पंजीकरण के पात्रता संबंधी मानदंड सारणी 14 में दिए गए हैं।

7.1.3 लाइसेंस देने और पंजीकरण करने की प्रक्रिया आसान बनाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने वर्ष 2012 में पंजीकरण, केंद्रीय लाइसेंस और राज्य लाइसेंस के लिए मैनुअल प्रक्रिया को बदलकर एकल खिड़की के रूप में ऑनलाइन खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण प्रणाली (एफ.एल.आर.एस) लागू कर दी थी। इस प्रणाली को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए इसमे निरंतर सुधार हुआ है। एफ.एल.आर.एस से खाद्य कारोबारियों तक पहुँच बनाने में सहायता मिली है और पिछले कुछ वर्षों में पंजीकरण और लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले खाद्य कारोबारियों की संख्या में आशाजनक वृद्धि हुई है।

7.1.4 एफ.एल.आर.एस. के अतिरिक्त, लघु स्तर के खाद्य कारोबारियों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई कॉमन सर्विस सेंटरों (सी.एस.सी-एस.पी.वी) की सेवाओं का भी लाभ उठा रही है। यह सेवा पूरे भारत के सभी सी.एस.सी में उपलब्ध है।

7.1.5 दिनांक 31 मार्च, 2019 तक केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों (सी.एल.ए) द्वारा खाद्य कारोबारियों को 46,851 केन्द्रीय लाइसेंस जारी किए गए, जोकि गत वर्ष जारी किए गए लाइसेंसों की तुलना में 25% अधिक है। इसी प्रकार, 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार, अधिनियम के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा 10,44,992 लाइसेंस जारी किए गए और 47,97,997 पंजीकरण प्रदान किए गए। इन आंकड़ों से केन्द्रीय लाइसेंस, राज्य लाइसेंस और पंजीकरण की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि का पता चलता है। लाइसेंसिंग और पंजीकरण का वर्षवार तुलनात्मक विवरण सारणी -13 में दिया गया है:

सारणी 13 - वर्षों के दौरान जारी किए गए लाइसेंस और पंजीकरण की संख्या में हुई वृद्धि दर्शाने वाले आंकड़े

की स्थिति के अनुसार	केन्द्रीय लाइसेंस	राज्य लाइसेंस	पंजीकरण
31.03.2014	14,610	4,66,057	20,73,405
31.03.2015	19,250	5,52,113	23,78,082
31.03.2016	24,917	7,08,664	27,64,600
31.03.2017	30,413	7,92,780	30,39,762
31.03.2018	37,405	7,83,832	31,90,371
31.03.2019	46,851	10,44,992	47,97,997

उपर्युक्त आंकड़ों का रेखाआकृति में प्रदर्शन



7.2 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में प्रवर्तन तंत्र का प्रशासनिक ढाँचा

एफ.एस.एस अधिनियम, 2006 के अध्याय 7 में अधिनियम के प्रवर्तन संबंधी उपबंध हैं। राज्य/संघ शासित सरकारें अपने क्षेत्रों में एफ.एस.एस. अधिनियम, 2006 को खाद्य सुरक्षा आयुक्त के माध्यम से लागू करने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। खाद्य सुरक्षा आयुक्त के अंतर्गत दल में अभिनामित अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल हैं। विभिन्न राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में कुल 36 खाद्य सुरक्षा

आयुक्त हैं, जो अभिनामित अधिकारियों और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के माध्यम से लाइसेंसिंग/पंजीकरण और प्रवर्तन का कार्य करते हैं। न्याय-निर्णयन मशीनरी में विशेष अदालतों और आम दीवानी अदालतों के अतिरिक्त न्याय-निर्णयन अधिकारी और अपीलीय ट्रिब्यूनलें शामिल हैं। विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में प्रवर्तन ढाँचे का विवरण सारणी 15 में दिया गया है।

7.3 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में एफ.एस.एस. अधिनियम और नई शुरुआतों के क्रियान्वयन में वर्ष 2018-19 में हुई प्रगति और नई पहलें:

7.3.1 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों के कार्यान्वयन और प्रवर्तन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ शासित क्षेत्रों की सरकारों की है। जाँच के लिए संबंधित राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा विभागों के कार्मिकों द्वारा विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की निगरानी, मॉनिटरिंग और निरीक्षण नियमित रूप से किया जाता है और यादृच्छिक नमूने लिए जाते हैं। खाद्य नमूनों के नियमों के अनुरूप न पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अध्याय IX के अंतर्गत दंड के प्रावधान लागू किए जाते हैं। वर्ष 2018-19 के दौरान विश्लेषित नमूनों, निर्धारित मानकों और मानदंडों के अनुरूप नहीं पाए गए नमूनों और की गई दंडात्मक कार्रवाई का विवरण सारणी 16 में दिया गया है।

7.3.2 अनुपालन के प्रति समग्र दृष्टिकोण का विकास करने के लिए, एफ.एस.एस.ए.आई निरीक्षणों और निगरानियों को विश्व मानकों के अनुरूप बनाने के लिए जोखिम आधारित दृष्टिकोण अपना रही है। जोखिम आधारित निरीक्षण प्रणाली (आर.बी.आई.एस) से सुरक्षित खाद्य आपूर्ति तथा उचित व्यापारिक रीतियों का सुनिश्चय किया जा सकेगा। साथ ही कपटपूर्ण रीतियों को रोका जा सकेगा। इसके उद्देश्य हैं : (i) भारत में खाद्य के उपभोक्ता के संरक्षण के लिए घरेलू बाजार में असुरक्षित खाद्य के आगम को रोकना, (ii) प्रहस्तन किए गए अथवा उत्पादित विशिष्ट उत्पादों से निरपेक्ष रहते हुए उत्पाद-आधारित प्रक्रिया की जगह जोखिम-आधारित खाद्य निरीक्षण प्रणाली लागू करना, जिसका उपयोग संपूर्ण खाद्य क्षेत्र के खाद्य निरीक्षकों द्वारा किया जा सकता है, और (iii) 'जोखिम ग्रेड' को लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली से जोड़ना।

7.3.3 फोस्कोरिस

7.3.3.1 एफ.एस.एस.ए.आई. ने 'नियमित निरीक्षण और सैम्पलिंग प्रणाली के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अनुपालन' की एक डिजिटल निरीक्षण प्रणाली (फोस्कोरिस) का विकास किया है और सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से खाद्य सुरक्षा निरीक्षण और सैम्पलिंग में पारदर्शिता लाने के लिए उसे अपनाने का अनुरोध किया गया है। इसका उपयोग हाथ में धारण किए जा सकने वाले उपकरण जैसे मोबाइल फोन, टेबलेट के साथ प्रयोग किया जा सकता है और साथ में डेस्कटॉप से भी। फोस्कोरिस न केवल निरीक्षण के लिए बल्कि वास्तविक समय आधार पर निगरानी, आंकड़ा संग्रहण और आंकड़ा विश्लेषण के लिए भी एक सशक्त टूल के रुप में कार्य करेगा। फोस्कोरिस के अंतर्गत निरीक्षण करने वाले अधिकारियों का विवरण, उनकी भौगोलिक स्थिति, खाद्य परिसरों, जिनका निरीक्षण किया जा रहा हो, आदि का विवरण देखा जा सकेगा। निरीक्षण अधिकारी आकृति खींच सकेंगे और इन्हें सिस्टम में अपलोड कर सकेंगे।

7.3.3.2 प्रारंभ में, एफ.एस.एस.ए.आई. ने तीन राज्यों अर्थात पंजाब, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश और एफ.एस.एस.ए.आई. के सभी 5 क्षेत्रों में फोस्कोरिस का कार्यान्वयन किया है और तत्पश्चात, फोस्कोरिस का बिहार और चण्डीगढ़ में कार्यान्वयन किया गया है। इसके अलावा, एफ.एस.एस.ए.आई. ने 21 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के विनियात्मक कर्मियों को फोस्कोरिस पर प्रशिक्षण प्रदान किया है।

7.3.3.3 दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित खाद्य कारोबारियों के एककों के निरीक्षण के लिए फोस्कोरिस के क्रियान्वयन में मोबाइल नेटवर्क की चुनौती एक बड़ी चुनौती है। फोस्कोरिस के क्रियान्वयन के लिए राज्यों द्वारा जिस अन्य

चुनौती का सामना किया जा रहा है, वह बुनियादी सुविधाओं के अभाव से संबंधित है जैसे सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित हाथ में धारण किए जाने वाले उपकरण उपलब्ध न होना जिससे फोस्कोरिस के कार्यान्वयन में बाधा आती है। तत्पश्चात, फोस्कोरिस का एक ऑफलाइन माड्यूल (एप वर्जन) भी विकसित किया गया है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भेजा गया है ताकि उन्हें इस संबंध में कार्रवाई करने और इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

7.3.4 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ पारस्परिक विचार-विमर्श में सुधार के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ विडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) सत्र का आयोजन करता है। सामान्यतया, विडियो कांफ्रेंस सत्र एक समय में एक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के साथ साप्ताहिक आधार पर आयोजित किया जाता है। सत्र के दौरान, इन मामलों पर राज्य विशिष्ट समस्याओं और अपनाए जा सकने वाले समाधानों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

7.3.5 एफ.एस.एस.ए.आई. ने राज्यों के साथ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की खाद्य सुरक्षा समस्याओं पर विचार-विमर्श के लिए राज्य स्तरीय परामर्श समिति में भाग लेकर परस्पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है।

7.3.6 एफएलआरएस एक ऐसा प्रमुख साफ्टवेयर एप्लीकेशन है जो एफ.एस.एस.ए.आई. के लाइसेंस प्रदान करने और पंजीकरण की प्रणाली का सरलीकरण करती है और जो नागालैंड को छोड़कर, अब सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रचालन में है। इसके अलावा, एफएलआरएस भारतीय रेल के सभी 16 जोन में लागू किया गया है और अब सभी भारतीय रेल के जोन एफएलआरएस पर लाइव हैं।

7.3.7 पिछले वर्षों में लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली के उपयोग के दौरान संबन्धित विनियमों और सूचना प्रौद्योगिकी के मंच पर बहुत-सी कमियां महसूस की गई। एफ.एस.एस.ए.आई. को विनियमों के कार्यान्वयन से संबंधित कार्यात्मक समस्याओं के बारे में समय-समय पर विनियामक कर्मियों और खाद्य कारोबारियों से विभिन्न प्रकार की सूचनाएं मिली थीं। प्राप्त फीडबैक को ध्यान में रखते हुए, क्योंकि सरकार का ज़ोर खाद्य सुरक्षा के संबंध में कोई समझौता किए बगैर व्यापार करना आसान बनाने पर रहा है, इसलिए एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारोबारियों का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम,2011 और साथ ही एफएलआरएस ऑनलाइन प्रणाली में व्यापक संशोधन और सुधार का प्रस्ताव किया गया है।

7.3.8 खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एफ.एस.एस.ए.आई. ने ई-कामर्स खाद्य कारोबारियों के प्रचालन से संबंधित दिशा-निर्देश तैयार किए हैं, जिन्हें अब प्रचालनात्मक बनाया गया है। ई-कामर्स प्रतिष्ठानों द्वारा खाद्य कारोबार में अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों के सभी प्रयोज्य प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है।

7.3.9 एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य और बीवरेज (एफ. एंड बी.) के क्षेत्र में विभिन्न जन संचार के माध्यमों में भ्रामक विज्ञापनों को मानीटर करने और उनका समाधान करने के लिए भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (ए.एस.सी.आई.) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। वर्ष 2018-19 के दौरान, ए.एस.सी.आई. ने खाद्य से संबंधित 301 भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई की।

7.4 राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एस.एफ.एस.आई.)

एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य सुरक्षा के विभिन्न मानदण्डों से संबंधित राज्यों के निष्पादन का मापन करने के लिए राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक का विकास किया है। यह सूचकांक गतिशील मात्रात्मक और गुणात्मक मानदण्ड निर्धारण माडल है जो कि सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा का मूल्यांकन करने के लिए एक उद्देश्यपरक ढांचा है। यह सूचकांक पांच महत्वपूर्ण मानदण्डों पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के निष्पादन पर आधारित है। ये मानदण्ड हैं: मानव संसाधन और संस्थानात्मक आंकड़े; अनुपालन, खाद्य परीक्षण अवसंरचना और निगरानी; प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण तथा उपभोक्ता सशक्तीकरण। इन मानदण्डों की भारांकन पद्धति निम्नलिखित रुप से चित्रांकित की गई है:

आकृति 12 - 'राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक' के लिए मानदण्डों की भारांकन पद्धति



7.5 खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण अभिकरणों की नामावली

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 44 के द्वारा खाद्य प्राधिकरण को खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों के साथ खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण और अनुपालन की जांच का कार्य करने के लिए किसी संगठन अथवा अभिकरण को मान्यता प्रदान करने की शक्तियां सौंपी गई हैं। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16(2) द्वारा खाद्य कारोबार के लिए खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एफ.एस.एम.एस.) के प्रमाणन में नियोजित प्रमाणन निकायों के प्रमाणन के लिए तंत्रों और दिशा-निर्देशों को विनिर्दिष्ट करने के लिए विनियम निरुपित करने के लिए शक्तियां सौंपी गई हैं। तद्नुसार, एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण) विनियम, 2018 को 28 अगस्त, 2018 से अधिसूचित किया है और संपरीक्षण के विभिन्न कार्य क्षेत्रों के अंतर्गत 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार 24 खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण अभिकरणों को मान्यता प्रदान की है। एफ.एस.एस.ए.आई. ने अब तृतीय पक्ष संपरीक्षण अभिकरणों के माध्यम से खाद्य कारोबारियों की संपरीक्षा की पहल की है।

7.6 नगर निगम की वधशालाओं का खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण करना

एफ.एस.एस.ए.आई. ने 'स्वच्छ और सुरक्षित मांस अभियान' की शुरुआत की है। इस शुरुआत का उद्देश्य एक ऐसी पारिस्थितिकी का विकास करना है जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को स्वच्छ और सुरक्षित मांस तथा मांस उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे। इस अभियान के संबंध में, एफ.एस.एस.ए.आई. ने शुरुआत के तौर पर, पूरे भारत में 40 नगर निगम वधशालाओं का खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण करने के लिए निर्णय लिया है। इस अभियान में सभी खुदरा मांस की दुकानें और मांस प्रसंस्करण एकक और वधशालाओं का अनिवार्य लाइसेंस/पंजीकरण तथा खाद्य सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण करना सम्मिलित है।

7.7 निगरानी

निगरानी रखना विनियामक अनुपालन का एक अभिन्न अंग है और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र नियमित रुप से निगरानी गतिविधियों का आयोजन करती हैं और अपनी निगरानी योजनाओं के अनुसार गहन निगरानी अभियान का संचालन करती हैं। एफ.एस.एस.ए.आई. ने वार्षिक निगरानी योजना तैयार की है और इसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भेजा है ताकि वे भौगोलिक अवस्थिति, खाद्य मदों की उपलब्धता, त्यौहार अथवा विशिष्ट आयोजनों के दौरान सक्रिय/विशिष्ट निगरानी अभियान, खाद्य वस्तुओं से सम्बद्ध जोखिम के स्तर आदि को ध्यान में रखते हुए अपनी-अपनी वार्षिक निगरानी योजना तैयार कर सकें। अपने-अपने क्षेत्रों में प्रारंभ की गई गतिविधियों के आधार पर, राज्य और संघ राज्य क्षेत्र समय-समय पर एफ.एस.एस.ए.आई. को निगरानी रिपोर्टें प्रस्तुत कर रहे हैं जिनके संबंध में बाद में विभिन्न केन्द्रीय सलाहकार समिति की बैठकों, वीडियो कांफ्रेंसों और राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों के साथ अन्य बैठकों में इन रिपोर्टों की समीक्षा की जाती है।

7.8 लाइसेंसिंग/पंजीकरण - व्यापार के सरलीकरण की पहलें

- लाइसेंसिंग/पंजीकरण के लिए दस्तावेजों के भौतिक प्रस्तुतकरण की समाप्ति

  यह नोट किया गया कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र लाइसेंसिंग/पंजीकरण के लिए अपेक्षित विभिन्न दस्तावेज के भौतिक प्रस्तुतिकरण के संबंध में अनुरोध कर रहे थे। इससे आवेदनों के प्रस्तुतिकरण की ऑनलाइन प्रणाली का उद्देश्य विफल होता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए और व्यापार को सरल बनाने के सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसरण में तथा व्यापार सुधार कार्ययोजना - 2017 के अनुसार, एफ.एस.एस.ए.आई. ने 16 अप्रैल, 2018 से लाइसेंसिंग/पंजीकरण के लिए अपेक्षित विभिन्न दस्तावेजों को भौतिक रुप से प्रस्तुत करना पूरी तरह से समाप्त कर दिया है।

- लाइसेंस/पंजीकरण के ऑनलाइन प्रेषण की शुरुआत

  यह नोट किया गया कि खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस के सिस्टम से उत्पन्न होने के बावजूद भी लम्बे समय से लाइसेंस/पंजीकरण की हस्ताक्षरित प्रति भौतिक रुप से प्राप्त नहीं हो रही थी। डाक में होने वाले इस प्रकार के विलम्ब की स्थिति और इसके परिणामस्वरुप होने वाली असुविधा से बचने और खाद्य कारोबारियों को होने वाली परेशानियों से बचने के लिए, एफ.एस.एस.ए.आई. ने 18 अप्रैल, 2018 को खाद्य कारोबारी की ईमेल आईडी पर सिस्टम से उत्पन्न लाइसेंस/पंजीकरण भेजने का निर्णय लिया है। सिस्टम से उत्पन्न एफ.एस.एस.ए.आई. लाइसेंस/पंजीकरण प्रमाण पत्र पर सुरक्षा विशेषता के रुप में क्विक रेस्पोंस (क्यूआर) कोड अंकित होता है ताकि लाइसेंस/पंजीकरण प्रमाणपत्र का सत्यापन किया जा सके। कंप्यूटर उत्पन्न लाइसेंस/पंजीकरण प्रमाण पत्र के आधार पर खाद्य कारोबारी अपना कारोबार शीघ्र ही शुरु कर सकता है। इस व्यवस्था को पहली मई, 2018 से लागू किया गया है।

- होटलों/जलपान गृहों को लाइसेंस प्रदान करने के लिए दस्तावेजों का युक्तिकरण होटलों/जलपान गृहों के कार्य में संलग्न खाद्य कारोबारियों से लाइसेंस प्रदान करने वाले प्राधिकरण विभिन्न दस्तावेज, हालांकि अपेक्षित नहीं होते हैं, अपलोड करने के बारे में अनुरोध करते रहे थे। अब इसे समाप्त कर दिया गया है।

- लाइसेंस/पंजीकरण के नवीकरण के लिए दिनों की संख्या 60 से बढ़ाकर 120 दिन की गई। इससे पहले, नवीकरण की नियत तिथि से पहले अपने लाइसेंस/पंजीकरण के नवीकरण के लिए खाद्य कारोबारियों को 60 दिन की विंडो प्रदान की गई थी। कारोबार की सुविधा के लिए इसे अब 120 दिन कर दिया गया है।

- भारतीय रेल के सभी क्षेत्रों ऑनलाइन लाइसेंस/पंजीकरण जारी करना

  इससे पूर्व, रेलवे नेटवर्क के खाद्य कारोबारियों को रेलवे द्वारा ऑफलाइन पद्दि्त से लाइसेंस/पंजीकरण जारी किए जा रहे थे। चूँकि अब सभी जोनों को एफएलआरएस के अंतर्गत लाया गया है, इसलिए रेलवे ऑनलाइन लाइसेंस/पंजीकरण जारी कर रही है।

7.9 पहलें जिन पर कार्य योजना बन रही है -

(1) खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारोबारियों का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 में संशोधन

(2) एफएलआरएस प्रणाली में रि-कॉल माड्यूल जोड़ना

(3) लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रक्रियाओं का सरलीकरण और युक्तिकरण तथा एक अधिक सुदृढ़ सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली का विकास

(4) एफएसएमएस के अनुपालन के संपरीक्षण के लिए प्रत्यायन और प्रमाणन अभिकरणों का व्यापक नेटवर्क स्थापित करना

(5) विभिन्न चरणों पर प्रणालीबद्ध निगरानी के माध्यम से प्राधिकरणों के आंतरिक प्रक्रियाओं में समय अंतराल का इष्टमीकृत करना

(6) उभरते कारोबार मॉडलों का सक्रियतापूर्वक समावेशन एवं प्राधिकरण द्वारा प्रतिक्रया अर्थात ई-कामर्स, प्रत्यक्ष बिक्री आदि ताकि पूरी आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य कारोबारियों का उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना।

(7) लाइसेंसिंग और जी.एच.पी. के अंतर्गत लाने के लिए ऐसे सभी केन्द्रीय संस्थानों तक पहुंच जिनमें खाद्य से संबंधित गतिविधियां/कैंटीन आदि हैं।

सारणी 14 - केन्द्रीय अथवा राज्य लाइसेंस और पंजीकरण की पात्रता के लिए मानदण्ड

केन्द्रीय लाइसेंस	
•	प्रतिदिन 50,000 लीटर से अधिक द्रवित दूध अथवा प्रति वर्ष 2500 मीट्रिक टन (मी॰ टन) ठोस दूध वाली डेयरी एकक
•	वनस्पति तेल प्रसंस्करण/उत्पादन करने वाली एकक जिनकी संस्थापित क्षमता 2 मी.टन प्रति दिन से भी अधिक है
•	वधशालाएं जो प्रतिदिन 50 बड़े पशुओं/150 छोटे पशुओं/1000 कुक्कुट पक्षियों का वध करने से सुसज्जित हैं
•	मांस प्रसंस्करण एकक जो प्रतिदिन 500 किलोग्राम/प्रति वर्ष 150 मी.टन मांस हैंडल करने के लिए सुसज्जित हैं
•	खाद्य प्रसंस्करण एकक जिनकी संस्थापित क्षमता 2 मी.टन प्रतिदिन है, अनाज, धान्य, दाल मिलिंग एककों को छोड़कर
•	100% निर्यातोन्मुख एकक
•	वाणिज्यिक उपयोग के लिए खाद्य वस्तुओं (जिसमे खाद्य संघटक और सहयोज्य सम्मिलित हैं) का आयात कर रहे सभी आयातक
•	सभी खाद्य कारोबारी जो किसी भी मालिकाना खाद्य का विनिर्माण/प्रसंस्करण/आयात कर रहे हैं जिसके लिए एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है
•	दो अथवा अधिक राज्यों में संचालन कर रहे खाद्य कारोबारी का पंजीकृत/मुख्य कार्यालय
•	केन्द्रीय सरकारी अभिकरणों जैसे रेलवे, एयर और विमानपत्तन, समुद्रपत्तन, रक्षा आदि के अंतर्गत संस्थापनाओं और एककों में खाद्य कैटरिंग सेवाएं
•	5 स्टार और अधिक प्रत्यायन वाले होटल
•	सभी ई-कामर्स खाद्य कारोबार
राज्य लाइसेंस	
•	सभी खाद्य कारोबारी, पंजीकरण/केन्द्रीय लाइसेंस के लिए पात्र से भिन्न
•	सभी अनाज, धान्य और दाल मिलिंग एकक
पंजीकरण	
•	छोटे विनिर्माता, खुदरा विक्रेता, हॉकर, फेरी वाले या अस्थायी स्टालधारी
•	छोटे खाद्य कारोबारी जिनका वार्षिक टर्नओवर 12 लाख रुपए से अधिक न हो
•	खाद्य की उत्पादन क्षमता जो 100 किलोग्राम/लीटर प्रतिदिन से अधिक न हो
•	500 लीटर प्रति दिन या इससे कम दूध की अधिप्राप्ति या हैंडलिंग और संग्रहण
•	प्रतिदिन वध क्षमता 2 बड़े पशु या 10 छोटे पशु या 50 पोल्ट्री पक्षी अथवा इससे कम

सारणी 15 - एफ.एस.एस. अधिनियम, 2006 के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रवर्तन तंत्र की प्रशासनिक संस्थापना (31.03.2019 की स्थिति के अनुसार)

क्र.सं.	राज्य का नाम	एफ.एस.सी.	ए.ओ. की सं.	डी.ओ. की सं.	एफ.एस.ओ. की सं.	एस.एल.ए.सी	डी.एल.ए.सी	ट्रिब्यूनल
1	अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह	1	3	3	14	हां	हां	हां
2	आंध्र प्रदेश	1	13	14	32	हां	हां	हां
3	अरुणाचल प्रदेश	1	22	22	3	हां	हां	हां
4	असम	1	27	5	35	हां	हां	हां
5	बिहार	1	38	14	14	हां	हां	नहीं
6	चंडीगढ़	1	1	1	6	हां	हां	हां
7	छत्तीसगढ़	1	27	30	56	हां	हां	हां
8	दादर और नगर हवेली	1	1	1	1	हां	हां	हां
9	दमन और दीव	1	2	2	2	हां	हां	हां
10	दिल्ली	1	11	5	26	हां	हां	हां
11	गोवा	1	2	2	21	हां	हां	हां
12	गुजरात	1	33	38	137	हां	हां	हां
13	हरियाणा	1	22	25	75	हां	हां	हां
14	हिमाचल प्रदेश	1	12	15	75	हां	हां	नहीं
15	जम्मू और कश्मीर	1	22	24	106	हां	हां	हां
16	झारखण्ड	1	24	24	219	हां	हां	नहीं
17	कर्नाटक	1	36	30	230	हां	नहीं	हां
18	केरल	1	22	18	162	हां	हां	हां
19	लक्षद्वीप	1	1	1	13	हां	नहीं	नहीं
20	मध्य प्रदेश	1	51	51	163	हां	हां	हां
21	महाराष्ट्र	1	7	62	265	हां	हां	हां
22	मणिपुर	1	16	10	22	हां	हां	हां
23	मेघालय	1	11	11	11	हां	हां	हां
24	मिजोरम	1	9	10	25	हां	हां	नहीं
25	नागालैण्ड	1	11	4	7	हां	हां	नहीं
26	ओडिशा	1	30	36	105	हां	हां	नहीं
27	पुडुचेरी	1	2	4	8	हां	हां	हां
28	पंजाब	1	22	22	35	हां	नहीं	हां
29	राजस्थान	1	40	43	60	हां	नहीं	हां
30	सिक्किम	1	4	6	6	हां	हां	नहीं
31	तमिलनाडु	1	32	32	391	हां	हां	हां
32	तेलंगाना	1	31	35	80	हां	नहीं	हां
33	त्रिपुरा	1	3	23	64	हां	हां	हां
34	उत्तराखण्ड	1	13	15	90	हां	हां	हां
35	उत्तर प्रदेश	1	75	77	662	हां	हां	हां
36	पश्चिम बंगाल	1	23	26	152	हां	हां	हां
कुल		36	699	741	3,373			

टिप्पणी: एफ.एस.सी.=खाद्य सुरक्षा आयुक्त, ए.ओ. = न्याय निर्णय अधिकारी,डीओ=अभिनामित अधिकारी,एफएसओ=खाद्य सुरक्षा अधिकारी, एसएलएसी=राज्य स्तरीय सलाहकार समिति,डीएलएसी-जिला स्तरीय सलाहकार समिति

सारणी 16 - वर्ष 2018-19 के दौरान विश्लेषित नमूनों, निर्धारित मानकों और मानदण्डों के अनुरुप नहीं पाए गए नमूनों की संख्या और की गई दंडात्मक कार्रवाई का विवरण

क्रमांक	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र का नाम	विश्लेषित खाद्य नमूनों की संख्या	गैर-अनुपालन पाए गए नमूनों की संख्या				प्रारम्भ की गई कार्यवाई के मामलों की संख्या		अपराध सिद्धि / दंड के मामलों की संख्या/ दंड राशि		
			असुरक्षित	खराब गुणवत्ता	लेबलिंग में दोष / भ्रामक / अन्य मामले।	योग	आपराधिक	दीवानी	अपराध सिद्धि	दंड	दंड की कुल राशि (रु.)
1	अंडमान और निकोबार	268	0	11	0	11	1	90	1	89	12,74,000
2	आंध्र प्रदेश	4,715	149	244	299	692	104	456	29	344	1,06,91,300
3	अरुणाचल प्रदेश	291	1	3	7	11	1	7	0	6	21,000
4	असम	515	46	48	17	111	7	14	0	5	77,000
5	बिहार	4,135	110	151	111	372	25	146	0	30	10,65,000
6	चंडीगढ	315	3	16	11	30	37	21	30	15	3,35,000
7	छत्तीसगढ	988	16	141	51	208	23	27	17	8	9,95,000
8	दादरा और नगर हवेली	58	0	2	4	6	0	6	0	6	63,000
9	दमन और दीव	145	0	1	3	4	0	4	0	0	0
10	दिल्ली	2,461	96	148	241	485	29	110	38	31	47,16,001
11	गोवा	1,550	6	45	37	88	1	9	0	17	8,66,000
12	गुजरात	9,884	47	432	343	822	22	353	22	237	1,95,89,004
13	हरियाणा	2,929	95	459	183	737	47	488	5	242	51,16,860
14	हिमाचल प्रदेश	229	6	20	17	43	4	10	4	35	9,65,500
15	जम्मू और कश्मीर	3,600	44	732	640	1,416	10	698	1	466	57,18,800
16	झारखंड	499	44	101	63	208	10	71	0	22	4,85,000
17	कर्नाटक	3,945	100	120	236	456	71	249	0	146	9,50,800
18	केरल	4,378	201	321	259	781	102	565	2	339	1,11,17,000
19	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
20	मध्य प्रदेश	7,063	44	651	674	1,369	114	1,095	8	557	1,82,28,200
21	महाराष्ट्र	4,742	278	633	125	1,036	957	910	18	529	1,19,96,269
22	मणिपुर	388	0	28	28	56	0	16	0	12	6,89,000
23	मेघालय	81	3	0	0	3	1	0	0	3	1,93,700
24	मिजोरम	124	2	7	18	27	0	0	0	0	0
25	नागालैंड	202	0	175	0	175	0	63	0	63	37,500
26	ओडिशा	327	22	44	25	91	38	123	0	3	2,20,000
27	पुडुचेरी	2,037	0	39	0	39	0	0	0	7	
28	पंजाब	11,920	92	2,015	1,854	3,961	45	1,840	3	1,762	1,57,03,200
29	राजस्थान	5,760	208	1,272	667	2,147		657	141	686	20,17,000
30	सिक्किम	182	0	17	0	17	0	0	0	0	0
31	तमिलनाडु	5,730	728	813	1,060	2,601	666	1,718	306	1,485	5,01,11,950
32	तेलंगाना	1,760	23	86	59	168	33	191	3	15	2,48,000
33	त्रिपुरा	192	2	6	0	8	0	3	0	0	0
34	उत्तर प्रदेश	22,583	1,404	7,907	2,506	11,817	451	8,524	73	5,526	15,89,81,003
35	उत्तराखंड	755	0	25	10	35	8	28	0	28	28,53,000
36	पश्चिम बंगाल	1,708	130	157	97	384	6	58	0	20	4,53,000
	कुल	**1,06,459**	**3,900**	**16,870**	**9,645**	**30,415**	**2,813**	**18,550**	**701**	**12,734**	32,57,78,087

स्रोतः राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों

अध्याय-8

खाद्य परीक्षण और निगरानी

8.1 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की अधिसूचना

8.1.1 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अध्याय VIII, धारा 43 के अनुसार, एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए खाद्य प्रयोगशालाओं में खाद्य के परीक्षण के लिए एक पारिस्थितिकी प्रणाली (ईको सिस्टम) को प्रोत्साहित करना अपेक्षित है।

8.1.2 खाद्य विनियामक संस्थापना के एक अभिन्न भाग के रुप में, खाद्य परीक्षण पारिस्थितिकी प्रणाली के अंतर्गत निम्नलिखित प्रमुख कार्यों करने होते हैं:

- खाद्य कानूनों/विनियमों के निर्धारित गुणवत्ता और सुरक्षा मानदण्डों और समर्थ प्रवर्तन के प्रति खाद्य/खाद्य वस्तुओं (घरेलु और आयातित) का विश्लेषण और परीक्षण
- बाजार निगरानी गतिविधियों में सहायता करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विक्रय किए जा रहे खाद्य उत्पाद मानकीकृत हैं और इनका विक्रय निर्धारित मानदण्डों के अनुपालन में किया जाता है।
- जोखिम मूल्यांकन ढांचे का एक भाग बनना, जिसमें खाद्य से संबंधित घटनाएं सम्मिलित हैं और बाद में खाद्य मानकों अथवा दिशा-निर्देश दस्तावेजों के विकास में सहायता
- परीक्षण पद्धतियों में सामंजस्य स्थापित करने, विकास करने अथवा प्रमाणिक बनाने के लिए एक नेटवर्क का अभिन्न भाग बनना
- खाद्य परीक्षण और खाद्य मानकों के बारे में विशेष रुप से उपभोक्ताओं के बीच जागरुकता उत्पन्न करना

खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का उपयोग विनियामक, उपभोक्ताओं और खाद्य कारोबारियों द्वारा किया जा सकता है ताकि सभी स्तरों पर खाद्य कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा सके।

8.1.3 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 43(1) के अनुसार, खाद्य प्राधिकरण द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत खाद्य विश्लेषणों द्वारा नमूनों का विश्लेषण करने के प्रयोजन से राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एन ए बी एल) अथवा किसी अन्य प्रत्यायन अभिकरण द्वारा प्रत्यायित खाद्य प्रयोगशालाओं और अनुसंधान संस्थानों को अधिसूचित किया जाएगा।

8.1.4 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 43(2) के अनुसार, खाद्य प्राधिकरण अधिनियम अथवा इसके अंतर्गत बनाए गए किसी भी नियमों और विनियमों द्वारा अधिसूचना द्वारा अपीलीय खाद्य प्रयोगशाला को सौंपे गए कार्यों के कार्यान्वयन के लिए एक या अधिक अपीलीय खाद्य प्रयोगशाला अथवा प्रयोगशालाओं की स्थापना अथवा मान्यता प्रदान करेगा।

8.1.5 इससे पूर्व, खाद्य प्रयोगशालाओं को इस प्रयोजन के लिए निर्धारित किए गए "एफ.एस.एस.ए.आई.द्वारा प्रत्यायित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को मान्यता एवं अधिसूचना के लिए दिशा-निर्देश" के अनुसार एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा मान्यता प्रदान की जा रही थी और अधिसूचित किया जा रहा था। तथापि, एक कानूनी आधार उपलब्ध कराने, पारदर्शिता लाने और खाद्य प्रयोगशालाओं की गतिविधियों की समीक्षा करने और निगरानी करने के लिए एक उपयुक्त प्रणाली, जिसके द्वारा देश में खाद्य परीक्षण की गुणवत्ता में सुधार

लाया जा सकता है, के होने को आवश्यक बनाने के लिए नवम्बर, 2018 में खाद्य सुरक्षा और मानक (प्रयोगशालाओं को मान्यता और अधिसूचना) विनियम, 2018 को अधिसूचित किया गया है। उक्त विनियमों में प्रयोगशालाओं के लिए मान्यता और अधिसूचना के लिए सभी प्रक्रियात्मक अपेक्षाएं सम्मिलित है जैसे कि प्रयोगशालाओं के प्रकार, मान्यता प्रदान करने और अधिसूचना के लिए मानदण्ड, नवीकरण, संपरीक्षण और अन्वेषण, प्रयोगशालाओं के दायित्व, निलम्बन, मान्यता वापिस लेने, लेखा परीक्षा आदि के अंतर्गत आते हैं।

8.1.6 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार, खाद्य प्राधिकरण की 269 प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क था, इन प्रयोगशालाओं में परीक्षण के लिए 251 प्राथमिक प्रयोगशालाएं हैं, जिसमें 175 प्रयोगशालाएं एफ.एस.एस. अधिनियम, 2006 की धारा 43(1) के अंतर्गत मान्यताप्राप्त और अधिसूचित है तथा एफ.एस.एस. अधिनियम, 2006 की धारा 43(2) के अंतर्गत अपीलीय (रेफरल) परीक्षण के लिए मान्यता प्राप्त और अधिसूचित 18 प्रयोगशालाएं सम्मिलित हैं। एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा मान्यता प्राप्त और अधिसूचित सभी प्रयोगशालाओं का क्षेत्रवार गठन नीचे दिया गया है:

सारणी 17 - प्राथमिक और अपीलीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का विवरण

प्राथमिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं		**संख्या**
1	राज्य खाद्य प्रयोगशालाएं	12
2	केन्द्रीय सरकारी संस्थानों/स्वायत्त निकायों की प्रयोगशालाएं	19
3	निजी प्रयोगशालाएं	144
4	ट्रांजिशन प्रावधानों के अंतर्गत सरकारी प्रयोगशालाएं*	76
	योग प्राथमिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं	**251**
अपीलीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं		
1	केन्द्रीय सरकारी संस्थानों/स्वायत्त निकायों की प्रयोगशालाएं	16
2	खाद्य प्राधिकरण की स्वामित्व वाली प्रयोगशालाएं	02
	योग अपीलीय प्रयोगशालाएं	**18**

(*एफएसएस अधिनियम 2006 की धारा 98 के अंतर्गत ट्रांजिशन प्रावधान के अंतर्गत मान्यताप्राप्त और अधिसूचित)

8.1.7 वर्ष 2018-19 के दौरान, 13 नई प्राथमिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को अधिसूचित किया गया था जबकि पहले से ही ऐसी अधिसूचित 4 प्रयोगशालाओं को विमुक्त किया गया था। इसी प्रकार, 2 नई अपीलीय प्रयोगशालाओं, नामत: पंजाब बॉयोटैक्नोलाजी इंकूबेटर, मोहाली और सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीच्यूट आफ टॉक्सीकोलोजी रिसर्च, लखनऊ को अधिसूचित किया गया था और 2 अपीलीय प्रयोगशालाओं अर्थात सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीच्यूट आफ इंटीग्रेटिव मेडीसिन, जम्मू और आईसीएआर-इंडियन इंस्टीच्यूट आफ वेजीटेबल रिसर्च, वाराणसी को विमुक्त किया गया था।

8.1.8 इससे देश के हर भाग में खाद्य परीक्षण की सुविधाओं की उपलब्धता में सुधार हुआ है। खाद्य प्राधिकरण द्वारा खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की अधिसूचना जारी करना एक सतत प्रक्रिया है जो प्रयोगशालाओं के स्वैच्छिक आवेदनों पर आधारित होता है। तथापि, खाद्य प्राधिकरण ने ऐसे राज्यों में जहां इस समय कोई भी उपलब्ध नहीं है निजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को प्रोत्साहित करने और अधिसूचित करने और इसके साथ-साथ जहां राज्य खाद्य प्रयोगशालाओं अथवा अधिसूचित प्रयोगशालाओं की संख्या कम है वहां

यह संख्या बढ़ाने के लिए प्रस्ताव किया है। राज्यवार एफ.एस.एस.ए.आई. अधिसूचित प्रयोगशालाओं राज्य/सार्वजनिक खादय प्रयोगशाला, अपीलीय प्रयोगशाला की संख्या आकृति 15 में दर्शायी गई है।

8.1.9 खाद्य प्राधिकरण के अधीन खाद्य प्रयोगशालाएं

18 अपीलीय प्रयोगशालाओं में से दो एफ.एस.एस.ए.आई. के सीधे नियंत्रण में हैं अर्थात खाद्य मानकीकरण और अनुसंधान प्रयोगशाला (एफआरएसएल), गाजियाबाद और केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला (सीएफएल), कोलकाता। अब इन दोनों का क्रमश: यह नाम रखा गया है: राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला (एनएफएल) - गाजियाबाद और राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला (एनएफएल), कोलकाता। एनएफएल-गाजियाबाद का विकास अत्याधुनिक मॉडल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के रुप में किया गया है और यह पहली अगस्त, 2018 से सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मोड में कार्य कर रही है। इसी प्रकार, एनएफएल-कोलकाता का भी परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरणों से नवीनीकरण और उन्नयन किया गया है। उन्नत सूक्ष्म जैव विज्ञानीय विश्लेषणात्मक उपकरणों से एनएफएल, कोलकाता में सूक्ष्म जैव विज्ञानीय अनुभाग का भी उन्नयन किया जा रहा है और इसके जून, 2019 तक तैयार हो जाने की संभावना है।

8.2 राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशालाएं (एनआरएल)

8.2.1 खाद्य सुरक्षा और मानक (प्रयोगशालाओं को मान्यता और अधिसूचना) विनियम, 2018 के विनियम 3 के अनुसार, परीक्षण की पद्धतियों के विकास, प्रमाणन, उत्कृष्टता, परीक्षण और प्रशिक्षण के प्रयोजन से खाद्य प्राधिकरण किसी भी अधिसूचित खाद्य प्रयोगशाला अथवा अपीलीय खाद्य प्रयोगशाला को राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला (एनआरएल) के रुप में अधिसूचित कर सकता है। एफ.एस.एस.ए.आई. उत्पाद आधार पर या विश्लेषण आधार या उत्पाद और विश्लेषण दोनों के संयुक्त आधार पर राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशालाओं (एनआरएल) के नेटवर्क की स्थापना की प्रक्रिया में है। ये एनआरएल रोजमर्रा स्वरुप की प्रक्रियाओं के लिए पूरे देश में मानकों का निर्धारण करेंगी, विश्वसनीय परीक्षण पद्धतियां स्थापित करेंगी और ऐसी मानक प्रक्रियाओं/परीक्षण पद्धतियों का प्रमाणन, नई पद्धतियों का विकास और जोखिम अथवा खाद्य श्रेणियों के विशेष संदर्भ में खाद्य प्रयोगशालाओं में परीक्षण में उत्कृष्टता सुनिश्चित करेंगी। एनआरएल प्रणाली की स्थापना की संकल्पना का अनुमोदन खाद्य प्राधिकरण द्वारा 25 मई, 2017 को आयोजित इसकी 23वीं बैठक में किया गया था।

8.2.2 रुचि की अभिव्यक्ति के आधार पर, 39 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 17 को छांटा गया था। सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और निरीक्षण के पश्चात, इस प्रयोजन के लिए गठित कोर समिति ने एनआरएल के रुप में अधिसूचित की जाने वाली 13 प्रयोगशालाओं को और केवल सहायक सुविधा के रुप में कार्य करने के लिए, न कि एक स्वतंत्र एनआरएल के रुप में, 2 प्रयोगशालाओं को सहायक राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशालाओं (ए.एन.आर.एल.) के रुप में अंतिम रुप दिया था और संस्तुति की थी। अधिसूचित एनआरएल के नाम और विशिष्ट कार्य क्षेत्र नीचे दर्शाया गया है:

सारणी 18 - राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशालाओं की सूची

क्रं.सं.	प्रयोगशाला/संस्थान/संगठन का नाम	विशिष्ट क्षेत्र जिसके लिए एनआरएल/एएनआरएल के रुप में घोषित
	एनआरएल के रुप में सरकारी प्रयोगशालाएं	
1.	सीएसआईआर-सैंट्रल फूड टैक्नोलौजिकल रिसर्च इंस्टीच्यूट मैसूरु	पौषण सूचना और लेबलिंग
2.	निर्यात निरीक्षण अभिकरण, कोच्चि	जीएमओ परिक्षण
3.	पंजाब बॉयोटैक्नोलॉजी इंकूबेटर, मोहाली	मिठाई और मिष्ठान्न, जिसमें मधु सम्मिलित है।
4.	आईसीएआर-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केन्द्र	कीटनाशक अवशेष और माईकोटोक्सिंस

क्र.सं.	प्रयोगशाला/संस्थान/संगठन का नाम	विशिष्ट क्षेत्र जिसके लिए एनआरएल/एएनआरएल के रुप में घोषित
5.	आईसीएआर- केन्द्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान, कोच्चि	मत्स्य और मत्स्य उत्पाद
6.	पशुधन एवं खाद्य विश्लेषण एवं शिक्षण केन्द्र - राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आनन्द	डेयरी और डेयरी उत्पाद
7.	सीएसआईआर- इंडियन इंस्टीच्यूट आफ टोक्सिकोलोजी रिसर्च, लखनऊ	न्यूट्रास्यूटिकल्स, कार्यात्मक खाद्य और नूतन / उभरते खाद्य/खाद्य संघटक का विश मूल्यांकन/जोखिम मूल्यांकन
8.	राष्ट्रीय पौध स्वास्थ्य, प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद	फलों और सब्जियों, अनाज और दालों, मसालों और पीटीपी में कीटनाशक अवशेष का विश्लेषण और उसका पीटीपी
	एनआरएल के रुप में निजी प्रयोगशालाएं	
9.	ट्रिलोजी एनालिटीकल लेबोरेट्री प्रा.लि. हैदराबाद	अनाज और दालों, मसालों और कंडीमेंट्स में माइकोटोक्सिन और संबंधित पीटी गतिविधियों
10.	एडवर्ड फूड रिसर्च एंड एनालिसिस सेंटर लिमिटिड, कोलकाता	पशु चिकित्सा औषध अवशेष, प्रतिजैविक और हारमोंस
11.	विम्टा लैब्स लिमिटिड, हैदराबाद	जल, अल्कोहोलिक और गैर-अल्कोहोलिक पेय
12.	फेयर लेब्स प्रा. लि., गुरुग्राम	तेल और वसा
13.	नियोजन फूड एंड एनीमल सिक्योरिटी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटिड, कोच्चि	खाद्य एलर्जीकारक
	एनआरएल की सहायक सुविधा	
1	निर्यात निरीक्षण अभिकरण, ईआईए, चैन्नई	सूक्ष्म जैव विज्ञानीयमें पीटीपी के रुप में सहायक सुविधा
2	निर्यात निरीक्षण अभिकरणईआईए, कोलकाता	सभी खाद्य श्रेणियों में भारी धातुओं के क्षेत्र में पीटीपी के रुप में सहायक सुविधा

8.2.3 एनआरएल जब पूरी तरह से प्रचालन में आ जाएगा, तब उसे सिंगल अम्ब्रेला नेटवर्क में लाया जाएगा जिसे एनआरएल (एनएनआरएल) का नेटवर्क कहा जाएगा।

8.2.4 15 प्रयोगशालाओं की उपर्युक्त सूची का अनुमोदन 4 फरवरी, 2019 को आयोजित खाद्य प्राधिकरण की 27वीं बैठक में किया गया था।

8.2.5 एन.आर.एल. और ए.एन.आर.एल. के लिए दिशा-निर्देशों की पुस्तिका, जिसमें पृष्ठभूमि, उत्तरदायित्व, वित्तीय विनियम, प्रगति रिपोर्ट और समझौता ज्ञापन (एमओयू) का प्रारुप का उल्लेख किया गया है, तैयार की जा रही है। यह पुस्तिका समझौता ज्ञापन का एक भाग होगी। एन.आर.एल. को मान्यता केवल तभी लागू होगी जब समझौता ज्ञापन पर एन.आर.एल. द्वारा विधिवत हस्ताक्षर कर दिए जाएं और एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान कर दी जाए। इन प्रयोगशालाओं को मार्च, 2019 में अनुमोदन से अवगत करा दिया गया है। यह पुस्तिका और समझौता ज्ञापन शीघ्र ही उन्हें भेजा जाएगा।

8.3 देश में खाद्य परीक्षण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की केन्द्रीय क्षेत्र की योजना जिसमें चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की व्यवस्था करना सम्मिलित है -

8.3.1 देश में खाद्य परीक्षण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की केन्द्रीय क्षेत्र की योजना जिसमें चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की व्यवस्था करना सम्मिलित है, का अनुमोदन 31 अगस्त, 2016 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा किया गया था जिसका परिव्यय 481.95 करोड़ रुपये (400.40 करोड़ रुपये - गैर आवती, 81.55 करोड़ रुपये- आवर्ती) था और यह इसके कार्यान्वयन की अवधि 2016-17 से 2018-19 तक तीन वर्षों लिए थी। कार्यान्वयन की प्रगति को देखते हुए, इस योजना को मार्च, 2021 तक दो वर्षों की अवधि के लिए जारी रखने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा गया है। मंत्रालय का अनुमोदन अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

8.3.2 केन्द्रीय क्षेत्र की इस योजना के कार्यान्वयन के महत्वपूर्ण घटकों और स्थिति का विवरण नीचे दिया गया है:

(i) राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण :

योजना के इस घटक के अंतर्गत, लगभग 45 राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं (एस.एफ.टी.एल.) का सुदृढ़ीकरण किया जाना है। प्रत्येक की अनुमानित लागत 10 करोड़ रुपये (लगभग) है जिसमें तीन अत्याधुनिक गुणवत्तापूर्ण उपकरणों (एच.ई.ई.) अर्थात जी.सी.-एम.एस.एम.एस., आई.सी. पी.एम.एस और एलसी-एम.एस.एम.एस. की संस्थापना के लिए भौतिक अवसंरचना के सृजन/नवीकरण के लिए 50 लाख रुपये, एच.ई.ई. (जिसमें 7 वर्षों के लिए जनशक्ति और 5 वर्षों के व्यापक वार्षिक रख रखाव अनुबंध सम्मिलित है) की अधिप्राप्ति के लिए 8.50 करोड़ रुपये और एक सूक्ष्म जैव विज्ञानीय प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 1.00 करोड़ रुपये सम्मिलित हैं। उत्तर पूर्वी राज्य में एक नई प्रयोगशाला की स्थापना के लिए अनुमानित अनुदान 3 करोड़ रुपये है।

वर्ष 2018-19 की अवधि के दौरान, 13 और एस.एफ.टी.एल. के उन्नयन का कार्य प्रारंभ किया गया था जिसके लिए अत्याधुनिक गुणत्तापूर्ण उपकरण (जनशक्ति सहित) की अधिप्राप्ति, सूक्ष्म जैव विज्ञानीय प्रयोगशाला की स्थापना और अति परिष्कृत उपकरणों की स्थापना करने के लिए अवसंरचना का नवीकरण करने के लिए स्वीकृत की गई अनुदान की राशि 143.10 करोड़ रुपये थी जिसमें से 141.60 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए थे। गत वर्ष तक 23 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के जिन 24 एस.एफ.टी.एल. के उन्नयन का कार्य प्रारंभ किया गया था उनकी संख्या बढ़कर 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र में 37 एस.एफ.टी.एल. हो गई है। इसके लिए कुल 220.30 करोड़ रुपये (जिसमें से 218.80 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं) की अनुदान की राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत की गई अनुदान की राशि का विवरण नीचे सारणी 19 में दिया गया है:

सारणी 19 - एस.एफ.टी.एल.के उन्न्यनन के लिए स्वीकृत अनुदान का विवरण

स्वीकृत/जारी अनुदान और प्रयोजन	एस.एफ.टी.एल. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की संख्या	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
रु.15.50 करोड़ नवीकरण कार्य के लिए (@Rs.50 लाख / एसएफटीएल	31 एस.एफ.टी.एल. 27 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात (2 प्रयोगशालाएं अर्थात वड़ोदरा और राजकोट), हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर (2 प्रयोगशालाएं अर्थात जम्मू और श्रीनगर), झारखण्ड, कर्नाटक(बंगलुरु), केरल (2 प्रयोगशालाएं अर्थात कोझीकोड और तिरुवनंतपुरम), मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, नागालैण्ड, ओडिशा, पुदुचेरी, पंजाब, राजस्थान (2 प्रयोगशालाएं अर्थात जोधपुर और उदयपुर), तमिलनाडु (2 प्रयोगशालाएं अर्थात चैन्नई और मदुरै), तेलंगाना, उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल.
रुपये 183.45 करोड़ अत्याधुनिक गुणवत्ता पूर्ण उपकरणों (एच.ई.ई.) की अधिप्राप्ति के लिए	26 एस.एफ.टी.एल. 22 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात (2 प्रयोगशालाएं अर्थात वड़ोदरा और राजकोट), हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर (2 प्रयोगशालाएं अर्थात जम्मू और श्रीनगर),झारखण्ड, कर्नाटक(बंगलुरु),केरल,मणिपुर, मध्य प्रदेश, मेघालय, नागालैण्ड, ओडिशा, पंजाब,राजस्थान (2 प्रयोगशालाएं अर्थात जोधपुर और उदयपुर), तमिलनाडु (2 प्रयोगशालाएं अर्थात चैन्नई और मदुरै), तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल

स्वीकृत/जारी अनुदान और प्रयोजन	एस.एफ.टी.एल. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की संख्या	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
रु. 8.95करोड़ सूक्ष्म जैव विज्ञानीय प्रयोगशाला	14 एस.एफ.टी.एल. 13 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	दिल्ली जम्मू तथा कश्मीर (2 प्रयोगशालाएं), गुजरात,गोवा,, कर्नाटक, केरल,मेघालय, नागालैण्ड,पंजाब,राजस्थान,तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल
रु. 2.40 करोड़ उत्तर पूर्वी राज्य में नई खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना	1 एस.एफ.टी.एल. 1 राज्य	मणिपुर (मोरेह)
रु. 10 करोड़ एचईई के स्थान पर मूलभूत कार्यात्मक प्रयोगशाला के रुप में उन्नयन	2 एस.एफ.टी.एल. 2 राज्य	कर्नाटक (मैसूरु) और सिक्किम (सिंगटाम)

(ii) अपीलीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण:

खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम (एफएसएसआर) के अनुसार योजना के इस घटक में अत्याधुनिक गुणवत्ता पूर्ण सुविधाओं से युक्त अपीलीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण की परिकल्पना की गई है। एफ.एस.एस.आर. के अनुसार कुछ प्रमुख उपकरण सुविधाओं के लिए विद्यमान और अपेक्षित परीक्षण सुविधाओं के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए प्रत्येक अपीलीय प्रयोगशाला के उन्नयन के लिए अनुमानित अनुदान की राशि 3 करोड़ रुपए है।

इस अवधि के दौरान, 3 और अपीलीय प्रयोगशालाओं अर्थात सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीच्यूट आफ टोक्सोकोलॉजी रिसर्च (आईआईटीआर), लखनऊ, राष्ट्रीय मांस रेफरल केन्द्र (एनआरसी-एम) हैदराबाद और पंजाब बायोटेक्नोलॉजी इंकूबेटर (पीबीटीआई), मोहाली को अत्याधुनिक गुणवत्तापूर्ण उपकरणों के साथ उन्नयन के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया था जिसके लिए 9.856 करोड़ रुपए की राशि का अनुदान जारी किए गए। इसके साथ ही उच्च गुणवत्तायुक्त उपकरणों की अधिप्राप्ति के लिए 10 अपीलीय प्रयोगशालाओं को मार्च, 2019 के अंत तक 28.08 करोड़ रुपए का कुल अनुदान का अनुमोदन किया गया है जिसमें से 23.571 करोड़ रुपए जारी किए गए थे। विवरण निम्न सारणी 20 में दिया गया है:

सारणी 20 – अपीलीय प्रयोगशालाओं के उन्नयन के लिए स्वीकृत और जारी की गई अनुदान का विवरण

क्र.सं.	अपीलीय प्रयोगशाला का नाम और पता	राशि (करोड़ रुपये में)		उपकरण का नाम
		स्वीकृत	जारी (मास, वर्ष)	
1	खाद्य सुरक्षा और विश्लेषणात्मक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला, मार्फत सीएफटीआरआई, मैसूरू	4.00	4.00 (मार्च, 2017)	आईआरएमएस एवं एलसी-एमएस/एमएस
2	भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान (एचएफपीटी) तंजावुर	1.65	0.825 (जुलाई, 2017)	आटोमेटिड माइक्रोबियल आइडेंटीफिकेशन सिस्टम एंड डीएनए सिक्वेंसर
3	भारतीय रसायन प्रौद्योगिकी संस्थान (आई आईसीटी) हैदराबाद	1.25	1.25 (तीन किश्तों में)	एएएस,जीसी-एमएस एंड एचपीएलसी-यूवी-एफएलडी
4	आईसीएआर- केन्द्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान, (सीआईएफटी) कोच्चि, केरल	3.50	3.50 (दो किश्तों में)	एलसी-एमएस/एमएस
5	पशुधन एवं आहार विश्लेषण तथा अध्ययन केन्द्र, मार्फत एनडीडीबी आनन्द, गुजरात	2.10	1.886 (दो किश्तों में)	क्यूक्यूक्यू आईसीपी एमएस/एमएस हाइफिनेटिड विद क्रोमेटोग्राफी एलांग विद एसेस्सरीज
6	राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान (एनआईपीएचएम)-हैदराबाद	3.18	1.59	एलसी-एमएस/एमएस, ईवेपोरेटर विद नाइट्रोजन जेनेरेटर आदि
7	राष्ट्रीय अंगूर अपीलीय केन्द्र, (आईसीएआर-एनआरसीजी)	3.00	3.00 (दो किश्तों में)	यूपीएलसी-क्यूटीओएफ-एमएस विद लाइसेंस्ड साफ्टवेयर
8	सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-आईआईटीआर), लखनऊ	3.40	2.72	एलसी-एच0आरएमएस
9	पंजाब बायोटेक्नोलॉजी इंकूबेटर (पीबीटीआई), मोहाली	3.00	2.40	आईसीपी-एमएस ईए-एलसी-आईआरएमएस
10	आईसीएआर- राष्ट्रीय मॉस अनुसंधान केन्द्र(आईसीएआर-एनआरसीएम), हैदराबाद	3.00	2.40	एलसी-एमएस/एमएस डीएनए सिक्वेंसर बेक्टीरियल कल्चर सिस्टम बायोसेफ्टी वर्क स्टेशन
	योग	**28.08 करोड़**	**23.571 करोड़**	

(iii) चल खाद्य प्रयोगशालाओं के लिए सहायता :

इस योजना के अंतर्गत, पूरे देश में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में लगभग 60 चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं (एमएफटीएल), जिन्हें फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स (एफएसडब्ल्यू) के नाम से जाना जाता है (प्रत्येक 20 जिले में एक-एक परंतु प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में कम से कम एक) की स्थापना की जाएगी। इससे न केवल दूरस्थ क्षेत्रों में खाद्य परीक्षण अवसंरचनाओं के अभाव की समस्या का समाधान किया जा सकेगा बल्कि उपभोक्ताओं की मूलभूत विश्लेषणात्मक जरुरतों को भी पूरा किया जा सकेगा। इन प्रयोगशालाओं को संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा अथवा उनके अभिकरणों/ गैर-सरकारी संगठनों आदि द्वारा संचालित किया जाएगा। एक एमएफटीएल, इसके नवीकरण और प्रयोगशाला उपकरण के सृजन की अनुमानित लागत, लगभग 38.5 लाख रुपए है जिसमें जीएसटी सम्मिलित है। इसके अलावा, पीओएल(पेट्रोल, तेल, स्नेहक) और उपभोज्य पदार्थों के संबंध में राज्यों/

संघ राज्य क्षेत्रों को 5 लाख रुपए प्रति वर्ष का आवर्ती अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

एफएसडब्ल्यू का उपयोग इन प्रयोजन के लिए किया जाएगा- (i) निगरानी और राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, स्कूलों और उपभोक्ता संगठनों में खाद्य सुरक्षा के संबंध में जागरुकता सृजन के लिए (ii) दूरस्थ क्षेत्रों से लिए गए नमूनों की खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं तक ढुलाई करने,(iii) खाद्य सुरक्षा कानूनों और समान स्वच्छता पद्धतियों के विभिन्न पहलुओं में उपभोक्ता की शिक्षा (iv) घी, दूध, खोया,मिष्ठान्न, खाद्य तेल, मसाले में गुणात्मक संदूषण, नमकीन इत्यादि मैं गैर अनुमत रंगो के लिए स्थल पर ही परीक्षण। गुणात्मक दृष्टि से प्रत्येक एफएसडब्ल्यू 7 विभिन्न खाद्य श्रेणियों के >54 मानदण्डों का परीक्षण कर सकती है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक एफएसडब्ल्यू में राज्यों द्वारा इच्छा व्यक्त करने पर, सरल सूक्ष्म जीव-विज्ञानीय परीक्षणों के निष्पादन के लिए प्रावधान किया गया है।

वर्ष 2018-19 के दौरान, 13 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 20 एफएसडब्ल्यू मंजूर किए गए थे, जिनमें से 17 एसएफडब्ल्यू 12 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को संवितरित किए गए। 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार 32 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 46 एफएसडब्ल्यू स्वीकृत किए गए थे जिनमे 40 को वितरित कर दिया गया था। संवितरित किए लगभग सभी एफएसडब्ल्यू को राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा इस अवधि के दौरान प्रचालनात्मक बनाया गया है। एफएसडब्ल्यू का राज्यवार आबंटन इस प्रकार है:

अंडमान और निकोबार (1), अरुणाचल प्रदेश (1), असम (1), बिहार(1), चण्डीगढ़(1), छत्तीसगढ़ (2), दादर और नगर हवेली, दमन और दिव(1), दिल्ली (3), गोवा (1), गुजरात (2), हरियाणा (2), हिमाचल प्रदेश (2), जम्मू और कश्मीर (2), झारखण्ड (1), कर्नाटक (1), केरल (1), मध्यप्रदेश (2), महाराष्ट्र (2), मणिपुर (1), मेघालय (2), नागालैंड (1), ओडिशा (1), पुदुचेरी (1), पंजाब (2), राजस्थान (1), सिक्किम (1), तमिलनाडु (1), तेलंगाना (1), त्रिपुरा (1), उत्तराखण्ड (1), उत्तर प्रदेश (4) और पश्चिम बंगाल(1)

आकृति 13 - एफएसडब्ल्यू वाहन का आंतरिक दृश्य 14 -एफएसडब्ल्यू का बाह्य दृश्य

(iv) खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की क्षमता निर्माण

क्षमता निर्माण देश में खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की पारिस्थितिकी प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन का आवश्यक संघटक है। इस गतिविधि का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं ने एनएबीएल प्रत्यायन का दर्जा हांसिल कर लिया है और उन्होंने देश में सर्वश्रेष्ठ प्रयोगशालाओं की बराबरी कर ली है। सभी राज्य खाद्य प्रयोगशालाएं और अपीलीय प्रयोगशालाएं इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पात्र होंगी। इसके अलावा, देश में खाद्य विश्लेषकों के कारगर एवं अर्हताप्राप्त नेटवर्क की स्थापना करने के उद्देश्य से एफएसएसएआई द्वारा अधिसूचित प्रयोगशालाओं को भी क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस घटक के अंतर्गत 3 वर्षों के लिए 15 करोड़ रुपए की राशि आरक्षित रखी गई है।

इस अवधि के दौरान, खाद्य प्राधिकरण द्वारा खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के कर्मियों के लिए 22 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिसमें 6 विशेषीकृत कार्यक्रम और 16 सामान्य कार्यक्रम थे, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों/संस्थानों के सहयोग से आयोजित किए गए थे।

8.4 नमूने और विश्लेषण करने की पद्धतियों से संबंधित मैन्यूअल

नमूना लेने और विश्लेषण की पद्धतियों से संबंधित वैज्ञानिक पैनल और वैज्ञानिक सामिति की सिफारिशों के आधार पर वर्ष के दौरान खाद्य प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित पद्धतियों का अनुमोदन किया गया :-

(i) अनाज और अनाज उत्पाद की श्रेणी के अंतर्गत नई वस्तुओं के मानदण्डों के विश्लेषण की पद्धतियां

(ii) खाद्य उत्पादों में दृडीकृत तत्वों के विश्लेषण के लिए पद्धतियां

(iii) घी (शोधित दुग्ध वसा) में वनस्पति तेलों के अपमिश्रण का पता लगाने के लिए पद्धति

विश्लेषणों की सभी अनुमोदित पद्धतियां एफएसएसएआई की वैबसाइट पर दर्शायी गई हैं।

8.5 खाद्य विश्लेषक परीक्षा (एफएई)/कनिष्ठ विश्लेषक परीक्षा (जेएई)

8.5.1 पाँचवीं खाद्य विश्लेषक परीक्षा

योग्यताप्राप्त खाद्य विश्लेषकों की संख्या में वृद्धि करने और प्राथमिक तथा अपीलीय प्रयोगशालाओं की मानव संसाधन की मांग में वृद्धि करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. नियमित रुप से खाद्य विश्लेषक की परीक्षाएं आयोजित करता रहता है। इस अवधि के दौरान, 5वीं एफएई का सिद्धांत परीक्षा का पेपर 22 सितम्बर, 2018 को ऑन लाइन विधि के माध्यम से 13 केन्द्रों (उत्तर - 4, दक्षिण-4, पश्चिम-3 तथा पूर्व-2) में आयोजित किया गया था। इसमें 640 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे जिनमें से 100 उम्मीदवारों को व्यावहारिक परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य पाया गया था। व्यावहारिक परीक्षा 22-23 दिसम्बर, 2018 को तीन केन्द्रों अर्थात (i) राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता और प्रबंधन संस्थान (एनआईएफटीईएम), कुण्डली, सोनीपत, हरियाणा (ii) खाद्य सुरक्षा और विश्लेषणात्मक गुणवत्ता नियंत्रण विभाग (एफएसएक्यूसीएल) सीएसआई आर-केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकीय अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर- सीएफटीआर आई), मैसूरु और (iii) खाद्य इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी विभाग रसायन प्रौद्योगिकी संस्थान (आईसीटी) मुम्बई में आयोजित की गई थी। व्यावहारिक परीक्षा में सम्मिलित हुए 92 उम्मीदवारों में से खाद्य विश्लेषक बोर्ड ने 9

जनवरी, 2019 को आयोजित बैठक में 83 को योग्यता प्राप्त खाद्य विश्लेषक घोषित किया। इसके साथ ही, इस परीक्षा के 5 सत्रों के माध्यम से योग्यताप्राप्त खाद्य विश्लेषकों के रुप में घोषित उम्मीदवारों की संख्या 360 है। इसके अलावा, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की प्रयोगशालाओं में 31 और लोक विश्लेषक नियुक्त हैं।

8.5.2 दूसरी कनिष्ठ विश्लेषक परीक्षा (जेएई)

खाद्य परीक्षण कर्मियों के अभाव को देखते हुए तथा नए स्नातकोत्तर को खाद्य उद्योग/खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं में रोजगार की संभावनाओं के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए और एक विशेषज्ञ के अपेक्षित रुप में विश्लेषणात्मक अनुभव अर्जित कर लेने के पश्चात खाद्य विश्लेषक की विशेषज्ञता अपनाने के लिए, कनिष्ठ विश्लेषक परीक्षा 5वीं खाद्य विश्लेषक परीक्षा के साथ ही ऑन लाइन विधि के माध्यम से आयोजित की गई थी। शैक्षिक अर्हता, परीक्षा का पाठ्यक्रम और सैद्धांतिक पेपर (पेपर I और पेपर II) 5वीं एफएई और दूसरी जेएई परीक्षाओं के लिए एक जैसा ही था। जेएई के लिए कुल 964 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे, जिसमें से 125 उम्मीदवारों को योग्यताप्राप्त कनिष्ठ विश्लेषक घोषित किया गया था। ये 125 उम्मीदवार खाद्य के विश्लेषण में तीन वर्षों का अनुभव प्राप्त करने पर, खाद्य विश्लेषक परीक्षा (एफएई) की व्यावहारिक परीक्षा में सीधे प्रवेश के पात्र हो जाएंगे।

8.5.3 पाठ्यक्रम में संशोधन करने के लिए और खाद्य विश्लेषक और कनिष्ठ विश्लेषक परीक्षाओं के लिए परीक्षा की पद्धति में संशोधन के लिए एक समिति गठित की गई है।

8.6 निगरानी गतिविधियां

8.6.1 दुग्ध निगरानी

एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा राष्ट्रीय दुग्ध सुरक्षा और गुणवत्ता सर्वेक्षण (एन.एम.क्यू.एस.), 2018 का कार्य तृतीय पक्ष को सौंपा गया था। एन.एम.क्यू.एस. 2018 के अंतर्गत 2 गुणवत्ता मानदण्ड (वसा और एसएनफ), 13 सामान्य अपमिश्रक और 4 संदूषक (प्रतिजैविक, कीटनाशक और एफलाटोक्सिनM1, एल्यूमिनियम फोस्फेट) के विश्लेषण थे। इस सर्वेक्षण का अभिकल्पन एफ.एस.एस.ए.आई. के मार्गदर्शन में सभी 29 राज्यों और 7 संघ शासित क्षेत्रों के >50000 से अधिक की आबादी वाले सभी जिलों और बड़े नगरों/शहरों को अंतर्गत लाने के लिए किया गया था। यह सर्वेक्षण मई से अक्तूबर 2018 के छः महीने की अवधि के दौरान किया गया था। बड़ी संख्या में नमूनों और एक रुप परीक्षण प्रोटोकाल के संदर्भ में यह एक अद्वितीय स्वरुप का सर्वेक्षण रहा था। कुल 6432 नमूनों में से, 41%(2607) प्रसंस्कृत दूध के थे और शेष 59%(3825) कच्चे दूध के थे। प्रसंस्कृत दूध में से 60% टोण्ड दूध के थे, 20% फुल क्रीम दूध के थे, 15% स्टेंडर्ड दूध के थे और 5% डबल टोंड दूध के थे। कच्चे दूध में से, गाय, भैंस और मिश्रित दूध के प्रत्येक के एक तिहाई नमूने थे। सभी 6432 नमूनों का स्थल पर तुरन्त ही चलते-फिरते वाहनों में गुणात्मक विश्लेषण किया गया और करीब एक तिहाई नमूनों में से जिनसे सुरक्षा मानदण्डों के लिए संभावित अपमिश्रण अथवा संदूषण का पता चला था, उन्हें प्रयोगशाला में भेजा गया था और उनका मात्रात्मक विश्लेषण किया गया था। एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा 13 नवम्बर, 2018 को एक अंतरिम रिपोर्ट जारी की गई थी। इस रिपोर्ट से यह पता चलता है कि भारत में दूध काफी हद तक सुरक्षित है। बड़ी संख्या में नमूनों में से बहुत ही कम नमूनों को अपमिश्रित पाया गया था। सर्वेक्षण में तथापि 10% से कम नमूने संदूषित पाये गए जिनका मुख्य कारण घटिया कृषि पद्धतियों का होना था। 90% से अधिक नमूनों को सर्वेक्षण में सुरक्षित पाया गया था।

- 10% से कम (6432 नमूनों में से 638) संदूषित (प्रतिजैविक, कीटनाशक, एफलाटोक्सिनM_1 और एल्यूमिनियम फोस्फेट) थे। जिसके कारण उपभोग के लिए दूध असुरक्षित हो गया था।

- 6432 नमूनों में से 368 (अर्थात 5.7%) में एफलाटोक्सिनM_1 का पता चला था जो कि अनुमत सीमा से अधिक था। एफलाटोक्सिनM1 की उपस्थिति के बारे में यह नहीं माना जा सकता कि यह अपमिश्रण जानबूझकर किया गया है। यह सीधे तौर पर चारे की गुणवत्ता से संबंधित है और मानव स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव पड़ता है।
- 6432 नमूनों में से 195 नमूनों (अर्थात 3% नमूनों में) में अमोनियम सल्फेट का पता चला था। पशुओं को दिए जाने वाले चारे में प्रोटीन की मात्रा में वृद्धि करने के लिए अमोनियम सल्फेट सहित अमोनियम योगिकों को कथित तौर पर मिश्रित किया गया!
- 6432 नमूनों में से 77 नमूने, जो कि 1.2% है, सीमा से अधिक प्रति जैविक अवशेषों के होने के कारण असफल हो गए थे और इसका प्रमुख कारण बोवाइन मास्टीटिस से ग्रस्त पशुओं की चिकित्सा में ऑक्सी-टेट्रासाइक्लिन का प्रयोग होना है।
- दूध में कीटनाशक अवशेषों का पता चला था लेकिन इनका स्तर विनियम में विनिर्दिष्ट एमआरएल से कम पाया गया था। अत: कीटनाशक अवशेषों के होने से चिंता की कोई बात नहीं है।
- 6432 नमूनों में से 12 अपमिश्रित थे जिनसे दूध की सुरक्षा प्रभावित हुई थी। सांख्यिकीय विश्लेषण से पता चलता है कि इस प्रकार के अपमिश्रकों की उपस्थिति सर्वेक्षण में अत्यधिक संख्या में लिए गए नमूनों को देखते हुए सांख्यिकीय दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है।
- दूध के विभिन्न प्रकारों के लिए वसा और एसएनएफ की सीमाओं के विरुद्ध इस सर्वेक्षण में वसा और एसएनएफ के स्तरों के लिए नमूनों का परीक्षण किया गया था। यह देखा गया कि 1261 (19.6%) नमूने वसा के मानक को पूरा नहीं करते थे और 2165 (33.7%) नमूने एसएनएफ के मानकों को पूरा नहीं करते थे। अन्य 218 नमूनों (3.4%) में शर्करा और माल्टोडेक्सट्रिन के मिश्रण का पता चला था। समग्र रुप से, 2505 नमूने अर्थात कुल का 39% नमूने गुणवत्ता पैरामीटरों को पूरा नहीं करते थे।

यह एक पहला ऐसा सर्वेक्षण था जिसमें दूध में कीटनाशकों, प्रतिजैविकों, अफलाटोक्सिनM1 और अमोनियम सल्फेट के अवशेषों सहित संदूषकों का विश्लेषण किया गया था। इन सभी मामलों में, जहां दूध के संदूषित होने का पता चला था, घटिया गुणवत्ता युक्त चारे का सेवन, प्रति जैविकों का गैर-जिम्मेदाराना प्रयोग और घटिया खेती प्रणाली इस संदूषण के कारण थे। यह पाया गया था कि संदूषण की ये घटनाएं केवल कुछ ही क्षेत्र में और कुछ ही राज्यों में हुई थीं और तद्नुसार, हॉट स्पाटों का पता लगाया गया। इन सर्वेक्षणों के निष्कर्षों से एफएसएसएआई को पूरे देश में अपनी विनियात्मक सैम्पलिंग के अतिरिक्त हाट स्पाट क्षेत्रों में प्रयासों में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

8.7 खाद्य परीक्षण और निगरानी क्षमता के सुदृढ़ीकरण के लिए साझेदारी

मैसर्स थर्मोफिशर साइंटिफिक इण्डिया लि. के साथ समझौता ज्ञापन

एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में आगे और अनुसंधान करने के लिए और प्रदर्शन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए एनआरएल, गाजियाबाद स्थित एफ.एस.एस.ए.आई. के परिसर में खाद्य सुरक्षा समाधान केन्द्र की स्थापना के लिए 3 मई, 2018 को मैसर्स थर्मोफिशर साइंटिफिक इण्डिया लि. के साथ एक समझौता किया है। इस केन्द्र की स्थापना हो गई है और अप्रैल, 2019 में इसके खुल जाने की संभावना है।

मैसर्स मिरक लाइफ साईंस प्राइवेट लिमिटिड के साथ समझौता ज्ञापन

एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य विश्लेषकों के कौशल विकास, अनुसंधान, खाद्य सुरक्षा, मानक और मानक

संचालन प्रक्रिया का विकास करने के लिए विश्व श्रेणी की प्रयोगशाला के निर्माण के प्रयोजन के लिए "सूक्ष्म जैव विज्ञानीय विश्लेषण प्रशिक्षण केन्द्र" अथवा सी-मेट नामक आधुनिक प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए 12 जुलाई, 2018 को मैसर्स मिरक लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटिड के साथ एक करार किया है। एफ.एस.एस.ए.आई. ने सी-मेट में सूक्ष्म जैव विज्ञानीय प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक दूसरे के साथ सहयोग करने के लिए 23 जनवरी, 2019 को मैसर्स मिरक लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटिड के साथ एक अन्य करार किया है। सी-मेट प्रयोगशाला एफ.एस.एस.ए.आई. को अप्रैल, 2019 तक सौंप दिए जाने की संभावना है।

यूनिवर्सिटी आफ लावल क्यूबैक, कनाडा के साथ आशय का ज्ञापन (एमओआर्ड्र)

एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य सुरक्षा और पोषण को अंतर्गत लाते हुए सहयोगात्मक ढांचे की स्थापना के लिए 12 अक्तूबर, 2018 को यूनिवर्सिटी आफ लावल क्यूबेक, कनाडा के साथ एक आशय का ज्ञापन हस्ताक्षर किए हैं। मूल रुप से इसका उद्देश्य फैकल्टी और छात्रों के आदान-प्रदान के माध्यम से क्षमता निर्माण और तकनीकी आदान-प्रदान कार्यक्रम तैयार करना है।

यूनाइटिड स्टे्टस फार्माकोपियल कंवेशन (यूएसपी), संयुक्त राज्य अमरीका के साथ समझौता ज्ञापन

एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य संघटकों और योज्यों, स्वास्थ्य पूरकों, न्यूट्रास्यूटिकल्स और संबंधित उत्पादों सहित खाद्य की गुणवत्ता और सुरक्षा की महत्ता की सूचना के अंतरण और आदान-प्रदान में सुधार तथा जागरुकता वृद्धि के उद्देश्य से 25 फरवरी, 2019 को यूएसपी के साथ एक करार किया है।

आकृति 15 -एफ.एस.एस.ए.आई. अधिसूचित प्रयोगशालाओं, राज्य/सार्वजनिक खाद्य प्रयोगशालाओं, अपीलीय प्रयोगशालाओं की राज्य-वार संख्या



INDEX:

- FSSAI notified laboratories-175
- State/public Laboratories-76
- Referral laboratories-18

आकृति 16 -चल खाय सुरक्षा की राज्य/संघ शासित क्षेत्रवार स्वीकृति



अध्याय-9

खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण

9.1 खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (फोस्टैक)

9.1.1 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16(3)(ज) के अनुसार प्राधिकरण को अपने क्षेत्र अथवा उससे बाहर के उन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हैं, जो खाद्य कारोबार में शामिल हों अथवा जिनके ऐसा कारोबार आरंभ करने की इच्छा हो, चाहे वे खाद्य कारोबारी हों अथवा कर्मचारी हों अथवा किसी अन्य हैसियत में हों।

9.1.2 इसके अनुपालन में एफ.एस.एस.ए.आई ने खाद्य ईकोसिस्टम के खाद्य कर्मियों के लिए मई, 2017 में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता पर खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम (फोस्टैक) आरंभ किया। इससे देश में खाद्य कारोबार में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के लिए स्व-अनुपालन की संस्कृति बनती है। ये पाठ्यक्रम मुख्यत: खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 की अनुसूची 4 में निर्धारित विभिन्न क्षेत्रों के खाद्य कारोबारियों द्वारा अनुपालन के लिए स्वच्छता और साफ सफाई की सामान्य और अच्छी रीतियों पर आधारित हैं।

9.1.3 कुछ ही समय में प्रशिक्षण ईकोसिस्टम में खाद्य श्रृंखला, जिसमें उत्पादन, कैटरिंग, खुदरा और भंडारण, ट्रांसपोर्टेशन शामिल हैं, में 160 से अधिक प्रशिक्षण सहयोगी, 1500 से अधिक प्रशिक्षक और 17 पाठ्यक्रम हो गए हैं। पाठ्यक्रमों में उच्च जोखिम खाद्य, जैसे दूध, मांस,कुक्कुट उत्पाद, स्वास्थ्य अनुपूरक इत्यादि शामिल हैं।

9.1.4 2018-19 के दौरान फोस्टैक के अंतर्गत एक लाख से अधिक खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

9.1.5 फोस्टैक के एक वर्ष की स्मृति में प्रशिक्षण सहयोगियों का प्रयास

मई, 2018 में फोस्टैक के एक वर्ष पूरा होने पर सभी प्रशिक्षण सहयोगियों ने 1 मई से 31 मई, 2018 के दौरान कम से कम एक प्रशिक्षण आयोजित करके "फोस्टैक का एक वर्ष का समारोह" में स्वैच्छिक रूप से भाग लिया। इस प्रकार एक माह में पूर्वोत्तर राज्यों, जैसे मणिपुर, मेघालय और दक्षिणी राज्यों, जैसे केरल, कर्नाटक इत्यादि में देश के विभिन्न स्थानों पर 257 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस एक माह की अवधि में कुल 4100 लोगों को प्रशिक्षित किया गया।

9.1.6 राज्यों के एफ.डी.ए द्वारा विशेष अभियान

2018-19 में नागालैंड को छोड़कर देश के सभी राज्यों में फोस्टैक के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली राज्यों द्वारा प्रशिक्षण को 100 प्रतिशत पूरा करने के विशेष अभियान चलाए गए। पंजाब में फोस्टैक को मिशन 'तंदरुस्ती' के साथ जोड़ा गया, जो नागरिकों को स्थायी रूप से श्रेष्ठ बनाने के प्रयोजन से स्वस्थ पंजाब बनाने की राज्य की एक पहल है। लगभग सभी राज्यों ने फोस्टैक के लिए नोडल अधिकारी नामित कर दिए हैं।

9.1.7 अन्य सरकारी विभागों द्वारा अंगीकरण

खाद्य कारोबारों के अलावा फोस्टैक कार्यक्रम को अर्ध-सैनिक बलों, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा

अपने मध्याह्न भोजन योजना के लिए, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा अपनी विभागीय कैंटीनों के लिए, महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सेल्फ हेल्प ग्रुपों के लिए, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा लघु और मध्यम स्तर के कारोबार उद्यमियों के लिए, आईआरसीटीसी और राज्यों के गृह विभागों द्वारा जेलों के लिए भी अंगीकरण किया गया।

9.1.8 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए विशेष अभियान

स्ट्रीट फूड विक्रताओं के प्रशिक्षण के लिए बड़े खाद्य कारोबारियों, जैसे एचयूएल, कोका-कोला, नेस्ले, केएफसी, जुबिलैंट फूड प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (सीएसआर) निधि का उपयोग करते हुए विशेष अभियान चलाए गए। एक वर्ष में लगभग 20,000 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

9.1.9 महाविद्यालयों और कार्पोरेट कैंपसों में विशेष अभियान

एच.यू.एल के सहयोग से विश्वविद्यालयों और कॉर्पोरेट कार्यालयों के कैंपसों के कैंटीन स्टाफ के प्रशिक्षण का विशेष अभियान चलाया गया। एक वर्ष में 12 कॉर्पोरेट कार्यालयों में 41 और 35 महाविद्यालयों के कैंपसों में 8 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए।

9.1.10 शुरु किए गए पाठ्यक्रम

2017-18 में फोस्टैक के अंतर्गत कैटरिंग, उत्पादन, बेकरी, दूध और दुग्ध उत्पाद इत्यादि क्षेत्रों में 15 पाठ्यक्रम चलाए गए थे। वर्ष 2018-19 के दौरान निम्नलिखित पाठ्यक्रम आरंभ किए गए:

क्रम सं0	क्षेत्र	पाठ्यक्रम स्तर	अवधि
1	मांस और मांस उत्पाद	विशेष स्तर	8 घंटे
2	कुक्कुट और कुक्कुट मांस उत्पाद	विशेष स्तर	8 घंटे

उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के अलावा 'फोस्टैक प्लस' कोर्स के रूप में पाठ्यक्रमों की एक नई श्रृंखला आरंभ की गई, जो मध्य प्रबंधन अथवा वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के लिए है, जिसमें अनुसूची 4 के अनुसार खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता अपेक्षाओं के अतिरिक्त अन्य विनियमात्मक उपबंधों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है। स्टार्ट-अपों और जैव खाद्य कारोबारों के लिए फोस्टैक प्लसकोर्स के रूप में 2 कोर्स आरंभ किए गए। 2018-19 के दौरान खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षणों की क्षेत्रवार स्थिति सारणी 21 में दी गई है।

9.1.11 स्वस्थ भारत यात्रा में फोस्टैक

2018-19 के दौरान एफ.एस.एस.ए.आई की अगुआई में खाद्य सुरक्षा, खाद्य अपमिश्रण से निपटने और स्वास्थ्यकर आहारों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विशाल रिले साइकिल रैली आयोजित की गई। ईट राइट इंडिया का संदेश फैलाने के लिए इस रैली में देश के सभी हिस्सों से लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फोस्टैक के प्रशिक्षण सहयोगियों ने भी रैली में पूरे देश में भाग लिया। उन्होंने रैली में भाग लेने के अतिरिक्त विद्यार्थियों, जनता और खाद्य कारोबारों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए और साथ-साथ अपने नेमी फोस्टैक कार्यक्रम भी चलाए।

आकृति 17 - 'स्वस्थ भारत यात्रा' में प्रशिक्षण सहयोगियों की सोत्साह भागीदारी के चित्र

9.1.12 अन्य विशेष पहलें

9.1.12.1 परस्पर संवादात्मक (इंटरएक्टिव) रेडियो परामर्श सत्र

एफ.एस.एस.ए.आई ने ज्ञानवाणी पर इंटरएक्टिव रेडियो सत्रों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर उपभोक्ताओं और उद्योग के लोगों को शिक्षित करने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आरंभ किया है। हर पखवाड़े आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम एक घंटे का चर्चा सत्र होता है, जिसमें विषय विशेषज्ञ खाद्य क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों के सुरक्षा और स्वच्छता पहलुओं पर चर्चा करते हैं। विशेषज्ञ श्रोताओं से भी बात करते हैं और उनके प्रश्नों के उत्तर देते हैं। ऐसा पहला सत्र दिनांक 14 जनवरी, 2018 को "उच्च वसा, लवण और शर्करा (एच.एफ.एस.एस.) युक्त खाद्य पदार्थों के बढ़ते सेवन और उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव" विषय पर आयोजित किया गया। तब से अनेक सत्र आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के विभिन्न मुद्दों पर बात की गई।

9.1.12.2 फोस्टैक के अंतर्गत नए कदम

"एफ.एस.एस.ए.आई स्व-अनुपालन की संस्कृति के लिए प्रतिबद्ध" संदेश के साथ फोस्टैक का एक नया लोगो जारी किया गया। फोस्टैक के बारे में एक पूरी मार्गदर्शिका जारी की गई।

FoSTaC

Food Safety Training & Certification

एफ.एस.एस.ए.आई स्व-अनुपालन की संस्कृति के लिए प्रतिबद्ध

आकृति 18 - विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षणों की छवियाँ

ए.डी.एस.डी में दूध और दुग्ध उत्पादों पर खाद्य सुरक्षा और मानक प्रशिक्षण

एस.ई.ए में खाद्य तेल और वसाओं पर खाद्य सुरक्षा और मानक प्रशिक्षण

सी.पी.एच.एफ.एस में स्वास्थ्य अनुपूरकों और न्युट्रास्युटिकल्स पर खाद्य सुरक्षा और मानक प्रशिक्षण

फूड कोगनिजैंट में पशु मांस और मांस उत्पादों पर खाद्य सुरक्षा और मानक प्रशिक्षण

एफ.बी.एम.आई में इक्वीनॉक्स में उन्नत उत्पादन पर खाद्य सुरक्षा और मानक प्रशिक्षण

उन्नत कैटरिंग प्रयोगशालाओं पर खाद्य सुरक्षा और मानक प्रशिक्षण

सारणी 21 - 2018-19 में खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के क्षेत्रवार प्रशिक्षण की स्थिति

क्रम सं.	क्षेत्र और स्तर	आयोजित कुल प्रशिक्षण	प्रशिक्षित खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक
1	बेकरी (स्तर-1)	29	646
2	बेकरी (स्तर-2)	56	1,472
3	कैटरिंग	788	14,975
4	कैटरिंग (स्तर-2)	849	17,519
5	खाद्य तेल और वसा	50	952
6	स्वास्थ्य अनुपूरक और न्युट्रास्युटिकल्स	1	21
7	उत्पादन (स्तर-1)	238	4,638
8	उत्पादन (स्तर-2)	1,413	28,774
9	दूध और दुग्ध उत्पाद, खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के लिए	209	4,415
10	कुक्कुट मांस और कुक्कुट उत्पाद-विशेष	8	194
11	खुदरा और वितरण (स्तर-1)	21	427
12	खुदरा और वितरण (स्तर-2)	119	3,250
13	भंडारण और परिवहन (स्तर-2)	54	825
14	स्ट्रीट फूड विक्रय	412	19,905
15	जल और जल-आधारित बीवरेज	94	1,895
	कुल	4,341	99,908

9.2 खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कार्मिकों का क्षमता-निर्माण और प्रशिक्षण

9.2.1 अवधि के दौरान खाद्य प्राधिकरण ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों/संस्थाओं/एजेंसियों के सहयोग से खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला स्टाफ के लिए कुल 22 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें से 6 विशेषित कार्यक्रम और 16 सामान्य कार्यक्रम थे। इन कार्यक्रमों के विवरण नीचे दिए गए हैं:

9.2.2 अच्छी खाद्य प्रयोगशाला रीतियाँ (जी.एफ.एल.पी)

"अच्छी खाद्य प्रयोगशाला रीतियों (जीएफएलपी) पर प्रशिक्षण" देश में खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं में काम करने वाले सभी वैज्ञानिक और तकनीकी कार्मिकों को अच्छे खाद्य प्रयोगशाला प्रचालनों के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षित करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई की अखिल भारतीय परियोजना है। यह पाठ्यक्रम चिह्नित प्रतिष्ठित/अधिसूचित प्रयोगशालाओं में संचालित किया जाता है। अवधि के दौरान ऐसे कुल 15 कार्यक्रम संचालित किए गए, जिनमें प्रयोगशालाओं के कुल 446 कार्मिकों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों के विवरण सारणी 22 में दिए जा रहे हैं।

सारणी 22 - अच्छी प्रयोगशाला रीतियों पर प्रशिक्षण के विवरण

क्रम सं0	प्रशिक्षण की तिथि	स्थान	प्रतिभागी
1.	24-26 अप्रैल, 2018	हबर्ट एन्वायरो केअर सिस्टम प्रा0 लि0, चेन्नई	22
2.	9-11 मई, 2018	रसायन प्रौद्योगिकी संस्था, मुंबई	22
3.	29-31 मई, 2018	केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्था (सीआईएफटी), कोच्ची	32
4.	20-22 जून, 2018	सीएसआईआर– भारतीय आविष अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर), लखनऊ	25
5.	31 जुलाई - 2 अगस्त 2018	श्री इंन्स्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च, दिल्ली	29
6.	28-30 अगस्त, 2018	विमटा लैब्स लिमिटेड, अहमदाबाद	33
7.	10-12 सितंबर, 2018	भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्था, आईआईएफपीटी, तंजावुर	32
8.	17-19 सितंबर, 2018	राष्ट्रीय रसायन प्रौद्योगिकी संस्था, आईआईसीटी, हैदराबाद	31
9.	24-26 सितंबर, 2018	एन्वायरोकेअर लैब्स, मुंबई	29
10.	9-11 अक्टूबर,2018	निर्यात निरीक्षण परिषद् (ईआईए), कोच्ची	36
11.	24-26 अक्टूबर, 2018	राष्ट्रीय परीक्षण गृह, जयपुर	33
12.	26-28 दिसंबर, 2018	राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरू	18
13.	15-17 जनवरी, 2019	गुणता मूल्यांकन प्रयोगशाला, मसाला बोर्ड, मुंबई	31
14	28-30 जनवरी, 2019	सी.ई.जी टेस्ट हाउस एंड रिसर्च सेंटर प्रा0 लि0, जयपुर	33
15	6-8 फरवरी, 2019	तेल प्रयोगशाला, प्रौद्योगिकी विभाग, कोलकाता विश्वविद्यालय	40
		योग	446

आकृति 19 - विभिन्न स्थानों पर जी.एफ.एल.पी प्रशिक्षण की कुछ छवियाँ

ई.आई.ए, कोच्ची

सी.एस.आई.आर - आई.आई.टी.आर, लखनऊ

सी.ई.जी टेस्ट हाउस, राजस्थान

9.2.3 एन.ए.बी.एल-प्रत्यायन जागरूकता कार्यक्रम

वर्ष के दौरान राज्य सरकार की प्रयोगशालाओं को एन.ए.बी.एल प्रत्यायन लेने में सहायता करने के लिए एफएसएसएआई मुख्यालय, नई दिल्ली में 12 मार्च 2019 को एक एन.ए.बी.एल-प्रत्यायन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य सरकारों की कुल 29 प्रयोगशालाओं ने भाग लिया।

9.2.4 विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान 6 विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रयोगशालायों के कुल 172 कार्मिकों ने प्रशिक्षण लिया। इन विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण सारणी 23 में दिया जा रहा है।

सारणी 23 - प्रयोगशाला कार्मिकों के लिए विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण

दुग्ध पौष्टिकीकारकों की विश्लेषण पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम			
1.	11-15 जून, 2018	राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एन.डी.डी.बी), आणंद में दुग्ध पौष्टिकीकारकों की विश्लेषण पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	13
तेल और वसा पौष्टिकीकारकों की विश्लेषण पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम			
2	24-28सितंबर, 2018	फेयर लैब्स, प्रा0 लि0, गुरुग्राम में तेल और वसा पौष्टिकीकारकों की विश्लेषण पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	22
सूक्ष्मजैविकी में प्रायोगिक प्रशिक्षण			
3	8 अक्टूबर, 2018	नई दिल्ली में खाद्य सुरक्षा प्रबंधन में सूक्ष्मजैविक खाद्य सुरक्षा प्रतिचयन और परीक्षण पर प्रायोगिक प्रशिक्षण	40
4	26-30 नवंबर, 2018	राज्य खाद्य प्रयोगशाला, वडोदरा, गुजरात में उन्नत सूक्ष्मजैविक तकनीकों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण	30
विश्लेषण की उन्नत तकनीकों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण			
5	26 फरवरी, 2019	मानेसर में गैर-एलकोहलीय बीवरेजों के लिए विश्लेषण की उन्नत तकनीकों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण	57
6	8-10 जनवरी, 2019	सिंगापुर में कवक विष पर खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला	10
		योग	172

आकृति 20 - मानेसर में गैर-एल्कोहलीय बीवरेजों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

आकृति 21 - सी.ए.एल.एफ, एन.डी.डी.बी, आणंद में दुग्ध पौष्टिकीकारकों की विश्लेषण पद्धति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

9.3 नियामक स्टाफ का प्रशिक्षण

एफ.एस.एस.ए.आई ने नियामक स्टाफ के लिए एक प्रशिक्षण नीति बनाई है और सभी नव नियुक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और अभिनामित अधिकारियों को परिचय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये प्रशिक्षण सभी राज्यों में पैनलबद्ध संस्थाओं अथवा एफ.एस.एस.ए.आई और राज्य/संघशासित क्षेत्र सरकार के बीच सहमत किसी अन्य स्थान पर दिए जाते हैं। खाद्य नमूनों का प्रतिचयन इस पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग है। एफ.एस.एस.ए.आई नियामक स्टाफ के लिए परिचय प्रशिक्षण के साथ-साथ पुनश्चर्या प्रशिक्षण भी देता है। प्रशिक्षण सामग्री सभी राज्यों/संघशासित सरकारों को उपलब्ध करा दी गई है और उन्हें आवश्यकता होने पर प्रशिक्षण सामग्री का अनुवाद कराने को भी कहा गया है।

इस प्रशिक्षण नीति के तहत वर्ष 2018-19 में 583 नियामक कर्मियों (अभिनामित अधिकारियों/खाद्य सुरक्षा अधिकारियों) को प्रशिक्षण दिया गया।

अध्याय-10

स्वास्थ्यकर आहार

10.1 आज भारत स्वास्थ्य से संबंधित तीन प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहा है। पहली चुनौती खाद्यजनित बीमारियों यथा पेचिस, टॉयफाइड, और दस्त के संक्रमण की है। दूसरी चुनौती कैंसर, हृदवाहिनी की बीमारियों और मधुमेह जैसी गैर-संचारी रोगों की है। स्वास्थ्य को तीसरी प्रमुख चुनौती कुपोषण-अल्पपोषण अथवा भूख, आहार में प्रमुख विटामिनों और खनिजों की अल्पता के कारण उत्पन्न सूक्ष्म पोषक तत्वों का कुपोषण और अति पोषण के कारण मोटापे का तिहरा बोझ है। ये समस्याएँ समाज के किसी वर्ग विशेष तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये सभी सामाजिक और आर्थिक स्तरों, लिंग, आयु और भौगोलिक क्षेत्रों में व्याप्त हैं। दूसरे शब्दों में हर व्यक्ति इनसे प्रभावित है। इसके अतिरिक्त ये सभी बीमारियाँ हमारे खान-पान से जुड़ी होती हैं। तथापि इन बीमारियों को सुरक्षित आहार, अच्छे पोषण और खान-पान की स्वास्थ्यकर आदतों से रोका जा सकता है।

10.2 खाद्यजनित बीमारियों का डर

असुरक्षित और अस्वच्छ खाना खाने से खाद्यजनित बीमारियाँ हो जाती हैं। विश्व में खाद्यजनित बीमारियाँ और संक्रमण बहुत अधिक मात्रा में होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में प्रत्येक वर्ष 10 में से एक व्यक्ति खाद्यजनित बीमारियों के कारण बीमार पड़ता है। इस प्रकार ये बीमारियाँ लोगों के स्वास्थ्य और उत्पादकता पर बहुत प्रभाव डालती हैं। बहुत से मामलों, विशेषकर पाँच वर्ष से छोटे बच्चों में, इनसे मृत्यु भी हो जाती है। हर वर्ष खाद्यजनित बीमारियों से विश्व में 4,20,000 लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से एक तिहाई मृत्यु के मामले पाँच वर्ष से छोटे बच्चों के होते हैं। विश्व की तुलना में भारत में खाद्य जनित मृत्यु और बीमारियाँ अधिक होती हैं।

10.3 गैर-संचारी रोगों की बढ़ती घटनाएँ

कैंसर, हृदवाहिनी की बीमारियाँ, मधुमेह और जटिल श्वासरोग जैसे गैर-संचारी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इन बीमारियों से भारत में 58.70 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है, जो हर तरह से मृत्यु का 60% हैं। इन बीमारियों का मुख्य कारण अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक क्रियाकलापों में कमी, एल्कोहल और तंबाकू का दुरुपयोग है। ये बीमारियाँ बनने से रोकी जा सकती हैं।

10.4 पोषण संबंधी मुद्दे

भारत में अल्प पोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और अति पोषण के मामले देखने में आते हैं। एक ओर बहुत सी जनता को पर्याप्त खाना नहीं मिलता। ग्लोबल हंगर इंडेक्स, 2018 के अनुसार भारत का स्थान 119 देशों में 103वाँ है। इसके अतिरिक्त सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी भी व्यापक रूप से देखने में आती है। वैश्विक स्तर पर 200 करोड़ लोग विटामिन अथवा सूक्ष्म पोशाक तत्वों की कमी से पीड़ित हैं जिसका एक तिहाई हिस्सा भारत में हैं। 70% से अधिक भारतीय प्रमुख विटामिनों और खनिजों की कमी में से किसी न किसी कमी से पीड़ित हैं और उन्हें 50% अनुशंसित सूक्ष्म पोषक तत्वों का दैनिक आहार मान (आर.डी.ए) नहीं मिलता। यह गुप्त भूख भारतीय समाज के सभी वर्गों – शहरी और ग्रामीण, धनी और गरीब, वृद्ध और युवा – को प्रभावित करती है, जिनमें महिलाएँ और बच्चे अधिक जोखिम में हैं। इससे रक्तल्पता, मस्तिष्क क्षति, स्टंटिंग, तंत्रिका नली दोष, अंधता जैसे विकार हो जाते हैं। रक्तल्पता के बारे में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (एनएचएफएस)-4 के 2015-16 के आँकड़ों से पता चलता है कि 58.4%

बच्चे (6-59 माह के) रक्तल्पता से पीड़ित हैं, 5 वर्ष से कम उम्र के 35.7% बच्चे अल्पभार हैं, पुनर्जनन आयु (15-49 वर्ष) की 53% महिलाएँ और उसी आयु के 22.7% पुरुष रक्ल्पता (<13.0 g/dl) से पीड़ित हैं। कुपोषण और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से मानव संसाधनों की दृष्टि से भारतीय अर्थ व्यवस्था को भारी नुकसान होता है और देश की उत्पादकता और विकास बाधित होते हैं। दूसरी ओर, हाल के वर्षों में अति पोषण के मामले भी देखने में आए हैं, जिससे मोटापा हो जाता है। वर्तमान में भारत में 3 करोड़ लोगों को मोटापा है। भारत और चीन में विश्व के 15% से अधिक मोटे लोग हैं।

10.5 एफ.एस.एस.ए.आई की भूमिका

10.5.1 इन स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने कई कदम उठाए हैं। खाद्यजनित बीमारियों को कम करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई खाद्यजनित बीमारियों के बारे में आँकड़े और सूचना प्राप्त करने की पूर्णतः कार्यात्मक और सशक्त प्रणाली बना रही है। इस प्रयोजन के लिए एफ.एस.एस.ए.आई "खाद्य सुरक्षा मैनुअल" बनाने के लिए डब्ल्यूएचओ के साथ काम कर रही है। इस खाद्य सुरक्षा मैनुअल को एकीकृत स्वास्थ्य सूचना सेवा (आईएचआईएच) से जोड़ा जाएगा, जिसका डब्ल्यूएचओ द्वारा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आई.डी.एस.पी (एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम) से समन्वय करके पहले ही विकास किया जा रहा है। इस मंच से एफ.एस.एस.ए.आई को खाद्यजनित बीमारियों की घटनाओं और उन पर संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई को डैटा बेस के माध्यम से मॉनिटर करने में सहायता मिलेगी। रिपोर्ट के आधार पर मॉनिटरिंग के दौरान पाए गए खाद्य खतरों से जोखिम आकलन कक्ष को मानव स्वास्थ्य के खतरों को प्राथमिकता देने और जोखिम आकलन अध्ययन करने, जहाँ आवश्यक हो, का प्रस्ताव मंगाने में सहायता मिलेगी और अध्ययनों के परिणामों को तब वैज्ञानिक पैनलों/ समिति को उनकी वैज्ञानिक राय के लिए भेजा जाएगा। एफ.एस.एस.ए.आई "खाद्यजनति बीमारियों की जाँच के लिए मार्गदर्शी मैनुअल" भी बना रही है। एफ.एस.एस.ए.आई ने खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को लिखा है कि वे स्वास्थ्य सचिवों को लिखें कि प्रत्येक जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आई.डी.एस.पी) के तहत द्रुत कार्रवाई दल (आर.आर.टी) के सदस्य के रूप में नामित करें, जो उसमें विहित कार्रवाई करेंगे। इस निर्देश से राज्य खाद्य सुरक्षा प्राधिकारियों को खाद्यजनित बीमारियों की घटनाएँ होने की सूचना मिलेगी और उन्हें तदनुसार कार्रवाई करने में सुविधा होगी।

10.5.2 एफ.एस.एस.ए.आई ने घर, स्कूल, कार्यस्थल अथवा भोजनालय में प्रत्येक व्यक्ति को एस.एन.एफ से परिचित कराने और खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्यकर आहार के प्रति सामाजिक और व्यवहारगत परिवर्तन लाने की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए एस.एन.एफ पहल आरंभ की है। इसने खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने, खाद्य अपमिश्रण से निपटने और स्वास्थ्यकर आहार करने और 'सुरक्षित खाएँ, स्वास्थ्यकर खाएँ और पौष्टिकीकृत खाएँ' का संदेश देने के लिए ईट राइट इंडिया अभियान चलाया है, जिसका विवरण बाद के अध्यायों में दिया गया है।

10.5.3 गैर-संचारी रोगों और मोटापे को कम करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई एच.एफ.एस.एस. – उच्च वसा, लवण और शर्करा खाद्य, जो गैर-संचारी रोगों के कारण होते हैं, पर दिशा-निर्देश बना रही है।

10.5.4 सूक्ष्म पोषक तत्वों के कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई देश में खाद्य का व्यापक स्तर पर पौष्टिकीकरण बढ़ा रही है।

10.6 उच्च वसा, शर्करा, लवण (एच.एफ.एस.एस) खाद्यों का कम सेवन

10.6.1 आम जनता द्वारा उच्च वसा, लवण और शर्करा वाले खाद्य पदार्थों के सेवन को कम करने के मुद्दे से निपटने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने 'सम्मुख लेबलिंग' (एफओपी) का प्रस्ताव किया है, जिसमें पैक के अग्रभाग पर ऊर्जा (कैलोरी), सैच्युरेटिड फैट, ट्रांस-फैट, योजित शर्करा और सोडियम और उनके आर.डी.ए में प्रति

शत योगदान की अनिवार्य घोषणा विहित है। इन उपबंधों को प्रस्तावित खाद्य सुरक्षा और मानक (लेबलिंग और प्रदर्श) विनियमों में शामिल किया गया है। 'सम्मुख लेबलिंग' का प्रस्तावित डिजाइन निम्नानुसार है:



नोट: 2000 किलो कैलोरी के संदर्भ दैनिक ऊर्जा ग्रहण पर आधारित

***किसी खाद्य के माध्यम से इन तत्वों का अत्यधिक उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।**

जहाँ

भाग 1 : ऊर्जा, सैच्युरेटिड फैट, ट्रांस-फैट, योजित शर्करा और सोडियम की मात्रा बताता है;

भाग 2 : आर.डी.ए को प्रति शत योगदान बताता है।

10.6.2 इसके अतिरिक्त 'ईट राइट इंडिया' अभियान के अंतर्गत, खाद्य कारोबारियों को खाद्य के ज्यादा स्वास्थ्यकर विकल्प उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया है और अनेक खाद्य कारोबारियों ने निम्नलिखित उपाय करके इस पहल में भाग लेने की प्रतिबद्धता दर्शाई है:

- देश को 2022 (इंडिया@75) तक ट्रांस-फैट मुक्त बनाने के लिए खाद्य तेल उद्योग, बेकरियों और हलवाइयों द्वारा खाद्य उत्पादों में ट्रांस-फैट को चरणबद्ध रूप में कम करके समाप्त करना,
- पैकेजबंद खाद्यों में शर्करा और लवण अंश कम करने के लिए प्रमुख खाद्य कंपनियों द्वारा अपने खाद्य उत्पादों के नुस्खे पुन: बनाना,
- खाद्य सेवा क्षेत्र द्वारा ज्यादा स्वास्थ्यकर विकल्प उपलब्ध कराना और पोषण संबंधी सूचना के बारे में मेनु लेबलिंग आंरभ करना,
- खाद्य के खुदरा विक्रेताओं और ई-कॉमर्स विक्रेताओं द्वारा ज्यादा स्वास्थ्यकर खाद्यों के विकल्प उपलब्ध कराना और खुदरा बिक्री की जिम्मेदार रीतियाँ अपनाना।

10.7 खाद्य पौष्टिकीकरण

10.7.1 सूक्ष्म तत्वों की कमी से निपटने का सर्वाधिक प्रभावी, मापनीय, सस्ता और स्थायी उपाय आहारों का दृढीकरण अथवा पौष्टिकरण है। खाद्य पौष्टिकरण खाद्य पदार्थों में आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की थोड़ी मात्रा मिलाना है। यह आहार के विविधिकरण का पूरक है और व्यक्ति की पोषण संबंधी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिलती है। इससे खाद्य के स्वाद, बनावट अथवा सुवास में कोई परिवर्तन किए बिना

पोषण की कमी को बड़ी आसानी से पूरा किया जा सकता है। इससे भी बड़ी बात यह है कि इसमें व्यवहार परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होती।

10.7.2 विनियम

इस संबंध में पहल करते हुए एफ.एस.एस.ए.आई ने 5 प्रमुख आहारों अर्थात् तेल और दूध (विटामिन ए और डी), गेहूँ का आटा और चावल (लौह, फोलिक एसिड और विटामिन बी12), और दुहरा पौष्टिकीकृत लवण (आयोडीन और लौह) के पौष्टिकीकरण के बारे में खाद्य सुरक्षा और मानक (दृढ़ीकृत खाद्य) विनियम, 2018 अधिसूचित किए हैं। पौष्टिकीकृत खाद्य पदार्थों के लोगो (+F) ने उद्योग के लिए खाद्य पौष्टिकीकरण को अपनाने और पौष्टिकीकरण को राष्ट्रीय कार्रवाई सूची में मजबूती से शामिल करने का सशक्त कारण उत्पन्न कर दिया है। वर्ष के दौरान प्रीमिक्स के आपूर्तिकर्ताओं,+Fलोगो को समर्थन, पोषण और पौष्टिकीकरण वैज्ञानिक पैनल द्वारा अनुमोदित पौष्टिकीकृत खाद्यों की लेबल घोषणा के लिए वैज्ञानिक स्वास्थ्य दावों के बारे में विभिन्न परामर्शिकाएँ भी जारी की गईं।

10.7.3 सामाजिक नेटवर्क योजनाओं के तहत कार्यान्वयन

10.7.3.1 महिला और बाल विकास मंत्रालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और साक्षरता विभाग) ने आई.सी.डी.एस और एम.डी.एम के अंतर्गत आपूर्तित गेहूँ के आटे, खाद्य तेल और दुहरे पौष्टिकीकृत लवण के अनिवार्य पौष्टिकीकरण के लिए क्रमशः दिनांक 10 जुलाई, 2018 और 2 अगस्त, 2017 को परामर्शिकाएँ जारी की थीं। हाल ही में महिला और बाल विकास मंत्रालय ने आई.सी.डी.एस और सबला योजना के अंतर्गत पौष्टिकीकृत चावल को शामिल करने के लिए दिनांक 28 फरवरी, 2019 को परामर्शिका जारी की। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने भी दिनांक 22 दिसंबर, 2016 को एक परिपत्र जारी किया था, जिस द्वारा गेहूँ के आटे का वितरण करने वाले राज्यों को पी.डी.एस के अंतर्गत केवल पौष्टिकीकृत आटे का वितरण करने का परामर्श दिया गया। आगे, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने दिनांक 1 अक्टूबर, 2018 को राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में पौष्टिकीकृत तेल के प्रचार को प्रोत्साहित करने का परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग पी.डी.एस में पौष्टिकीकृत चावल को प्रोत्साहित करने के लिए एक केंद्रीय योजना ला रहा है।

10.7.3.2 भारत की पोषण संबंधी चुनौतियों पर राष्ट्रीय परिषद् ने दिनांक 18 अप्रैल, 2018 को आयोजित अपनी पहली बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ निर्देश दिया कि देश में रक्तल्पता के बढ़ते स्तर और विटामिन-डी के घटते स्तर से निपटने के लिए आंगनवाड़ी सेवा योजना और एम.डी.एम के अंतर्गत, जहाँ व्यवहार्य हो, मुख्य आहारों का पौष्टिकीकरण तुरंत आरंभ किया जाए। नीति आयोग ने सभी राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को खाद्य पौष्टिकीकरण में गति लाने के निर्देश दिए हैं।

10.7.3.3 अनेक राज्य पहले ही अपने सरकारी कार्यक्रमों में पौष्टिकीकृत खाद्यों के अंगीकरण की उन्नत अवस्था में हैं। 17 राज्यों अर्थात् ओडिशा, कर्नाटक, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, राजस्थान, तमिल नाडु, त्रिपुरा, पश्चिमी बंगाल, केरल, बिहार, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश और 4 संघशासित क्षेत्रों ने अब अपनी चयनित वस्तुओं के पौष्टिकीकरण को जिला स्तर पर या सीमित स्तर पर सरकारी सुरक्षा नेट कार्यक्रमों (एस.एन.पी) अर्थात् आई.सी.डी.एस, एम.डी.एम और पी.डी.एस में अंगीकरण कर लिया है।

10.7.4 पौष्टिकीकृत आहारों की खुले बाजार में उपलब्धता

10.7.4.1 पाँच आहारों के लिए स्वैच्छिक पौष्टिकीकरण आरंभ हो गया है। 70 शीर्षस्थ कंपनियों और क्षेत्रीय ब्रांडों के अखिल भारतीय और क्षेत्रीय स्तर पर खुले बाजार में फिलहाल ~113 ब्रांड पौष्टिकीकृत हैं। तेल और दुग्ध उद्योग में इसके प्रति अच्छी रुचि दिखाई दी है। पैकेजबंद परिशोधित खाद्य तेल उद्योग के शीर्षस्थ दस उत्पादकों के 47 प्रतिशत, संगठित दुग्ध उद्योग के 31.5 प्रतिशत उत्पादक एफ.एस.एस.ए.आई मानकों के अनुसार पौष्टिकीकरण कर रहे हैं।

10.7.4.2 खुदरा विक्रेता और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, केंद्रीय भंडार, सी.आर.पी.एफ/सी.एस.डी और सैनिक बलों की कैंटीनें और मेस लोगों को पौष्टिकीकृत आहारों के लाभ बता रही हैं और उन्हें उपलब्ध करा रही हैं।

10.7.5 खाद्य पौष्टिकीकरण संसाधन केंद्र

10.7.5.1 एफ.एस.एस.ए.आई ने हितधारकों को आवश्यक सहायता देने के लिए नोडल प्वाइंट के रूप में खाद्य पौष्टिकीकरण संसाधन केंद्र (एफ.एफ.आर.सी) (http://ffrc.fssai.gov.in/) स्थापित किया है। संसाधन सामग्री वस्तुवार तैयार की गई है। उदाहरण के लिए तकनीकी हैंडबुकों सहित टूल किटें, प्रशिक्षण मैनुअल, एफ.ए.क्यू, प्रत्यायित प्रीमिक्स आपूर्तिकर्ताओं और उपकरण निर्माताओं के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया, सूक्ष्म पोषक तत्वों के परीक्षण के लिए एन.ए.बी.एल-प्रत्यायित प्रयोगशालाओं की सूची और निविदा प्रलेख बनाना शामिल हैं।

10.7.5.2 एफ.एस.एस.ए.आई/एफ.एफ.आर.सी ने सभी राज्य सरकारों को कहा है कि वे अपने राज्य में पौष्टिकीकरण प्रयासों के समन्वय के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें।

10.8 डाइट 4 लाइफ परियोजना :

10.8.1 उपापचय के जन्मजात दोषों (आई.ई.एम) से युक्त जन्मे बच्चों की विशेष आहारिक आवश्यकताएँ होती हैं, जिन्हें पूरा न करने पर संज्ञानात्मक और शारीरिक विकार हो जाते हैं। विशेष आहारों के बिना आई.ई.एम वाले बच्चे प्रायः शैशव पार नहीं कर पाते। परंतु समय पर पहचान हो जाने और उपचार आरंभ कर देने से आई.ई.एम के विकारों को कम किया जा सकता है। आई.ई.एम से भारत में लगभग 30,000 बच्चे प्रभावित हैं, परंतु इस विकार की पर्याप्त जाँच सुविधाएँ न होने के कारण नैदानित 30,000 मामले संभवतः एक बहुत बड़ी समस्या का छोटा सा अंश हैं।

10.8.2 मई, 2016 में पैरेंट सपोर्ट ग्रुप – एम.ई.आर.डी (उपापचय दोष और विरले रोग) ने भारत में आई.ई.एम के विशेष आहारों के आयात के लिए एफ.एस.एस.ए.आई से संपर्क किया। इस पहल में आई.ई.एम उत्पादों के मानक निर्धारण के साथ-साथ अंतरिम काल में उत्पादों के आयात की अनुमति देना और कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न हितधारकों से संपर्क करना शामिल है, जिससे उनकी क्षमता का निर्माण होगा। इसे 'डाइट-4-लाइफ' पहल कहा गया है।

10.8.3 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ एफ.एस.एस.ए.आई इंडियन डाइटेटिक एसोसिएशन, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, इंडियन सोसायटी फॉर इन्बोर्न एरर्ज ऑफ मेटाबोलिज्म, एम.ई.आर.डी (उपापचय दोष और विरले रोग), इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, नैशनल नियोनैटोलॉजी फोरम, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् और इंडियन सोसायटी फॉर पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरॉलॉजी, हेपाटॉलॉजी एंड न्यूट्रिशन जैसे विभिन्न संगठनों के साथ सहयोग कर रही है। ये हितधारक एक संचालन समिति के अंग हैं, जो इस पहल का मार्गदर्शन और संचालन करती है।

परियोजना की मुख्य बातें:

- आई.ई.एम दशाओं के लिए विशेषता आहारों के मानक तैयार किए जा रहे हैं। इसी दौरान प्रयोजनमूलक खाद्य, न्युट्रास्युटिकल्स, आहारिक उत्पाद और मिलते-जुलते उत्पाद वैज्ञानिक पैनल द्वारा अनुशंसित आई.ई.एम की 17 विकार प्रबंधन दशाओं (15 आई.ई.एम और 2 हाइपोएलर्जीकारी) के विशेषता आहारों का आयात और उत्पादन अनुमत किया गया। तदनुसार ये उत्पाद रोगियों को मिलने आरंभ हो गए हैं।

- देश के सभी आहार विज्ञानियों को उपापचय के जन्मजात दोषों के प्रति संवेदनशील बनाने और प्रशिक्षित करने के लिए पोषण प्रबंधन पर राष्ट्र स्तरीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (टी.ओ.टी) आयोजित किया गया।

- बच्चों में आई.ई.एम के प्रबंधन और एलर्जी अवस्थाओं का उपचार करने के प्रयोजन से आहार के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए आहार विज्ञानियों, डॉक्टरों, अभिभावकों/रोगियों के लिए आई.ई.एम के कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जनता को उपापचय के विकारों, संभावी लक्षणों, निदान/उपचार केंद्रों, उपलब्ध आहारों इत्यादि संबंधी सूचना देने के लिए आई.ई.एम के संबंध में **http://diet4life.fssai.gov.in/**नामक वेबसाइट बनाई गई है।

10.8.4 इस परियोजना में रोगियों के लिए आहार की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, संबंधित चिकित्सा संकाय को प्रशिक्षण देने, जागरूकता कार्यक्रमों और हितधारकों से संवाद स्थापित करने और उन्हें सूचना देने के लिए एक पोर्टल के रूप में काम करने हेतु समग्रतात्मक दृष्टिकोण अपनाया गया है।

अध्याय-11

सामाजिक और व्यवहारगत परिवर्तन

11.1 एफ.एस.एस.ए.आई की सुरक्षित और पोषक खाद्य पहलें खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्यकर आहार के बारे में सामाजिक और व्यवहारगत परिवर्तन लाने पर केंद्रित हैं। हर व्यक्ति को चाहे वह घर में हो, स्कूल में हो, कार्य-स्थल पर हो, अथवा बाहर हो, को जानकार व संवेदी बनाना ही एस.एन.एफ का लक्ष्य है। निम्नलिखित भाग में इन्हीं पहलों और वर्ष 2018-19 के दौरान की गई गतिविधियों को दर्शाया गया है।

11.2 एस.एन.एफ (सुरक्षित और पोषक आहार) @ वर्कप्लेस:

11.2.1 कार्य-स्थल पर सुरक्षित और सही खाना खाने के बारे में बताने के लिए दिनांक 15 मई, 2018 को एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि – डॉ. विनोद पाल, सदस्य, नीति आयोग द्वारा 'द ओरेंज बुक: कार्य-स्थल पर सुरक्षित और पोषक आहार की आपकी मार्गदर्शिका' का विमोचन किया गया। स्वत: प्रगतिपरक और स्थिर ईकोसिस्टम बनाने के लिए प्रत्येक कार्य-स्थल के लिए एफ.एस.एस.ए.आई-प्रशिक्षित संसाधन व्यक्तियों, स्वास्थ्य और कल्याण समन्वयकों और खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों का सिस्टम फ्रेमवर्क बनाया गया है। एक ऑनलाइन पोर्टल (www.snfportal.in/workplace) भी आरंभ किया गया, जिसके माध्यम से इच्छुक कार्य-स्थल इस अभियान से जुड़ सकते हैं और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाला कार्य-स्थल बनने के लिए संसाधनों, सूचनाओं और लिंकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आकृति 22 - 'ओरेंज बुक' का विमोचन

11.2.2 अपनी एसएनएफ@वर्कप्लेस पहल के अंग के रूप में एफ.एस.एस.ए.आई ने प्रतिदिन हजारों व्यक्तियों को भोजन परोसने वाली केंद्र सरकार की विभिन्न विभागीय कैंटीनों के खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया। सभी सरकारी विभागीय कैंटीनों का खाद्य सुरक्षा विनियमों के अंतर्गत अनुज्ञापन/पंजीकरण सुनिश्चित कराने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने प्रशिक्षण के दिन स्व-स्थाने पंजीकरण में सहायता की और पंजीकृत कैंटीनों को खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड वितरित किए। यह प्रशिक्षण का पहला चरण था और लक्ष्य यह है कि कुछ समय में सभी विभागीय कैंटीनों को कवर कर लिया जाए।

11.3 एसएनएफ (सुरक्षित और पोषक आहार)@स्कूल

11.3.1 सितंबर, 2017 में एफ.एस.एस.ए.आई ने स्कूली बच्चों में खान-पान की अच्छी आदतों को बढ़ावा देने के लिए एसएनएफ(सुरक्षित और पोषक आहार)@स्कूल पहल आरंभ की थी। एसएनएफ@स्कूल के अंतर्गत स्कूल समुदाय में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विश्वसनीय वैज्ञानिक संसाधन सामग्री तैयार की गई है। छात्रों के लिए 'द येलो बुक' लेवल I और II तथा 'एक्टिविटी बुक' तैयार की गई हैं। 'प्रशिक्षण मैनुअल' अध्यापकों और अभिभावकों के लिए तैयार किया गया है।

11.3.2 'येलो बुक' लेवल I और II श्रेणी I से VIII तक के छात्रों के लिए बनाई गई है। इनमें खाद्य सुरक्षा और पोषण की आधारभूत अवधारणाएँ दी गई हैं और 'करो और सीखो' को प्रोत्साहित करने की गतिविधियों पर अधिक बल दिया गया है। ये पुस्तकें प्रामाणिक तकनीकी संसाधन हैं, समझने में आसान हैं और खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी मुद्दों पर जानकारी देने के लिए इंटरएक्टिव ढंग से और चित्रात्मक रूप में लिखी और डिजाइन की गई हैं।

आकृति 23 – 'येलो बुक' लेवल I और II का सम्मुख कवर

11.3.3 एक्टिविटी बुक को मुख्य संदेशों पर आधारित खेलों और गतिविधियों के माध्यम से खान-पान की सुरक्षित और स्वास्थ्यकर आदतें डालने के लिए येलो बुक की सहयोगी पुस्तक के रूप में तैयार किया गया है। गतिविधियों को स्कूली बच्चों को रोचक और इंटरएक्टिव तरीके से काम में लगाने और शिक्षित करने के लिए तैयार किया गया है।

11.3.4 प्रशिक्षण मैनुअल को शिक्षाविदों, प्रैक्टिशनरों और विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। यह पुस्तक तथ्यों, सूचनाओं और अवधारणाओं का संसाधन पूल है। साथ ही इसमें वयस्कों और अध्यापकों के लिए विविध प्रकार की सहायक सामग्री और साधन दिए गए हैं। शिक्षण सामग्री, येलो बुक्स और प्रशिक्षण मैनुअल देश भर में अध्यापकों और अभिभावकों को उपलब्ध कराने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई की वेबसाइट 'snfportal.in' तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म 'diksha' पर दी गई हैं।

11.3.5 शुभंकर

एसएनएफ कार्यक्रम के सुपर हीरो शुभंकर 'मास्टर सेहत' और 'मिस सेहत' को बच्चों और वयस्कों को सार्वजनिक स्थानों और स्कूलों में इंटरएक्टिव सेशन में लगाने के लिए बनाया गया है। 31 मार्च, 2019 तक देश के विभिन्न शहरों में ऐसे 900 से अधिक एक्टिवेशन सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

11.3.6 मास्टर प्रशिक्षक

एसएनएफ@स्कूल में दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और गोवा में 521 से अधिक मास्टर प्रशिक्षकों का दल है। इन मास्टर प्रशिक्षकों को ईयू-सीआईटीडी भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

11.3.7 एसएनएफ फेलोशिप कार्यक्रम

एसएनएफ फेलोशिप कार्यक्रम को महाविद्यालयों के सहयोग से तैयार किया गया है, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र 10 स्कूलों को अपनाते हैं और स्कूलों को एसएनएफ@स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत दर्ज कराते हैं। 2018-19 के दौरान मुंबई और दिल्ली-एनसीआर में एसएनएफ फेलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत 7 महाविद्यालयों (एस.एन.डी.टी, एस.वी.एन, लेडी इरविन, जामिया हमदर्द, भास्कराचार्य महाविद्यालय, दौलत राम और लक्ष्मी बाई) को दर्ज किया गया।

आकृति 24 - एसएनएफ फेलोशिप प्रशिक्षण, मुंबई

11.3.8 एसएनएफ पोर्टल

स्कूलों के पंजीकरण के लिए एक वेबसाइट बनाई गई है और दिनांक 31 मार्च, 2019 तक लगभग 7,200 स्कूलों को पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। पंजीकरण के बाद स्कूल अपने स्वास्थ्य और कल्याण समन्वयक (एच.डब्ल्यू.सी) को प्रमाणित कर सकते हैं और येलो बुक, गतिविधि बुक में दी गई गतिविधियाँ

अथवा अपनी गतिविधियाँ कर सकते हैं। लगभग 750 एच.डब्ल्यू.सी को प्रमाणित किया जा चुका है और स्कूलों द्वारा 9,000 से अधिक गतिविधियाँ की जा चुकी हैं।

11.3.9 भागीदारी के माध्यम से बहिरंग संपर्क

बहुत से संगठनों ने एसएनएफ@स्कूल कार्यक्रम को या तो स्वैच्छिक रूप से या कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (सीएसआर) के अंतर्गत अपना लिया है।

- वोलुएंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया –इसने 125 स्कूलों में अपने स्कूल हेल्थ कार्यक्रमों में एसएनएफ@स्कूल को शामिल किया। चरण 1 में 10,000 छात्रों, 390 अध्यापकों को प्रभावित किया, टीम सेहत के 119 सदस्य बनाए और 40 एच.डब्ल्यू.सी (30 स्कूलों से) बनाए
- चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया –इसने मोंडलेज, इंडिया के तत्वाधान में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के 40 स्कूलों में एसएनएफ@स्कूल को अपनाया
- भारती फाउंडेशन –इसने पाँच राज्यों अर्थात् पंजाब, राजस्थान, तमिल नाडु, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 1000 स्कूलों के स्कूल हेल्थ कार्यक्रमों में एसएनएफ@स्कूल को शामिल किया
- हेल्थसेटगो –यह स्कूली वातावरण के लिए एक स्वास्थ्य स्टार्ट-अप है। इसने 200 से अधिक स्कूलों में एसएनएफ@स्कूल को क्रियान्वित किया
- मैक्मिलन एजुकेशन –यह शिक्षा सामग्री की अग्रणी कंपनी है। इसने शैक्षणिक वर्ष 2019 के लिए बच्चों के लिए उपयुक्त उनके पाठ्यक्रम में शिक्षण सामग्री जोड़ी है। यह पुस्तकों का तीन भाषाओं (पंजाबी, असमिया, बंगाली) में अनुवाद भी कर रही है। यह कार्यशालाओं के माध्यम से एसएनएफ@स्कूल कार्यक्रम में 20,000 स्कूलों को चरणबद्ध रूप में जोड़ रही है
- ट्रोपिकाना –इसने मुंबई और दिल्ली के 4 महाविद्यालयों में एसएनएफ फेलोशिप कार्यक्रम का वित्तपोषण किया;
- आई.टी.सी –इसने आई.वी.आर क्विज करके, स्कूल के मौजूदा संपर्क कार्यक्रम के माध्यम से और सहपाठियों की नोटबुकों में प्रविष्टियों के माध्यम से एसएनएफ@स्कूल को योगदान दिया
- मैरिको –इसने प्रशिक्षण सामग्री को डिजिटल रूप देने और उसका हिंदी एवं मराठी में अनुवाद करने में सहायता की है। इसने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ, कानपुर, चंडीगढ़, जयपुर और अहमदाबाद में शुभंकर गतिविधियाँ आयोजित कराकर भी सहयोग दिया
- डाबर इंडिया –इसने शुभंकर गतिविधियाँ कीं और निशुल्क वितरण के लिए येलो बुक छपवाई
- केलोग्ज इंडिया –इसने निशुल्क वितरण के लिए 10,000 येलो बुक्स छपवाईं
- नावोजिम्ज इंडिया –इसने येलो बुक का तीन भाषाओं (कन्नड, मलयालम, तेलुगु) में अनुवाद करवाया और वितरण के लिए एक्टिविटी बुक्स तैयार करवाईं

11.3 फूड सेफ्टी मैजिक बॉक्स

स्कूली बच्चों को शिक्षित करने के लिए शैक्षणिक साधन के रूप में 'अपने आप करो' खाद्य सुरक्षा परीक्षण किट तैयार की गई है। यह एक छोटे आकार का, हल्का सुवाह्य बक्सा है, जिसमें कुछ आधारभूत रसायन, कुछ छोटे-छोटे उपकरण और सुरक्षा गैजेट होते हैं। एक सहयोगी मार्गदर्शिका में विभिन्न खाद्य उत्पादों,

जैसे दूध, शहद, मसाले इत्यादि, की परीक्षण प्रक्रिया बड़े सरल ढंग से चित्रों के माध्यम से बताई गई है। कुल मिलाकर बॉक्स की सामग्रियों से 76 बड़े आसान परीक्षण किए जा सकते हैं। ये मैजिक बॉक्स (प्रारंभ में 5000) राज्यों के स्कूलों को उपलब्ध कराए जाएँगे।

11.5 एसएनएफ@भोग

11.5.1 'भोग परियोजना–BHOG परियोजना (Blissful Hygienic Offering to God)' एफ.एस.एस.ए.आई की एक ऐसी पहल है, जिसके अंतर्गत प्रसाद तैयार करते समय खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को अपनाने और बनाए रखने के लिए पूजा-स्थलों (पीओडब्ल्यू) को प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रद्धालुओं को वितरित प्रसाद सुरक्षित और स्वास्थ्यकर हो। भोग परियोजना के माध्यम से एफ.एस.एस.ए.आई का लक्ष्य प्रसाद/लंगर आदि के रूप में दिए जाने वाले खाद्य पदार्थों के बनाने संबन्धित खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से गलत रीतियों को रोकने के लिए पूजा-स्थलों में जागरूकता उत्पन्न करना है और उपयुक्त नियामक अनुपालन सुनिश्चित कराना है।

11.5.2 पूजा-स्थलों को अपने यहाँ'भोग' के क्रियान्वयन में सहायता और सहयोग करने के लिए ''पूजा-स्थलों में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता का रख-रखाव'' नामक एक मार्गदर्शी प्रलेख तैयार किया गया है। इसमें लाभदायक बातें, करो और न करो तथा अपनाई जाने वाली पद्धतियाँ और रीतियाँ दी गई हैं। एसएनएफ@भोग ब्रोशर भी बनाया गया है, जिसमें इस पहल, इसकी क्रियान्वयन योजना और संपर्क सूचना दी गई है।

11.5.3 वर्ष 2018-19 के दौरान एसएनएफ@भोग पहल को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निम्नलिखित अन्य कदम उठाए गए:

(क) एफ.एस.एस.ए.आई ने नैशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट फूड वेंडर्स ऑफ इंडिया (नास्वी) के सहयोग से आई.जी.एन.सी.ए, निकट इंडिया गेट, नई दिल्ली में दिनांक 14 से 16 दिसंबर, 2018 तक एक तीन-दिवसीय 'ईट राइट मेला' आयोजित किया। भोग पहल के अंतर्गत 'भारत के मंदिर-खाद्य' नामक एक मंडप तैयार किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को भारत के अत्यंत प्रसिद्ध मंदिरों के प्रसिद्ध भोजन और तरह-तरह के प्रसाद दिए गए। गुजरात, तमिल नाडु, राजस्थान, महाराष्ट्र और दिल्ली के कुल 14 मंदिरों ने इस उत्सव में भाग लिया।

(ख) भोग के क्रियान्वयन के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पुनरीक्षण किया गया और राज्य संस्थाओं को परिचालित किया गया। राज्यों, यथा ओडिशा, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड ने भोग पहल के क्रियान्वयन के लिए मंदिरों की पहचान कर ली है।

आकृति 25 - 'भोग परियोजना' की कुछ छवियाँ

11.6 एसएनएफ ऑन ट्रैक

आई.आर.सी.टी.सी के सैंडविच बक्सों, पेपर कपों और पेपर नैपकिनों पर छपवाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने "खाने में नमक, चीनी व तेल: आज से थोड़ा कम" जन स्वास्थ्य संदेश उपलब्ध कराया। खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के 8 विभिन्न संदेशों वाले 10,000 से अधिक पोस्टर छपवाए गए और आई.आर.सी.टी.सी द्वारा पहचाने गए विभिन्न स्थानों (पैंट्री कार/बेस किचन/जल विक्रय मशीनें इत्यादि) पर लगवाने के लिए उसे दिए गए।

11.7 नेटप्रोफैन (खाद्य एवं पोषण पेशेवर नेटवर्क)

विभिन्न विषयों के पेशेवरों के विचारों के आदान-प्रदान से खाद्य और पोषण के प्रति समग्रतावादी दृष्टिकोण अपनाने के लिए नेटप्रोफैन, जो सुरक्षित खाद्य को बढ़ावा देने और सभी को स्वास्थ्यकर आहार उपलब्ध कराने के लिए खाद्य, पोषण और जन स्वास्थ्य के क्षेत्र के पेशेवरों का नेटवर्क है, दिनांक 22 और 23 मार्च, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित एक दो-दिवसीय कार्यशाला में आरंभ किया गया। इस नेटवर्क की स्थापना का प्रयोजन स्थानीय आवश्यकताओं और मुद्दों को चरणबद्ध रूप में हल करने के लिए गतिविधियाँ तैयार करना तथा अंगीकरण और क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय, राज्य और शहर स्तर पर सक्रिय स्वत: टिकाऊ मॉडल बनाना है। चरण 1 में 20 शहरों में गतिविधियाँ की जाएँगीं और चरण 2 में चरण 1 से सबक सीखकर 20 अतिरिक्त शहरों में गतिविधियाँ की जाएँगी। राष्ट्र स्तरीय 6 पेशेवर संगठन यथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए), इंडियन डाइटेक्टिक एसोसिएशन (आई.डी.ए), न्युट्रिशन सोसायटी ऑफ इंडिया (एन.एस.आई), एसोसिएशन ऑफ फूड साइंटिस्ट्स एंड टेक्नोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया (ए.एफ.एस.टी.आई), एसोसिएशन ऑफ एनालाइटिकल केमिस्ट्स, इंडिया चैप्टर (ए.ओ.ए.सी), इंडियन फेडरेशन ऑफ कलिनरी एसोसिएशन्स (आई.एफ.सी.ए) इस नेटवर्क के सदस्य हैं। इनमें से कई एसोसिएशनों/फेडरेशनों के व्यापक स्थानीय नेटवर्क हैं, जो अपनी स्थानीय शाखाओं के माध्यम से सामग्री के प्रसार में सहायता कर सकते हैं।

आकृति 26 - 'नेटप्रोफैन' का लोकार्पण

अध्याय-12

सूचना, शिक्षा और संप्रेषण (आई.ई.सी)

12.1 सूचना, शिक्षा और संप्रेषण (आई.ई.सी) गतिविधि कार्यनीतियों और दृष्टिकोणों का संयोजन करती है और संगठन, समुदाय और हितधारक के परिभाषित लक्ष्य प्राप्त करने और उन्हें बनाए रखने में मुख्य भूमिका निभाती है। आई.ई.सी संवर्धनात्मक गतिविधियों के लिए किसी संगठन का मेरुदंड होता है। यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण संघटक होता है, जिसके लिए विभिन्न हितधारकों पर केंद्रित सतत प्रयासों की आवश्यकता होती है। यह लोगों को निर्णय लेने और व्यवहारगत परिवर्तन लाने में क्षम बनाता है। एफ.एस.एस.ए.आई की आई.ई.सी गतिविधियाँ आवश्यकताओं का आकलन करके दृश्यमानता को बढ़ाने के लिए लोगों को अधिनियम, नियमों और विनियमों के बारे में बताने और जागरूकता पैदा करने के लिए की जाती हैं। इनके अंतर्गत संप्रेषण के विभिन्न माध्यमों का प्रयोग करते हुए विभिन्न लक्षित ग्रुपों को महत्वपूर्ण सूचना दी जाती है।

जागरूकता अभियान

12.2 'ईट राइट इंडिया' अभियान

भारत में खाद्यजनित बीमारियाँ, कुपोषण, सूक्ष्म तत्वों की कमी और मोटापे तथा गैर संचारी रोगों (एन.सी.डी) की बढ़ती हुई संख्याओं के परिदृश्य में लोगों को शिक्षित करना और उनके खाद्य के प्रति व्यवहार में परिवर्तन करना बहुत महत्वपूर्ण है। इस पृष्ठभूमि में एफ.एस.एस.ए.आई ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान की शुरुआत हितधारकों और नागरिकों को शामिल करके की है। यह पहल जन स्वास्थ्य में सुधार लाने के भारत सरकार के तीन मुख्य कार्यक्रमों, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत और पोषण अभियान के अनुरूप है। इस अभियान की शुरुआत 10 जुलाई,2018 को की गई। खाद्य उद्योग, जन स्वास्थ्य पेशेवर, सिविल सोसायटी और उपभोक्ता संगठन,प्रभावी व्यक्ति और प्रसिद्ध व्यक्ति एक ही मंच पर एक साथ आए और उन्होंने देश में 'ईट राइट अभियान' छेड़ने के लिए ठोस कदम उठाने का वचन लिया। जहाँ खाद्य उद्योग, बेकरियों और हलवाइयों ने ट्रांस-फैट को 2022 तक चरणबद्ध रूप में कम कम करके अंततः समाप्त करने [इंडिया@75-2022 तक ट्रांस-फैट से मुक्ति] की प्रतिबद्धता जताई, मुख्य खाद्य कंपनियों ने नमक, शर्करा और सैच्युरेटिड फैट को कम करने के लिए अपने पैकेजबंद खाद्य पदार्थों के नुस्खे पुनः बनाने की प्रतिबद्धता दिखाई। खाद्य सेवा क्षेत्र ने ज्यादा स्वास्थ्यकर खाद्य विकल्प उपलब्ध कराने और मेनु लेबलिंग करने का वचन लिया। खाद्य के मुख्य खुदरा विक्रेताओं, ई-कॉमर्स विक्रेताओं, ने खाद्य के ज्यादा स्वास्थ्यकर विकल्प उपलब्ध कराने और जिम्मेदार खुदरा रीतियाँ अपनाने पर सहमति जताई।

आकृति 27 – 'ईट राइट इंडिया अभियान' की शुरुआत

2018-19 के दौरान ईट राइट अभियान के तहत निम्नलिखित गतिविधियाँ की गईः

12.2.1 'आज से थोड़ा कम' अभियान

अभियान को आरंभ करने और जनप्रिय बनाने के लिए संचार मीडिया और सोशल मीडिया पर नमक, शर्करा और वसा का सेवन कम करने के लिए एक प्रभावी सूचना अभियान लघु विडियो द्वारा शुरु किया गया। इसके तहत राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अभिनेता श्री राजकुमार राव (जिन्होंने अभियान में लोक कल्याण भावना से भाग लेने की सहमति व्यक्त की) को संदेश देते दर्शाया गया। यह अभियान अपने साधारण संदेश 'आज से थोड़ा कम' को प्रभावी रूप से देने में सक्षम है। अभियान के मुख्य किरदार के रूप में श्री राव ने मुंबई में 'ईट राइट इंडिया' अभियान को आधिकारिक रूप में शुरू किया तथा 'आज से थोड़ा कम' संदेश को सभी संभव मंचों के माध्यम से फैलाने की प्रतिबद्धता दर्शाई। इस वीडियो को देश के विभिन्न सिनेमा घरों में दिखाया गया। वीडियो को 'फूड फूड' चैनल पर भी दर्शाया गया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के माध्यम से दूरदर्शन के क्षेत्रीय और उपग्रह चैनलों पर भी दर्शाया गया।

आकृति 28 - 'आज से थोड़ा कम' अभियान

12.2.2 ईट राइट टूल किट

उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाने और खाद्य एवं पोषण संबंधी सरकारी काय्रक्रमों का अभिसरण सुनिश्चित कराने के लिए 'ईट राइट टूल किट' को समझने में आसान पैकेज के रूप तैयार किया गया है, जिसमें साधारण संदेश और इंटरएक्टिव सामग्री (खेल, श्रृव्य–दृश्य, पोस्टर इत्यादि) हैं। इसका आगे चलकर 1,50,000 से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्रों द्वारा उपयोग किया जाएगा। यह अनुपूरक संसाधन है। इसे राष्ट्रीय पोषण और जन स्वास्थ्य के मुख्य कार्यक्रमों में उपयोग किया जाएगा। यह 'ईट राइट इंडिया' अभियान को स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एच.डब्ल्यू.सी) से जोड़ता है। जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले 1500 से अधिक कार्यकर्ताओं अर्थात् ऑक्जीलरी नर्स मिडवाइव्ज (ए.एन.एम), प्रत्यायित सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के 500 नोडल अधिकारियों को 'ईट राइट टूलकिट' के उपयोग द्वारा सामुदायिक शिक्षा देने और बहिरंग संपर्क कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें टूलकिटें भी दी गईं। इन कार्यकर्ताओं के माध्यम से देश में ईट राइट का व्यापक संदेश देना संभव है।

आकृति 29 - 'ईट राइट टूलकिट' का प्रदर्शन

आकृति 30 - टूलकिटों का वितरण और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण

12.2.3 स्वस्थ भारत यात्रा

12.2.3.1 महात्मा गांधी की 150वीं जन्म शताब्दी वर्ष का सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए लाभ उठाने के माननीय प्रधान मंत्री के विचारों से प्रेरित होकर 'स्वस्थ भारत यात्रा', जो लोगों को सही खाना खाने के लिए प्रेरित करने हेतु विश्व की सबसे बड़ी साइक्लॉथान मानी जाती है, विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर दिनांक 16 अक्टूबर, 2018 को आरंभ की गई। यह यात्रा छह विभिन्न स्थानों – लेह, पणजी, तिरुवनंतपुरम्, पुदुचेरी, कोलकाता और अगरतला से छह विभिन्न पथों पर प्रारंभ हुई, जिसमें 21,629 स्वैच्छिक साइकिल यात्रियों के साथ 'ईट राइट मोबाइल यूनिट' और 'चल खाद्य परीक्षण यूनिट' का कारवाँ भी शामिल था। इसने 36 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में 21,000 से अधिक किलोमीटर की यात्रा कर खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने, खाद्य अपमिश्रण से निपटने और स्वास्थ्यकर आहार के प्रति सचेत करने और 'सुरक्षित खाओ, स्वास्थ्यकर खाओ और पौष्टिकीकृत खाओ' का संदेश फैलाने के लिए लगभग ढाई करोड़ लोगों से संपर्क किया।

12.2.3.2 यात्रा अपनी शुरुआत के 100 से अधिक दिनों के बाद नई दिल्ली में विशाल समापन समारोह के साथ समाप्त हुई। समापन समारोह सेंट्रल पार्क, राजीव चौक, नई दिल्ली में दिनांक 29 जनवरी, 2019 को संपन्न

हुआ, जिसमें माननीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, श्री अश्विनी कुमार चौबे ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और अनेक अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह को सुशोभित किया।

12.2.3.3 इस अभियान की भावना को बनाए रखने और समुदायों के बीच मुख्य संदेश पहुँचाने के लिए 6,000 से अधिक ' ईट राइट चैंपियन' बनाए गए।

12.2.4 राष्ट्रीय ईट राइट मेला

12.2.4.1 गांधी जी की खाद्य, पोषण और उनकी खान-पान की आदतों से प्रेरित होकर एफ.एस.एस.ए.आई ने नैशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नास्वी) के राष्ट्रीय स्ट्रीट फूड फेस्टिवल के दसवें संस्करण के सहयोग से नई दिल्ली में दिनांक 14 से 16 दिसंबर, 2018 तक पहला राष्ट्रीय ईट राइट मेला आयोजित किया। यह नास्वी, टेस्टिंग इंडिया सिम्पोसियम, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, खाद्य कारोबारियों, खाद्य और स्वास्थ्य के क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञों और विभिन्न हितधारकों के सहयोग से आयोजित किया गया। राष्ट्रीय ईट राइट मेला सही आहार के विभिन्न तत्वों का 360 डिग्री अनुभव कराने, पोषण और तंदरुस्ती सुनिश्चित कराने के साथ-साथ सुरक्षित, स्वास्थ्यकर और पौष्टिकीकृत खाने के संदेश को फैलाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई की विभिन्न पहलों को दिग्दर्शित करने के लिए आयोजित किया गया। ईट राइट मेला का रेडिया प्रोमोशन अभियान 13 से 16 दिसंबर, 2018 तक किया गया। यह राष्ट्रीय स्तर का समारोह सूचनात्मक मॉडल के रूप में विकसित आयोजन था और इसमें सूचना मंडप, खाद्य स्टालें और कुछ गतिविधियाँ शामिल थीं, जिनमें प्रतियोगिताएँ, लाइव फूड डेमो, विशेषज्ञ पैनल की चर्चाएँ और भौतिक गतिविधियाँ मुख्य थीं।

12.2.4.2 आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सहयोग से राज्यों की राजधानियों समेत चालीस अन्य स्थानों पर ऐसे ही मेले आयोजित करने के लिए एक प्रतिकृति टेंप्लेट बनाई गई है।

आकृति 31 - 'राष्ट्रीय ईट राइट मेला' की झलकियाँ

12.2.5 ईट राइट रचनात्मकता चुनौती पुरस्कार

12.2.5.1 दिनांक 14 नवंबर, 2018 को बाल दिवस के अवसर पर एफ.एस.एस.ए.आई ने 'ईट राइट पुरस्कार' और 'ईट राइट रचनात्मकता चुनौती' पुरस्कारों की घोषणा की, जिससे 'ईट राइट इंडिया' अभियान को और बल मिला। 'ईट राइट रचनात्मकता चुनौती' का प्रयोजन सही खाना खाने के संदेश को फैलाने के लिए देश के युवाओं में रचनात्मकता को उजागर करना था। यह प्रतियोगिता तीन स्तरों पर चलाई गई: स्कूल, शहर और राष्ट्रीय स्तर, जिसमें कक्षा एक से बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। इसने सुरक्षित खाने, सही खाने और पौष्टिकीकृत खाने के साथ-साथ खाद्य बेकारी न होने देने के साधारण संदेशों को फैलाने के लिए सहायी वातावरण बनाने के लिए रचनात्मकता को एक सशक्त माध्यम के रूप में अपनाने को प्रेरित किया।

12.2.5.2 देश के 3,600 स्कूलों से 75,000 से अधिक बच्चों ने चुनौती में भाग लिया। लगभग 150 भित्ती चित्रकारियाँ और 800 डिजिटल रचनाओं का सृजन हुआ, जिनमें वीडियो, लघु कथाएँ और जिंगल शामिल थीं।

आकृति 32 - समारोह के दौरान सभी विजेताओं के लिए आयोजित कला कार्यशाला

आकृति 33 - दिव्यांगजनों को पुरस्कार वितरण

12.3 ईट राइट स्टार्ट-अप पुरस्कार

ईट राइट स्टार्ट-अप पुरस्कारों की स्थापना सुरक्षित और स्वास्थ्यकर आहार के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए की गई थी। पहली बार चार श्रेणियों- खाद्य परीक्षण, खाद्य सेवा, सामुदायिक संपर्क और कार्य-नियोजन – के लिए दिनांक 14 नवंबर, 2018 को शुरुआत की गई। कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 4 विजेताओं का चयन करके उन्हें खाद्य उत्पादों की संबंधित श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।

12.4 हार्ट अटैक रिवाइंड

मेसर्स वाइटल स्ट्रेटजीज के सहयोग से दिनांक 30 नवंबर, 2018 को एक संचार मीडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके तहत खाद्य आपूर्ति में उद्योग में उत्पादित ट्रांस-फैट को समाप्त करने पर बल दिया गया। 'हार्ट अटैक रिवाइंड' ने नागरिकों को ट्रांस-फैट के सेवन के खतरों से अवगत कराया और ज्यादा स्वास्थ्यकर विकल्पों के माध्यम से उनसे बचने की नीति समझाई। मुख्य डिजिटल प्लेटफॉर्मों, जैसे यूट्यूब, फेसबुक, होटस्टार, और वूट, पर चार सप्ताह तक 17 भाषाओं में 30 सेकिंड की जन-घोषणा का प्रसारण किया गया। इसके अतिरिक्त अभियान को रेडियो चैनलों पर तथा दिल्ली/एनसीआर में आउटडोर होर्डिंगों के

माध्यम से भी चलाया गया। साथ ही एक सोशल मीडिया अभियान द्वारा जनता के स्वास्थ्य पर ट्रांस- फैट के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला गया।

12.5 खाद्य सुरक्षा और अनुप्रयुक्त पोषण पर उच्चतर शिक्षा संस्थानों से ताल-मेल

देश में खाद्य सुरक्षा के ईकोसिस्टम को अद्यतन करने और भविष्य के लिए खाद्य पेशेवरों में क्षमता-निर्माण करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने खाद्य सुरक्षा और अनुप्रयुक्त पोषण पर उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एच.ई.आई) से ताल-मेल के लिए अपने वृहद् फ्रेमवर्क से अवगत कराने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, शिक्षाविदों, उद्योग और औद्योगिक संघों; मंत्रालयों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रीन्योरशिप एंड मैनेजेमेंट (निफ्टेम), भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.एफ.टी), फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की), और ए.ओ.ए.सी इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 3 जुलाई, 2018 को प्रथम स्तरीय चर्चा की। एच.ई.आई के साथ प्रभावी रूप से ताल-मेल के लिए ट्रिपल ई-रणनीति (एंगेज, एक्साइट, इनेबल) अपनाई जा रही है। इस फ्रेमवर्क से संबंधित हितधारकों को दिनांक 13 अगस्त, 2018 को एफ.एस.एस.ए.आई-सी.आई.आई-एस.के.ए की खाद्य सुरक्षा पर आयोजित वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से परिचित कराया गया, जिसमें 160 से अधिक महाविद्यालयों ने भाग लिया। इस पहल से एफ.एस.एस.ए.आई भारत में उदीयमान खाद्य उद्योग के लिए भविष्य के लिए तैयार कुशल कार्यबल बनाना चाहती है।

12.6 परस्पर संवादात्मक (इंटरएक्टिव) रेडियो परामर्श सत्र

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के सहयोग से शैक्षिक एफ.एम रेडियो स्टेशन 'ज्ञान वाणी' के माध्यम से निम्नलिखित विषयों पर इंटरएक्टिव रेडियो परामर्श सत्र आयोजित किए गए:

i. स्कूलों में खाद्य सुरक्षा और पोषण-I– दिनांक 1 अप्रैल, 2018 को
ii. स्कूलों में खाद्य सुरक्षा और पोषण-II– दिनांक 15 अप्रैल, 2018 को
iii. 'खाद्य अपमिश्रण – इसे जानने के सरल तरीके'– दिनांक 6 और 20 मई, 2018 को
iv. खाद्यजनित रोग और निवारण – दिनांक 23 जून, 2018 को
v. 'खाद्य धोखाधड़ी, खाद्य रक्षा' दिनांक 04 जुलाई, 2018 को
vi. 'घर पर सुरक्षित और पोषक आहार-II' दिनांक 07 जुलाई, 2018 को
vii. 'खाद्य संदूषण और एलर्जी के प्रति जागरूकता'– 21 जुलाई, 2018 को
viii. खाद्य स्थापना के लिए साफ-सफाई और स्वच्छता संबंधी अपेक्षाएँ' – 21 जुलाई, 2018 को
ix. 'कृत्रिम मीठा और मानव स्वास्थ्य - आज से थोड़ा कम'– दिनांक 20 अक्टूबर, 2018 को
x. 'आहार से ट्रांस-फैट खत्म करें – 2022 तक ट्रांस-फैट मुक्त भारत' दिनांक 03 नवंबर, 2018 को
xi. 'कुक्कुट मांस और कुक्कुट उत्पादों के बारे में जागरूकता'– दिनांक 17 नवंबर,2018 को
xii. 'प्रयुक्त कुकिंग ऑयल – रुको का निपटान' –दिनांक 01 दिसंबर, 2018 को
xiii. 'आइस क्रीमों और अन्य ठंडे खाद्य पदार्थों की तुरंत फ्रीजिंग के लिए द्रव नाइट्रोजन और एंटी-माइक्रोबियल दवाओं के उपयोग का स्वास्थ्य पर प्रभाव'– दिनांक 15 दिसंबर, 2018 को
xiv. 'स्वास्थ्यकर और सुरक्षित खाद्य का चयन' दिनांक 05 जनवरी, 2019 को
xv. 'स्वस्थ भारत यात्रा'– दिनांक 26 जनवरी, 2019 को।

12.7 सोशल मीडिया

वर्ष 2018-19 में एफ.एस.एस.ए.आई के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों – ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम का फोलोअरों, एंगेजमेंट और अधिगम में सरलता में नुमाइशी वृद्धि हुई। एफ.एस.एस.ए.आई ने 9.84 लाख लोगों को एंगेज करने और प्रत्येक प्लेटफॉर्म के लिए बनाई गई विशद सोशल मीडिया योजनाओं के माध्यम से लगभग 3.34 करोड़ तक पहुँच बनाई। बढ़ावा देने के सामान्य तरीकों के अलावा, इस वर्ष एफ.एस.एस.ए.आई ने पहली बार पेड प्रोमोशन प्रणाली भी अपनाई। मुख्य मुद्दों को अपनाने और युवा पीढ़ी के लिए उपयुक्त बने रहने के लिए मौजूदा रुझानों का लाभ उठाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई के श्रोतागण का विश्लेषण करने के साथ-साथ अतिरिक्त विशेषताओं के लिए विभिन्न सोशल मीडिया साधनों का उपयोग उठाया गया।

12.8 प्रकाशन/ब्रोशर/पन्ने:

उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने और सभी हितधारकों को एफ.एस.एस.ए.आई के कार्यकरण तथा नई पहलों की महत्ता बताने के लिए 2018-19 के दौरान निम्नलिखित प्रकाशन जारी किए गए और वितरित किए गए:

ब्रोशर/पन्ने	पुस्तकें	वीडियो
• डोकिट ईट राइट	• मार्गदर्शी प्रलेख – स्वच्छ स्ट्रीट फूड केंद्र	• सुरक्षित खाद्य परोसें
• नमक कम	• मार्गदर्शी नोट – खाद्य सेवा प्रतिष्ठानों में मेनु लेबलिंग	• अपमिश्रण से निपटें
• चीनी कम	• लौह यात्रा पुस्तिका	• स्वच्छ स्ट्रीट फूड केंद्र
• तेल/घी कम	• ईट राइट इंडिया – स्वस्थ भारत यात्रा	• रुको
• ईट राइट इंडिया – तेल और वसा	• स्वस्थ भारत यात्रा फोटोबुक	• गांधी फिल्म
• ईट राइट इंडिया – चाय, कॉफी और अन्य बीवरेज	• जन भागीदारी के 50 दिन – स्वस्थ भारत यात्रा	• एसबीवाई फिल्म
• ईट राइट रचनात्मकता चुनौती	• फोस्टैक पुस्तिका – खाद्य कारोबार में क्षमता-निर्माण द्वारा स्व-अनुपालन की संस्कृति का पोषण	• दुहरा पौष्टिकीकृत नमक
• ईट राइट रचनात्मकता चुनौती दिशा-निर्देश	• ईट राइट टूलकिट	• पौष्टिकीकृत गेहूँ का आटा और चावल
• 25 ईट राइट पुरस्कार	• ओरेंज बुक	• पौष्टिकीकृत तेल और दूध
• एसएनएफ@अस्पताल	• डार्ट संस्करण 2	• खराब खाद्य को जाँचें
• भोजन बाँटें आनंद बाँटें	• प्रशिक्षण मैनुअल – दूध और दुग्ध उत्पाद	• सुरक्षित और स्वास्थ्यकर कुकिंग ऑयल
• ईट राइट मेला	• जैविक खाद्य पर प्रशिक्षण मैनुअल (फोस्टैक+)	• स्वस्थ जीवन (संतुलित आहार)
• नेटप्रोफैन	• स्टार्ट-अपों के लिए गो टू गाइड	• एच.एफ.एस.एस– थोड़ा कम, दिल, दिमाग, कंट्रोल क्यूँ

ब्रोशर/पन्ने	पुस्तकें	वीडियो
• उपभोक्ता सशक्तीकरण	• एसएनएफ@स्कूल एक्टिविटी बुक	• ईट राइट मेला
• भारत में खाद्य सुरक्षा के परिदृश्य में बदलाव	• हेल्दी इंडिया डेस्कटॉप कैलेंडर	• वैष्णव जन तो
• क्षमता-निर्माण		
• ईट राइट पहेली		
• रुको		

12.9 एफ.एस.एस.ए.आई का एक्सपीरियंस जोन

एक्सपीरियंस जोन, जिसमें भारत का खाद्य सुरक्षा ईकोसिस्टम बताया गया है, टाटा ट्रस्ट्स के सहयोग से एफ.डी.ए भवन में बनाया गया। इसका उद्घाटन श्री अमिताभ कांत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नीति आयोग द्वारा दिनांक 16 मई, 2018 को किया गया। कल्पित वास्तविकता और वृद्धिकारी प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए इसमें खाद्य सुरक्षा विनियमन के इतिहास को इसके खाद्य अपमिश्रण पर पुराने संकीर्ण दृष्टिकोण से लेकर सभी 132 करोड़ नागरिकों के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यकर आहार उपलब्ध कराने के अधिक समग्रतावादी दृष्टिकोण तक को समाहित किया गया। 360 डिग्री एक्सपीरियंस जोन में बताया गया है कि कैसे एफ.एस.एस.ए.आई ने अपनी भूमिका में केवल 'प्रवर्तक' से 'सहायी' के रूप में बदलाव किया। इंटरएक्टिव प्रदर्शों के माध्यम से आगंतुक खाद्य वैल्यू श्रृंखला की जटिलता को समझ सकते हैं, लागू प्रणालियों और प्रक्रमों को देख सकते हैं और यह जान सकते हैं कि कैसे एफ.एस.एस.ए.आई नियामक, खाद्य कारोबारों और नागरिकों के मध्य भागीदारी का सृजन कर रही है।

आकृति 34 - एफ.एस.एस.ए.आई के 'एक्सपीरियंस जोन' का उद्घाटन

12.10 समारोह और प्रदर्शनियाँ

2018-19 के दौरान एफ.एस.एस.ए.आई ने जन जागरूकता उत्पन्न करने, उपभोक्ता शिक्षा देने, अपनी पहलों का प्रचार करने और विभिन्न हितधारकों के साथ सशक्त संवाद करने के लिए निम्नलिखित प्रदर्शनियों/ समारोहों में भाग लिया:

i. प्रगति मैदान, नई दिल्ली में दिनांक 27 से 29 जुलाई, 2018 तक आयोजित 'सरकारी उपलब्धियाँ और योजनाएँ प्रदर्शनी'। उत्कृष्ट उपलब्धियों और सर्वोत्तम प्रदर्श के लिए एफ.एस.एस.ए.आई को प्रथम पुरस्कार दिया गया।

ii. 'आहार – खाद्य और स्वागत-सत्कार मेला 2018', भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा दिनांक 23 से 25 अगस्त, 2018 तक चेन्नई ट्रेड सेंटर में आयोजित।

आकृति 35 - 'आहार-खाद्य और स्वागत-सत्कार मेला 2018' में भागीदारी

iii. 'फूड इन्ग्रीडिएंट्स इंडिया एंड हेल्थ इन्ग्रीडिएंट्स (फाई इंडिया एंड हाई) 2018', यू.बी.एम इंडिया प्रा0 लि0 द्वारा इंडिया एक्स्पो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में दिनांक 30 अगस्त से 01 सितंबर, 2018 तक आयोजित।

iv. सिडको एक्जीबिशन सेंटर, नवी मुंबई में दिनांक 23 से 27 अक्टूबर, 2018 तक आयोजित '19वीं आईयूफोस्ट वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी 2018'। द इंटरनैशनल यूनियन ऑफ फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईयूफोस्ट) खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक वैज्ञानिक संगठन है, जिसके 75 से अधिक देशों के 3,00,000 से अधिक सदस्य हैं, जो विश्व खाद्य आपूर्ति की सुरक्षा और संरक्षा बढ़ाने वाले कार्यक्रमों और परियोजनाओं में सहयोग देते हैं।

आकृति 36 - 19वीं आईयूफोस्ट सम्मेलन, 2018 की छवियाँ

v. 'ड्रिंक टेक्नोलॉजी इंडिया, 2018' – बॉंबे इंटरनैशनल एक्जीबिशन सेंटर, मुंबई में दिनांक 24 से 27 अक्टूबर, 2018 तक।

vi. 'बॉयोफैक इंडिया, 2018' – प्रगति मैदान, नई दिल्ली में दिनांक 25 से 27 अक्टूबर, 2018 तक।

vii. 'एग्रो वर्ल्ड, 2018' – आई.ए.आर.आई, पूसा कैंपस, नई दिल्ली में दिनांक 25 से 27 अक्टूबर, 2018 तक

viii. 'क्लाइमेट जंबूरी, 2018' – त्यागराज स्पोर्ट्स कंप्लेक्स, नई दिल्ली में दिनांक 01 से 03 नवंबर, 2018 तक।

ix. '5वाँ वाइब्रेंट इंडिया, 2018' और 'मेरी दिल्ली उत्सव'– पीतमपुरा दिल्ली हाट, नई दिल्ली में 02 और 04 नवंबर, 2018।

x. '23वाँ अखिल भारतीय बाल शिक्षा श्रव्य-दृश्य उत्सव और आई.सी.टी मेला' – सी.आई.ई.टी, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली में दिनांक 27 से 29 नवंबर, 2018 तक।

xi. '8वाँ इंटरनैशनल फूड कन्वेंशन (इफ्कोन 2018)' – सी.एफ.टी.आर.आई, मैसुरू में दिनांक 12 से 15 दिसंबर, 2018 तक। कन्वेंशन का विषय 'स्टार्ट-अप के लिए समग्रतावादी दृष्टिकोण, खाद्य नवाचार और कृषि और खाद्य उद्योग जेमेशन के लिए मानव संसाधन प्रशिक्षण था। एफ.एस.एस.ए.आई को जन जागरूकता उत्पन्न करने, खाद्य सुरक्षा को प्रेरित और प्रोत्साहित करने में श्रेष्ठता के लिए बेस्ट एक्जीबिटर पुरस्कार मिला।

आकृति 37 - इफ्कोन 2018 उद्घाटन समारोह

xii. 'इंडस फूड – ए ग्लोबल फूड एंड बीवरेज रिवर्स बायर्स-सेलर्स मीट (आर.बी.एस.एम)' – भारत व्यापार संवर्धन परिषद् द्वारा इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा में दिनांक 14 से 15 जनवरी, 2019 तक आयोजित।

xiii. 'स्थानीय खाद्य प्रणालियों के माध्यम से स्वास्थ्यकर आहार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला' – नैशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड एडवांस्ड रिसर्च ऑन डाइट्स, लेडी इरविन कॉलेज और यूनिसेफ इंडिया के सहयोग से नीति आयोग द्वारा होटल लीमेरिडियन, नई दिल्ली में दिनांक 20 से 21 फरवरी, 2019 तक आयोजित।

xiv. 'निफ्टेम फूड फेस्टिवल' – निफ्टेम कैंपस, कुंडली, सोनीपत, हरियाणा में दिनांक 21 से 22 फरवरी, 2019 तक आयोजित।

xv. 'द्वितीय द्वादश ज्योतिर्लिंग समारोह 2019' – सभी 12 ज्योतिर्लिंगों के प्रशासकों को एफ.एस.एस.ए.आई के 'भोग' और स्वच्छता रेटिंग पहलों को बढ़ावा देने और संवेदी बनाने के लिए सोमनाथ, गुजरात में दिनांक 23 से 25 फरवरी, 2019 तक आयोजित।

xvi. 'आहार – अंतर्राष्ट्रीय खाद्य और स्वागत-सत्कार मेला 2019' - भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा दिनांक 12 से 16 मार्च, 2019 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में जन जागरूकता, उपभोक्ता शिक्षा,एफ.एस.एस.ए.आई की पहलों के प्रचार और विभिन्न हितधारकों के साथ सशक्त एकीकरण के लिए आयोजित।

xvii. 'स्वस्थ भारत यात्रा का समापन समारोह' - यह यात्रा अपनी शुरुआत के 100 से अधिक दिनों बाद नई दिल्ली में विशाल समापन समारोह में समाप्त हुई1 समापन समारोह सेंट्रल पार्क, राजीव चौक में दिनांक 29 जनवरी, 2019 को आयोजित किया गया, जिसमें माननीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, श्री अश्विनी कुमार चौबे ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और अनेक अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह को सुशोभित किया।

आकृति 38 - श्री अश्विनी कुमार चौबे, राज्य मंत्री (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) स्वच्छ भारत यात्रा को सफल बनाने वाले व्यक्तियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए

अध्याय-13

उपभोक्ता का ध्यान और सशक्तिकरण

13.1 परिचय

उपभोक्ताओं को सूचना, सूझ-बूझ से पसंद करने, शिक्षा, सुरक्षित और पोषक आहार, अनुचित व्यापार रीतियों से संरक्षण और अपनी शिकायतों के निपटान का अधिकार है। इन अधिकारों के मद्देनजर एफ.एस.एस.ए.आई ने कई मुख्य पहलें की हैं, जिनका उद्देश्य उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना और उनके हितों का संरक्षण करना है।

13.2 विशिष्ट उपभोक्ता शिक्षा पोर्टल

उपभोक्ताओं का खाद्य सुरक्षा से संबंधित सभी मुद्दों के बारे में शिक्षित करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने सभी खाद्य क्रेताओं को स्मार्ट, सजग और जागरूक उपभोक्ता बनाने के लिए www.foodsmart.fssai.gov.in नाम से विशिष्ट रूप से समर्पित अन्योन्य क्रियात्मक पोर्टल तैयार किया है। यह पोर्टल उन्हें सूझ-बूझ से पसंद करने के बारे में बताता है, चाहे वे कच्ची खाद्य सामग्री खरीद रहे हों या प्रसंस्कृत खाद्य सामग्री या बाहर खाना खा रहे हों। यह उपभोक्ताओं को उनके विचार व्यक्त करने, प्रश्न पूछने और अपनी शिकायतें दर्ज कराने का मंच भी उपलब्ध कराता है।

13.3 मार्गदर्शी नोट

एफ.एस.एस.ए.आई खाद्य अपमिश्रण के प्रति सामान्य चिंताओं और खाद्य सुरक्षा के अन्य मुद्दों के समाधन के लिए और खाद्य से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के लिए उपभोक्ताओं और अन्य हितधारकों के लिए मार्गदर्शी नोट बनाकर उनका प्रसार कर रही है। अब तक निम्नलिखित विषयों पर मार्गदर्शी नोट बनाए गए हैं:

- फलों की कृत्रिम पकाई
- अंडे की गुणता और सुरक्षा : प्लास्टिक के अंडों के बारे में मिथक का निराकरण
- फलों और सब्जियों पर स्टिकर
- प्रयुक्त कुकिंग ऑयल का प्रहस्तन और निपटान
- विकिरणित खाद्य सुरक्षित होता है : इससे संबंधित मिथकों का निराकरण
- दालों और बेसन की सुरक्षा सुनिश्चित करना
- सुरक्षित मसाले
- मछली में फोर्मलिन का मामला

एफ.एस.एस.ए.आई ने इन्हें अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर डाला है। प्रसार में सुविधा के लिए सामग्री कई भाषाओं में उपलब्ध होने के साथ-साथ डिजिटल फॉरमैट में भी है।

13.4 खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड

13.4.1 खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड : एफ.एस.एस.ए.आई ने विभिन्न खाद्य कारोबारों यथा खुदरा स्टोरों, दूध के बूथों, सब्जियों और फलों के खुदरा विक्रेताओं, मांस की दुकानों, रेस्टोरेंटों, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, उत्पादकों, भंडारणकर्ताओं, शराब की खुदरा दुकानों, ट्रांस्पोर्टरों और वितरकों के लिए 'खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड' (एफ.एस.डी.बी) शुरू किए हैं।

13.4.2 इन बोर्डों में न केवल एफ.एस.एस.ए.आई की पंजीकरण/लाइसेंस संख्या होती है, बल्कि ये उपभोक्ताओं को खाद्य कारोबारों द्वारा अपने कारोबार में अपनाई जाने वाली खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी उपयुक्त रीतियों के बारे में भी जानकारी देते हैं। इनमें उपभोक्ताओं के लिए फीडबैक, प्रश्नों और शिकायतों के लिए संपर्क दूरभाष का उपबंध भी है।

13.4.3 इसके अतिरिक्त खान-पान क्षेत्र के लिए एफ.एस.डी.बी को अनिवार्य बनाया गया है और एफ.एस.एस.ए.आई यह सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में है कि संपूर्ण क्षेत्र के लिए एफ.एस.डी.बी को संबंधित खाद्य कारोबारियों द्वारा प्रदर्शित किया जाए।

आकृति 39 - 'खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड' (एफ.एस.डी.बी)

13.5 सुरक्षित और पोषक आहार की पहलें

सुरक्षित और पोषक आहार (एस.एन.एफ) की पहलें वे पहलें हैं, जिनमें दैनिक जीवन में अर्थात् घर पर, स्कूल में, कार्य-स्थल पर अथवा भोजनालय में नागरिकों के मार्गदर्शन और व्यवहारगत परिवर्तन के लिए 360 डिग्री दृष्टिकोण अपनाया गया है। घर (द पिंक बुक), स्कूल (द येलो बुक), और कार्य-स्थल (द ओरेंज बुक) के लिए सुरक्षित और पोषक आहार की संसाधन पुस्तकें तैयार की गई हैं। पिंक बुक में लाभदायक बातें, करो और न करो, और भारतीय रसोइयों के लिए अनुशंसित पद्धतियाँ और रीतियाँ बताई गई हैं। द येलोबुक में इंटरएक्टिव क्लास रूम लेक्चरों के साथ-साथ पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ दी गई हैं। यह अभिभावकों,अध्यापकों और छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण साधन का काम करती है। द ओरेंज बुक कार्य-स्थल पर सभी के लिए खाद्य सुरक्षा और पोषण सुनिश्चित करने के लिए सहायी वातावरण बनाने का मार्गदर्शी प्रलेख है। द्रुत परीक्षण से अपमिश्रण जानें (डार्ट) पुस्तिका खाद्य अपमिश्रण जानने के लिए

आम तौर पर सेवित वस्तुओं के आसानी से स्वयं किए जाने वाले परीक्षणों का संग्रह है, जिससे यह खाद्य में जनता के विश्वास का निर्माण करती है। इन्हें क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जा रहा है। एस.एन. एफ के तहत टी.ओ.टी मॉडल (प्रशिक्षक प्रशिक्षण) के माध्यम से प्रत्येक क्षेत्र के स्वास्थ्य और कल्याण समन्वयकों को प्रशिक्षित और प्रमाणित किया जा रहा है। कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर) के अंतर्गत वित्त पोषण के लिए उद्योग के साथ सहयोग के मॉडलों का सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया है और स्थिर व्यवस्था का रीतिबद्ध ढाँचा तैयार किया गया है।

13.6 सामाजिक जुड़ाव

अभियान प्राय: किसी मामले पर ध्यान केंद्रित करने और सभी हितधारकों को उस दिशा में काम में लगाने के लिए लाभदायक होते हैं। स्वस्थ भारत यात्रा, जो अखिल भारतीय रिले साइक्लाथॉन थी,'सुरक्षित खाएँ, स्वास्थ्यकर खाएँ और पौष्टिकीकृत खाएँ' का संदेश देने और बाजार में उपलब्ध खाने के प्रति उपभोक्ता का विश्वास पैदा करने के लिए आयोजित की गई थी। इस रिले साइक्लाथॉन में 21,629 साइकिल यात्रियों ने 16 अक्टूबर, 2018 से 29 जनवरी, 2019 के मध्य 104 दिनों तक 21,000 से अधिक किलो मीटरों की दूरी तय की। देश में अनेक समारोह और गतिविधियाँ की गईं और लगभग ढाई करोड़ लोगों तक पहुँच बनाई गई। इस अभियान को बनाए रखने के प्रयोजन से समुदायों में मुख्य संदेश को देने के लिए 6,000 से अधिक ईट राइट चैपियन बनाए गए। ईट राइट रचनात्मकता चुनौती, जो एक अखिल भारतीय कला प्रतियोगिता थी, युवा वार्ग की रचनात्मकता को बाहर लाने और 'ईट राइट' अभियान का संदेश फैलाने के लिए आयोजित की गई थी। इस चुनौती में 3,600 स्कूलों के 75,000 छात्रों ने भाग लिया। लगभग 150 भिति चित्रकारियाँ और 800 डिजिटल रचनाओं, वीडियो,लघु कथाओं, जिंगलों का सृजन हुआ।

13.7 इलेक्ट्रॉनी, मास और सोशल मीडिया का उपयोग

इंटरएक्टिव सामग्री यथा लघु वीडियो, जीआईएफ, ईट राइट पहेली, ईट राइट कैलेंडर और आदत ट्रैकर, पोस्टर, स्वास्थ्यकर रेसिपि इत्यादि से अलग वेब पोर्टल बनाए गए। ईट राइट के मुख्य संदेश का प्रसार रेडिओ, यूट्यूब, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से किया जा रहा है। खाद्य की सुरक्षा और गुणता के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर झूठे और भ्रामक प्रचार को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं।

13.8 प्रभावशाली और प्रसिद्ध व्यक्तियों की सेवाओं का उपयोग

महात्मा गांधी के खाद्य और पोषण संबंधी दर्शन से प्रेरणा लेते हुए ईट राइट का मुख्य संदेश के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पोषण और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों की सेवाओं का उपयोग उठाया गया। पौष्टिकीकृत खाद्य और कम लवण, शर्करा और वसा वाले आहार अपनाने हेतु प्रेरित करने के लिए लोकप्रसिद्ध व्यक्तियों को दर्शाते हुए लघु फिल्मों का उपयोग किया जा रहा है। बच्चों में खान-पान की स्वास्थ्यकर आदतें डालने के लिए 'टीम सेहत' के शुभंकर को प्राणवान बनाया गया। 10 लाख से अधिक बच्चों से संपर्क के साथ देश में अनेक शुभंकर गतिविधियाँ की गईं।

13.9 परस्पर संवादात्मक रेडियो परामर्श सत्र

एफ.एस.एस.ए.आई ने ज्ञानवाणी पर परस्पर संवादात्मक (इंटरएक्टिव)रेडियो परामर्श सत्रों के माध्यम से

खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर उपभोक्ताओं और उद्योग के लोगों को शिक्षित करने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के सहयोग से विशेष कार्यक्रम किए। हर पखवाड़ा आयोजित किया जाने वाला यह एक घंटे का सीधे प्रसारण वाला सत्र होता है, जिस दौरान विषय के विशेषज्ञ खाद्य क्षेत्र के विभिन्न मामलों सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी पहलुओं पर चर्चा करते हैं। विशेषज्ञ श्रोताओं से बात भी करते हैं और उनके प्रश्नों के उत्तर देते हैं। ऐसा पहला सत्र दिनांक 14 जनवरी, 2018 को हुआ था, जो 'उच्च वसा, लवण और शर्करा (एच.एफ.एस.एस) वाले खाद्य पदार्थों का बढ़ता सेवन और उनका स्वास्थ्य पर प्रभाव' विषय पर था। तब से अब तक कुल कई आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

13.10 सूझ-बूझकर की गई पसंद प्रेरित करना

बेहतर जानकारी से उपभोक्ता सूझ-बूझ करके पसंद कर सकता है। हाल ही की कुछ पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं:

स्वस्थप्रद रेटिंग – इसका प्रयोजन तृतीय पक्ष के ऑडिटों और निरीक्षणों के माध्यम से खाद्य सेवा स्थापनाओं में खाद्य स्वच्छता के मानकों की रेटिंग करके उपभोक्ताओं को सूझ-बूझ से पसंद करने में सशक्त बनाना है।

स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब (सी.एस.एफ.एच) – स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब के कारण उपभोक्ताओं की नजरों में 'सुरक्षित' स्ट्रीट फूड की अवधारणा बढ़ गई है। पहला स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब कांकरिया झील, अहमदाबाद को घोषित किया गया था जिसके बाद 8 अन्य हब को यह प्रमाणपत्र दिया जा चुका है और देश में 62 अन्य स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब के प्रमाणीकरण का कार्य चल रहा है।

मेनु लेबलिंग – इसका प्रयोजन उपभोक्ताओं को बाहर भोजन करते समय खाद्य पदार्थों के कैलोरी मान और पोषक तत्वों की मात्रा से परिचित कराना है। इससे उपभोक्ताओं को अपनी पसंद सूझ-बूझ से करने में सहायता मिलेगी, परिणामस्वरूप रेस्टोरेंट अपने मेनु में ज्यादा स्वास्थ्यकर विकल्प उपलब्ध कराने को प्रेरित होंगे।

प्रमाणन – उपभोक्ताओं को जैविक खाद्यों, पौष्टिकीकृत उत्पादों, नशीले पदार्थमुक्त खेल पोषण उत्पादों की पहचान करने के प्रतीक और लोगो बनाए गए हैं। उपभोक्ता की जागरूकता के लिए जिम्मेदार स्थापना-आधारित प्रतीक भी बनाए जा रहे हैं, उदाहरणार्थ रुको (पुनर्प्रयोजन प्रयुक्त कुकिंग ऑयल)।

13.11 खाद्य अपशिष्ट को रोकना

खाद्य अपशिष्ट को रोकने और भूख से निपटने के लिए 'भोजन बचाओ, भोजन बाँटो, आनंद बाँटो' पहल आरंभ की गई है। इसमें अपशिष्ट खाद्य को कम करने के लिए व्यवहारगत रीतियों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है। भूख से निपटने के लिए 70 शहरों के जरूरतमंद व्यक्तियों को अधिशेष भोजन सुरक्षित रूप से वितरित करने के लिए खाद्य संग्रहण और वितरण संगठनों का नेटवर्क इंडियन फूड शेयरिंग एलायंस (आई.एफ.एस.ए) स्थापित किया गया है। 12 एजेंसी इस में शामिल हैं और यह नेटवर्क अन्य राज्यों में फैल रहा है।

13.12 चल खाद्य सुरक्षा

परीक्षण, प्रशिक्षण और जागरूकता उत्पन्न करने के प्रयोजन से चल खाद्य परीक्षण की एक नई अवधारणा को जन्म दिया गया है। दैनिक उपभोग की वस्तुओं दूध, पानी, खाद्य तेल और अन्य वस्तुओं में आम मिलावटों के साधारण परीक्षण करने के अलावा इन चल यूनिटों का उपयोग नागरिकों में खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खान-पान की स्वास्थ्यकर आदतों को बढ़ावा देने तथा खाद्य कारोबारों के खाद्यकर्मियों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण और प्रमाणन के लिए भी किया जा रहा है। ऐसी 46 चल प्रयोगशालाओं की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 40 प्रयोगशालाएँ 30 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को सुपुर्द की जा चुकी हैं।

13.13 खाद्य सुरक्षा मैजिक बॉक्स

स्कूली बच्चों को शिक्षित करने के लिए शिक्षा के साधान के रूप में 'अपने आप करो' खाद्य सुरक्षा परीक्षण किट तैयार की गई है। यह छोटे आकार का एक हल्का सुवाह्य बक्सा है जिसमें कुछ आधारभूत रसायन, छोटे-छोटे उपकरण और सुरक्षा गैजेट होते हैं। इसमें उपलब्ध एक सहयोगी मार्गदर्शी पुस्तिका में विभिन्न खाद्य उत्पादों, यथा दूध, शहद, मसालों इत्यादि के परीक्षण करने के ढंग बहुत ही साधारण तरीकों से और चित्रों के माध्यम से बताया गया है। कुल मिलाकर बॉक्स में ऐसे 76 अति सरल परीक्षण बताए गए हैं। इन मैजिक बक्सों (पहले चरण में 5,000) को राज्यों के स्कूलों को उपलब्ध कराया जाएगा।

13.14 उपभोक्ता फीडबैक और शिकायत निपटान की सशक्त प्रणाली - फूड सेफ्टी कनेक्ट

13.14.1 फूड सेफ्टी कनेक्ट विभिन्न माध्यमों (डिजिटल माध्यम सहित) की सक्रिय भागीदारी और उपयुक्त जुड़ाव प्रणाली स्थापित करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई की एक पहल है। यह खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के संबंध में उपभोक्ताओं की शिकायतों के निपटान के लिए एक कुशल प्रयास है। इसके प्रयोजन निम्नानुसार हैं:

- जिम्मेदार ईकोसिस्टम की स्थापना –उपभोक्ताओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए खाद्य कारोबारों के सभी हितधारकों को शामिल करते हुए सबके सहयोग से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- संप्रेषण साधनों में सुधार करना –उपभोक्ताओं, खाद्य विनियामकों और खाद्य कारोबार उद्योग के मध्य।
- भरोसेमंद और सशक्त सूचना और फीडबैक प्रणाली स्थापित करना : एफ.एस.एस.ए.आई और राज्य खाद्य विनियामकों द्वारा उपभोक्ताओं को सूचना का अबाध प्रवाह सुनिश्चित करने और उनके मुद्दों/शिकायतों को समयबद्ध और दक्षता से निपटाने हेतु।

आकृति 40 - उपभोक्ता शिकायत निपटान प्रणाली



13.14.2 उपभोक्ता मुद्दों की निपटान प्रणाली

(क) एफ.एस.एस.ए.आई ने उपभोक्ताओं की फीडबैक/शिकायतों को कई माध्यमों से सरल बना दिया है, जिससे एक जिम्मेदार ईकोसिस्टम के लिए एक विश्वसनीय और सशक्त सूचना और फीडबैक प्रणाली का सृजन हुआ। उपभोक्ताओं और खाद्य कारोबारियों की शिकायतें/मुद्दे एफ.एस.एस.ए.आई द्वारा विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही है, जिनमें वेब पोर्टल और मोबाइल एप, एफ.एस.एस.ए.आई हेल्पलाइन, ई-मेल, व्हट्सएप, ट्विटर, फेसबुक शामिल हैं। इनके अतिरिक्त खाद्य और बीवरेज क्षेत्र से संबंधित शिकायतें उपभोक्ता मामले विभाग के इन्ग्राम पोर्टल के माध्यम से भी प्राप्त हो रही हैं।

(ख) आगे, एफ.एस.एस.ए.आई अन्य स्रोतों, यथा प्रशासनिक सुधार और सार्वजनिक शिकायत विभाग (डी.ए.आर.पी.जी), कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति सचिवालय, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, प्रधान मंत्री कार्यालय इत्यादि से भी ऑफलाइन और ऑनलाइन (डी.ए.आर.पी.जी के पी.जी पोर्टल के माध्यम से) दोनों तरह से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

(ग) एफ.एस.एस.ए.आई द्वारा ऊपर बताए गए माध्यमों से प्राप्त उपभोक्ताओं और खाद्य कारोबारियों की शिकायतों/मुद्दों को एकल पोर्टल अर्थात् फूड सेफ्टी कनेक्ट पोर्टल पर इकट्ठा किया जाता है। दर्ज की गई प्रत्येक शिकायत/मुद्दे को एक अलग कोड दिया जाता है, उसका जोखिमवार प्राथमिकीकरण किया जाता है और उसके बाद उसे खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम तथा उसके अंतर्गत बने नियमों और विनियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित राज्य के अभिनामित अधिकारी व खाद्य कारोबारी को भेजा जाता है। इन शिकायतों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाती है।

13.14.3 विनियमात्मक कार्य का विस्तार और उपभोक्ता सशक्तीकरण

शिकायत निपटान प्रणाली की समग्र दक्षता में सुधार लाने और सभी राज्यों एवं संघशासित क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति संवेदी बनाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए नियमित रूप से कार्यशालाएँ करती रहती है।

13.14.4 खाद्य कारोबारियों को उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति संवेदी बनाना

एफ.एस.एस.ए.आई ने उपभोक्ताओं की शिकायतों के समय पर तथा अच्छी प्रकार निपटान के लिए मानदंड बनाए हैं और कार्रवाई की समय-सीमा निर्धारित की है और यह सुनिश्चित किया है कि खाद्य कारोबारी उपभोक्ताओं की शिकायतों और उनके मुद्दों पर विशिष्ट रूप से कार्रवाई करने के लिए 'नोडल अधिकारी' नामित करें। नोडल अधिकारियों के कार्यों की मानिटरिंग करने के अलावा एफ.एस.एस.ए.आई उनके लिए नियमित रूप से कार्यशालाएँ भी आयोजित करती है। इन कार्यशालाओं के आयोजन का उद्देश्य खाद्य कारोबारी स्तर पर शिकायत निपटान प्रणाली को सशक्त बनाना और उसमें सुधार करना भी होता है और उसी के साथ जवाबदेह एवं जिम्मेदार कारोबार रीतियों का बढ़ावा देना है।

13.15 भ्रामक विज्ञापन और लेबल

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 द्वारा खाद्य संबंधित भ्रामक विज्ञापन और लेबल निषिद्ध हैं। इसी प्रकार उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उपभोक्ता को ऐसे विज्ञापनों से संरक्षण का अधिकार देता है, जिसमें उन्हें 'अनुचित व्यापार रीतियाँ' कहा गया है। विज्ञापनों के संबंध में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के उल्लंघन जानने और रोकने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने भारत विज्ञापन मानक परिषद् (ए.एस.सी.आई) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है, जिसके तहत ए.एस.सी.आई विभिन्न मीडिया चैलनों में खाद्य और बीवरेज (एफ एंड बी) क्षेत्र के भ्रामक विज्ञापनों के मामलों की व्यापक रूप से मानिटरिंग करेगी। ए.एस.सी.आई उपभोक्ता मामले मंत्रालय के 'गामा' (भ्रामक विज्ञापनों के विरुद्ध शिकायत) पोर्टल सहित विभिन्न स्रोतों से प्राप्त भ्रामक एफ एंड बी विज्ञापनों के विरद्ध प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई भी करेगी। समझौता ज्ञापन में यह भी उपबंधित है कि ए.एस.सी.आई किसी खाद्य कारोबारी द्वारा उसके निर्देशों का अनुपालन न किए जाने पर वह एफ.एस.एस.ए.आई को रिपोर्ट करे, जिससे वह खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई कर सके। वर्ष 2018-19 के दौरान ए.एस.सी.आई ने खाद्य से संबंधित 301 भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई की।

13.16 उपलब्ध नीति और विनियमात्मक सहयोग

जहाँ सभी विनियमों और मानकों से खाद्य सुरक्षा को सहयोग मिलता है, एफ.एस.एस.ए.आई ने उपभोक्ता के सशक्तीकरण में विशेष रूप से सहयोग देने के लिए निम्नलिखित मुख्य विनियम अधिसूचित किए हैं/बनाए हैं :

- विज्ञापन और दावे विनियम
- लेबलिंग विनियम जिनमें उच्च सैच्युरेटिड फैट, लवण और शर्करा (एच.एफ.एस.एस) वाले खाद्य पदार्थ शामिल हैं
- पौष्टिकीकरण विनियम
- जैविक खाद्य विनियम
- खाद्य उत्पादों की विभिन्न प्रकार की श्रेणियों के लिए ट्रांस-फैट की सीमाएँ।

13.17 विविध-हितधारक भागीदारी

विभिन्न प्रकार की उपभोक्ता पहलों में सहयोग देने के लिए कई प्रकार के हितधारकों के साथ भागीदारियाँ की गईं। इसमें सरकारी विभाग, उपभोक्ता और सिविल सोसायटी संगठन, विकास सहयोगी, कार्पोरेट, शैक्षिक संस्थाएँ, पेशेवर नेटवर्क और नागरिक शामिल हैं। ये भागीदारियाँ सुरक्षित और स्वास्थ्यकर आहार अपनाने के लिए नागरिकों का ध्यान आकर्षित करने, उन्हें प्रेरित करने और क्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

अध्याय-14

एफ.एस.एस.ए.आई में प्रौद्योगिकी का उपयोग और ई-शासन

14.1 एफ.एस.एस.ए.आई के आई.टी प्रभाग की भूमिका और जिम्मेदारियाँ

14.1.1 पिछले कुछ वर्षों में ई-शासन सरकार के लिए ध्यानाकर्षण का मुख्य क्षेत्र बन गया है। एफ.एस.एस.ए.आई जैसे व्यापक अधिदेश वाली नियामक संस्था के लिए प्रौद्योगिकी की अति महत्ता को समझते हुए आउटसोर्सिंग के पुराने मॉडल, जब एफ.एस.एस.ए.आई की सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी गतिविधियाँ नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्मार्ट गवर्निंग (एन.आई.एस.जी) के माध्यम से की जाती थीं, हटकर संस्था में ही सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग की स्थापना की गई।

14.1.2 एफ.एस.एस.ए.आई में आई.टी प्रभाग की स्थापना का प्रयोजन नए और मौजूदा अनुप्रयोगों के सार्थक प्रौद्योगिक समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे सौंपी गई जिम्मेदारियों के सर्वोत्तम संभव परिणाम आएँ। इसके लिए आई.टी प्रभाग कभी-कभी नवाचारी प्रौद्योगिक सहभागियों के सशक्त नेटवर्क का उपयोग करता है, जिससे एफ.एस.एस.ए.आई को अपना कार्य तेजी से और चुस्ती से करने में सहायता मिलती है।

14.1.3 एफ.एस.एस.ए.आई का आई.टी प्रभाग दो वर्ष पूर्व अपनी स्थापना के बाद इसके प्रत्येक प्रमुख प्रभाग के स्तर तक के ई-शासन अनुप्रयोगों का मुख्य निर्माता बनकर उभरा है। संस्थागत आई.टी प्रभाग से एफ.एस.एस.ए.आई की वृहद् स्तरीय महत्वपूर्ण आई.टी सिस्टमों, जैसे खाद्य अनुज्ञापन और पंजीकरण प्रणाली (एफ.एल.आर.एस), पंजीकरण और आयात प्रणाली (एफ.आई.सी.एस), जो एफ.एस.एस.ए.आई की अनुज्ञापन, पंजीकरण और आयात प्रणालियों की मेरुदंड हैं, के लिए बाहरी एजेंसियों पर निर्भरता कम हो गई है। वर्ष 2018-19 के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ शुरू की गईं, यथा ईट राइट इंडिया, स्वस्थ भारत यात्रा आदि। इन सभी पहलों को आई.टी प्लेटफॉर्मों और प्रणालियों द्वारा ही गहन सहयोग मिलता है।

14.2 एफ.एस.एस.ए.आई में आई.टी अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण -

14.2.1 एफ.एस.एस.ए.आई के मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों सभी में आई.टी अवसंरचना को पर्याप्त रूप से सुदृढ़ कर दिया गया है:

(i) सभी कार्यालयों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की बैंडविड्थ बढ़ा दी गई है, जो मुख्यालय में अब पी.जी.सी.एल के माध्यम से 60 एम.बी.पी.एस और क्षेत्रीय कार्यालयों में 12 एम.बी.पी.एस कर दी गई है। एन.आई.सी डैटा सेंटर, शास्त्री पार्क, नई दिल्ली में कुल आबंटित संसाधन 292 कोर सीपीयू, 224 जीबी रैम और 20.252 टीबी एचडीडी वाले एफ.एस.एस.ए.आई के 6 एफ.एल.आर.एस सर्वर हैं।

(ii) क्लाउड अंगीकरण - वेबसाइट, माइक्रोसाइटें और अन्य पोर्टल अब बी.एस.एन.एल क्लाउड से चल रहे हैं। एफ.एस.एस.ए.आई ने इंटरनेट पर अपने सभी एप्लीकेशन होस्ट करने के लिए "क्लाउड फर्स्ट"प्रणाली अपनाई है, जिससे समय और लागत में कमी आई है।

(क) बी.एस.एन.एल क्लाउड पर एफ.आई.सी.एस के लिए अब कुल आबंटित संसाधन 14vCPU; 40 GB RAM; 2240 GB HDD वाले तीन वी.एम हैं। इसके अतिरिक्त एफ.एस.एस.ए.आई ने 50 से अधिक अन्य सभी वेबसाइटों/पोर्टलों (11 वी.एम) के लिए बी.एस.एन.एल क्लाउड की सेवा ली है, जिनका कुल आबंटित संसाधन 16vCPU; 28GB RAM 1040GB HDD है।

(ख) एन.आई.सी की नैशनल क्लाउड सर्विस 'मेघराज' पर खाद्य सुरक्षा और अनुपालन प्रणाली (फॉस्कोस) एप्लीकेशन होस्ट की जा रही है और कुल आबंटित संसाधन 112vCPU; 224GB RAM और 3620 GB HDD वाले इसके 7 वी.एम हैं।

(iii) एफ.एस.एस.ए.आई के सभी कार्यालयों में अब वीडियो सम्मेलन की सुविधा है और इनके तथा राज्य सरकारों के साथ वीडियो सम्मेलन नियमित रूप से होते रहते हैं, जिससे दौरों की आवश्यकता और लागत घट गई है।

14.3 खाद्य लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली (एफ.एल.आर.एस) और खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (एफ.आई.सी.सी) का प्रबंधन

खाद्य लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली (एफ.एल.आर.एस)

14.3.1 खाद्य लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली (एफ.एल.आर.एस) मुख्य सोफ्टवेअर एप्लीकेशनों में से एक है, जिससे एफ.एस.एस.ए.आई की लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली में सहायता मिलती है और अब यह नागालैंड को छोड़कर सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में क्रियान्वित है। भारतीय रेल के सभी 16 अंचलों में भी एफ.एल.आर.एस क्रियान्वित हो गया है। इन 16 रेलवे अंचलों के कार्मिकों को रेल्वे के खाद्य कारोबारियों को लाइसेन्स/पंजीकरण के लिए एफ.एल.आर.एस एप्लीकेशन का प्रयोग करने के आवश्यक प्रत्यय-पत्र प्रदान कर दिए गए हैं।

14.3.2 ऑनलाइन भुगतान गेटवे सात राज्यों अर्थात् दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिल नाडु, कर्नाटक, केरल और पश्चिम बंगाल में लागू कर दिया गया है। भुगतान के विभिन्न गेटवे के अतिरिक्त भारत सरकार के PayGov को सभी राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में भुगतान के एकल गेटवे के रूप में क्रियान्वित किया गया है।

14.3.3 वर्ष 2016 में छोटे खाद्य कारोबारियों को देश में कार्यरत तीन लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटरों (सी.एस.सी) में रजिस्टर कराने की सुविधा प्रदान की गई और इसके लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने सी.एस.सी-एस.पी.वी के साथ करार करके एफ.एल.आर.एस को सी.एस.सी के साथ एकीकृत कर दिया है। पंजीकरणों को प्रोत्साहित करने के लिए सी.एस.सी के सर्विस चार्ज एफ.एस.एस.ए.आई द्वारा दिए जा रहे हैं।

14.3.4 वर्ष के दौरान एफ.एस.एस.ए.आई ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के अंतर्गत समग्र अनुज्ञापन और पंजीकरण विनियमों में सुधार करने का निर्णय लिया है, जिस समय लाइसेंसिंग और पंजीकरण के माध्यम से केवल प्रलेखन पर जोर देने की बजाय खाद्य सुरक्षा अनुपालन पर अधिक बल दिया जाएगा। फॉस्कोस ओपन सोर्स प्लेटफॉर्म में वह नया सोफ्टवेअर वर्धित एप्लीकेशन है, जो मौजूदा खाद्य अनुज्ञापन और पंजीकरण प्रणाली (एफ.एल.आर.एस) का स्थान लेगा।

खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (एफ.आई.सी.एस)

14.3.5 खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (एफ.आई.सी.एस) उन छह स्थानों पर भारत में आयातित खाद्य की निर्मुक्ति के लिए कार्रवाई हेतु वेब-आधारित एकीकृत प्रणाली है, जहाँएफ.एस.एस.ए.आई की मौजूदगी है।

14.3.6 एफ.आई.सी.एस एप्लीकेशन को भी सीमा शुल्क के सिंगल विंडो इंटरफेस फॉर फेसिलिटेटिंग ट्रेड (स्विफ्ट) के साथ जोड़ा गया है। अब आयातकों/कस्टम हाउस एजेंट (सी.एच.ए) को बिल ऑफ एंट्री (बी.ओ.ई) स्विफ्ट के पास एकीकृत घोषणा पत्र के माध्यम से केवल एक बार फाइल करनी होती है। उसके बाद आवश्यक सूचना निर्मुक्ति के लिए स्विफ्ट द्वारा एफ.आई.सी.एस को भेजी जाती है।

14.3.7 एफ.आई.सी.एस के कार्य के रूप में निर्मुक्ति की सभी कार्रवाइयाँ इलेक्ट्रॉनी रूप से की जाती हैं, जिनमें प्रलेख की जाँच, प्रतिचयन, शुल्कों का भुगतान, नमूनों का परीक्षण और अंतिम निर्मुक्ति शामिल हैं। खाद्य प्रतिचयन के लिए एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है। इससे आयातों की निर्मुक्ति में लगने वाले समय में कमी आई है।

14.3.8 इस प्रणाली को **https://fics.fssai.gov.in/**लिंक पर किसी भी मानक वेब ब्राउजर जैसे आई.ई, क्रोम इत्यादि का उपयोग करके देखा जा सकता है। यह वेब-आधारित प्रणाली है और इसलिए इसका सभी हितधारकों द्वारा 24*7 प्रयोग किया जा सकता है।

14.4 2018-19 के दौरान नई प्रणालियों का विकास और लागू प्रणालियों का क्रियान्वयन

14.4.1 खाद्य आयात अस्वीकरण चेतावनी (फीरा)

खाद्य आयात अस्वीकरण चेतावनी (फीरा) आयातित खाद्य उत्पादों की सभी खेपों के अपालन को दर्ज करने का एक वेब-आधारित साधन है, जिसका लिंक एफ.आई.सी.एस सिस्टम पर भी उपलब्ध है। इसे 31 अक्टूबर, 2018 से लागू किया गया।

14.4.2 खाद्य उत्पाद पहचान सत्यापन प्रणाली (एफ.पी.आई.वी.एस)

एफ.एस.एस.ए.आई ने दिनांक 05 नवंबर, 2018 को खाद्य उत्पाद पहचान सत्यापन प्रणाली (एफ.पी.आई.वी.एस) आरंभ की, जो http://fssai.gov.in/fpas/home पोर्टल पर देखी जा सकती है। इस ऑनलाइन सर्विस से खाद्य कारोबारियों को यह पहचान करने में आसानी होती है कि क्या कोई खाद्य उत्पाद एफ.एस.एस.ए.आई द्वारा अधिसूचित किसी खाद्य विनियम में कवर किया गया है, जिनमें मालिकाना खाद्य, न्युट्रास्युटिकल्स, खाद्य अनुपूरक और अन्य विशेष आहार विनियम शामिल हैं अथवा जिनके लिए खाद्य सुरक्षा और मानक (गैर-निर्दिष्ट खाद्य और खाद्य संघटकों के लिए अनुमोदन) विनियम, 2017 के अंतर्गत यथाविहित उत्पाद अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

14.4.3 सम्मति ई-मंच

एफ.एस.एस.ए.आई ने दिनांक 05 नवंबर, 2018 को 'सम्मति ई-मंच' की स्थापना की, जो https://fssai.gov.in/comments/Directlogin.aspx पर उपलब्ध है। इस प्रणाली से हितधारकों को भावी खाद्य मानकों और विनियमों पर अपनी सम्मति ऑनलाइन देने में सहायता मिलेगी।

अन्य लागू प्रणालियां

14.4.4 नियमित निरीक्षण और प्रतिचयन प्रणाली द्वारा खाद्य सुरक्षा अनुपालन (फॉस्कोरिस)

'नियमित निरीक्षण और प्रतिचयन प्रणाली द्वारा खाद्य सुरक्षा अनुपालन (फॉस्कोरिस)' खाद्य सुरक्षा के लिए वेब-आधारित रीयल टाइम निरीक्षण मंच है। फॉस्कोरिस एक व्यापक 360^{0} सत्यापन प्रणाली है, जिसे https://foscoris.fssai.gov.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त ऑफलाइन माड्यूल भी उपलब्ध है, जो प्रचालन में आसान साधन है और जो नेट होने पर डैटा को अपडेट करता रहता है।

14.4.5 आईएफएस.क्विक एक्सेस प्रणाली

भारतीय खाद्य मानक क्विक एक्सेस खाद्य वस्तुओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी गुणता संबंधी सभी मानकों को एकीकृत करते हुए एकल प्लेटफॉर्म है। इस सिस्टम से किसी भी उत्पाद के बारे में हर प्रकार की सूचना एक ही स्क्रीन पर ली जा सकती है और इसे **http://fssai.gov.in/IFSquickaccess/** पर देखा जा सकता है।

14.4.6 इंडियन फूड लैबोरेटरी नेटवर्क (इन्फोल्नेट)

इंडियन फूड लैबोरेटरी नेटवर्क (इन्फोल्नेट) किसी भी प्रकार के खाद्य नमूने के परीक्षण में रत सभी प्रयोगशालाओं के एकीकरण का आईटी समाधान है। इस प्रणाली से राज्यों को अपनी निगरानी गतिविधियाँ की आयोजना और क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। इन्फोल्नेट के एक अंग के रूप में सृजित डैटा रिपोजिटरी जोखिम विश्लेषण, खाद्य मानकों में सुधार, प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण में सहायता करता है। इस पोर्टल को यू.आर.एल **https:infolnet.fssai.gov.in/** पर देखा जा सकता है।

14.4.7 जैव उत्पादों के लिए जैविक भारत पोर्टल

भारत से जैव खाद्य का पोर्टल एक विनियमात्मक पोर्टल है। इस पोर्टल के माध्यम से जैविक खाद्य उत्पादों को खाद्य के नाम और/अथवा कंपनी दोनों के नाम से खोजा जा सकता है। इस पोर्टल पर उपभोक्ता उत्पादक, प्रमाणन प्रणाली और प्रमाणित जैविक उत्पादों की उपलब्धता के बारे में हर प्रकार की जानकारी ले सकता है। इस पोर्टल को यूआरएल http://jaivikbharat.fssai.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

14.4.8 खाद्य नियामक पोर्टल – खाद्य कारोबारियों का मित्र पोर्टल

यह घरेलू प्रकार्यों और खाद्य आयातों दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खाद्य कारोबारियों के लिए एकल इंटरफेस है, जिसमें खाद्य कारोबारियों की सुविधा के लिए और अनुपालन का बोझ कम करने के लिए एक ही स्थान पर अनेक आईटी प्लेटफॉर्म हैं। इसे यू.आर.एल http://foodregulatory.fssai.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

14.4.9 खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (फोस्टैक) प्रशिक्षण पोर्टल

प्रशिक्षण और प्रमाणन अब एफ.एस.एस.ए.आई का मुख्य कार्य बन गया है। ऑनलाइन सुरक्षित और पोषक आहार (एस.एन.एफ) संशोधनों के अतिरिक्त फोस्टैक पोर्टल पर तीन प्रकार के प्रशिक्षण माड्यूल अर्थात् आधारभूत, उन्नत और विशेष माड्यूल, दिए गए हैं। इस पोर्टल को यू.आर.एल https://fostac.fssai.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

14.5 सामाजिक संपर्क/डिजिटल कनेक्ट

14.5.1 अंत्य उपभोक्ताओं से सीधे संपर्क बनाने के लिए कई नई संप्रेषण माध्यम बनाए गए हैं, जो उपभोक्ता और एफ.एस.एस.ए.आई के मध्य सीधी कड़ी का काम करते हैं। एफ.एस.एस.ए.आई अब उपभोक्ताओं से बड़ी संख्या में सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से जुड़ी है।

14.5.2 एफ.एस.एस.ए.आई सर्वाधिक व्यापक रूप से प्रयुक्त दो सोशल मीडिया - फेसबुक और ट्विटर पर पर्याप्त रूप से सक्रिय है। उपभोक्ताओं द्वारा उठाए मुद्दे और शंकाओं का समाधान करने के लिए प्रत्येक विभाग में फेसबुक को अनेक कर्मी देखते हैं।

14.5.3 एफ.एस.एस.ए.आई की अपनी निशुल्क हेल्पलाइन डेस्क है और इसका हेल्पलाइन नंबर उपयुक्त कनेक्ट माध्यम से परिचालित किया गया है। उपर्युक्त अनेक चैनलों से प्राप्त शिकायतों/शंकाओं को वेब पोर्टल/मोबाइल एप को आटो रिडायरेक्ट कर दिया जाता है।

14.5.4 कंज्यूमर कनेक्ट पहल के लिए एक मोबाइल एप भी आरंभ किया गया है। इस पहल के तहत उपभोक्ता एफ.एस.एस.ए.आई से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए प्राधिकरण से मोबाइल एप, व्हट्सएप, निशुल्क नंबर, वेबसाइट इत्यादि अनेक माध्यमों से संपर्क कर सकता है।

14.6 स्वस्थ जीवन के लिए सुरक्षित जल

इस पोर्टल पर पैकेजबंद पेय जल के नमूनों के परीक्षण परिणाम दिए जाते हैं। इस परियोजना का ध्येय उपभोक्ताओं को सेवित जल के बारे में सोच-समझकर पसंद करने में क्षम बनाना है। यह साइट यू.आर.एल https://safewater.fssai.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

14.7 एफ.एस.एस.ए.आई वेबसाइट

एफ.एस.एस.ए.आई की नए रूप की एकीकृत वेबसाइट का डिजाइन और विकास किया गया है, जिसमें वेब डिजाइनों के नवीनतम रुझानों को ध्यान में रखा गया है। इसमें सूचना को अधिक आसान तरीके से दिया गया है, जिससे नागरिक/खाद्य कारोबारी आँकड़े आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। एफ.एस.एस.ए.आई की सभी पहलें और विभिन्न वेबसाइटें एफ.एस.एस.ए.आई की समेकित वेबसाइट से आसानी से देखी जा सकती हैं।

14.8 खाद्य पौष्टिकीकरण संसाधन केंद्र (एफ.एफ.आर.सी)

खाद्य पौष्टिकीकरण संसाधन केंद्र देश में खाद्य के व्यापक पौष्टिकीकरण के लिए एक संसाधन और सहयोग केंद्र है। यह संशोधित वेबसाइट यू.आर.एल http://ffrc.fssai.gov.in पर देखी जा सकती है।

14.9 माइक्रो साइटें/पोर्टल

सारणी 24 - विकसित/विकासमान माइक्रोसाइटें/पोर्टल

माइक्रोसाइट/पोर्टल का नाम	विशेषताएँ.
सुरक्षित और पोषक आहार पहल – एसएनएफ@ स्कूल,एसएनएफ @होम, एसएनएफ@ ईटिंग आउट, रेस्टोरेंट, क्लीन स्ट्रीट फूड हब, एसएनएफ@भोग, एसएनएफ @वर्कप्लेस इत्यादि	प्रत्येक पहल के लिए विभिन्न माइक्रो साइटें बनाई गई हैं और इन्हें व्यापक बनाने के लिए इनमें और आगे सुधार किया जा रहा है। इसका प्रयोजन सभी हितधारकों को एक ही मंच पर लाना है।
खाद्य विश्लेषक परीक्षा पोर्टल	खाद्य विश्लेषक परीक्षा पोर्टल 2017 और 2018 में इस परीक्षा के लिए आवेदकों हेतु सिंगल प्वांट संपर्क साधन था।
उपभोक्ता शिक्षा पोर्टल	इस पोर्टल का प्रयोजन उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा और मानकों के बारे में शिक्षित करना और जागरूक बनाना है। इससे नागरिकों की भागीदारी बढ़ेगी और उनके द्वारा सेवित खाद्यों के बारे में उनके अधिकारों का ज्ञान बढ़ेगा।
फूड इनोवेटर्स नेटवर्क (फाइन) – खाद्य सुरक्षा और पोषण की मुख्य चुनौतियों के समाधान के लिए नवाचारकर्ताओं का ध्यानाकर्षण	भारत सरकार के 'स्टार्ट-अप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' पहलों के साथ-साथ एफ.एस.एस.ए.आई नूतन समाधान देने और देश के खाद्य सुरक्षा और पोषण परिदृश्य में बदलाव के लिए नवाचारकर्ताओं और स्टार्ट-अप उद्यमियों को एक साथ ला रहा है। इस पोर्टल को http://fssai.gov.in/fine/ पर देखा जा सकता है।
भोजन बचाओ, भोजन बाँटो, आनंद बाँटो – यह इंडियन फूड शेयरिंग एलायंस (आई. एफ.एस.ए) नाम से एक मंच है।	देश के नागरिकों और खाद्य कारोबाररियों में भोजन को बाँटने की प्रवृति को बढ़ाने के लिए ''भोजन बचाओ, भोजन बाँटो, आनंद बाँटो''पहल के अंतर्गत प्रारंभिक उत्पादन से लेकर अंत्य उपभोक्ता द्वारा खपत तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य की बेकारी रोकने के लिए इंडियन फूड शेयरिंग एलायंस (आई.एफ.एस.ए) नाम से एक मंच समन्वित ढंग से आरंभ किया गया है।
एफ.एस.एस.ए.आई इंटर्नशिप पोर्टल	एफ.एस.एस.ए.आई इंटर्नशिप योजना युवाओं को खाद्य और पोषण के क्षेत्र में ज्ञान के नए अवसर प्रदान करने के लिए आरंभ की जा रही है। इस पोर्टल पर एफ.एस.एस.ए.आई में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने के निर्देश दिए गए हैं और इसे http://www.fssai.gov.in/internship यू.आर. एल पर देखा जा सकता है।
द्रुत परीक्षण से अपमिश्रण ज्ञात करें (डार्ट) – मोबाइल रिस्पोंसिव पोर्टल	यह मोबाइल रिस्पोंस्वि वेब पोर्टल है, जिसमें किसी प्रकार की मिलावट जानने के लिए आसानी से जल्दी किए जा सकने वाले आम परीक्षणों की जानकारी दी गई है। इस साइट को यू.आर.एल https://fssai.gov.in/dart/ पर देखा जा सकता है।
पुनर्प्रयोजन प्रयुक्त कुकिंग ऑयल (रुको) पोर्टल	पुनर्प्रयोजना प्रयुक्त कुकिंग ऑयल (रुको) पोर्टल वह ईकोसिस्टम है, जिसकी सहायता से रूको को इकट्ठा करके उसे बायोडीजल में बदला जा सकता है। इस साइट को https://fssai.gov.in/ruco यू.आर.एल पर देखा जा सकता है।

14.10 भविष्य की योजना

14.10.1 एफ.एस.एस.ए.आई के लीगेसी सोफ्टवेअर एप्लीकेशन एफ.एल.आर.एस में मौलिक डिजिटल बदलाव किया जा रहा है। नई खाद्य सुरक्षा और अनुपालन प्रणाली (फॉस्कोस) और अनेक अन्य एप्लीकेशन बनाए जा रहे हैं और यह एक जारी रहने वाली प्रक्रिया है। एफ.एस.एस.ए.आई विभिन्न प्रकार के एप्लीकेशनों के लिए कृत्रिम बुद्धि आधारित आटोमेशन का प्रयोग करते हुए लचीले तकनीकी समाधान ला रही है, जिनसे अंततः उपभोक्ताओं को लाभ पहुँचता है।

14.10.2 एफ.एस.एस.ए.आई की आई.टी टीम को यह पक्का विश्वास है कि खाद्य सुरक्षा और मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने, जोखिम प्रबंध का क्रियान्वयन करने, पारदर्शिता बढ़ाने, दक्ष प्रक्रियाएँ बनाने और एक सशक्त डैटा कार्यनीति बनाने के लिए वह भविष्य का ध्यान रखकर आने वाले वर्षों में भी प्रौद्योगिकी और स्वचालन का उपयोग करके ऐसे और अच्छे काम कर सकती है और अपनी योग्यता साबित कर सकती है।

अध्याय-15

वैश्विक संपर्क

15 कोडेक्स की बैठकों में भागीदारी

15.1 कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफ.ए.ओ) तथा डब्ल्यू.एच.ओ की संयुक्त अंतर-सरकारी संस्था है, जिसके 189 सदस्य {188 सदस्य देश और एक सदस्य संगठन (ई.यू)} हैं। कोडेक्स उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा करने और उचित व्यापार रीतियाँ सुनिश्चित करने के लिए सुमेलित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक बनाने के लिए 1963 से काम कर रहा है। भारत कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन का 1964 से सदस्य है और अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निर्धारण की प्रक्रिया में अपना योगदान देता रहा है। भारत कोडेक्स की बैठकों में और उन्हें आयोजित तथा सह-आयोजित करने में सक्रिय रूप से भाग लेता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि अंतर्राष्ट्रीय मानक निर्धारण के समय भारत के मुद्दे भी ध्यान में रखे जाएँ।

15.2 अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निर्धारण में भारत का योगदान कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन के कार्य में इसकी सक्रिय भागीदारी से झलकता है। अप्रैल 2018 से मार्च, 2019 के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडलों ने कोडेक्स समिति की 14 बैठकों में भाग लिया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में खाद्य प्राधिकरण, संबंधित मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक शामिल थे। कोडेक्स की इन बैठकों में कोडेक्स सचिवालय को सौंपी गई भारत की लिखित टिप्पणियों पर विचार किया गया और इन टिप्पणियों एवं दखलों के आधार पर समिति के सत्रों में भारत की अधिकांश चिंताओं का समाधान किया गया।

15.3 वर्ष 2018-19 अवधि के दौरान कोडेक्स समिति की बैठकों में विचारित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे

15.3.1 दिनांक 23 से 27 अप्रैल, 2018 तक आयोजित खाद्य पदार्थों में पशु औषधियों के अपशिष्टों पर कोडेक्स समिति का 24वाँ सत्र

समिति ने फिलिपीन और भारत के अनुरोध पर सूची में एथॉक्सीक्वीन रखने पर सहमति जताई। अब भारत को सी.सी.आर.वी.डी.एफ के अगले सत्र तक खाद्य सहयोज्य पदार्थों पर संयुक्त विशेषज्ञ समिति के मूल्यांकन अथवा पुनर्मूल्यांकन के लिए एथॉक्सीक्वीन ((झींगों के आहार सहयोज्य के रूप में प्रयुक्त) पर डैटा प्रस्तुत करना है।

15.3.2 दिनांक 02 से 06 जुलाई, 2018 तक आयोजित कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन का 41वाँ सत्र (सीएसी41)

(i) एंडोक्राइन भंजक रसायन के रूप में पेस्टीसाइडों पर नए कार्य का प्रस्ताव

कमिशन ने भारत द्वारा उठाए गए मुद्दे की महत्ता को नोट किया और साथ ही सूचित किया कि अप्रैल, 2018 में आयोजित सी.सी.पी.आर.50 के सुझाव के अनुसार भारत ने प्रस्ताव में संशोधन कर दिया है, जिसमें पेस्टीसाइड पर ध्यान केंद्रित किया गया है और इसलिए इस मुद्दे पर और आगे विचार करने के लिए सी.सी.पी.आर ही संबंधित तकनीकी बॉडी है। अब भारत को इस मुद्दे को सी.सी.पी.आर की अप्रैल, 2019 में होने वाली अगली बैठक में विचार हेतु उठाना है।

(ii) बैंगन का मानक और खाद्य आलु का मसौदा मानक

कमिशन ने स्टेप 8 पर बैंगन और स्टेप 5 पर खाद्य आलु के मानक अपनाए, जिन्हें प्रारंभ में भारत

द्वारा प्रारूपित और प्रस्तुत किया गया था।

(iii) चुनिंदा वस्तुओं में सीसे के अधिकतम स्तर

कमिशन ने स्टेप 8 पर आम की चटनी में सीसे का अधिकतम स्तर भारत द्वारा यथाप्रस्तावित 0.4 मिग्रा/किग्रा अपनाया। अंगीकृत अधिकतम स्तर भारत द्वारा अपने यहाँ जनरेट किए गए आँकड़ों के अनुसार घटित स्तरों से अधिक है।

15.3.3 दिनांक 12 से 16 नवंबर, 2018 तक आयोजित खाद्य स्वच्छता पर कोडेक्स समिति का 50वाँ सत्र (सी.सी.एफ.एच.50)

(i) खाद्य स्वच्छता के सामान्य सिद्धांतों (सीएक्ससी1-1969) और इसके एच.ए.सी.सी.पी अनुबंध का प्रस्तावित मसौदा पुनरीक्षण (भारत द्वारा सह-अध्यक्षता)

मसौदे को और आगे पुनरीक्षण के लिए स्टेप 3 को वापस किया गया। आगे, समिति ने सी.सी.एफ.एच की अगली बैठक में विचारार्थ संशोधित प्रस्ताव तैयार करने के लिए यूनाइटेड किंगडम की अध्यक्षता और भारत की सह-अध्यक्षता में भौतिक कार्यकारी दल (पी.डब्ल्यू.जी) स्थापित किया।

(ii) मछली और मत्स्य उत्पादों की रीति संहिता का प्रस्तावित मसौदा पुनरीक्षण (सीएक्ससी 52-2003)

समिति ने कोडेक्स कमिशन के अंगीकरण के लिए संहिता के अलग खंड के रूप में नए अंगीकृत हिस्टैमाइन दिशा-निर्देश और सीएक्ससी 52-2003 के अन्य खंडों में परिणामी संशोधनों पर सहमति व्यक्त की।

(iii) खाद्य कारोबारियों के लिए खाद्य एलर्जेन प्रबंधन की रीति संहिता का प्रस्तावित मसौदा

समिति ने कोडेक्स कमिशन द्वारा स्टेप 5 पर अंगीकरण के लिए प्रस्तावित मसौदा संहिता को अग्रेषित करने पर सहमति व्यक्त की।

15.3.4 दिनांक 26 से 30 नवंबर, 2018 तक आयोजित पोषण और विशेष आहारिक उपयोग के खाद्य पर कोडेक्स समिति का 40वाँ सत्र (सी.सी.एन.एफ.एस.डी.यू40)

(i) अनुवर्ती फॉर्मूला – अनिवार्य संघटन के मानक की पुनरीक्षा

समिति ने स्टेप 7 पर बड़े शिशुओं के लिए अनुवर्ती फॉर्मूले और छोटे बच्चों के उत्पाद की अनिवार्य अपेक्षाएँ रखने पर सहमति व्यक्त की और प्रलेख पर कार्य करने के लिए इलेक्ट्रॉनी कार्यकारी दल (ई.डब्ल्यू.जी) की स्थापना की।

(ii) अनुवर्ती फॉर्मूले के मानक की पुनरीक्षा

समिति ने सीएसी42 द्वारा अंगीकरण के लिए 'खंड क: बड़े शिशुओं के लिए अनुवर्ती फॉर्मूला' को स्टेप 5 पर भेजने और बड़े शिशुओं के लिए अनुवर्ती फॉर्मूले के लेबलिंग उपबंधों को सीसीएफएल 45 की सहमति के लिए भेजने पर सहमति व्यक्त की।

(iii) तैयार उपचारी खाद्य पदार्थों संबंधी प्रस्तावित मसौदा दिशा-निर्देश

कार्यसूची पर भौतिक कार्यकारी दल (पी.डब्ल्यू.जी) द्वारा चर्चा की गई, जिस दौरान उन खंडों पर ध्यान केंद्रित किया गया जिन पर ई.डब्ल्यू.जी की सर्वसम्मति न बन सकी और जिन्हें स्क्वेअर ब्रेकिटों में डाल दिया गया था। उसके बाद समिति ने खंड 5.2.2 (खाद्य सहयोज्य पदार्थ) और खंड

6.2 (प्रोटीन) का बनाना जारी रखने और शेष पाठ को स्टेप 4 पर रखे रखने के लिए ई.डब्ल्यू.जी बनाने पर सहमति व्यक्त की।

15.3.5 दिनांक 10 दिसंबर, 2018 से 14 दिसंबर, 2018 तक एंटी माइक्रोबियल प्रतिरोध पर तदर्थ कोडेक्स अंतर-सरकारी कार्य दल का छठा सत्र (टी.एफ.ए.एम.आर 6)

(i) खाद्यजनित प्रति-सूक्ष्मजीवी प्रतिरोध नियंत्रण और न्यूनीकरण रीति संहिता का प्रस्तावित मसौदा (सीएक्ससी 61-2005)

समिति ने प्रस्तावित रीति संहिता के मसौदा को पुन: प्रारूपण के लिए स्टेप 2/3 को वापस भेजने के लिए सहमति प्रकट की और उसके लिए एक ई.डब्ल्यू.जी की स्थापना की।

(ii) खाद्यजनित प्रति-सूक्ष्मजीवी प्रतिरोध की एकीकृत मॉनिटरी और निगरानी पर प्रस्तावित मसौदा दिशा-निर्देश

समिति ने प्रस्तावित रीति संहिता के मसौदा को पुन: प्रारूपण के लिए स्टेप 2/3 को वापस भेजने के लिए सहमति प्रकट की और उसके लिए एक ई.डब्ल्यू.जी की स्थापना की।

15.3.6 दिनांक 21 से 25 जनवरी, 2019 तक मसालों और पाक् जड़ी-बूटियों पर कोडेक्स समिति का चौथा सत्र (सी.सी.एस.सी.एच 4)

शुष्कित अथवा निर्जल लहसुन का भारत द्वारा यथातैयार और प्रस्तुत मानक का प्रस्तावित मसौदा कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन के 42वें सत्र को स्टेप 5/8 (कोडेक्स मानक के रूप में अंतिम अंगीकरण) के लिए अग्रेषित किया गया।

15.3.7 दिनांक 25 फरवरी से 01 मार्च, 2019 तक वसाओं और तेलों पर कोडेक्स समिति का 26वाँ सत्र (सी.सी.एफ॰ओ.26)

नामोदिष्ट वनस्पति तेलों के कोडेक्स मानक में अखरोट के तेल, बादाम के तेल, हेजलनट के तेल, पिस्ते के तेल, अलसी के तेल और एवोकेडो के तेल का भारत द्वारा यथासमर्थित सम्मिलन कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन के 42वें सत्र को स्टेप 5/8 पर अंगीकरण के लिए अग्रेषित किया गया। इस कार्य के लिए भारत इलेक्ट्रॉनी कार्यकारी दल की ईरान के साथ सह-अध्यक्षता कर रहा था।

15.3.8 दिनांक 11 से 15 मार्च, 2019 तक सामान्य सिद्धांतों पर कोडेक्स समिति का 31वाँ सत्र (सी.सी.जी.पी.31)

समिति ने पत्राचार द्वारा कार्य कर रही समितियों द्वारा आरंभ किए जाने वाले उचित कार्यों की पहचान करने के मानदंड बनाने और ऐसी समितियों के लिए प्रक्रिया मैनुअल में दिए गए संबंधित दिशा-निर्देशों के आधार पर तथा उनके संगत प्रक्रियात्मक मार्गदर्शी सिद्धांत बनाने और साथ ही यह भी सुनिश्चित करने कि कोडेक्स के कोर मान अर्थात् सहयोग, सर्वसमावेश, सर्वसम्मति-निर्माण और पारदर्शिता बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।

15.4 इलेक्ट्रॉनी कार्यकारी दलों में भागीदारी

अवधि के दौरान भारत ने 53 इलेक्ट्रॉनी कार्यकारी दलों (ई.डब्ल्यू.जी) में भाग लिया, जिनमें उसने महत्वूपर्ण सम्मतियाँ दीं। भारत ने 7 ई.डब्ल्यू.जी की अध्यक्षता और 3 की सह-अध्यक्षता भी की।

15.5 कोडेक्स में भागीदारी के लिए प्रभावी तैयारी के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला

सी.सी.एशिया सदस्य देशों के लिए नई दिल्ली में दिनांक 5 से 6 सितंबर, 2018 तक एक दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 18 एशियाई देशों के 45 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में एशियाई देशों की इलेक्ट्रॉनी सिस्टम और साधन, जिनमें नई कोडेक्स वेबसाइट, ऑनलाइन कमेंटिंग सिस्टम (ओ.सी.एस), इलेक्ट्रॉनी कार्यकारी दलों (ई.डब्ल्यू.जी) के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और वेब-आधारित अन्य साधन शामिल हैं, चलाने की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

15.6 खाद्य सुरक्षा और कोडेक्स संपर्क बिंदु, श्रीलंका के लिए कार्यरत श्रीलंका के हितधारकों के लिए प्रशिक्षण (25 से 28 फरवरी, 2019, कोलंबो, श्रीलंका)

खाद्य सुरक्षा और कोडेक्स संपर्क बिंदु, श्रीलंका के लिए कार्यरत श्रीलंका के हितधारकों के लिए एक कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके आयोजन का मुख्य प्रयोजन भागीदारों, विशेषकर सरकारी अधिकारियों, को राष्ट्रीय कोडेक्स ढाँचे सहित कोडेक्स प्रक्रियाओं को पूरी तरह समझने, प्रभावी खाद्य नियंत्रण प्रणाली के लिए कोडेक्स में सक्रिय भागीदारी, कोडेक्स से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने के लिए नए विकसित कोडेक्स के वेब साधनों को समझने, कोडेक्स संपर्क बिंदु का ढाँचा और कार्यकरण – भारत उदाहरण के रूप में, और डब्ल्यू.टी.ओ काल में अधिकार और दायित्व तथा एस.पी.एस. करार के अनुसार खाद्य विनियमों को अधिसूचित करने की विधि प्रक्रिया के प्रति संवेदनशील बनाना था। प्रशिक्षण भारत के कोडेक्स संपर्क बिंदु (एफ.एस.एस.ए.आई) के अधिकारियों के साथ-साथ डब्ल्यू.एच.ओ के वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार द्वारा दिया गया।

15.7 कोडेक्स न्यास निधि 2

कोडेक्स ट्रस्ट फंड 2 (सी.टी.एफ) की स्थापना एफ.ए.ओ/डब्ल्यू.एच.ओ द्वारा पात्र देशों में सहयोजित गतिविधियों की श्रृंखला के माध्यम से कोडेक्स में सहभागिता के लिए सशक्त, ठोस और टिकाऊ राष्ट्रीय क्षमता के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए की गई थी। सीटीएफ2 के अनुसार किसी अकेले देश को या ग्रुप आवेदनों के आधार पर सफल आवेदनों वाले पात्र देशों को बहु-वार्षिक सहयोग दिया जाएगा।

भारत ने सी.टी.एफ2 के तहत कोडेक्स में पूरी और प्रभावी सहभागिता के लिए क्षमता निर्माण हेतु राष्ट्रीय कोडेक्स ढाँचे, प्रक्रियाओं और प्रणालियों को सशक्त बनाने के लिए भूटान और नेपाल के साथ अगुआ देश के रूप में ग्रुप आवेदन किया। सी.टी.एफ सचिवालय ने आवेदन का अनुमोदन कर दिया है। भारत ने न्यास निधि में 5 वर्ष तक अंशदान के लिए कोडेक्स ट्रस्ट फंड सचिवालय (डब्ल्यू.एच.ओ) के साथ अंशदान समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

सारणी 25 - कोडेक्स मानक-निर्धारण के लिए चरणवार प्रक्रिया संबंधी स्पष्टीकरण

सदस्य देश द्वारा नए कार्य के लिए परियोजना दस्तावेज का विकास	
स्टेप 1 :	परियोजना दस्तावेज के आधार पर आयोग द्वारा नए कार्य का अनुमोदन और कार्यकारी समिति द्वारा पुनरीक्षा और कार्य आरंभ करने के लिए संबंधित बॉडी (सहायक समिति – कोडेक्स समिति अथवा अन्य बॉडी) की पहचान
स्टेप 2 :	प्रस्तावित मसौदा मानक का विकास
स्टेप 3 :	कोडेक्स सचिवालय द्वारा सभी सदस्यों और पर्यवेक्षकों को प्रस्तावित मसौदे का सम्मतियों के लिए परिचालन
स्टेप 4 :	कार्य के लिए नियत बॉडी द्वारा प्रस्तावित मसौदे और सम्मतियों पर विचार-विमर्श; पाठ में संशोधन और अगले चरण (अग्रेषण, लौटाने, रोकने) के बारे में निर्णय
स्टेप 5 :	प्रस्तावित मसौदा मानक का सभी सदस्यों और पर्यवेक्षकों को सम्मतियों के लिए परिचालन; क्रिटिकल पुनरीक्षा के लिए कार्यकारी समिति को; और मसौदा मानक के रूप में अंगीकरण के लिए आयोग को प्रस्तुतीकरण
स्टेप 5/8 :	काम में गति लाने की विधि, सम्मतियों के दूसरे दौर को छोड़ना; चरण 5 पर आयोग तीन निर्णय एक साथ लेने का निर्णय ले सकता है; चरण 5 पर अंगीकरण; चरण 6 और 7 को समाप्त करना; और चरण 8 पर अंगीकरण करना
स्टेप 6 :	सम्मतियों के लिए परिचालन (चरण 3 के अनुसार)
स्टेप 7 :	चर्चा और अगले चरण के बारे में निर्णय (चरण 4 के अनुसार)
स्टेप 8 :	मसौदा मानक का कार्यकारी समिति को क्रिटिकल पुनरीक्षा के लिए और आयोग को कोडेक्स मानक के रूप में अंगीकरण के लिए प्रस्तुतीकरण

15.8 अन्य अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाएँ

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अनुसार खाद्य प्राधिकरण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग में सुधार के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों को वैज्ञानिक और तकनीकी सहायता प्रदान की जानी अपेक्षित है। खाद्य प्राधिकरण अंतर्राष्ट्रीय सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा आरंभ किए गए खाद्य मानकों पर कार्य में ताल-मेल को भी बढ़ावा देगी और अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी मानकों तथा घरेलू खाद्य मानकों में एकरूपता को बढ़ावा देगी। इस गतिविधि के अंग के रूप में एफ.एस.एस.ए.आई ने वर्ष 2018-19 के दौरान निम्नलिखित कार्य सम्पन्न किए:

15.9 समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर आधारित गतिविधियाँ

15.9.1 डेनमार्क

15.9.1.1 एफ.एस.एस.ए.आई और डेनिश वेटरिनरी एंड फूड एडमिनिस्ट्रेशन (डी.वी.एफ.ए) के मध्य दिनांक 16 अप्रैल, 2018 को खाद्य सुरक्षा सहयोग संबंधी एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। उसे भारत के माननीय प्रधान मंत्री के स्टॉकहॉम दौरे (अप्रैल 16-17, 2018) के दौरान हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौते ज्ञापन से दोनों देशों के मध्य खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग और पारस्परिक विनिमय को प्रोत्साहन और मिलेगा और उसका संवर्धन होगा।

15.9.1.2 समझौते ज्ञापन के तहत डेनमार्क का अध्ययन दौरा – 17 से 21 सितंबर, 2018

डेनिश वेटरिनरी एंड फूड एडमिनिस्ट्रेशन (डी.वी.एफ.ए), पर्यावरण और खाद्य मंत्रालय, डेनमार्क द्वारा एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल के डेनमार्क के दौरे का आयोजन किया गया। इस दौरे के दौरान डेनमार्क में खाद्य

स्मार्ट शहरों,पोषण लेबलिंग, मोटापे और अतिभार से बचने के लिए बच्चों और युवाओं में अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों और बीवरेजों के खाद्य बाजार की मॉनिटरिंग पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह दौरा डेनमार्क में खाद्य सुरक्षा विनियमन प्रणाली, विद्यालयों में चालू उनकी स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों और खाद्य सुरक्षा समाधान तथा नोर्डिक फूड लैब नीति द्वारा की गई पोषण संबंधी अनुशंसाओं को जानने में लाभदायक रहा।

15.9.2 पुर्तगाल

एफ.एस.एस.ए.आई और ए.एस.ए.ई (इकानॉमिक एंड फूड सेफ्टी अथॉरिटी), पुर्तगाल के मध्य खाद्य सुरक्षा और प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण के क्षेत्र में दिनांक 07 सितंबर, 2018 को एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सहयोग के क्षेत्र निम्नानुसार हैं:

- विधियों, विनियमों और मानकों सहित खाद्य सुरक्षा नीति पर सूचना-विनिमय
- जोखिम विश्लेषण; मानक-निर्धारण प्रणालियाँ; मॉनिटरी और निगरानी प्रणालियाँ (निरीक्षण); खाद्यजनित रोग और जाँच, परीक्षण प्रयोगशालाएँ
- विशिष्ट तकनीकी सहयोग परियोजनाओं का विकास
- जन स्वास्थ्य, अथवा दोनों देशों के मध्य आयातित-निर्यातित खाद्य से संबंधित धोखेबाजी की रीतियों के संबंध गंभीर और तत्काल प्रवृत्ति के मुद्दों पर एक-दूसरे को सूचित करना और सहयोग करना।

15.9.3 ई.एफ.एस.ए

15.9.3.1 मुख्य कार्यकारी अधिकारी,एफ.एस.एस.ए.आई के दौरे के दौरान पार्मा, इटली में दिनांक 14 सितंबर, 2018 को एफ.एस.एस.ए.आई और यूरोपीय फूड सेफ्टी एजेंसी(ई.एफ.एस.ए) के मध्य सहयोग के एक ज्ञापन (एम.ओ.सी) पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरे के दौरान ई.एफ.एस.ए द्वारा एम.आर.एल निर्धारण और आयात सहनशीलता के लिए अपनाई गई प्रक्रिया को जानने के लिए बैठकें भी की गईं। इस सहयोग ज्ञापन में दोनों एजेंसियों के मध्य जोखिम आकलन संबंधी डाटा -संग्रहण और डाटा आदान प्रदान के क्षेत्र में वैज्ञानिक सहयोग और संवाद को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। ई.एफ.एस.ए के साथ इस सहयोग ज्ञापन से ई.एफ.एस.ए की पौध संरक्षण उत्पादों (पेस्टीसाइडों) की अधिकतम अवशिष्ट सीमाओं (एम.आर.एल) के निर्धारण की प्रक्रियाओं और आयात सहनशीलता को समझने में सहायता मिलेगी। इससे भारत में ऐसी ही प्रणाली स्थापित करने में सहायता मिलेगी।

15.9.3.2 मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के नेतृत्व में दिनांक 10 से 14 सितंबर, 2018 तक नीदरलैंड्स/बेल्जियम/इटली (ई.एफ.एस.ए) के प्रतिनिधिमंडल का दौरा

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल के दौरे से एफ.एस.एस.ए.आई और यूरोप की अन्य एजेंसियों अर्थात् नीदरलैंड्स की एन.वी.डब्ल्यू.ए, डी.जी सैंटे और बेल्जियम फेडरल एजेंसी फॉर सेफ्टी ऑफ फूड चेन, बेल्जिम, रोम में एफ.ए.ओ/ कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन और पार्मा, इटली में ई.एफ.एस.ए के मध्य खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में पारस्परिक सहयोग को सशक्त बनाने में सहायता मिली।

15.9.4 जापान

15.9.4.1 माननीय प्रधान मंत्री के जापान दौरे के दौरान दिनांक 29 अक्टूबर, 2018 को एफ.एस.एस.ए.आई और 4 जापानी एजेंसियों अर्थात् द फूड सेफ्टी कमिशन ऑफ जापान, द कंज्यूमर एफेअर्स एजेंसी ऑफ जापान, द मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ, लेबर एंड वेल्फेअर ऑफ जापान और द मिनिस्ट्री ऑफ एग्रीकल्चर, फोरेस्ट्री एंड फिशरीज ऑफ जापान के मध्य खाद्य सुरक्षा पर एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते

ज्ञापन का प्रयोजन भारत और जापान की उपरोक्त एजेंसियों के मध्य खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में पारस्परिक सहयोग को सशक्त बनाना है।

15.9.4.2 समझौते ज्ञापन के तहत प्रथम इंडो-जापान संयुक्त कार्यकारी दल (जे.डब्ल्यू.जी) की बैठक एफ.एस.एस.ए.आई में दिनांक 29 जनवरी, 2019 को हुई। जे.डब्ल्यू.जी से भारत में जापानी कंपनियों के मुद्दों के समाधान में सहायता मिली।

15.9.5 नीदरलैंड्स

खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए मार्च, 2019 में एफ.एस.एस.ए.आई, निर्यात निरीक्षण परिषद्, भारत (ई.आई.सी) और नीदरलैंड्स फूड एंड कंज्यूमर प्रॉडक्ट सेफ्टी अथॉरिटी (एन.वी.डब्ल्यू.ए) के मध्य एक त्रिपक्षीय समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन एफ.एस.एस.ए.आई और एन.वी.डब्ल्यू.ए, नीदरलैंड्स के मध्य नवंबर, 2012 में हस्ताक्षरित समझौते ज्ञापन के नवीकरण के रूप में था, जिसमें ई.आई.सी को तृतीय पार्टी के रूप में शामिल किया गया।

15.9.6 फ्रांस

जनवरी, 2016 में एफ.एस.एस.ए.आई और ए.एन.एस.ई.एस, जो कि खाद्य, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य व सुरक्षा की फ्रांस की एजेंसी है, के मध्य एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। एक समझौते ज्ञापन के तहत फ्रांस के विशेषज्ञों ने राज्य खाद्य प्रयोगशाला, वडोदरा, गुजरात में दिनांक 26-30 नवंबर, 2018 को एक सूक्ष्मजैविक विश्लेषण में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

15.9.7 जर्मनी

एफ.एस.एस.ए.आई और जर्मनी की बी.एफ.आर (जोखिम आंकलन की केन्द्रीय संस्था) और बी.वी.एल (उपभोक्ता संरक्षण और खाद्य सुरक्षा का केन्द्रीय कार्यालय) के मध्य हस्ताक्षरित कार्यान्वयन की संयुक्त बयान के तहत सहयोग पर चर्चा करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई में दिनांक 28 मार्च, 2019 को एक जर्मन प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की गई। एफ.एस.एस.ए.आई ने बी.एफ.आर की तकनीकी विशेषता से एक जोखिम आकलन केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव किया। बी.एफ.आर और बी.वी.एल भारत की संदर्भ प्रयोगशालाओं के उन्नयन में भी सहयोग करेंगे। एफ.एस.एस.ए.आई की राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशालाओं (एन.आर.एल) और यूरोपियन संघ संदर्भ लैबोरेटरी (ई.यू.आर.एल) के मध्य विशेषज्ञों/वैज्ञानिकों के आदान-प्रदान के कार्यक्रम की संभावना भी खोजी गई।

15.9.8 न्यूजीलैंड

अक्टूबर, 2016 में एफ.एस.एस.ए.आई और न्यूजीलैंड के प्राथमिक उद्योग मंत्रालय (एम.पी.आई) के मध्य सहयोग की एक व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए। व्यवस्था के क्रियान्वयन के तौर-तरीके खोजने के लिए न्यूजीलैंड की खाद्य सुरक्षा प्रणालियाँ जानने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी,एफ.एस.एस.ए.आई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अप्रैल, 2018 में न्यूजीलैंड का दौरा किया। इस दौरे से न्यूजीलैंड में खाद्य विनियमन प्रणालियों को जानने में सहायता मिली।

15.10 ग्लोबल फूड सेफ्टी पार्टनरशिप (जी.एफ.एस.पी) के सहयोग से गतिविधियाँ

विश्व बैंक द्वारा स्थापित जी.एफ.एस.पी मध्य आय वर्गीय और विकासशील देशों में खाद्य सुरक्षा को सुधारने के लिए समर्पित अनोखी सरकारी-निजी पहल है।

15.10.1 जी.एफ.एस.पी के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम

- कवकविषों पर जी.एफ.एस.पी खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम सिंगापुर में ए.वी.ए, सिंगापुर के सहयोग से दिनांक 8 से 10 जनवरी, 2019 तक आयोजित किया गया।
- मास्टर प्रशिक्षक अब इन विषयों पर भारत में ही प्रशिक्षण दे रहे हैं और उन्होंने प्रशिक्षित व्यक्तियों का पूल बनाने में भी सहायता की।

15.10.2 अक्टूबर, 2018 में एफ.एस.एस.ए.आई को विश्व बैंक की जी.एफ.एस.पी की शासी समिति का दो साल के लिए पर्यवेक्षक सदस्य बनाया गया।

15.10.3 जी.एफ.एस.पी मुंबई में एक अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना और विभिन्न देशों के अध्ययन दौरों में सहायता प्रदान कर रही है।

15.11 विदेशों में बैठकों/कार्यक्रमों में भागीदारी

एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों/प्रतिनिधिमंडलों ने 2018-19 के दौरान निम्नलिखित बैठकों/कार्यशालाओं में भाग लिया।

15.11.1 पेरिस, फ्रांस में दिनांक 6 से 7 फरवरी, 2019 तक ग्लोबल एक्शन नेटवर्क ऑन न्युट्रिशनल लेबलिंग की प्रथम बैठक

एफ.एस.एस.ए.आई के अध्यक्ष ने पेरिस, फ्रांस में दिनांक 6 से 7 फरवरी, 2019 तक आयोजित ग्लोबल एक्शन नेटवर्क ऑन न्युट्रिशनल लेबलिंग की प्रथम बैठक में एफ.एस.एस.ए.आई का प्रतिनिधित्व किया। यह एक्शन नेटवर्क संयुक्त राष्ट्र संघ पोषण पर कार्रवाई दशक 2016-2025 के बारे में अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में है। इस एक्शन नेटवर्क का ध्येय पोषण लेबलिंग के प्रयासों में तेजी लाने के इच्छुक देशों का संघ बनाना और उसके कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है।

15.11.2 आदिस अबाबा, इथियोपिया में खाद्य सुरक्षा पर डब्ल्यू.एच.ओ/एफ.ए.ओ का प्रथम विश्व सम्मेलन

मुख्य कार्यकारी,एफ.एस.एस.ए.आई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का एक प्रतिनिधि भी शामिल था, ने आदिस अबाबा, इथियोपिया में दिनांक 11 से 14 फरवरी, 2019 तक ओयाजित डब्ल्यू.एच.ओ/एफ.ए.ओ के खाद्य सुरक्षा पर प्रथम विश्व सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन से विश्व के अनेक खाद्य नियामकों, विशेषकर अफ्रीकी देशों- गांबिया, जांबिया और इथोपिया से जुड़ने में सहायता मिली, जो खाद्य सुरक्षा के एफ.एस.एस.ए.आई मॉडल, उसकी हाल की क्षमता-निर्माण और जागरूकता पहलों से प्रभावित हुए और जिन्होंने उसके बारे में अधिक जानने की रुचि दिखाई। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में क्षमता-निर्माण के लिए अफ्रीकी देशों से सहयोग करने के एफ.एस.एस.ए.आई के एक प्रस्ताव 'अफ्रीका में खाद्य सुरक्षा' पर एक अवधारणा नोट के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के माध्यम से सहमति और सहयोग के लिए विदेश मंत्रालय को भेजा गया है।

15.12 भारत में आए प्रतिनिधिमंडल

15.12.1 अफगानिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का भारत दौरा

अफगानिस्तान सरकार के अनुरोध पर अफगानिस्तान के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का दो सप्ताहों का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत में दिनांक 28 जनवरी से 8 फरवरी, 2019 तक आयोजित किया गया। इस दौरे में

इंटरनैशनल ट्रेड सेंटर (आई.टी.सी), जेनेवा ने समन्वय किया और यूरोपियन संघ ने वित्तपोषण किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चंडीगढ़ में राज्य खाद्य सुरक्षा कार्यलय का दौरा, कोच्ची की आयात बंदरगाह का क्षेत्रीय दौरा, दिल्ली की प्रयोगशालाओं का दौरा और नासिक की खाद्य प्रसंस्करण यूनिट का दौरा कराया गया, जिनसे प्रतिनिधिमंडल को खाद्य सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी बढ़ाने में सहायता मिली।

आकृति 41 - अफगानिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का दौरा

15.12.2 नेपाली प्रतिनिधिमंडल का भारत दौरा

खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणता नियंत्रण विभाग (डी.एफ.टी.क्यू.सी), नेपाल के एक प्रतिनिधिमंडल ने परामर्श बैठक कार्यक्रम-सह-परिचयन दौरे के लिए दिनांक 25 से 29 मार्च, 2019 तक एफ.एस.एस.ए.आई, नई दिल्ली का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री संजीव कुमार कर्न, महानिदेशक, डी.एफ.टी.क्यू.सी ने किया। प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान एफ.एस.एस.ए.आई के कर्तव्यों और ढाँचागत व्यवस्था, एफ.एस.एस अधिनियम के क्रियान्वयन और क्षेत्र दौरों के माध्यम से राज्यों की खाद्य सुरक्षा और गुणता नियंत्रण प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

15.12.3 इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कामर्स (इफ्की) से प्रतिनिधिमंडल

इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कामर्स (इफ्की), जो भारत में कार्यरत फ्रांस की उपभोक्ता वस्तु और सेवा समिति है, के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दिनांक 09 जनवरी, 2019 को बैठक की गई। बैठक के दौरान एफ.एस.एस.ए.आई के विनियमों- एल्कोहलीय पेय विनियमों, सुवास विनियमों, खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियमों; मानकों (खाद्य रंगों, सहयोज्य पदार्थों); उत्पाद अनुमोदनों और भारत आयात अपेक्षाओं के बारे में व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा की गई।

आकृति 42 - इफ्की प्रतिनिधिमंडल का दौरा

15.12.4 संयुक्त राष्ट्र संघ में लैटिन अमरीकी और कैरिबियाई देशों के समूह (जी.आर.यू.एल.ए.सी) के प्रतिनिधिमंडल का दौरा

लैटिन अमरीकी देशों और भारत के मध्य व्यापारिक संबंधों को लेकर विचार-विनिमय जी.आर.यू.एल.ए.सी के चीफ ऑफ मिशन के साथ दिनांक 04 जून, 2018 को एक बैठक की गई, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मानकों, खाद्य सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने पारस्परिक हित की गतिविधियों पर सहयोग सशक्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

15.12.5 न्यूजीलैंड के अधिकारियों के साथ बैठक

एफ.एस.एस.ए.आई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ न्यूजीलैंड के प्राथमिक उद्योग मंत्रालय (एम.पी.आई) के मार्किट एक्सेस कौंसिलर के साथ दिनांक 13 जून, 2018 को एक बैठक की गई। बैठक के दौरान एम.पी.आई, न्यूजीलैंड के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अंग के रूप में क्रियान्वयन व्यवस्था के मसौदे और प्रयोगशालाओं के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और परीक्षण पद्धतियों पर चर्चा की गई।

15.12.6 इथोपिया-नीदरलैंड्स ट्रेड फॉर एग्रीकल्चरल ग्रोथ प्रोग्राम (एन्टैग्) के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक

एफ.एस.एस.ए.आई के अध्यक्ष के साथ इथोपिया-नीदरलैंड्स ट्रेड फॉर एग्रीकल्चरल ग्रोथ प्रोग्राम (एन्टैग्) के प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 30 अगस्त, 2018 को एक बैठक की। बैठक का विषय दालों के आयात के संबंध में भारतीय विनियमों को जानना था।

15.12.7 ब्रिटिश उच्चायोग के अधिकारियों के साथ बैठक

ब्रिटिश उच्चायोग के अधिकारियों के साथ दिनांक 06 सितंबर, 2018 को एक बैठक की गई। बैठक के दौरान सरकारों के मध्य(जी2जी) कारोबार सरलता की उत्तम रीतियों के बारे चर्चा की गई।

15.12.8 फिलिपीन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक

फिलिपीन के सीनेटर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दिनांक 24 अक्टूबर, 2018 को एक बैठक की गई। बैठक के आयोजन का प्रयोजन भारत में खाद्य सुरक्षा के ढाँचे और एफ.एस.एस.ए.आई की हाल की पहलों को समझना था।

15.13 वाणिज्य/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में/अन्यत्र बैठकें

15.13.1 भारत और जर्मनी के मध्य कृषि, खाद्य उद्योग और उपभोक्ता संरक्षण पर इंडो-जर्मन संयुक्त कार्यकारी दल (जे.डब्ल्यू.जी) की छठी बैठक नई दिल्ली में दिनांक 27 मार्च, 2019 को सम्पन्न

प्रतिनिधिमंडल को सूचित किया गया कि भारत की खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण अपेक्षाकृत रूप से नई है और मानक, नियम एवं विनियम बनाए जा रहे हैं। अनेक खाद्य सुरक्षा मानकों को कोडेक्स के साथ सुमेलित किया गया है। चूँकि भारत में खाद्य सुरक्षा ईकोसिस्टम का विकास हो रहा है,एफ.एस.एस.ए.आई अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से भागीदारी कर रही है। एफ.एस.एस.ए.आई और बी.एफ.आर तथा बी.वी.एल के मध्य आशय की संयुक्त अभिव्यक्ति के तहत हस्ताक्षरित जर्मनी के साथ सहयोग के मुद्दों के समाधान में सहायक हो सकता है। दोनों पक्ष एंडोक्राइन डिस्रपटरों के क्षेत्र में मिलकर काम करने को सहमत हुए।जर्मन पक्ष चालू फेलोशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विवरण उपलब्ध कराएगा।

15.14 भविष्य के लिए दृष्टिकोण

एफ.एस.एस.ए.आई खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में विभिन्न देशों/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग की संभावनाएँ खोजने के लिए निरंतर रत है। यह कार्य वह बैठकें आयोजित करके/ उनमें भाग लेकर, पारस्परिक हित के क्षेत्रों में विभिन्न देशों/तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सेमिनार, मिशन, कार्यशालाएँ आयोजित करके संपन्न करती है। इसके अतिरिक्त एफ.एस.एस.ए.आई के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों की उत्तम रीतियों को बेहतर ढंग से समझने और उन्हें भारतीय परिवेश में लागू करने के लिए उनके यहाँ का अध्ययन दौरा/ दौरा करके करता है।

अध्याय-16

राजभाषा कार्यान्वयन

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने 2018-19 के दौरान राजभाषा के क्षेत्र में सतत प्रगति जारी रखी और राजभाषा क्रियान्वयन के हर क्षेत्र को नई दिशा प्रदान की। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में एफ.एस.एस.ए.आई ने अनेक विनियमों, अधिसूचनाओं, प्रेस नोटों, मानक मसौदों, परिपत्रों, प्रपत्रों, ब्रोशरों, संसदीय समितियों की प्रश्नावलियों, एफ.ए.क्यू, मैनुअलों, वेबसाइटों, पोर्टलों, महत्वूपर्ण एवं प्रमुख समितियों की बैठकों, आदेशों, दिशा-निर्देशों, निविदाओं, वार्षिक रिपोर्ट, पोस्टरों, विज्ञापनों, ए.टी.एन, संदेशों इत्यादि के लगभग 2,000 पृष्ठों का अनुवाद कार्य किया। प्राधिकरण ने अपनी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सभी बैठकें समय पर कीं। इन बैठकों में प्राधिकरण में राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में अनेक महत्वूपर्ण निर्णय लिए गए और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई भी सुनिश्चित कराई गई। प्राधिकरण ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सभी बैठकों में भाग लिया और मंत्रालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों के लिए सामग्री समय पर भेजी। प्राधिकरण ने वर्ष की चारों तिमाहियों के हिंदी कार्यों की तिमाही प्रगति रिपोर्टें मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय आदि को समय पर भेजीं। दिनांक 14 जून, 2018 को संसदीय संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति ने प्राधिकरण के हिंदी कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया, जिस दौरान उसने हिंदी कार्य को और अधिक बढ़ाने के लिए अनेक मार्गदर्शन दिए। प्राधिकरण ने इन मार्गदर्शनों के अनुसार हिंदी कार्यान्वयन की 40-सूत्री नीति बनाकर उसका कार्यान्वयन कराया। प्राधिकरण ने वर्ष के दौरान चार हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन भी किया, जिनमें अधिकारियों और कर्मचारियों दोनों को हिंदी कार्यान्वयन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वर्ष के दौरान 14 से 28 सितंबर, 2018 तक हिंदी पखवाड़ा भी मनाया गया, जिस दौरान हिंदी की विभिन्न प्रतियागिताएँ आयोजित की गईं और विजेता प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। वर्ष के दौरान अंग्रेजी-हिंदी पुस्तकों पर हुए कुल व्यय का 61.5% हिंदी पुस्तकों पर व्यय किया गया,जबकि 2017-18 वर्ष के दौरान हिंदी पुस्तकों पर कोई व्यय नहीं किया गया था। भर्ती विनियमों की अधिसूचना के बाद प्राधिकरण में अन्य पदों के साथ-साथ एक सहायक निदेशक (राजभाषा) और पाँच हिंदी अनुवादकों के पद भी स्वीकृत कराए गए और इन पर भर्ती की आगे की कार्रवाई आरंभ की गई। इनके अतिरिक्त मुख्यालय के विभिन्न प्रभागों तथा अधीनस्थ कार्यालयों को समय-समय पर हिंदी कार्यान्वयन संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करना जारी रखा गया, जिसके परिणामस्वरूप इन सभी प्रभागों और कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने में तत्परता देखने को मिली। कुल मिलाकर प्राधिकरण ने अपने यहाँ राजभाषा कार्यान्वयन में तत्परता से कार्य करके इसे नया आयाम दिया और अपने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार से प्रेरित और प्रोत्साहित किया, जिनके परिणामस्वरूप प्राधिकरण में हिंदी पत्राचार, टिप्पण लेखन, धारा 3(3) के अनुपालन आदि में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। इस प्रकार प्राधिकरण हिंदी कार्य को बढ़ाने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में यह इसे और अधिक बढ़ाने के लिए प्रयासशील है।

अध्याय-17

आर.टी.आई मामले

वर्ष 2018-2019 (1.4.2018 – 31.3.2019)

	यथा 01-04-2018 को आदि शेष	धारा 6(3) के तहत वर्ष के दौरान प्राप्तअन्य लोक प्राधिकारियों से प्राप्त आवेदन	वर्ष के दौरान प्राप्त (अन्य लोक प्राधिकारियों को अंतरित मामलों सहित)	अन्य लोक प्राधिकारियों को अंतरित मामले	मामले जिनमें अनुरोध/अपील को अस्वीकार किया गया	मामले जिनमें अनुरोध/अपील को स्वीकार किया गया
आवेदन	142	399	1,013	166	59	1,194
प्रथम अपील	6	1	86	3	0	83

मामलों की संख्या, जिनमें अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की गई	शून्य

अभिनामित ए.पी.आई.ओ की सं0	अभिनामित सी.पी.आई.ओ की सं0	अभिनामित ए.ए की सं0
	28	19

उन अवसरों की संख्या जिनमें आवेदन को अस्वीकार करने के लिए विभिन्न उपबंध लागू किए गए													
आर.टी.आई अधिनियम, 2005 की संबंधित धाराएँ													
धारा8 (1)										धाराएँ			अन्य
क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	ज	झ	ञ	9	11	24	
0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	59

प्राप्त शुल्क की राशि (रुपयों में)		
पंजीकरण शुल्क राशि	अतिरिक्त शुल्क और अन्य कोई शुल्क	दंड की राशि
3282	9696	0

क्या पब्लिक अथोरिटी ने नागरिकों द्वारा आवेदित सूचना के परिणामस्वरूप अपने नियमों/विनियमों/प्रक्रियाओं में कोई परिवर्तन किया? कृपया परिवर्तनों का संक्षिप्त विवरण दें (अधिकतम 500 वर्ण)

शून्य

ब्लॉक V (अनिवार्य घोषणाओं संबंधी विवरण)		
क. क्या धारा 4(1)(ख) के अंतर्गत अनिवार्य घोषणा लोक प्राधिकारी की वेबसाइट पर डाली हुई है? हाँ	यदि (क) का उत्तर 'नहीं' हो तो क्या प्रसार का अन्य कोई माध्यम है? नीचे विवरण दें ((500 वर्णों से अधिक नहीं)	यदि (क) का उत्तर 'हाँ' हो तो वेबसाइट का विवरण/यू.आर.एल दें, जहाँ घोषणाएँ की गई हैं (अधिकतम 150 वर्ण)
ख. धारा 4(1)(ख) के अंतर्गत अनिवार्य घोषणा को अपडेट करने की पिछली तिथि		30/06/2017
ग. क्या अनिवार्य घोषणा को डीओपीटी के कार्यालय ज्ञान सं0 1/6/20011-IR, दिनांक 15.04.2013 के अनुसार तृतीय पक्ष द्वारा ऑडिट किया गया? नहीं		यदि (ग) का उत्तर 'हाँ' हो तो वेबसाइट का विवरण/यू.आर.एल बताएँ, जहाँ ऑडिट रिपोर्ट डाली गई हो (अधिकतम 150 वर्ण)
धारा 4(1)(ख) के अंतर्गत अनिवार्य घोषणा के ऑडिट की तिथि (फॉरमैट dd/mm/yyyy		(फॉरमैटdd/mm/yyyy)

अध्याय-18

वित्तीय विवरणियाँ

वित्तीय वर्ष
2018-2019

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण)

एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110 002

विषय-सूची

	पृष्ठ सं0
तुलन पत्र	137
आय और व्यय लेखा	138
उपरोक्त वित्तीय विवरणियों की अनुसूचियाँ (अनुसूची 1 से 25)	139
प्राप्तियाँ और भुगतान खाता	154
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ (अनुसूची 26)	157
आकस्मिक देयताएँ और लेखों पर टिप्पणियाँ (अनुसूची 27)	159
अनुबंध I	161
भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक का पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन	165
प्रतिवेदन पर खाद्य प्राधिकरण का उत्तर	173

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
तुलन पत्र यथा 31-03-2019 को

(राशि रुपयों में)

कोष/कैपिटल फंडएवं देनदारियाँ	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
कोर्पस/पूँजीगत निधि	1	3,03,13,11,342	2,27,14,72,990
आरक्षित और अधिशेष	2	-	-
चिन्हित/बंदोबस्ती निधि	3	-	-
जमानती ऋण और उधारी	4	-	-
गैर–जमानती ऋण और उधारी	5	-	-
विलंबित क्रेडिट देयताएँ	6	-	
मौजूदा देनदारियाँ और प्रावधान	7	16,49,34,617	34,09,62,607
योग		**3,19,62,45,959**	**2,61,24,35,597**
परिसंपत्तियाँ			
अचल परिसंपतियाँ	8	11,37,11,431	10,99,83,508
निवेश – चिन्हित/बंदोबस्ती निधियों से	9	-	-
निवेश – अन्य	10	-	-
मौजूदा परिसंपत्तियाँ, ऋण, अग्रिम आदि	11	3,08,25,34,528	2,50,24,52,089
विविध व्यय (बट्टे खाते अथवा समायोजित नहीं किया गया)		-	-
योग		**3,19,62,45,959**	**2,61,24,35,597**

सहायक निदेशक
(वित्त, बजट,एवं लेखा)

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,एफएसएसएआई

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.06.2019

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरणा
31-03-2019 को समाप्त वर्ष का आयएवं व्यय लेखा

(राशि रूपयों में)

आय	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
सेवाओं से आय	12	47,35,92,128	32,85,44,592
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त अनुदान/सब्सिडी	13	2,58,04,92,086	1,81,13,21,690
शुक/अंशदान	14	-	-
निवेश से आय (निधियों को अंतरित चिन्हित/बंदोबस्ती निधियों के निवेश से आय)	15	-	-
रॉयल्टी/प्रकाशन इत्यादि से प्राप्त आय	16	-	-
अर्जित ब्याज	17	19,38,89,514	12,69,48,764
अन्य आय	18	1,54,90,235	37,99,618
तैयार माल और चालू कार्य के स्टॉक में वृद्धि/(कमी)	19	-	-
योग (क)		**3,26,34,63,962**	**2,27,06,14,664**
व्यय			
स्थापना व्यय	20	18,24,78,567	17,46,64,496
प्रशासनिक व्यय इत्यादि	21	2,25,59,98,916	1,58,00,05,361
मरम्मतएवं रख–रखाव पर व्यय	22	2,18,73,730	2,30,18,508
अनुदान/सब्सिडी इत्यादि पर व्यय	23	1,74,81,160	1,02,01,800
मूल्यह्रास	24	2,57,93,237	2,57,57,236
ब्याज	25	-	-
योग (ख)		**2,50,36,25,610**	**1,81,36,47,401**
व्यय से अधिक आय का शेष (क–ख)		75,98,38,352	45,69,67,263
स्पेशल रिजर्व को अंतरित		-	-
सामान्य रिजर्व को/से अंतरित		-	-
अधिशेष के रूप में शेष/(घाटा) कोर्पस/पूँजीगत निधि को ले जाया गया		**75,98,38,352**	**45,69,67,263**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	26		
आकस्मिक देयताएँ और खातों पर टिप्पणियाँ	27		

सहायक निदेशक
(वित्त, बजट,एवं लेखा)

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,एफएसएसआई

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.06.2019

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
यथा 31-03-2019 के तुलन पत्र की अंग स्वरूप अनुसूचियाँ

अनुसूची 1 – कोष/कैपिटल फन्डः

(राशि रूपयों में)

कोर्पसः पूँजीगत निधि	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
वर्ष के आरंभ में शेष	2,27,14,72,990	1,81,45,05,727
जोड़ें कोर्पस/पूंजीगत निधि को अंशदान		
जोड़ें/(घटाएँ) आय तथा व्यय लेखा से अंतरित निवल आय (व्यय)	75,98,38,352	45,69,67,263
बंदोबस्ती निधि से अंतरित राशि	-	-
वर्ष के अतं में शेष	**3,03,13,11,342**	**2,27,14,72,990**

अनुसूची 2 – आरक्षितएवं अधिशेषः

		वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
1. पूँजीगत रिजर्वः			
	पिछले लेखानुसार	-	-
	वर्ष के दौरान जमा	-	-
	घटाएँः वर्ष के दौरान कटौतियाँ	-	-
पुनर्मूल्याकंन रिजर्वः			
	पिछले लेखा के अनुसार	-	-
	वर्ष के दौरान जमा	-	-
	वर्ष के दौरान कटौतियाँ	-	-
3. विशेष रिजर्वः			
	पिछले लेखानुसार	-	-
	वर्ष के दौरान जमा	-	-
	घटाएँः वर्ष के दौरान कटौतियाँ	-	-
4. सामान्य रिजर्वः			
	पिछले लेखानुसार	-	-
	वर्ष के दौरान जमा	-	-
	घटाएँः वर्ष के दौरान कटौतियाँ	-	-
योग		-	-

(राशि रुपयों में)

अनूसूची– 3 उददिष्ट/अक्षय निधियां	वर्तमान वर्ष अचल परिसंपति निधि	पिछले वर्ष अचल परिसंपति निधि
क) निध्रियों का आदि शेष	-	-
ख) निधियों में जमा		
i. दान/अनुदान	-	-
ii. निधियों के कारण निवेश से आय	-	-
iii. अन्य जमा (प्रकृति बताएँ)		
क) पूँजीगत व्यय – योजनागत	-	-
ख) पूंजीगत व्यय – गैर–योजनागत	-	-
ग) उपहार में दी गई पूँजी	-	-
घ) जी.पी.एफ में स्टाफ का अंशदान	-	-
ड) जी.पी.एफ खाते में जमा ब्याज	-	-
च) अग्रिम की वापसी	-	-
iv. संचित रिजर्व	-	-
v. कोर्पस निधि को अंतरण	-	-
योग (ख)	-	-
योग (क+ख)	-	-
ग) निधियों के उद्देश्यों की दिशा में उपयोग/व्यय		
i. पूँजीगत व्यय	-	-
अचल परिसंपति	-	-
– अन्य	-	-
– सेवा के अयोग्य सामग्री का निपटान	-	-
– वर्ष के दौरान मूल्यह्रास	-	-
कुल	-	-
ii. राजस्व व्यय		
– वेतन, मजदूरी और भत्ते आदि.	-	-
– किराया	-	-
– अन्य प्रशासनिक व्यय	-	-
– स्टाफ को अग्रिम	-	-
– स्टाफ तथा कलाकारों को अंतिम भुगतान	-	-
– अदावे वाले शेष को अंतरण	-	-
– स्टाफ द्वारा अंतिम निकासी	-	-
कुल	-	-
योग (ग)	-	-
वर्ष के अंत में निवल शेष (क+ख–ग)	-	-

अनुसूची– 4 जमानती ऋण और उधार राशि

(राशि रुपयों में)

	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
1. केंद्र सरकार	-	-
2. राज्य सरकार (उल्लेख करें)	-	-
3. वित्तीय संस्थान		
क) मियादी ऋण	-	-
ख) अर्जित और देय ब्याज	-	-
4. बैंक		
क) मियादी ऋण	-	-
– अर्जित और देय ब्याज	-	-
ख) अन्य ऋण (उल्लेख करें)	-	-
– अर्जित और देय ब्याज	-	-
5. अन्य संस्थान औरएजेंसियाँ	-	-
6. डिबैंचर और बांड	-	-
7. अन्य (उल्लेख करें)	-	-
योग	-	-

अनुसूची 5 – जमानती ऋण और उधार राशि

(राशि रुपयों में)

	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
1. केंद्र सरकार	-	-
2. राज्य सरकार (उल्लेख करें)	-	-
3. वित्तीय संस्थान	-	-
4. बैंक		
5. अन्य संस्थान औरएजेंसियाँ	-	-
6. डिबैंचर और बांड	-	-
7. फिक्स्ड डिपॉजिट	-	-
8 अन्य (उल्लेख करें)	-	-
योग	-	-

अनुसूची–6 आस्थगित ऋण देयताएँ

	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
क) पूँजीगत उपस्कर और अन्य परिसंपतियों के रेहन से प्राप्त स्वीकृतियाँ	+ -	-
ख) अन्य	-	-
योग	-	-

अनुसूची 7 – मौजूदा देनदारियाँ और प्रावधान

(राशि रुपयों में)

	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
क मौजूदा देनदारियाँ		
1. स्वीकृतियाँ	-	-
2. छुट–पुट देनदारियाँ		
क) वस्तुओंएवं सेवाओं के लिए (अनुसूची–7.1 के अनुसार)	10,40,49,555	26,95,10,917
ख) अन्य (अनुसूची–7.2 के अनुसार)	-	-
3. पेशगी राशि जमा	4,12,800	4,94,000
4. निम्नलिखित पर उपार्जित परन्तु अदेय ब्याजः		
क) जमानती ऋण/उधार राशि		
ख) गैर–जमानती ऋण/उधार राशि		
5. वैधानिक देयताएँः		
क) अतिदेय		-
ख) अन्य (अगले वित्तीय वर्ष में देय मास के लिए शुल्क और कर)	44,51,650	929,303
6. अन्य चालू देयताएँः		
क) वेतन से कटौती	18,90,408	12,05,241
ख) पुराने चौक	21,15,706	45,43,586
ग) प्राप्त जमानत राशि	1,74,64,914	1,59,79,614
घ)एफ.आर.एस.एल के पुराने लंबित भुगतान	(7,095)	25,96,018
ड) बैंक द्वारा गलत क्रेडिट	-	11,79,365
च) देय जी.एस.टी रिवर्स चार्ज और राहत निधि	24,201	-
7. वर्ष के अंत में अनुदान का अव्ययित शेषः		
क) वर्ष के अंत में अव्ययित अनुदान	3,45,32,477	4,45,24,563
योग (क)	**16,49,34,617**	**34,09,62,607**

(राशि रुपयों में)

	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
ख. प्रावधान		
1. कराधान के लिए		-
2. ग्रेच्युटी	-	-
3. अधिवर्षिता / पेंशन	-	-
4. संचित छुट्टी नकदीकरण	-	-
5. व्यापार वारंटियाँ / दावे	-	-
6. अन्य (विशेष)	-	-
क) किराया दर और कर व्यय	-	-
ख) कार्यालयी व्यय	-	-
ग) आपूर्ति और सामग्री व्यय	-	-
घ) यात्रा व्यय	-	-
योग (ख)	**-**	**-**
योग (क+ख)	**16,49,34,617**	**34,09,62,607**

		वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
अनुसूची 7.1 वस्तुओं/सेवाओं की छुट-पुट देनदारियाँ			
1	श्रीए. रामाचंद्रन	4,810	4,810
2	श्री चिन्मय	8,755	4,560
3	छुट्टी वेतन पेंशन अंशदान के चेक वापस प्राप्त	22,57,884	-
4	एशियन साइंटीफिक इंडस्ट्रीज	2,20,78,931	-
5	हाइड्रोकार्बन सोल्यूशंस इंडिया प्रा0 लि0	34,69,200	-
6	सदस्य	60,132	3,65,235
7	कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री	-	3,88,800
8	डीजी मेडिकल, हेल्थ	-	5,00,000
9	वाटर्स जीईएसएमबीएच हेट्जिंगर	-	37,70,989
10	खाद्य सुरक्षा आयुक्त, लखनऊ	-	50,00,000
11	मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के दावे	6,32,98,861	5,10,61,024
12	आरब्रो फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड	1,28,70,982	20,84,15,499
	योग	**10,40,49,555**	**26,95,10,917**

अनुसूची 7.2 – अन्य के लिए विविध ऋणदाता

	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
अन्य की छुट-पुट देनदारियाँ		
1 देय ब्याज व्यय	-	-
योग	**-**	**-**

अनुसूची 8 - अचल संपत्तियाँ

(राशि, रुपयों में)

क्र.सं.	विवरण	मूल्यह्रास की दर	ग्रोस ब्लॉक					मूल्यह्रास					नेट ब्लॉक	
			वर्ष के आरंभ में लागत/ मूल्यांकन	वर्ष के दौरान जमा 30.09.2018 तक जमा	वर्ष के दौरान जमा 30.09.2018 के बाद जमा	वर्ष के दौरान कटौतियाँ	वर्ष के अंत में लागत/मूल्यांकन	वर्ष के आरंभ में स्थिति	वर्ष के दौरान आरंभिक शेष पर	वर्ष के दौरान जमा राशियों पर	वर्ष के दौरान कटौतियों पर	वर्ष के अंत तक का योग	वर्तमान वर्ष के अंत में स्थिति	पिछले वर्ष के अंत में स्थिति
क.	**इमारत:-**													
	क) आर.ओ, कोलकाता (सिविल और विद्युतीय कार्य)	10%	52,40,885	-	-	-	52,40,885	14,91,733	3,74,915	-	-	1,866,648	33,74,237	37,49,152
	ख) आर.ओ, चेन्नई (सिविल और विद्युतीय कार्य)	10%	54,65,606	-	-	-	54,65,606	7,92,513	4,67,309	-	-	12,59,822	42,05,784	46,73,093
	ग) मुख्यालय, एफडीए भवन (सिविल और विद्युतीय कार्य)	10%	1,25,76,718	1,05,03,272	-	-	2,30,79,990	17,63,815	10,81,290	10,50,327	-	38,95,433	1,91,84,558	1,08,12,903
	घ) शीर्ष मंजिल (अस्थायी निर्माण)	40%	2,57,80,953	-	-	-	2,57,80,953	75,48,691	72,92,905	-	-	148,41,596	1,09,39,357	1,82,32,262
ख.	**संयंत्र, मशीनरी और उपकरण**						-		-	-	-	-		
	क) प्रयोगशाला के उपकरण	15%	63,32,665	-	5,06,355	-	68,39,020	34,10,020	4,38,397	37,977	-	38,86,393	29,52,627	29,22,645
	ख) पानी की पाइप लाइन	15%	2,88,891	-	-	-	2,88,891	2,03,219	12,851	-	-	2,16,070	72,821	85,672
	ग) मशीनरी उपकरण	15%	30,84,315	-	1,18,363	-	32,02,678	15,90,624	2,24,054	8,877	-	18,23,555	13,79,123	14,93,691
	घ) एलईडी फिटिंगें	15%	24, 80,589	-	-	-	24,80,589	5,30,226	2,92,554	-	-	8,22,780	16,57,809	19,50,363
ग.	मारूति सियाज (2)	15%	15, 11,028	-	-	-	15,11,028	3,22,982	1,78,207	-	-	5,01,189	10,09,838	11,88,046
घ.	**फर्नीचर और फिक्स्चर**	10%	1, 48,85,805	98,000	67,29,992	-	2,17,13,797	50,29,282	9,85,653	3,46,300	-	63,61,235	1,53,52,564	98,56,532
	शीर्ष मंजिल (इंटीरियर फर्नीचर और फिक्स्चर)	10%	2, 99,07,028				2,99,07,028	14,95,351	28,41,168	-	-	43,36,519	2,55,70,509	2,84,11,678
ड.	**कार्यालय उपकरण**					-	-		-	-	-	-	-	
	1 इलेक्ट्रॉनिक उपस्थिति मशीन	15%	1,65,690	-	40,674	-	2,06,364	71,729	14,094	3,051	-	88,874	1,17,490	93,961
	2 फोटोकॉपी मशीन	15%	48,67,567	-	-	-	48,67,567	24,37,766	3,64,470	-	-	28,02,236	20,65,331	24,29,801
	3 फ्रिज	15%	3,07,985	-	1,65,008	-	4,72,993	1,53,759	23,134	12,376	-	1,89,269	2,83,725	1,54,226
	4 रूम हीटर	15%	10,980	-	31,919	-	42,899	4,421	984	2,394	-	7,799	35,100	6,559
	5 स्कैनिंग मशीन	15%	1,56,750	9,746	-	-	1,66,496	1,17,240	5,927	1,462	-	1,24,628	41,868	39,510
	6 वैक्यूम क्लीनर	15%	7,790			-	7,790	5,986	271	-	-	6,257	1,533	1,804
	7 वीजीए स्विचर और स्प्लिटर	15%	2,12,510	20,678	-	-	2,33,188	87,809	18,705	3,102	-	1,09,616	1,23,572	1,24,701
	8 बीटल ट्विन फोन	15%	10,931	6,509	-	-	17,440	8,266	400	976	-	9,642	7,798	2,665
	9 मोबाइल फोन	15%	2,46,661			-	2,46,661	1,42,301	15,654	-	-	1,57,955	88,706	1,04,360
	10 कोर्डलेस फोन/माइक्रोफोन	15%	8,476	3,08,630	8,29,600	-	11,46,706	6,814	249	1,08,515	-	1,15,578	10,31,128	1,662
	11 फ़ैक्स मशीन	15%	2,29,930	-	-	-	2,29,930	1,71,928	8,700	-	-	1,80,628	49,302	58,002
	12 गीजर	15%	16,042	-	28,000	-	44,042	12,895	472	2,100	-	15,467	28,575	3,147
	13 माइक्रोवेव	15%	13,350	-	22,877	-	36,227	10,574	416	1,716	-	12,706	23,521	2,776
	14 ऑयल फील्ड रेडिएटर	15%	25,365	-	-	-	25,365	19,940	814	-	-	20,754	4,611	5,425
	15 वोल्टेज स्टेबलाइजर	15%	25,950	-	-	-	25,950	20,281	850	-	-	21,131	4,819	5,669
	16 वाटर डिस्पेंशर	15%	20,500	-	-	-	20,500	15,242	789	-	-	16,031	4,469	5,258

क्रं.सं.	विवरण	मूल्यह्रास की दर	ग्रोस ब्लॉक					मूल्यह्रास					नेट ब्लॉक	
			वर्ष के आरंभ में लागत/ मूल्यांकन	वर्ष के दौरान जमा 30.09.2018 तक जमा	वर्ष के दौरान जमा 30.09.2018 के बाद जमा	वर्ष के दौरान कटौतियाँ	वर्ष के अंत में लागत/मूल्यांकन	वर्ष के आरंभ में स्थिति	वर्ष के दौरान आरंभिक शेष पर	वर्ष के दौरान जमा राशियों पर	वर्ष के दौरान कटौतियों पर	वर्ष के अंत तक का योग	वर्तमान वर्ष के अंत में स्थिति	पिछले वर्ष के अंत में स्थिति
17	ऑडियो कंफ्रेंस सिस्टम	15%	18,17,526	-	-	-	18,17,526	8,84,296	1,39,985	-	-	10,24,281	7,93,246	9,33,230
18	वीडियो कंफ्रेंस सिस्टम	15%	26,72,500	-	-	-	26,72,500	7,00,118	2,95,857	-	-	9,95,975	16,76,525	19,72,383
19	एलसीडी / एलईडी टीवी	15%	31,72,432	21,875	12,16,042	-	44,10,349	16,86,668	2,22,865	94,484	-	20,04,017	24,06,332	14,85,764
20	प्लाज़्मा टीवी	15%	25,68,875	-	-	-	25,68,875	20,28,984	80,984	-	-	21,09,968	4,58,908	5,39,891
21	पंपसेट	15%	28,173	-	-	-	28,173	12,112	2,409	-	-	14,521	13,653	16,061
22	टाटा स्काई और ईपीआरएस सिस्टम	15%	29,495	-	-	-	29,495	22,715	1,017	-	-	23,732	5,764	6,780
23	सीमेंन हाई पाथ 1150 डिजिटल व ऑप्टिपॉइंट	15%	8,61,793	-	-	-	8,61,793	5,72,836	43,344	-	-	6,16,179	2,45,615	2,88,958
24	स्पीकर	15%	1,40,055	-	-	-	1,40,055	21,293	17,814	-	-	39,107	1,00,949	1,18,762
25	डिजिटल कैमरा	15%	83,050	-	-	-	83,050	61,218	3,275	-	-	64,493	18,558	21,832
26	कार्यालय उपकरण	15%	3,81,716	82,550	3,082,412	-	35,46,678	1,27,167	38,182	2,43,563	-	4,08,913	31,37,766	2,54,549
27	ब्लू रे डिस्क प्लेयर	15%	99,000	-	-	-	99,000	72,024	4,046	-	-	76,070	22,931	26,976
28	एल सी डी प्रॉजेक्टर	15%	2,47,950	-	65,975	-	3,13,925	1,54,981	13,945	4,948	-	1,73,875	1,40,051	92,969
29	कूलर	15%	1,23,697	-	42,110	-	1,65,807	72,277	7,713	3,158	-	83,148	82,659	51,420
30	फ्रेंकिंग मशीन	15%	3,44,940	-	-	-	3,44,940	2,42,654	15,343	-	-	2,57,997	86,943	1,02,286
31	विजिकूलर और डीप फ्रीजर	15%	1,07,437	-	44,830	-	1,52,267	72,995	5,166	3,362	-	81,524	70,743	34,442
32	फ़ोन	15%	47,853	-	-	-	47,853	18,299	4,433	-	-	22,732	25,121	29,554
33	टाटा स्काई	15%	7,622	-	-	-	7,622	6,172	218	-	-	6,389	1,233	1,450
34	एयर कंडीशनर	15%	1,95,488	242,729	2,65,000	-	7,03,217	1,15,255	12,035	56,284	-	1,83,574	5,19,643	80,233
35	वॉयस रिकॉर्डर	15%	6,490	-	-	-	6,490	2,803	553	-	-	3,356	3,134	3,687
36	ट्रांसफार्मर	15%	12,53,668	-	-	-	12,53,668	4,83,759	1,15,486	-	-	5,99,246	6,54,422	7,69,909
